सूर्योदय : 6:51
सूर्यास्त : 5:48
अधिकतम तापमान : 18.0
न्यूनतम : 11.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-240 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शुक्रवार, 09 फरवरी 2024
28 रजब, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



# भारत-म्यांमार के बीच फ्री आवाजाही पर रोक

**व्यवस्था**

- **गृह मंत्री अमित शाह ने की घोषणा**
- **सीमाओं को सुरक्षित करने का संकल्प**

"गृह मंत्रालय ने फैसला किया है कि देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए म्यांमार के बॉर्डर से लगे भारत के उत्तर-पूर्वी राज्यों की जनसांख्यिकीय संरचना को बनाए रखने के लिए फ्री आवाजाही व्यवस्था को खत्म कर दिया जाएगा। अमित शाह ने बताया, विदेश मंत्रालय फिलहाल इसे खत्म करने की प्रक्रिया में है, इसलिए गृह मंत्रालय ने एफएमआर को तत्काल निलंबित करने की सिफारिश की है।



**नई दिल्ली।** देश की आंतरिक सुरक्षा को लेकर केंद्र सरकार ने गुरुवार को बड़ा फैसला लिया। सुरक्षा के लिहाज से गृह मंत्रालय ने भारत-म्यांमार सीमा पर फ्री आवाजाही व्यवस्था को समाप्त करने की घोषणा की है। इसकी जानकारी केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अपने एक्स हैंडल के जरिए दी। गृह मंत्री ने ट्वीट करते हुए एक्स पर लिखा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हमारी सीमाओं को सुरक्षित करने का संकल्प है। गृह मंत्रालय के फैसले पर मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने एक्स पर प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने इस फैसले का स्वागत करते हुए पीएम नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह का आभार जताया है। सीएम बीरेन सिंह ने इसे ऐतिहासिक फैसला बताते हुए कहा कि इससे घुसपैठ पर लगाम लगेगी।

## हल्द्वानी में धार्मिक स्थल पर चला बुलडोजर, 20 से अधिक पुलिसकर्मी घायल

# जल उठा हल्द्वानी, लगा कर्फ्यू

**उपद्रव**

- **पथराव की सूचना के बाद व्यापारियों ने प्रतिष्ठान किए बंद**
- **दंगाइयों को देखते ही गोली मारने का आदेश**
- **पुलिस को आंसू गैस के गोल भी छोड़ने पड़े**



**हल्द्वानी।** उत्तराखंड में सरकारी जमीनों पर बने अवैध धार्मिक स्थलों को हटाए जाने की कार्रवाई जारी है। नैनीताल जिले के हल्द्वानी में अवैध मस्जिद और मदरसे को तोड़ा गया, जिसको लेकर शहर का माहौल तनावपूर्ण हो गया। इस कार्रवाई के दौरान कुछ लोगों ने पुलिस पर पथराव भी किया, जिसमें 50 से अधिक पुलिसकर्मी घायल हो गए। इलाके में भारी पुलिस बल तैनात किया है। कार्रवाई के दौरान हालात को संभालने के लिए पुलिस को आंसू गैस के गोल भी छोड़ने पड़े। पथराव की सूचना के बाद व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठान बंद करने शुरू कर दिए थे। अंधेरा होने से पहले ही हल्द्वानी का बाजार लगभग बंद हो गया था। स्थानीय लोगों ने मस्जिद और मदरसे को तोड़ने का विरोध किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने मौके पर मौजूद नगर निगम की जेसीबी भी तोड़ दी। इससे करीब 15 मिनट तक काम रुका रहा। इस बीच दूसरे जिलों से और फोर्स बुला ली गई। बनभूलपुरा में धार्मिक स्थल को तोड़ने की कार्रवाई के दौरान हुए बवाल से बाजार में भी अफरातफरी मच गई।

### सीएम धामी ने बुलाई बैठक



मामले की गंभीरता को देखते हुए सीएम पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून अपने सीएम आवास पर बैठक बुलाई है। वहीं, नैनीताल डीएम ने शहर में कर्फ्यू लगा दिया है। दंगाइयों को देखते ही गोली मरने के आदेश दिए गए है। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने हल्द्वानी के बनभूलपुरा में अवैध निर्माण को हटाये जाने के दौरान पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों व कार्मिकों पर हुए हमले और क्षेत्र में अशांति फैलाने की घटना को गंभीरता से लिया है।

# पुरानी पेंशन को लेकर केंद्र को 6 हफ्ते का अल्टीमेटम

**चेतावनी**

- **पुरानी पेंशन नहीं तो होगी हड़ताल, रेलवे-रक्षा समेत बंद होंगे सरकारी दफ्तर**



**नई दिल्ली।** देश में पुरानी पेंशन बहाली के लिए लंबे समय से संघर्ष कर रहे कर्मचारी संगठनों ने केंद्र सरकार को ओपीएस लागू करने के लिए छह सप्ताह का अल्टीमेटम दे दिया है। अगर इस अवधि में पुरानी पेंशन बहाल नहीं होती है, तो देशभर में अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू हो जाएगी।

इस स्थिति में रेल संचालन और रक्षा क्षेत्र के उद्योगों सहित तमाम सरकारी विभागों में कामकाज बंद हो जाएगा। नई दिल्ली में हुई नेशनल ज्वाइंट काउंसिल ऑफ एक्शन (एनजेसीए) के पदाधिकारियों की बैठक में यह अहम निर्णय लिया गया है। बैठक की अध्यक्षता, एनजेसीए के संयोजक शिवगोपाल मिश्रा ने की है। केंद्र सरकार को अनिश्चितकालीन हड़ताल का नोटिस देने और स्ट्राइक की तिथि घोषित करने के लिए दो दिन के भीतर एक कमेटी गठित होगी। केंद्र एवं विभिन्न राज्य सरकारों के कर्मचारी, पुरानी पेंशन बहाली के लिए गत वर्ष से ही आंदोलन कर रहे हैं। कर्मचारी संगठनों ने विभिन्न तरीकों से अपनी बात, सरकार तक पहुंचाने का प्रयास किया है।

# अब प्रदेश बीमारू नहीं: योगी

**कर्टेन रेजर सेरेमनी**

- **ट्रेड शो के जरिए दुनिया ने देखी यूपी की क्षमता**
- **अब नए औद्योगिक क्रांति की ओर है यूपी**



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि आज उत्तर प्रदेश नए औद्योगिक क्रांति की ओर है। उत्तर प्रदेश को बीमारू राज्य बनाना एक राजनीतिक मानसिकता थी, जिसे खत्म करके हमने इसे देश की दूसरे नंबर की अर्थव्यवस्था बनाया है।

उन्होंने कहा कि इतना कुछ उप्र में है, तब भी लोग कहते थे उप्र बीमार है। दुनिया देखे तो उप्र में क्या नहीं है। अब उत्तर प्रदेश बीमारू राजनीतिक मानसिकता से उभरकर देश के अग्रणी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित हो गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में परंपरागत कारीगर, शिल्पकार और युवा उद्यमी जो पहले निराश था आज उसके चेहरे पर उत्साह दिखता है। उत्तर प्रदेश की ओडीओपी योजना आज आत्मनिर्भर भारत की आधारशिला बन चुकी है।यह बातें वह लोकभवन में उप्र इंटरनेशनल ट्रेड शो के द्वितीय संस्करण की कर्टेन रेजर सेरेमनी को संबोधित करते हुए कही।मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में हजारों वर्षों से विरासत के रूप में सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम की अनेक इकाईयां मौजूद थीं, लगातार सरकारी उपेक्षा व इंस्पेक्टर राज के कारण यह प्रताड़ित थी, बंद होने के कगार पर थी। उत्तर प्रदेश के हस्तशिल्प, कारीगर व युवा उद्यमियों के पास क्षमता थी, लेकिन उन्हें शासन से प्रोत्साहन और प्लेटफार्म की आवश्यकता थी। आज डबल इंजन की सरकार में परिणाम सबके सामने है। 2018 में उप्र ने ओडीओपी योजना प्रारंभ कर परंपरागत उद्योग को प्रोत्साहन दिया। बाजार उपलब्ध कराने के साथ उसे टेक्नोलॉजी से जोड़ा। आज ओडीओपी देश की यूनिक योजना बन गई है। यह आत्मनिर्भर भारत की आधारशिला है।


### 13 परियोजनाओं का हुआ शुभारंभ

मुख्यमंत्री योगी ने इस अवसर पर एमएसएमई क्लस्टर पार्क योजना के तहत रायबरेली, मऊ, प्रतापगढ़ और महोबा में औद्योगिक अस्थानों का शिलान्यास, इन्फ्रास्ट्रक्चर एंड एक्सपोर्ट स्कीम के अंतर्गत गोमती नगर लखनऊ में ट्रेड प्रमोशन सेंटर का शिलान्यास, खाद्य एवं प्रसंस्करण के अंतर्गत कौशाम्बी में केला और गोंडा में दाल एवं मक्का में ओडीओपी सीएफसी परियोजनाओं का शिलान्यास, मिनी औद्योगिक अस्थान बिल्हौर कानपुर नगर, पचरावां रायबरेली और अयोध्या का उच्चीकरण, जिला उद्योग केंद्र कौशाम्बी, अमेठी और वाराणसी के नवीन भवनों का शिलान्यास किया।

# आरबीआई एमपीसी ने रेपो रेट में नहीं किया कोई बदलाव

**बैठक**

- **फरवरी 2023 तक रेपो दर में 250 आधार अंकों की वृद्धि की गई थी : दास**
- **भारत का फाइनेंशियल सेक्टर बहुत मजबूत**



**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति मुंबई में मंगलवार को शुरू हुई तीन दिवसीय बैठक के बाद 8 फरवरी को रेपो दरों पर अपने फैसले का खुलसा किया। आज सुबह 10 बजे आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास एमपीसी के फैसले का ऐलान किया। आरबीआई एमपीएस ने फरवरी 2024 तक लगातार छठी बार रेपो रेट को 6.5 प्रतिशत पर बनाए रखा है। बेंचमार्क ब्याज़ दर को पिछली बार फरवरी 2023 में बढ़ाया गया था, उस समय इसे 6.25 प्रतिशत से बढ़ाकर वर्तमान 6.5 प्रतिशत कर दिया गया था। इससे पहले, इसने मई 2022 से फरवरी 2023 तक रेपो दर में 250 आधार अंकों की वृद्धि की गई थी। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति की बैठक के बाद अपने संबोधन में बताया कि वैश्विक आर्थिक परिदृश्य से मिले-जुले संकेत मिल रहे हैं। अस्थिर वैश्विक परिस्थितियों के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था ने अच्छा प्रदर्शन किया है।

## लोकसभा में श्वेत पत्र लाई मोदी सरकार, यूपीए के शासन काल में हुए 15 घोटालों का किया जिक्र

# अब 2047 तक बनाना है विकसित देश: सीतारमण

**शासन काल**

- **यूपीए सरकार की आर्थिक नीतियां औसत दर्जे की थीं**
- **हमें एक कमजोर अर्थव्यवस्था मिली, हमने इसकी जीवंतता बहाल की: सरकार**
- **हाई जीडीपी ग्रोथ के लिए कड़े फैसले लिये**

### बैंकों में एनपीए का था बुरा हाल: वित्त मंत्री

श्वेत पत्र में कहा गया कि यूपीए सरकार का सबसे बड़ा आर्थिक कुप्रबंधन बैंकिंग संकट के रूप में था। जब अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार ने कार्यभार संभाला, तब सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में जी एनपीए का अनुपात 16.0 प्रतिशत था। और जब उन्होंने पद छोड़ा था, तब यह 7.8 प्रतिशत था। सितंबर 2013 में, यह अनुपात सरकारी बैंकों के कमर्शियल लोन निर्णयों में यूपीए सरकार द्वारा राजनीतिक हस्तक्षेप के कारण 12.3 प्रतिशत तक चढ़ गया था। वर्ष 2014 में बैंकिंग संकट काफी बड़ा था। मार्च 2004 में सरकारी क्षेत्र के बैंकों द्वारा सकल अग्रिम केवल 6.6 लाख करोड़ रुपये था। मार्च 2012 में यह 39.0 लाख करोड़ रुपये था। मार्च 2014 में प्रकाशित क्रेडिट सुइस रिपोर्ट के मुताबिक एक से कम ब्याज कवरेज अनुपात वाली टॉप-200 कंपनियों पर बैंकों का लगभग 8.6 लाख करोड़ रुपये बकाया



**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आज लोकसभा में 2014 के पहले की भारतीय अर्थव्यवस्था से जुड़ा एक श्वेतपत्र पेश किया। इस श्वेतपत्र में यूपीए सरकार के आर्थिक कुप्रबंधन के बारे में बताया गया है।

यूपीए सरकार के आर्थिक कुप्रबंधन के बारे में वर्तमान केंद्र सरकार की ओर से जारी श्वेत पत्र में बातया गया है कि तत्कालीन सरकार आर्थिक क्रियाकलावों को सुचारु रूप से चलाने में विफल रही। उसकी जगह पर सरकार की ओर से लिए गए निर्णय देश को और पीछे की ओर ले गए। सरकार ने कहा कि यूपीए सरकार की आर्थिक नीतियां जब वे सत्ता में आए औसत दर्जे की थीं, जैसे-जैसे दशक बीतता गया वे और खराब होती गई। श्वेत पत्र में कहा गया, ''पिछले दस वर्षों के कामकाज को देखते हुए, हम विनम्रता और संतुष्टि के साथ कह सकते हैं कि हमने पिछली सरकार द्वारा छोड़ी गई चुनौतियों पर सफलतापूर्वक काबू पा लिया है। श्वेत पत्र में मौजूदा दौर को कर्तव्य काल बताते हुए कहा गया कि अभी मीलों चलना है और 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाना है। श्वेत पत्र के अनुसार यूपीए सरकार आर्थिक गतिविधियों को सुविधाजनक बनाने में बुरी तरह विफल रही। इसके बजाय यूपीए सरकार ने ऐसी बाधाएं पैदा कीं जिससे अर्थव्यवस्था रुक गई। उस सरकार ने वाजपेयी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार के सुधारों के विलंबित प्रभावों और अनुकूल वैश्विक परिस्थितियों का लाभ उठाया

# लोकतंत्र के प्रति मनमोहन सिंह की प्रतिबद्धता प्रेरणादायी: मोदी

**सराहना**

- **प्रधानमंत्री मोदी ने की पूर्व पीएम की जमकर तारीफ**
- **ब्लैक पेपर को काला टीका बताया**



**नई दिल्ली।** राजनीतिक तल्खियों को दरकिनार कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की लोकतंत्र के प्रति निष्ठा की जमकर सराहना की और कहा कि जब भी देश में लोकतंत्र की चर्चा होगी तब लोकतंत्र में उनके योगदान को भी याद किया जाएगा। लोकतंत्र के प्रति उनकी निष्ठा और योगदान प्रेरणादायी है।

इस मौके पर व्हील चेयर से उनके संसद पहुंचने की घटना को भी याद किया। हालांकि इस दौरान पीएम मोदी कांग्रेस पर हमला करने से नहीं चूके और उनकी ओर से अपने दस सालों के काम-काज को लेकर लाए गए ब्लैक पेपर को काला टीका बताया है। उन्होंने कहा कि उनके दिव्य और भव्य कामों को किसी की नजर न लगे इसलिए कांग्रेस पार्टी ने काला टीका किया है।

पीएम मोदी राज्यसभा से सेवानिवृत्त हो रहे करीब 68 सदस्यों के विदाई के मौके पर बोल रहे थे। इनमें पूर्व पीएम मनमोहन सिंह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित मोदी सरकार के नौ मंत्री भी शामिल है। इसके साथ ही इनमें वह पांच महिला सांसद भी शामिल है, जो मौजूदा समय में राज्यसभा में उपसभापति के पैनल में है। इस मौके पर सभी सेवानिवृत्त होने वाले सदस्यों ने राज्यसभा से जुड़े अपने खट्टे- मीठे अनुभवों को साझा किया।

# भारत-बांग्लादेश के संबंध पड़ोस के लिए आदर्श मिसाल

**नीति**

- **बांग्लादेश आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करेगा**
- **बांग्लादेश के विदेश मंत्री हसन महमूद ने की जयशंकर से मुलाकात**



**नयी दिल्ली।** बांग्लादेश के विदेश मंत्री हसन महमूद ने बृहस्पतिवार को कहा कि म्यांमा के साथ अपनी सीमा पर बाड़ लगाने के भारत के फैसले से इस देश के साथ ही क्षेत्र को अशांत देश से भड़क रहे उग्रवाद के मद्देनजर मदद मिलेगी। उन्होंने यह भी कहा कि बांग्लादेश आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की अपनी नीति पर अडिग है। विचारक संस्था 'विवेकानंद इंटरनेशनल फाउंडेशन' (वीआईएफ) में एक परिचर्चा सत्र के दौरान महमूद ने करीब 12 लाख 'जबरन विस्थापित' रोहिंग्या शरणार्थियों को बांग्लादेश पर 'बोझ' बताया और म्यांमा में उनकी वापसी के लिए भारत से सहायता मांगी। भारत की यात्रा पर आए महमूद ने कहा कि शरणार्थी बांग्लादेश के लिए अन्य कठिनाइयों के अलावा पर्यावरण और सुरक्षा समस्याएं भी पैदा कर रहे हैं और बांग्लादेश की शेख हसीना सरकार शरणार्थियों के प्रवाह को रोकने के लिए संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायुक्त (यूएनएचसीआर) के संपर्क में है। बांग्लादेश में हाल के संसदीय चुनावों की निष्पक्षता पर सवालों के जवाब में महमूद ने कहा कि यह देश के इतिहास में सबसे जीवंत, भागीदारीपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव था। पाकिस्तान से बांग्लादेश की मुक्ति में नयी दिल्ली की ऐतिहासिक भूमिका का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, भारत सरकार स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने में हमारे साथ खड़ी रही, जैसे वह 1971 में हमारे साथ खड़ी थी।

# सपा नेता की दिनदहाड़े गोलियों से भूनकर हत्या

**आजमगढ़।** बरदह थाना क्षेत्र के सैयद बहाउद्दीनपुर सोनहरा गांव निवासी सपा कार्यकर्ता व पूर्व ग्राम प्रधान रणविजय यादव की दुस्साहसिक तरीके से बेसो नदी पुल के पास गुरुवार की शाम करीब छह बजे गोली मारकर हत्या कर दी गई। उसकी कनपटी, सीना, पीठ व पेट में कुल छह गोलियां दागी गई हैं। वारदात को तब अंजाम दिया गया जब वह अपनी बुलेट से मार्टीनगंज बाजार से सब्जी लेकर घर वापस जा रहे थे। हत्या के बाद हमलावर मार्टीनगंज की तरफ फरार हो गए। आक्रोशित लोगों को पुलिस ने समझा-बुझाकर शांत कराया। एसपी अनुराग आर्य ने मौके का मुआयना किया। बेलवाना गांव के पास भट्ठा के सामने एक बाइक पर सवार दो बदमाश पीछे से ओवरटेक कर गोली मार दिए। इससे रणविजय गिरकर छटपटाने लगा।

**मौनी अमावस्या** | दो करोड़ श्रद्धालुओं के स्नान करने का अनुमान

# नौ घाटों पर आज लगेगी डुबकी

**संगम**

- **प्रयागराज में 58 लाख श्रद्धालुओं ने किया स्नान**
- **आठ हजार रनिंग फीट के 12 स्नान घाट बनाए गए हैं**




**प्रयागराज।** मौनी अमावस्या स्नान पर्व से पहले संगम की रेती पर आस्था का जनसमुद्र उमड़ पड़ा। दिनभर पवित्र त्रिवेणी में पुण्य की डुबकी लगती रही। मेला प्रशासन ने दावा किया कि गुरुवार को लगभग 58 लाख श्रद्धालुओं ने संगम में डुबकी लगाई। अनुमान है कि मौनी अमावस्या पर शुक्रवार को लगभग दो करोड़ श्रद्धालु स्नान करेंगे।

नौ फरवरी की सुबह 7.15 बजे से अमावस्या तिथि लग रही है। श्रवण नक्षत्र व मकर राशि में चंद्रमा, सूर्य, मंगल व बुध ग्रह का संचरण होने से चतुर्ग्रहीय योग बना है। इससे श्रद्धालुओं में अधिक उत्साह है। वे आधी रात के बाद से श्रद्धालु स्नान करने लगे। माघ मेला के मुख्य स्नान पर्व को लेकर बुधवार से श्रद्धालु संगम की रेती पर पहुंचने लगे थे। गुरुवार को तो पूरा मेला क्षेत्र भर चुका था। परेड स्थित दोनों पार्किंग स्थल, अरैल व झूंसी तथा दारागंज के पार्किंग स्थल गुरुवार दिन में ही फुल हो चुके थे। साधु-संतों के शिविर तथा कल्पवासियों के टेंट भी भर गए थे। किला, संगम के पास व सेक्टर तीन में बनाए गए विश्रामालय फुल हो गए थे। माघ मेला के सबसे बड़े स्नान पर्व को लेकर मेला प्रशासन की ओर से विशेष प्रबंध किए गए हैं। मेलाधिकारी दयानंद प्रसाद ने बताया कि लगभग आठ हजार रनिंग फीट के 12 स्नान घाट बनाए गए हैं।

### लोगों को मिलेगा नया रास्ता नया घाट

मौनी अमावस्या स्नान पर्व पर भीड़ के अनुमान को देखते हुए शहर के लोगों के लिए नया रास्ता और नया स्नान घाट देने की तैयारी है। इसके लिए इस बार बक्शीबांध के पास पार्किंग बनाई जा रही है। मेला एसएसपी डॉ. राजीव नारायण मिश्र के मुताबिक शहर के लोगों को पहली बार नया घाट और नया रास्ता मिलेगा। नागवासुकि से लगी पार्किंग में गाड़ी पार्क करने के बाद श्रद्धालु मौन डुबकी लगाएंगे। ऐसे श्रद्धालु पुल नंबर पांच से मेला क्षेत्र में प्रवेश करेंगे और पुल नंबर छह से निकास होगा।

## न्यायालय नोटिस

दीवानी कोर्ट परिसर स्थित 01 कैन्टीन (नाश्ता चाय), साईकिल स्टैंड,फोटोस्टेट शाप नं. 01, और शाप नं. 2 वा पान की शाप नं. 01 और नं. 02 एवं 1 रेहड़ी दाल मौठ की नीलामी वित्तीय वर्ष 2023/2024 की शेष बची अवधि हेतु दि.17.2.2023 सांय 04:30 बजे न्यायालय स्थित ए.डी.आर. भवन मे होगी इच्छुक बोलीदाता नियम,शर्ते, स्थान ओर समय आदि की जानकारी नज़ारत विभाग सहारनपुर से ले सकते हैं(प्रकाश तिवारी) अध्यक्ष/नीलाम समिति.विशेष न्यायाधीश(एस.सी./एस.टी.एक्ट) न्यायालय मा.प्रधान न्यायाधीश,परिवार न्यायालय सहारनपुर. प्रकीर्ण वाद सख्या- 124 सन-2022 वरूण कौचर पुत्र श्री खैराती लाल निवासी पठानों वाली मस्जिद, नकुड रोड, मौहल्ला पश्चिमी अफगानान, कसबा व प. सरसावा तहश नकुड जिला सहारनपुर हाल निवासी पूर्वी बाजार अम्बाला रोड, कस्बा व परगना सरसावा तहश्नकुड जिला सहारनपुर (प्रार्थी) बनाम .....1.श्रीमति सोनम वर्मा पत्नी श्री वरूण कौचर पुत्री बनारसी दास निवासी राधा विहार, नुमाईश कैम्प शहर सहारनपुर हाल निवासी देवपुरम,लाल द्वारा मन्दिर, प. तहसील व जिला सहारनपुर 2.आम जनता (प्रतिवादनी) हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बाबत धारा 25 गार्जियन एन्ड वार्डस एक्ट 1890 दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप दि.14.02.2024 को 10 बजे दिन के असालतन या मार्फत वकील जो मुकदमें के हालात से वाकिफ हो हाजिर हों और जवाब देही दावे की करे आपको लाजिम है कि उसी रोज अपने जुमला गवाहों के तमाम दस्तावेज जिन पर आप अपनी जवाब देही इस्तेमाल करना चाहें पेश करें बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके समात और फैसला होगा।

**आज्ञा से प्रशासनिक अधिकारी**
**परिवार न्याय. सपुर**

## न्यायालय नोटिस

**न्यायालय श्रीमान ADJ रूम न0 9 सहारनपुर**
**(किमनल रिविजन स0 327 सन 2019)**

पुष्पेन्द्र मित्तल बनाम उत्तर प्रदेश सरकार आदि बनाम....1. मुकेश अग्रवाल पुत्र श्री राम चन्द्र कंसल 2. मिनाली अग्रवाल पत्नि श्री मुकेश अग्रवाल नि. 85, पुष्पांजलि, विकास मार्ग एक्स नई दिल्ली 3. रामचंद्र कंसल पुत्र श्री रामप्रसाद नि. के एल 75, न्यू कवि नगर, गाजियाबाद सभी डॉयरेक्टर पैरामाउंट प्रोबेंडल प्रा. लि. एच 123 सेक्टर 63, नोएडा! 4 मुग्धा सचदेवा पत्नि श्री अमित सचदेवा 5. अमित सचदेवा पुत्र नमालूम निवासीगण, प्लीमेंट वैली, राजपुर रोड, देहरादून 6. चेतन खट्टर पुत्र श्री सूरज प्रकाश खट्टर 7. वरुण चौपड़ा पुत्र श्री चरण सिंह चौपड़ा सभी नि. गण मिशन कंपाउंड, सामने सेंट मैरी स्कूल, थाना सदर बाजार, सहारनपुर। हरगाह बादी ने आपसे नाम एक नालिश बाबत (क्रिमनल रिविजन स0 326 सन 2019) के दायर की है लिहाज़ा आपको हुक्म होता है कि आप स्वयं या अपने अधिवक्ता द्वारा अदालत हाजा में 16 फरवरी 2024 को सुबह 10 बजे हाज़िर हो कर उजर /जवाब अपना पेश करें दरसूरत इंकजाए तारीख फिर उजर किसी का नहीं सुना जाएगा और हुक्म मुनासिब निस्ब दर्खास्त से सादिर होगा।

**आज्ञा में प्रबंधक**
**एडीजे, रुम न.9 सहारनपुर**

## न्यायालय नोटिस

**न्यायालय श्रीमान ADJ रूम न0 9 सहारनपुर**
**(क्रिमनन रिविजन स0 326 सन 2019)**

पुष्पेन्द्र मित्तल बनाम उत्तर प्रदेश सरकार आदि बनाम.. मुकेश अग्रवाल पुत्र श्री राम चन्द्र कंसल 2. मिनाक्षी अग्रवाल पवि श्री मुकेश अग्रवाल नि. 85, पुष्पांजलि, विकास मार्ग एक्स नई दिल्ली 3. रामचंद्र कंसल पुत्र श्री रामप्रसाद नि. के एल 75, न्यू कवि नगर, गाजियाबाद सभी डॉयरेक्टर पैरामाउंट प्रोबेंडल प्रा. लि. एच 123 सेक्टर 63, नोएडा! 4. जगपत राय पुत्र श्री राम चन्द्र 5. प्रदीप कुमार गिलहोषा पुत्र श्री जगपत राय नि.गण एम ब्लॉक, हकीकत नगर, शिव मंदिर के पास, थाना सदर बाजार सहारनपुर हरगाह बादी ने आपसे नाम एक नानिश बाबत (क्रिमनन रिविजन स0 326 मन 2019) के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप स्वयं या अपने अधिवक्ता द्वारा अदालत में 16 फरवरी 2024 को सुबह 10 बजे हाज़िर हो कर उजर /जबाब अपना पेश करें दरसूरत इंकजाए तारीख फिर उजर किसी का नहीं सुना जाएगा और हुक्म मुनासिब निम्ब दर्खास्त के सादिर होगा।

**आज्ञा से प्रबंधक**
**एडीजे, रुम न.9 सहारनपुर।**

## न्यायालय नोटिस

न्यायालय मा.सिविल जज जूनियर डिविजन नगर सहारनपुर। मूलवाद सख्या 395 सन् 2017 अभिनव पुत्र श्री श्याम प्रकाश निवासी 2 बी0 1794 न्यू नवीन नगर सहारनपुर। ...वादी (बनाम) नरेश कुमार वर्मा पुत्र जगवंश कुमार वर्मा निवासी रायवाला, निसार रोड, सहारनपुर...(प्रतिवादी) हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बाबत के दायर की है कि लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 29 माह 02 सन् 2024 ई0 बवक्त 10 बजे दिन के असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुल उमरात अहम मुतालिका मुकदमें का जवाब दे सके या जिसके पास कोई शख्स हो कि जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाबदेही दावा की करे और हरगाह वही तारीख जो आपके इजकारो के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कतई मुकदमें की तजवीज हुई है। बस आपको लाजिम है कि उसी रोज अपने जुमला गवाहो को जिनकी शहादत पर नाज तमाम दस्तावेज को जिन पर आप अपनी जवाबदेही के ताहिद इस्तेमाल करना चाहते हो पेश करे। आपको इत्तिला दी जाती है किं बरोज मकूर आप हाजिर न होगें तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके समात और फैसला होगा मेरे दस्तख्त और मुहर अदालत के आज बतारीख 5 माह 02 सन् 2024 ई0 जारी हुआ।

**आज्ञा से मुंसरिम**

## सूचना

मैं इमरानुल हक़ पुत्र श्री हाजी अब्दुल हक़ नि.ज्वाला नगर, गली न.1, सीता राम मंदिर,थाना कोतवाली नगर ज़िला सहारनपुर सूचित करता हूँ कि मेरा पुत्र कामरान एवम उसकी पत्नि दोनों निवासी आज़ाद कॉलोनी, घोड़ों वाली गली जि.सहारनपुर काफ़ी समय से अलग रह रहे हैं वोह मेरे कहने में नहीं है गलत संगत में पडे हैं दोनों मेरी बात नहीं मानते है समझाने बुझाने पर मेरे साथ लडाई झगडा करते है दोनों के व्यवहार से तंग आकर मैने उनसे सभी संबंध विच्छेद कर उनको अपनी कुल चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है भविष्य में अपने किसी भी कार्य हेतु वोह खुद ज़िम्मेदार होगें।

## सूचना

मैं श्रीमति सुनीता पत्नि श्री अनूप सिंह, नि.सैतिया विहार नुमायश कैंप, सहारनपुर सूचित करती हूँ कि मेरा पुत्र नितिन एवम उसकी पत्नि निशा दोनों ने अपनी मर्ज़ी से विवाह किया था काफ़ी समय से वोह अलग रह रहे हैं दोनों मेरे कहने में नहीं है गलत संगत में पडे हैं दोनों मेरी बात नहीं मानते है समझाने बुझाने पर मेरे साथ लडाई झगडा करते है दोनों के व्यवहार से तंग आकर मैने उनसे सभी संबंध विच्छेद कर उनको अपनी कुल चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है भविष्य में अपने किसी भी कार्य हेतु वोह खुद ज़िम्मेदार होगें।

## Notice

I mumtaz jhan change my name to mumtaz Jahan c/o zahid hasan r/o 11a/3991 mehndi Sarai Street no 5, saharanpur in future know and call me mumtaz Jahan.

## सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरा एक्सिस बैंक, शाखा- नौगढ़, खाता संख्या 918020081467691 सिद्धार्थनगर का हस्ताक्षरित चेक बुक संख्या 000317 वास्तव में खो गया है।

**सत्य प्रकाश**
**पता-27, कटसरया खुर्द,**
**बांसी, सिद्धार्थनगर**

# खंड विकास अधिकारी, अधिशासी अधिकारी प्रत्येक पंजीकृत जोड़े का स्वयं भौतिक सत्यापन करें

**अवधनामा संवाददाता**



**मैनपुरी।** जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत दि. 12 फरवरी को आयोजित होने वाले वैवाहिक कार्यक्रम की तैयारी संबंधी बैठक की समीक्षा में खंड विकास अधिकारियों, अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि योजना का लाभ पाने के लिए जिन लोगों द्वारा आवेदन किए गए हैं, प्रत्येक आवेदन के वर-वधु व उसके अभिभावकों को कार्यालय बुलाकर या लड़की पक्ष के घर जाकर अपनी नजर से वर-वधु की आयु के साथ अन्य पात्रताओं की भी जांच करें और उसके फोटोग्राफ्स सुरक्षित रखें, किसी भी स्तर पर कोई कोताही, लापरवाही न बरती जाए, पात्रता की जांच पूरी गहनता से की जाए, किसी भी दशा पर पात्रता की जांच अधीनस्थों पर न छोड़ी जाए यदि कहीं भी किसी भी स्तर पर लापरवाही बरती गई या किसी अपात्र व्यक्ति को लाभान्वित किया गया तो दोषी के विरुद्ध प्राथमिक की दर्ज कराकर वैधानिक कार्यवाही होगी, योजना का लाभ गरीब परिवार तक पहुंचाने में लेखपाल, सचिव, सफाई नायक, ग्राम प्रधानों, राशन डीलर का सहयोग लिया जाये, इनके माध्यम से वार्ड, ग्रामों में ऐसे गरीब परिवारों को जिनके यहां शादी प्रस्तावित है, को चिन्हित कराकर उन्हें योजना में लाभान्वित कराया जाये, पात्रों के चिन्हांकन में जन प्रतिनिधियों, संभ्रात व्यक्तियों का भी सहयोग लिया जाये। श्री सिंह ने नाराजगी व्यक्त करते हुये कहा कि दि. 12 फरवरी को शादी का कार्यक्रम प्रस्तावित है, लेकिन अभी तक खंड विकास अधिकारियों, अधिशाषी अधिकारी नगर निकाय द्वारा उपलब्ध कराये गये आवेदन पत्रों का सत्यापन कर रिपोर्ट समाज कल्याण अधिकारी को उपलब्ध नहीं करायी गयी है। उन्होने सचेत करते हुये कहा कि प्रत्येक दशा में कल सायं तक प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को गहनता से जांच कर सत्यापन रिपोर्ट समाज कल्याण विभाग को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें ताकि भव्य समारोह में गरीब परिवार की बेटियों की शादी करायी जा सके। उन्होने कहा कि सत्यापन के दौरान वर-वधु की आयु सम्बन्धी प्रमाण पत्र, वधु के बैंक खाते का विवरण प्रत्येक दशा में प्राप्त किया जाये, प्राप्त खासतौर पर वर की उम्र 21 एवं वधु की उम्र 18 वर्ष से कम न हो इस हेतु आवेदन पत्र के साथ वर-वधु का शैक्षिक प्रमाण-पत्र, मनरेगा जॉब कार्ड, आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र आदि में कोई न कोई दस्तावेज अवश्य लगवाया जाये, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग की दशा में जाति प्रमाण-पत्र संलग्न कराया जाये, भौतिक सत्यापन के समय वर-वधु की आयु, आय के प्रमाण पत्र की जांच गहनता से की जाए।

## महज़ खानापूर्ति बनकर रह गयी है कोंच कोतवाली की शांति समिति का बैठक

**कोंच जालौन।** प्रदेश में शांति व्यवस्था कायम रहे इसके लिए प्रदेश की योगी सरकार पूरी तरह कटिबद्ध नज़र आती है। मगर कहीं कहीं पुलिस विभाग इस पर पानी फेरने का काम करता है। प्रदेश में होने वाले तीज़ त्योहारों पर शासन के निर्देश पर पुलिस विभाग द्वारा पीस कमेटी की मीटिंग की जाती है जिसमे समाज के सभी वर्गो को बुलाया जाता है। ताकि उनकी समस्या को जानकर उसका हल निकाला जा सके और समाज मे अमन शांति बनी रही लोग त्योहारों को आपसी प्रेम शौहार्द से कैसे मनाए इन सब के बारे में बात होती है। जिसमे सरकारी विभाग के लोग भी मौजूद रहते है। मगर स्थानीय कोतवाली पुलिस इसे महज़ एक खानापूर्ती के रूप में देखती है। जब कभी कोई त्योहार आता है तो अधिकांश देखने को मिलता है की नगर के कुछ गिने चुने लोगों को बुलाकर कोरम पूर्ति कर इतिश्री कर लिया जाता है। यहां तक की समाज का सबसे महत्त्वपूर्ण अंग पत्रकार जो शासन प्रशासन की योजनाओं को जनता तक और जनता की बातों और समस्याओं को शासन प्रशासन तक पहुंचाने का काम करता है।

## सूचना

मैंने अपना नाम (SARDAR NARAIN SRIVASTAVA) सरदार नारायण श्रीवास्तव पुत्र (BANWARI LAL) बनवारी लाल से बदलकर (SAR-DAR NARAYAN) सरदार नारायण पुत्र (BANWARI LAL) बनवारी लाल रख लिया है, भविष्य में मुझे सरदार नारायण के नाम से जाना पहचाना और पुकारा जाये।

## सूचना

मेरे हाई स्कूल की मार्कशीट और पासपोर्ट मे मेरे नाम की स्पेलिंग (REETESH KUMAR SRIVASTAVA) रीतेश कुमार श्रीवासतव है जबकि आधार और पैन कार्ड में (RITESH KUMAR SRI-VASTAVA) रीतेश कुमार श्रीवासतव है दोनों व्यक्ति एक ही है, भविष्य में मुझे (RITESH KUMAR SRIVASTAVA) रीतेश कुमार श्रीवासतवा के नाम से जाना पहचाना और पुकारा जाये।

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि मेरा पुत्र रामकुमार व पुत्रवधु पूजा जो अपने मर्जी का मालिक है। मैं अपने उक्त पुत्र रामकुमार व पुत्रवधु पूजा (पुत्री जवाहरलाल उर्फ घारी) के कृत्यों से बहुत परेशान रहता हूँ काफी सोच विचार करने के बाद यह फैसला लिया हूँ की अपने पुत्र रामकुमार व पुत्रवधु पूजा को अपने चल व अचल सम्पति से बेदखल कर रहा हूँ आज की तारिख से उनका हमसे व हमारे परिवार से कोई वास्ता सरोकार नहीं होगा और उनके लेन देन व अपराधिक कृत्यों से भी हमारा कोई वास्ता सरोकार नहीं होगा तथा न ही हमारे परिवार वालों की कोई जिम्मेदारी होगी।

**राम प्रताप पुत्र शिवराज**
**सा. सोनहटी थाना डुमरियागंज,**
**तहसील डुमरियागंज,**
**जनपद सिद्धार्थनगर।**

# किसी धर्म या व्यक्ति के खिलाफ नहीं, बल्कि पाखंड व अंधविश्वास के विरोध में हैं स्वामी: विक्रमा यादव

**अवधनामा ब्यूरो**



कलेक्ट्रेट पर विरोध प्रदर्शन करते कार्यकर्ता

- **पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य के काफिले पर हुए हमले के विरोध में प्रदर्शन**
- **समर्थकों व कार्यकर्ताओं ने की जेड श्रेणी की सुरक्षा की मांग**

**कुशीनगर।** पूर्व कैबिनेट मंत्री, उत्तर प्रदेश विधान परिषद सदस्य व समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव स्वामी प्रसाद मौर्य के काफिले पर हुए हमले के विरोध में उनके समर्थकों व पार्टी कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट पर धरना-प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने पूर्व मंत्री के हमलावरों पर कार्रवाई की मांग करते हुए राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपकर उन्हें जेड श्रेणी की सुरक्षा की मांग की है। अखिल भारतीय संत गाडगे बाबा साहब आंबेडकर मिशन व अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के तत्वावधान में कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालय पर धरना- प्रदर्शन किया। इस अवसर पर सपा नेता व पूर्व प्रमुख विक्रमा यादव ने कहा कि स्वामी प्रसाद मौर्य किसी धर्म या व्यक्ति के खिलाफ नहीं हैं, बल्कि वह पाखंड व अंधविश्वास के विरोध में हैं। एमएलसी प्रतिनिधि दिनेश चौधरी ने कहा कि पूर्व मंत्री पिछड़ों, दलितों व अल्पसंख्यकों की आवाज हैं। संत गाडगे मिशन के जिलाध्यक्ष राधेश्याम चौधरी ने कहा कि पूरा दलित समाज स्वामी प्रसाद मौर्य के साथ है। इस अवसर पर कुशवाहा महासभा के जिलाध्यक्ष रामप्रताप कुशवाहा, सपा जिला महासचिव रामेश्वर कुशवाहा, इकबाल अंसारी, रियाज खान, बेचू खान, सज्जन गुप्ता, जनार्दन कुशवाहा, गोविन्द गौंड, हंसराज कुशवाहा, विष्णु वर्मा, छोटेलाल कनौजिया, संतोष कुशवाहा, नरेंद्र भारती, विनोद कुशवाहा, लवकुश यादव, अमर कुशवाहा, नासिर हुसैन आदि मौजूद रहे।

# तीस हजार रूपए की रिश्वत लेते हुए लेखपाल का वीडियो हुआ वायरल

**अवधनामा संवाददाता**

**बलरामपुर।** जहां सरकार जीरो टारलेन्स की बात करते हुए भर्षटाचार मुक्त भारत की बात करती है लेकिन तस्वीरों में जो दिखता है वह यह साबित करने की लिये काफी है कि सरकारी दावो की क्या हकीकत है । जिसकी बानगी शोसल मीडिया में एक रिश्वत लेने का वायरल वीडियो से पता चलता है । वही सरकारी कर्मचारीयो की बात की जाय तो तमाम ऐसे लोग विभागीय भर्ष्टाचार होने की पुष्ठि इस आधार पर करते है कि मेरे साथ ऐसा हुआ लेकिन सामने नही आना उनकी मजबूरी है । वही भ्रष्टाचार का खेल विभाग की स्तर पर काफी तेजी से फल फूल रहा है की बात सामने आरही है। इसको कहीं रिश्वत तो कही सुविधा शुल्क तो कही मिठाई के नाम से जाना जाता है। जिसके न मिलने पर जिम्मेदार अधिकारी से कर्मचारियों तक सही को गलत साबित करने में पीछे नहीं रहते वही अगर सुविधा शुल्क चढ़ जाता है तो तमाम गलत भी सही हो जाते है जिसकी कई मिसाल देखने मे मिलेगी। ऐसा एक मामला बलरामपुर के तुलसीपुर तहसील क्षेत्र का बताया जा रहा है। जहां लेखपाल अमरेश कुमार सिंह का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है । जिसमे पीड़ित किसान को अपना काम करवाने को लेकर 30000 की वसूली करते हुए देखे जा रहे हैं इसके साथ ही वीडियो में अभद्र भाषाओं का प्रयोग करने की बात भी सामने आ रही है। शिकायत कर्ता ने जिसकी शिकायत समाधान दिवस में भी की है लेकिन उसमें कारवाई नहीं की गई। लेकिन मामला उस समय काफी तेजी पकड़ गया जब सोशल मीडिया पर एक क्षेत्रीय लेखपाल का रिश्वत लेते हुए वीडियो वायरल किया गया जो काफी तेजी से वायरल हो रहा है। जिससे विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों में हड़कम्प मच जाने की सूचना मिलने की बात सामने आ रही है जिस पर अपर जिलाधिकारी ने मामले को लेकर त्वरित कार्यवाही की है और भ्रष्टाचार में लिप्त लेखपाल को निलंबित किया गया है और एसडीएम तुलसीपुर प्रवेश कुमार से इस संबंध में अस्पष्टीकर्ण की बात की गई जिसको लेकर जाच तहसीलदार को दी गई है वही प्रभावी आदेश के द्वारा लेखपाल को निलंबन किया जाने का मामला प्रकाश में आया है इसके साथी विशेष सुविधाएं जो सरकारी कर्मचारियों को मिलती है वह भी न मिलने की सामने आ रही है साथ में इसकी जांच तहसीलदार तुलसीपुर को दी गई है और इस संबंध में जल्द से जल्द स्पष्टीकरण की मांग की गई है अब देखना है यह है कि विभागीय कर्मचारियों के बचाने के लिए विभाग क्या कुछ कार्रवाई करता है। कर्मचारी की जांच की सत्यता सामने रखता है या विभाग द्वारा इसे बचाने के लिए सिर्फ खानापूर्ति कर कोरम पूरा किया जाता है और निलंबन के बाद उसकी बहाली कर दी जाती है।

# सबका साथ सबका विकास पार्टी का मूल मंत्र : भूपेंद्र सिंह



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** पीडब्ल्यूडी डाक बंगले पर जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह ने भाजपा की नीतियों से प्रभावित होकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने पर बरहज की चेयरमैन श्वेता जायसवाल का स्वागत किया तथा इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है तथा सबका साथ और सबका विकास ही इसका मूल मंत्र है और इसी विचारधारा से प्रभावित होकर अन्य दलों के लोग पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं । मैं पार्टी में शामिल नए सदस्य का पूरे जिला संगठन की तरफ से स्वागत करता हूं तथा शुभकामनाएं देता हूं और आशा करता हूं कि सभी नए सदस्य पार्टी की विचारधारा को आगे ले जाने का काम करेंगे। पत्रकारों से वार्ता करते हुए उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए पार्टी ने अपने स्तर से सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं तथा चुनाव के सफल संचालन हेतु चुनाव कार्यालय का विधिवत उद्घाटन भी कर लिया है। सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को पार्टी के विभिन्न कार्यक्रमों की जिम्मेदारी भी तय कर दी गई है। इस बार मत प्रतिशत बढ़ाने के लिए पार्टी के वरिष्ठ और कनिष्ठ सभी कार्यकर्ता सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को लेकर गांव - गांव तथा कस्बों में जा रहे है और लोगों से संपर्क करके उन्हें पार्टी के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान करने के लिए जागरूक करने का कार्य भी कर रहे हैं।

# नौ मार्च को आयोजित होगी राष्ट्रीय लोक अदालत, जिला जज ने की बैठक

**अवधनामा संवाददाता**



**उरई जालौन।** उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में 09 मार्च 2024 को आयोजित की जाने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता सुनिश्चित किये जाने हेतु आज माननीय जनपद न्यायाधीश श्री लल्लू सिंह के कुशल-मार्गदर्शन सचिव/अपर जनपद न्यायाधीश श्री महेन्द्र कुमार रावत की उपस्थिति में जिला प्रशासन, पुलिस, परिवहन, वन विभाग एवं भारत दूर संचार निगम के नोडल अधिकारियों के साथ बैठक सम्पन्न हुई। इसमें उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

बैठक में सचिव/अपर जनपद न्यायाधीश श्री महेन्द्र कुमार रावत ने उपस्थित अधिकारियों से कहा कि मान्नीय उच्चतम न्यायालय एवं राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण तथा उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में आगामी दिनांक-09.03.2024 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जिला दीवानी न्यायालय उरई एवं वाह्य स्थित न्यायालयों में किया जाना है। इसमें राजस्व विधि, स्टाम्प अधि0, जल संस्थान, विद्युत, श्रम, मोटर वाहन अधि0, पुलिस चालानी, शमनीय आपराधिक वाद, प्रकीर्ण वाद, वन अधि0, जिला पंचायत व नगर पालिका से सम्बन्धित परिवाद/ सिविल वाद आदि विभिन्न प्रकृति के अधिकाधिक मुकदमों/ मामलों को नियत तथा निस्तारित किया जाना है। इस सम्बन्ध में समस्त विभागों के परिणामोन्मुखी व सार्थक प्रयासों की आवश्यकता है। इस पर उपस्थित समस्त अधिकारियों द्वारा पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया गया।

सचिव श्री रावत ने अपर पुलिस अधीक्षक श्री असीम चौधरी से कहा गया कि वह अपने स्तर से सभी थानों के प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों को इस आशय का निर्देश निर्गत करें कि वे विभिन्न न्यायालयों से निर्गत सम्मन/नोटिसों का तामीला शत् प्रतिशत कराना सुनिश्चित करें, क्यों कि यह तथ्य संज्ञान में आया है कि कतिपय थानों से सम्मन/नोटिसों का तामीला सही ढंग से नहीं कराया जाता है। इस सम्बन्ध में ढिलाई न बरती जाये।

सचिव श्री रावत ने जिला प्रशासन के प्रतिनिधि नगर मजिस्ट्रेट श्री अजीत जायसवाल से कहा कि वे विभिन्न उपजिला मजिस्ट्रेट न्यायालयों में लम्बित दाण्डिक प्रकीर्ण वादों को चिन्हित कराकर अतिशीघ्र इनकी सूची जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को उपलब्ध करायें और अपने विभाग से सम्बन्धित मामलों में तत्परता से पैरवी कराना सुनिश्चित करें।

## सार्वजनिक सूचना

ग्राम पंचायत धौरा कला खण्ड सरसावा, सहारनपुर, पंचायत/निविदा/2023/24 निविदा सूचना दिनांक 7.2. सन 2024 समस्त शासकीय पंजीकृत निर्माण ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत चौरा कला विकास खण्ड सरसावा में पंचायत राज वित्त 15वा वित्त आयोग व मानरेगा आदि मद में प्राप्त धन राशी से निम्न कार्य कराये जाने प्रस्तावित है. जिसके लिये निविदायें दिनांक 12.02.24 को प्रात 10 बजे से 13.02. 2024 अपरान्ह 4.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दि. 12.02.2024 को सुबह 10 बजे से अपरान्ह 4.00 बजे तक निर्धारित पुल्क जमाकर इस कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है। सम्बन्धित निविदादाता को निविदा के साथ कार्य की अनुमानित लागत के 2 प्रतिशत की दर से जमानत राशी एफ0डी0 आर 0,जो ग्राम पंचायत चौरा कला के नाम बन्धक हो, के रूप में जमा करानी होगी कार्यो के नियम एवं पर्ते इस कार्यालय में किसी भी कार्यदिवस में आकर देखी जा सकती हैं। प्राप्त निविदाएं दिनांक 13.02 2024 की अपरान्ह 4.00 बजे उक्त कार्य हेतु गठित समिति के समक्ष खोली जायेंगी अधोहस्ताक्षरी को बिना कोई कारण वर्षाए किसी नी अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है। कार्य का नाम ....ग्राम पंचायत चौरा कला में कब्रिस्तान से गुनी 420 मजरा वाले रास्ते तक नाला कच्चा नाला खुदाई कार्य। मी ...संख्या योजना का 240 मी अनुमानित लागत 1,43,800। कार्य की अवधि .. दो माह कार्य...ग्राम पंचायत चौरा कला में कब्रिस्तान से गुनी 420 मजरा वाले रास्ते तक नाला कच्चा नाला खुदाई कार्य। 240 मी.जमानत धनराशि Rs..2.900 आज्ञा से... ग्राम पंचायत अधिकारी चौरा कला, सरसावा ज़िला सहारनपुर

## टेंट कारोबारी का संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी पर लटकता मिला शव

**अमृतपुर फर्रुखाबाद।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम चपरा निवासी रामौतार का 20 वर्षी पुत्र बृजभान गांव में ही अनुराग की दुकान किराए पर लेकर टेंट का कार्य करता था कल उसके टेंट की बुकिंग गुडेरा में चल रही थी जिसमे भावन निवासी संदीप पुत्र अशोक कार्य कर रहा था, जब रात में बृजभान कार्य देखने नहीं गया तो अशोक आज सुबह 9 बजे दुकान पर आया एक फुट दुकान का शटर उठा था जब उसने शटर उठाकर अंदर देखा तो बृजभान फांसी पर झूल रहा था उसने सूचना दुकान मालिक अनुराग को दी दुकान मालिक ने सूचना ग्राम प्रधान आसाराम वर्मा को दी आसाराम वर्मा ने सूचना पुलिस को दी सूचना मिलते ही थाना अध्यक्ष मीनेश पचौरी चौकी, इंचार्ज राजभान सिंह मौके पर पहुंचे प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक के पिता रामौतार कुशवाहा जनपद शाहजहांपुर के थाना जलालाबाद के गांव कूरा बन्डा के मूल निवासी थे।

## महिला ने लगाया अश्लील हरकत करने और वीडियो बनाने का आरोप



**उरई अवधनामा संवाददाता।** सिरसाकलार थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने एक युवक पर अश्लील हरकतें करने और वीडियो बनाने का आरोप लगाया है। साथ ही महिला ने इस बात के लिए आशंका जाहिर की है कि कहीं आरोपी वीडियो को वायरल ना कर दें। बता दें कि महिला ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर एसपी को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि उसका पति मजदूरी करने बाहर जाता हैं। 20 जनवरी को गांव का ही रविंद्र चौधरी सुबह 11 बजे उसके घर में घुस आया और उसकी 15 वर्षीय पुत्री जो कि घर में अकेली थी। गलत नियत से अश्लील हरकते करने लगा। जिस पर मेरी पुत्री ने अपत्ति जताई तो उक्त व्यक्ति ने वीडियो वायरल करने की और जिन्दगी खराब करने की धमकी दी। महिला का आरोप है कि युक्त युवक लगभग 1 महीने से उसकी पुत्री का पीछा कर रहा है और उसे परेशान करता है। उसने इसकी शिकायत थाने में की लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। उल्टा पुलिस समझौता करने का दबाव बना रही है। थाने में तैनात दरोगा का कहना है कि अगर दोबारा शिकायत की तो उसके पति को जेल भेज देंगे। जिससे पूरा परिवार भयभीत है महिला ने एसपी से न्याय की गुहार लगाई है।

## कंटेनर जेसीबी की भिंड़त में दो घायल



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** नेशनल हाइवे स्थित आटा थाना क्षेत्र चमारी नाला पर जेसीबी कन्टेनर की टक्कर हो गई। इससे जेसीबी खंदक में पलट गई। जबकि कंटेनर का ड्राइवर केबिन में फस गया। हादसे में दोनों ड्राइवर गम्भीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें मौके पर पहुँची पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया। गुरुवार को झांसी से एक कंटेनर कानपुर की ओर जा रहा था। इस दौरान जैसे ही वह आटा थाना क्षेत्र के नेशनल हाइवे स्थित चमारी नाला के पास पहुँचा। तभी ड्राइवर का संतुलन खो गया। इससे सामने खड़ी जेसीबी से टक्कर हो गई। जेसीबी खंदक में पलट गई। जबकि कन्टेनर डिवाइडर फांदकर दूसरी ओर खड़ा हो गया। केबिन में चालक नवीन उम्र 28 वर्ष निवासी नई दिल्ली फस गया। जबकि जेसीबी चालक नीशू निवासी सैफई को भी चोट आई। हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पहुँची पुलिस ने दोनों घायलों को एम्बुलेंस से अस्पताल में भर्ती कराया।

## डीएम ने समीक्षा अधिकारी परीक्षा को लेकर बैठक



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी डॉ0बी0के0सिंह की अध्यक्षता में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में नियुक्त प्रभारी अधिकारी/ सहायक प्रभारी अधिकारीयो के साथ चुनाव की तैयारी के संबंध में एक समीक्षा बैठक का आयोजन कलेक्ट्रट सभागार में किया गया। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि चुनाव की सभी तैयारियां समय से पूर्ण करले चुनाव के किसी भी कार्य मे लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी सभी बूथों पर मतदान केंद्रों का नाम और नंबर का अंकन करा दिया जाये सभी बूथों पर विजली के कनेक्शन करा लिए जाये शौचालय की स्थिति सही हो सभी कर्मियों की ड्यूटी उनके पद के अनुरूप लगाई जाये सभी कर्मचारियों का डाटा वेरीफाई करा लिया जाए सभी कार्यो को ससमय पूर्ण कर ले बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अपर जिलाअधिकारी व संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## मेड़ काटने पर विवाद, चले लाठी डंडे

**अमृतपुर फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** थाना क्षेत्र के गांव रामप्रसाद नगला में गुरुवार की सुबह एक ही समुदाय के लोगों के बीच मेड काटने को लेकर विवाद हुआ देखते-देखते लाठी डंडा चलने लगे जिससे प्रवेश रामू प्रमोद घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शैतान सिंह व महेश को पकड़ लिया वहीं प्रवेश प्रमोद रामू को डाक्टरी परीक्षण के लिए भेज दिया प्राप्त जानकारी के अनुसार मुलायम व शैतान के बीच मेड काटने को लेकर विवाद चल रहा था दोनों एक ही परिवार से होने के कारण कुछ लोग खेत पर समझौता करवा रहे थे अचानक कहा सुनी होने लगी देखते-देखते लाठी डंडा चलने लगे।

अवधनामा



# रुदौली विधानसभा के सीवन वाजिदपुर में पी.डी.ए.की बैठक संपन्न




*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर आज रुदौली विधानसभा के सीवन वाजिदपुर गांव सभा में पी.डी.ए.की बैठक संपन्न हुई जिसमें मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में आम जनता त्रस्त है महंगाई चरम सीमा पर है श्री यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार में अखिलेश यादव के मुख्यमंत्री काल में जो विकास कार्य हुआँ उसे जनता आज भी याद कर रही है श्री यादव ने कहा आने वाले लोकसभा चुनाव में पीडीए को साथ लेकर इंडिया का गठबंधन के नेतृत्व दिल्ली में सरकार बनेगी जिसमें महत्वपूर्ण भूमिका सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की होगी श्री यादव ने कहा कि आम जनता ने मन बनाया है कि पीडीए का सासद बनना है ।

समाजवादी पार्टी के जिला प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव ने बताया कि पीडीए के बैठक में समाजवादी पार्टी के नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे सभी ने लोकसभा चुनाव में सपा के सांसद को जीतने का संकल्प लिया कार्यक्रम का संचालन राजित राम रावत जिला सचिव,आयोजक मो. अली प्रदेश सचिव,अध्यक्षता छोटेलाल यादव विधानसभा अध्यक्ष,रिजवान रसूल प्रदेश कार्यसमित सदस्य,रुदौली नगर अध्यक्ष अमीर खान, असगर अली, मवई ब्लैक अध्यक्ष विंध्या सिंह, ललई यादव, नदीम अहमद प्रदेश कार्यसमित सदस्य, सोनू खान प्रदेश सचिव अल्पसंख्यक सभा, सफीक बी. डी. सी, अबसार अहमद पूर्व प्रदेश सचिव मुलायम यूथ ब्रिगेड,सोनू खान,कलीम बी. डी. सी.। आदि लोग मौजूद रहे ।

# सेवा सहयोग समर्पण का साक्षी बन रहा आरोग्य भारती का सेवा शिविर

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** मौसम के ठीक होने के साथ श्रीरामजन्मभूमि में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है तदनुरूप आरोग्य भारती ने दर्शनोपरांत निकास मार्ग पर पुलिस चौकी के सामने अपना चिकित्सा सेवा शिविर स्थानन्तरित किया है जहां होम्योपैथी, आयुर्वेद व एलोपैथी के चिकित्सक अपनी सेवाएं निश्चित क्रम में दे रहे हैं। चिकित्सा सेवा समन्वयक व आरोग्य भारती के प्रांत सहमंत्री डॉ उपेन्द्र मणि त्रिपाठी ने बताया पिछले कुछ दिनों से शिविर में सेवितजनों की औसत संख्या 500 प्रतिदिन तक है, जिसमें ज्यादातर थकान, दर्द,गैस, खांसी, जुकाम के लक्षणों वाले भक्त होते हैं, जिन्हें शिविर में उनकी इच्छानुरूप पद्धति के अनुसार चिकित्सक जांचकर दवाएं भी देते हैं।डॉ त्रिपाठी ने बताया विंध्याचल से पधारे काशी प्रान्त सहसचिव डॉ संदीप श्रीवास्तव, डॉ रविकांत त्रिपाठी व डॉ विनोद शर्मा ने शिविर में सहयोग स्वरूप होम्योपैथी दवाएं, शीशियां, गोलियां भी भेंट की।इनके साथ सेवा देने वालों में डॉ टीएन द्विवेदी, डॉ विवेक सिंह, डॉ अंकुर मिश्र, डॉ विशेष राय, डॉ संजय सिंह, डॉ सुरजीत वर्मा, व अयोध्या से डॉ यशी यादव, डॉ सारिका पाठक, डॉ दीपक गुप्ता, डॉ कल्पना कुशवाहा ने अपनी सेवाएं दीं। शिविरों का समन्वय डॉ पीयूष गुप्ता, डॉ मनोज सिंह, डॉ उपेन्द्र मणि त्रिपाठी द्वारा किया जा रहा है। यद्यपि दर्शनार्थियों के लिए विश्राम हेतु जगह जगह पर कुर्सियां भी हैं साथ ही भीड़ में देर तक पदयात्रा के बाद निकास मार्ग पर दर्शनार्थी चिकित्सा सेवा शिविर से भी लाभांवित हो रहे हैं, जब बुजुर्ग मरीज चिकित्सकों को ढेरों आशीर्वाद देते हैं तो उनका मनोबल और सेवा भाव प्रबल होता है।



## केंद्र और प्रदेश की डबल इंजन सरकार का बजट लायेगा राम राज्य

**अयोध्या।** केंद्र कि नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के योगी आदित्यनाथ की डबल इंजन की सरकारों ने देश में विकास की इबादत लिखने में पूरा जोर लगा दिया भारत विश्व गुरु बने की ओर अग्रसर है रामराज्य की कल्पना साकार हो रही है जिसका जीता जाता उदाहरण अयोध्या धाम में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद पूरे विश्व से आये भक्तों के जन सैलाब ने रिकॉर्ड दान देकर विकास सील अमेरिका रूस जैसे देश के माथे पर बल ला दिया है। रामोत्सव ने अयोध्या की तस्वीर बदल दिया है। यह विचार भारतीय जनता पार्टी के अयोध्या धाम के थिंक टैंक सुनील कुमार श्रीवास्तव ने स्पष्ट आवाज से बात भेंट वार्ता में प्रगट किया है।अयोध्या में देवलोक से स्वर्ग उतर आया है।चारों तरफ रंगीन लाईटो का नजारा राम महोत्सव की शोभा बढा दिया है। आने वाले विश्व भर के पर्यटक और भक्तगण इसे देखकर अभीभूत है।

## अवध विश्वविद्यालय के विद्यार्थी मशरूम की खेती से प्रशिक्षित होंगे

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल ने गुरूवार को अपराह्न तीन बजे परिसर स्थित मशरूम यूनिट का अवलोकन किया। परिसर के माइक्रोबायोलॉजी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ0 रंजन सिंह द्वारा तैयार किए गए यूनिट में करीब 50 कटीवेशन बैग में बटन मशरूम को उगाया गया। कुलपति द्वारा मशरूम यूनिट का जायजा लेते हुए इसके उत्पादन की जानकारी प्राप्त की। विश्वविद्यालय की कुलपति ने बताया कि भारत में मशरूम की खेती की ओर लोगों का रूझान तेजी से बढ़ा है। यह आकर्षक व्यवसाय है। विद्यार्थियों में कौशल उद्यमिता विकसित करने के लिए विश्वविद्यालय में मशरूम यूनिट की शुरूआत की गई है। कुलपति प्रो0 गोयल ने बताया कि विद्यार्थियों को मशरूम की खेती के लिए प्रशिक्षण दिया जायेगा। इसके लिए शीघ्र ही मूल्य वर्धित पाठ्यक्रम (वैल्यू एडेड कोर्स) शुरू करने की योजना है।

## नगर पंचायत अध्यक्षो के साथ बैठक

**बाराबंकी।** लोक सभागार कलेक्ट्रेट, बाराबंकी में जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा जनपद बाराबंकी के समस्त नगर पंचायत अध्यक्षों के साथ गोष्ठी की गई। जिसमें थाना स्तर से मॉनीटरिंग किये जा रहे सीसीटीवी कैमरों का डेटा संग्रहण क्षमता को बढ़ाने तथा क्षेत्र में और अधिक रेजोल्यूशन वाले गुणवत्ता पूर्ण कैमरों को लगाये जाने के सम्बन्ध में नगर पंचायत अध्यक्षों को प्रोत्साहित किया गया। उक्त गोष्ठी में उपजिलाधिकारी भी उपस्थित रहे।

## मण्डलायुक्त गौरव दयाल ने उ0प्र0 राज्य पर्यटन विकास निगम द्वारा बनाई गई टेन्ट सिटी का किया निरीक्षण

**अयोध्या।** मण्डलायुक्त गौरव दयाल ने भगवान श्री राम लला मंदिर के दर्शन हेतु बहुत बड़ी संख्या में बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को ठहराने और उनको मूल भूत सुविधाओं के सुनिश्चयन हेतु ग्रीन फील्ड टाउनशिप क्षेत्र में उ0प्र0 राज्य पर्यटन विकास निगम द्वारा बनाई गई टेन्ट सिटी का निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने विभिन्न प्रान्तों से आने वाले महिला एवम पुरुष दर्शनार्थियों से यहां की व्यवस्थाओं के बारे में फीड बैक लिया।मण्डलायुक्त ने पर्यटन निगम के अधिकारियों को टेंट सिटी परिसर में दर्शनार्थियों हेतु आवश्यक जानकारियों को प्रसारित करने के लिए सम्पूर्ण परिसर मे पी0ए0(ध्वनि विस्तारक यंत्र)लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परिसर में स्थापित शौचालयों सहित समस्त स्थलों की साफ सफाई व्यवस्था सुदृण रहे इसकी निरंतर मॉनिटरिंग की जाय। उन्होंने परिसर में दर्शनार्थियों की सुविधा हेतु बनाये गए विभिन्न कॉउंटरो का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता एमएलसी मानवेन्द्र सिंह सहित अन्य सम्बन्धित उपस्थित रहे।

## अयोध्या आने वाले श्रद्धलुओं को आकर्षित करेगी मनमोहक वाटिका

**अयोध्या। योगी** सरकार ने तैयार कि एक भव्य पुष्प वाटिका राम मंदिर का दर्शन करने के लिए अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं को आकर्षित करेगी। सरयू नदी के किनारे 35,000 स्क्वायर फुट में बनकर तैयार पुष्प वाटिका को 22 लोगों ने मिलकर तैयार किया है। वाटिका 13 दिन में तैयार की गई है। पुष्प वाटिका में 30 वैरायटी के पुष्प लगाए गए हैं। इस वाटिका में फूलों के 25000 पौधे लगाए गए हैं। यह पुष्प वाटिका राज्य ललित कला अकादमी, उत्तर प्रदेश संस्कृति विभाग की तरफ से बनायी गयी है। इन



वैरायटी लगाए गए हैं फूल विभिन्न किस्म के पुष्प के पौधों से पुष्प वाटिका तैयार की गई है, इनमें गजेनिया, डेन्टस, गेंदा लाल चायनीज, गेंदा पीला हाइब्रिड, पेंन्जी, उहेलिया, गुलदाबदी, इहेलिया पाट, डहेलिया पीपी फाल, डाग फ्लावर, गुडहल, सालविया, फाइकस, अशोक पिन्डोला, साइप्रस फाल, बोतल पाम, बोतल पाम, बेनजीना फाइकस, फोक्सटेल पाम, पिटोनिया, कैरन, डोला, मनोकामनी, पिटोनिया, मधुकामनी, गुडहल पाट, अलेरिया, मोरपंख गोल्डेन, स्नाफ इण्डिया, साइप्रस पाट, गुलाब, मूनीप्रास फूल के पौधे रोपित किए गए हैं, जो अयोध्या की छटा को और भी सुन्दर बना रहे हैं।

# कांग्रेस ने की लोकतंत्र की स्थापना, संवैधानिक संस्थाओं को बनाया ताकतवरः पुनिया



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** आजादी के समय से अब तक देश के निर्माण में कांग्रेस और नेहरू गांधी परिवार का बड़ा योगदान रहा है। आजादी की लड़ाई में भाजपा के किसी नेता का कोई योगदान नहीं रहा लेकिन आजादी की लड़ाई में नेहरू परिवार का हर सदस्य महिला एवं पुरुष जेल गया और बेखौफ होकर अंग्रेजी हुकूमत का मुकाबला किया। यह बात पूर्व सांसद डॉक्टर पीएल पुनिया ने आज विकासखंड सूरतगंज के ग्राम चन्दूरा में बूथ स्तर के सम्मेलन में कांग्रेस पार्टी के इतिहास पर चर्चा के दौरान कही। सम्मेलन की अध्यक्षता कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन तथा संचालन कांग्रेस कमेटी के महासचिव नेक चन्द्र त्रिपाठी ने किया। पूर्व सांसद ने कहा कि जिनका कोई इतिहास और आजादी की लड़ाई में योगदान नहीं वह झूठा आरोप लगा रहे हैं कि 70 वर्षों में कांग्रेस पार्टी ने कुछ नहीं किया आजादी की लड़ाई में कांग्रेस पार्टी की बड़ी भूमिका थी और देश की आजादी के बाद उसको बचाए रखने का काम कांग्रेस पार्टी ने किया। देश के लोकतंत्र की स्थापना की और संवैधानिक संस्थाओं को खड़ा करके उन्हें ताकतवर बनाया। उन्होंने कहा कि इस देश को आजादी के बाद से जो कुछ मिला वह कांग्रेस पार्टी की सरकारों से मिला है कांग्रेस पार्टी ने देश को बनाने का काम किया है बड़े उद्योगों को बेचने का नही। कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन ने बूथ स्तरीय ब्लॉक सम्मेलन में कहा कि देश की खुशहाली तरक्की, लोकतंत्र की संविधान की रक्षा के लिए आप सभी को कांग्रेस पार्टी का साथ दें उसके पक्ष में मतदान करें। विकासखंड सूरतगंज में बूथ स्तरीय सम्मेलन में सुरेंद्र वर्मा, अनूप सिंह, भूपेंद्र वर्मा, माधव राम मिश्रा, अन्नू गौतम लक्ष्मी, विजय बहादुर, मिश्रीलाल गौतम, दुर्गा प्रसाद मिश्रा, हरिवंश, शहाबुद्दीन, हाजी वाहिद, अल्ताफ कुरेशी, रामनरेश वर्मा मोहम्मद अहमद पठानी सहित सैकड़ो की संख्या में स्थानीय आवाम व कांग्रेसजन मौजूद थे।

# पुलिस विभाग ने चलाया स्वच्छता अभियान



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के निर्देशन में रिजर्व पुलिस लाइन्स सहित जनपद के समस्त थाना, चौकी, कार्यालयों को स्वच्छ व सुन्दर बनाये रखने हेतु स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर समस्त अधिकारी, कर्मचारीगण द्वारा अपने-अपने थाना परिसर, कार्यालय, भोजनालय, आवासीय परिसर एवं शस्त्रागार की साफ-सफाई की गई। इसी क्रम में आगामी लोक सभा चुनाव के दृष्टिगत किसी भी प्रकार की आपात स्थिति को नियंत्रित करने हेतु शस्त्रों एवं दंगा नियंत्रण उपकरणों, पब्लिक एड्रेस सिस्टम की साफ-सफाई की गई तथा उनके सुचारू संचालन को भी चेक किया गया।

# औक़ाफ़ की ज़मीनो पर नाजायज़ कब्जे, अवैध निर्माण के विरुद्ध कार्रवाई की मांग

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जीरो टॉलरेंस नीति को चुनौती देकर औक़ाफ़ की ज़मीनो पर कब्ज़ा और अवैध निर्माण कर अपमान करने वालो को नही बर्दाश्त करेंगा शिया समाज। आज शिया जामा मस्जिद के पेश इमाम मौलाना इब्ने अब्बास के नेतृत्व में वकीलों पत्रकारो और बुद्ध जीवियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने ज़िलाधिकारी सत्येंद्र कुमार से मुलाक़ात कर ज़िले में औक़ाफ़ की ज़मीनो पर नाजायज़ कब्जे और अवैध निर्माण को लेकर चिंता व्यक्त की। साथ ही हुए वक़्फ़ नवाब अमजद अली खां की ज़मीनो पर दस्तवेज़ों में हेराफेरी कर कब्ज़ा और अवैध निर्माण कराने वाले गैंग के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही करने के साथ, फ़र्ज़ी रजिस्ट्री, दाखिल खारिज और नक्शा कैंसिल करने की मांग करते हुए डाकखाने के सामने हो रहे अवैध निर्माण को तत्काल रोकने और 145 के तहत संपति कुर्क करने की मांग की। ज़िलाधिकारी ने तत्काल एसडीएम से वार्ता कर टीम गठित कर कड़ी कार्यवाही के लिए जांच के आदेश दिए है। इस प्रतिनिधि मंडल में मौलाना इब्ने अब्बास के साथ सेक्रेट्री सरवर अली रिज़्वी, हाजी रईस रिज़्वी सैयद रेहान मुस्तफ़ा एडवोकेट मो.अब्बास ज़ैदी एडवोकेट फ़िरोज़ हैदर ÷भुट्टू÷, हाजी दिलकश रिज़्वी एडवोकेट, आसिफ हुसैन पत्रकार, शायर अजमल किन्तूरी, हसन अब्बास ज़ैदी शामिल थे। ज़िलाधिकारी/अपर वक़्फ़ आयुक्त के नाम दिए गए पत्र में सेक्रेट्री सरवर अली रिज़्वी ने लिखा है कि कोतवाली के सामने से अयोधया रोड से बेगमगंज रसूलपुर तिराहे तक की ज़मीनें है। बाराबंकी हेड पोस्ट आफिस के सामने वर्ष 1912 से रजिस्टर्ड वक़्फ़ अमजद अली खान रजि नंबर 1480 द्व की वक़्फ़ संपत्ति गाटा संख्या 186 मिन जो लोक सम्पत्ति है पर लबे सड़क श्री शाहजी इंफ्रा वेंचर्स की नीलम हाइट्स नाम से सुजीत शाह नामक व्यक्ति द्वारा संजय यादव बाबा और भुललन वर्मा से मिलकर करोडो की ज़मीन पर दस्तवेज़ों में हेरा फेरी कर अवैध कब्जा और निर्माण खुले आम करवाकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की जीरो टॉलरेंस नीति को चुनौती दी जा रही है। इस संबंध में प्रदेश सरकार के अधीन यूपी शिया सेंट्रल बोर्ड ऑफ वक़्फ़ इंदिरा भवन लखनऊ में धारा 52 के तहत मदन टण्डन हर्षित टंडन नीलम शाह को नोटिस भेजकर 5 फरवरी को तलब भी किया गया था अब 22 फरवरी डेट लगी है,जिसमे नीलम शाह की तरफ से वकालत नामा किसी वकील ने दाखिल किया है जबकि मदन टण्डन ने लेने से इनकार कर दिया और हर्षित टण्डन नोटिस लेने के बाद बोर्ड में उपस्थित नही हुए। इसके बाद भी उपरोक्त लोगो द्वारा करोडो कि वक़्फ़ की संपत्ति पर अवैध कब्जा सरे आम कर वक़्फ़ संपत्ति को नुकसान पहुचाया जा रहा है। उपरोक्त लोगो द्वारा बार कौंसिल को दिए गए एफिडेविट में कहा गया है कि कोई व्यसवाय नही करते जबकि ये खुले आम प्रोपर्टी डीलिंग और ज़मीन हड़पने का कार्य विवादित ज़मीन पर चैंबर का बोर्ड लगाकर हैबत तारी कर फ़र्ज़ी मुकदमो में फसवाने की धमकी देकर अदालत और सरकार का अपमान करते है। उपरोक्त लोगो द्वारा इसी ज़मीन के सामने लबे सड़क पीपल का हरा भरा पेड़ भी अपने फायदे के लिए कटवा कर गायब कर दिया गया है।जो सरासर गलत और गैर कानूनी है। उपरोक्त मामले की गंभीरता को देखते है,इनकी रजिस्ट्री दाखिल खारिज ,नक्शा जो पास ज़िला प्रशासन और वक़्फ़ बोर्ड को गुमराह कर करवाया गया है पर इनके विरुद्ध लोक सम्पत्ति क्षति निवारण अधिनियम के तहत सुसंगत धाराओ में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज किये जाने के निर्देश के साथ,तत्काल निर्माण कार्य रुकवाने और धारा 145 के तहत कुर्क करने की मांग की गई।

## रेल पटरी पर पड़ा मिला आईटीआई छात्र का शव

**बाराबंकी।** रुदौली स्टेशन के निकट एक किशोर का शव रेल लाइन के निकट मिला। मृतक की शिनाख्त हो गई, वह मानसिक रोग से पीड़ित और आईटीआई अयोध्या का छात्र था। परिजनों ने आत्म हत्या की आशंका जताई है। जानकारी के अनुसार रूदौली रेलवे स्टेशन पर रेल लाइन किनारे एक शव पड़ा मिला। काफी प्रयास के बाद मौके पर पहुंचे मृतक के भाई राघवेंद्र सिंह ने इसकी शिनाख्त अपने छोटे भाई अंकित सिंह (19) पुत्र राजेश कुमार सिंह, निवासी ग्राम चंदौरा थाना खंडासा जिला अयोध्या के रूप में की। मृतक अयोध्या में आईटीआई का छात्र था, वह बीते दिन सुबह घर से निकला था। आशंका है कि इसने आस्था स्पेशल ट्रेन के आगे कूद कर आत्म हत्या की है।

## त्रिवेणी धाम में जाने वाले तीर्थयात्रियों के लिए भंडारे का आयोजन



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** विकास खंड मिठौरा अंतर्गत ग्राम सभा सोनवाल के पूर्व ग्राम प्रधान रामसेवक चौधरी ने मौनी अमावश्या के दिन नेपाल के त्रिवेणी धाम में पहुंचने वाले लाखों श्रद्धालुओं के लिए सोनवल गांव की ओर से वहां पर वृहद भंडारे का आयोजन किया। इसके लिए पूर्व ग्राम प्रधान रामसेवक चौधरी के नेतृत्व में ग्रामीणों का जत्था जयश्रीराम के नारों के साथ नेपाल के त्रिवेणी धाम के लिए रवाना हो गया है। पूर्व ग्राम प्रधान रामसेवक चौधरी ने बताया कि श्रीत्यागी कुटी त्रिवेणी धाम के महंत त्यागी बनारसी दास जी महाराज एवं साध्वी शाल्वीदास के निर्देश के क्रम में सोनवल गांव की ओर से वहां पर मौनी आमावश्या के पर्व पर वृहद भंडारे का आयोजन रखा गया है। जिसमें गांव के समस्त ग्रामीणों का योगदान शामिल है। वहां पर पहुंचने वाले ग्रामीण स्वयं स्नान ध्यान और पूजा पाठ करने के बाद वहां पर आने वाले श्रद्धालुओं की सेवा में भी लगे रहेंगे। इस दौरान पूर्व ग्राम प्रधान के साथ ही साथ कोदई प्रसाद मौर्य, सुदर्शन यादव, बृजकिशोर यादव, साहब चौधरी, रामप्रीत यादव, कैलाश पटेल, भोला चौधरी, ओमप्रकाश पटेल,बनवारी चौधरी , रामसमुझ भारती, रोहित यादव , मुनीब चौधरी, अंबरिश चौधरी आदि मौजूद रहे।

# शासन द्वारा स्वीकृति मिलने पर चारा अनुसंधान केंद्र की होगी स्थापना

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** गोसदन मधवलिया को स्वावलंबी बनाने और जनपद के गोआश्रय स्थलों को हरे चारे की आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु जिलाधिकारी अनुनय झा ने भारतीय चरागाह एवं चारा अनुसंधान संस्थान झांसी के वैज्ञानिकों के साथ गोसदन मधवलिया का स्थलीय निरीक्षण किया और उनके साथ विस्तृत चर्चा की।

जिलाधिकारी ने भारतीय चरागाह एवं चारा अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिकों से गोसदन को चारा उत्पादन में और चारा बीज विकास की दृष्टि से स्वावलंबी बनाने पर विस्तार से चर्चा करते हुए उनके विचारों को सुना। जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को अनुसंधान केंद्र की स्थापना हेतु जल्द से जल्द प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजने का निर्देश दिया। उन्होंने चारा उत्पादन हेतु आवश्यक भूमि को तैयार करने हेतु भूमि संरक्षण अधिकारी को भी डीपीआर भेजने का निर्देश दिया। तत्काल चारा उत्पादन हेतु भूमि की जुताई करने के लिए कृषि विभाग को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी आवश्यक कार्य मार्च के अंत तक संबंधित अधिकारी पूर्ण करना सुनिश्चित करें। इससे पूर्व कृषि वैज्ञानिकों ने बताया कि आरंभिक तौर गोसदन मधवालिया में एमपी चरी,गिनी घास, नेपियर हाइब्रिड, दशरथ घास आदि बहुवर्षीय घास



का उत्पादन लगभग 35 एकड़ में किया जाएगा। साथ ही शासन द्वारा स्वीकृत होने के उपरांत यहां पर चारा अनुसंधान केंद्र की भी स्थापना होगी, जो पौष्टिक चारे के उत्पादन हेतु शोध का कार्य करेगी। इस हेतु डिप्टी सीवीओ निचलौल और जिला कृषि अधिकारी को आवश्यक प्रशिक्षण हेतु भारतीय चरागाह एवं चारा अनुसंधान संस्थान झांसी भेजा जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि इससे न सिर्फ गोसदन मधवलिया बल्कि जनपद के अन्य गोआश्रय स्थलों को भी पौष्टिक चारे की आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी। साथ ही विपरीत ऋतुओं में भी हरे चारे की उपलब्धता को साइलेज के माध्यम से सुनिश्चित किया जा सकेगा। बैठक में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ यूएन सिंह, आईजीएफआरआई के कृषि वैज्ञानिक डॉ आर.बी. कुमार व डॉ एस.के. सिंह, उपनिदेशक कृषि रामशिष्ट, जिला कृषि अधिकारी वीरेंद्र कुमार, एसडीएम निचलौल मुकेश कुमार सिंह, बीडीओ निचलौल शमा सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## अलग अलग सड़क हादसों में 4 लोगों की मौत, एक घायल लखनऊ रेफर

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** बृहस्पतिवार को अलग अलग हुए सड़क हादसों में 4 लोगों की मौत हो गई, जबकि एक को गम्भीर हालत में लखनऊ भेजा गया है। मृतकों में एक सिक्योरिटी गार्ड है। जानकारी के अनुसार शिव प्रसाद यादव 24 पुत्र चतुरी नारायण यादव (लोक तंत्र सेनानी) निवासी ग्राम गौरा चक थाना रामनगर गत 30 जनवरी की सुबह 10 बजे बाइक से घर से बहन के घर साढ़े मऊ थाना फतेहपुर जा रहे थे। जाते समय सुढ़िया मऊ पेट्रोल पम्प के पास चार पहिया वाहन से टक्कर में वह घायल हो गया। गम्भीर दशा में घायल को बाराबंकी से लखनऊ रैफर किया गया, फिर वह हिन्द अस्पताल में भर्ती रहा। बुधवार को देर रात उसकी मौत हो गई। मृतक विवाहित व लॉ का स्टूडेंट था। दूसरी घटना में प्रदीप कुमार गौतम (28) पुत्र स्व. राम आधार निवासी ग्राम दतौली थाना जहांगीराबाद नगर कोतवाली क्षेत्र में विकास भवन मोड़ पर बीती रात 10 बजे कैटरिंग का काम करके बाइक से घर लौट रहा था तभी मुख्य मार्ग पर अज्ञात वाहन ने उसे कुचल दिया। एम्बुलेंस जिला अस्पताल लाये जाने पर उसे मृत घोषित कर दिया गया। तीसरे हादसे में कमलेश (36) पत्नी राम प्रकाश किसान निवासी ग्राम निबहा जहांगीराबाद को बीती शाम छह बजे मसौली थाना क्षेत्र में बिरौली गॉव के पास हाईवे पर अज्ञात वाहन ने कुचल दिया। एम्बुलेंस द्वारा जिला अस्पताल लाने पर मृत घोषित कर दिया गया। एक अन्य हादसे में लोनीकटरा थाना क्षेत्र केलदई का पुरवा गांव निवासी शैलेश उर्फ पिंटू (30) तहवापुर गांव निवासी अपने मित्र धर्मेंद्र कुमार के साथ लखनऊ के एक मॉल में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करते थे। बृहस्पतिवार की सुबह ड्यूटी करके दोनों बाइक से लोनीकटरा की ओर लौट रहे थे।

# जिलाधिकारी ने फीता काट किया माघ मेला का शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता



**बांसी सिद्धार्थनगर।** मौनी अमावस्या पर एक माह के लिए लगने वाले माघ मेला का शुभारंभ बृहस्पतिवार को जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने किया है। मेले का शुभारंभ जिलाधिकारी ने मुख्य मेला प्रवेश द्वारा पर फीता काटकर किया। इसके बाद उन्होंन मेला ध्वज रोहण कर मेला संस्थापक पंडित राजेंद्र नाथ त्रिपाठी के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। समयाभाव के कारण जिलाधिकारी चले गये इसके बाद पूजन एसडीएम कुणाल, ईओ मुकेश कुमार व नपा अध्यक्ष चमन आरा राईनी ने कराया। बताते चले कि कस्बे में लगने वाला माघ मेला काफी पुराना है इसकी शुरुआत 1954 में राजेंद्रनाथ त्रिपाठी ने किया था। मेले को सजाने व संवारने का काम राजेंद्रनाथ त्रिपाठी के सहयोगी कला अध्यापक मोतीलाल आर्य, ग्रामप्रधान रामशंकर, पूर्व प्रधान महादेव प्रसाद, बच्चा गनेश प्रसाद, हजारी प्रसाद, फूलचंद्र इंस्पेक्टर समेत कस्बे के प्रतिष्ठित लोगों ने किया। कुछ वर्षो बाद मेले का संचालन नगर पालिका करने लगी। पहले यह मेला तीन दिन, फिर एक सप्ताह उसके बाद 15 दिन तक चलने लगा। बाद में यह अवधि बढ़कर एक माह हो गई। स्व.पंडित राजेन्द्र नाथ त्रिपाठी द्वारा संस्थापित व आदर्श नगर पालिका परिषद बांसी द्धारा संचालित बांसी माघ मेला एव प्रर्दशनी की सारी तैयारिया शुरू हो चुकी हैं, इस वर्ष यह प्राचीन माघ मेला अपनी 70वीं वर्षगांठ मना रहा है । बांसी के प्राचीन राप्ती नदी के तट पर प्रति वर्ष मौनी अमावस्या के पर्व पर लगने वाला यह माघ मेला एवं प्रदर्शनी विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ लगभग एक माह तक चलता है। जहां सुरक्षा की दृष्टिकोण से थाना और मेला नियंत्रण कक्ष की स्थापना की जाती है लेकिन मेले के यही ढंग से संचालन के लिए न केवल नगर पालिका के कर्मचारियों और सभासदों को अलग अलग जिम्मेदारी सौंप दिया गया है। इस अवसर पर सी ओ सतीश चन्द्र पाण्डेय, कोतवाल बिन्देश्वरी मणि त्रिपाठ,मेला प्रभारी आनंद कुमार सहित पुर्व नपाध्यक्ष मोहम्मद ईदरीश पटवारी सभासद बरकत राईनी, अरुन गुप्ता, मनोज यादव, सत्यनारायण मौर्य, अमरेंद्र, जमील, रामकुमार, इसरत जमील, ग्रीश पांडे सहित तमाम अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# धर्म रक्षा मंच के तत्वाधान में राम राम दंगल का आयोजन

## मौनी अमावस्या के अवसर पर राप्ती नदी तट पर लगने वाले मेले में कार्यक्रम का हुआ आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** बुधवार को राप्ती नदी तट स्थित परशुराम वाटिका में मौनी अमावस्या के शुभ अवसर पर लगने वाले मेले में कुश्ती दंगल धर्म रक्षा मंच के तत्वाधान में दो दिवसीय राम राम कुश्ती दंगल आयोजन किया गया। आयोजन में कई प्रदेशों से आए पहलवानों ने कुश्ती के दांव-पेंच दिखाए। दंगल देखने हजारों लोगों की भीड़ जुटी रही।

कार्यक्रम का आरम्भ पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने विधि विधान से पूजन के उपरांत फीता काटकर किया। दंगल में नेपाल, राजस्थान, पंजाब, दिल्ली, अयोध्या, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, मध्य प्रदेश सहित कई राज्यों के पहलवान सम्मालित हुए और इन्होंने कुश्ती के नये-नये दांव पेंच दिखाये। पहलवानों के दांव, पेच कुश्ती को देखकर दर्शक काफी रोमांचित हुए। पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने गौरव पहलवान सहारनपुर और भूरा पहलवान हरियाणा का हाथ मिलवाकर कुश्ती का शुभारंभ किया। इस दौरान पहलवानों द्वारा उनको पगड़ी व माला पहनाकर सम्मानित किया। पहली कुश्ती में गौरव पहलवान सहारनपुर ने भूरा पहलवान हरियाणा टांगदाऊ दांव मारकर धूल चाट दिया। दंगल में विनोद पहलवान गाजीपुर ने राजेश टाइगर बिहार को चित कर दिया, मुकेश गोरखपुर व शाहरुख सहारनपुर में शाहरुख सहारनपुर ने विजई हुआ। वीर थापा काठमांडू नेपाल ने सोनी पहलवान चंडीगढ़ को चित कर दिया। दही चूड़ा वाले बाबा पहलवान अयोध्या ने काला चीता राजस्थान को पटखनी देकर विजई हुए, चांद बौना पहलवान सहारनपुर व ऋतिक पहलवान डुमरियागंज के बीच चांद बौना पहलवान विजई हुए, रामकिशन बाबा अयोध्या और शेरा पहलवान बरेली के रामकिशन बाबा अयोध्या विजई हुए। महिलाओं में रोशनी पहलवान प्रयागराज व शिवांगी नंदनीनगर गोण्डा में शिवांगी विजई हुई, नम्रता पहलवान उत्तराखंड और संतोषी पहलवान कानपुर के नम्रता पहलवान विजई हुई। प्रदीप शास्त्री हरिद्वार व बदल राजस्थान के बीच में प्रदीप शास्त्री हरिद्वार ने रोमांचक कुश्ती के साथ विजई हुए, बाबर अली कलियर शरीफ व अजय प्रयागराज के मध्य बाबर अली विजई हुए, बदल पहलवान राजस्थान व बाबा रविशंकर पहलवान अयोध्या के मध्य बाबा रविशंकर पहलवान काफी रोमांचक मुकाबले के बाद विजई हुए, राकी पहलवान राजस्थान, शेरा पहलवान बरेली व मोनीस अली उर्फ फकीर बाबा पहलवान कलेर शरीफ मध्य फकीर बाबा विजई हुए, नौशाद गाजीपुर व रवि गोसाईगंज की कुश्ती बराबरी में सम्पन्न हुई। राजेश पहलवान प्रयागराज व बलि बहादुर थापा काठमांडू नेपाल में बलि बहादुर थापा विजई हुए, आशीष रावत चौखड़ा व फायर ब्रिगेड जवान डुमरियागंज सुरेन्द्र पहलवान के मध्य सुरेन्द्र पहलवान विजई हुए, मुन्ना पहलवान बनारस व नवाज अली मलेर कोटरा पंजाब के मध्य नवाज अली विजई हुए, आखिरी कुश्ती प्रदीप शास्त्री हरिद्वार व फकीर बाबा पहलवान के मध्य बहुत जद्दोजहद के बाद बराबरी पर छूटी। दंगल आरंभ से अंत तक जनता की निगाहें इस रोमांचक कुश्ती पर टिकी रहीं। आखिरी दौर में समय पूरा होने पर दंगल रेफरी ने दोनों पहलवानों को बराबरी पर छोड़ दिया। इस दौरान कुश्ती दंगल देखने आई भीड़ ने तालियों की गड़गड़ाहट से पहलवानों का उत्साहवर्धन किया। पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि भारतीय खेलों में दंगल महत्वपूर्ण खेल है। कुश्ती करने से युवा शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहता है, कुश्ती दंगल प्रतियोगिता का आयोजन युवाओं व विद्यार्थियों में खेल के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु आवश्यक हैं। उन्होंने बताया कि मौनी अमावस्या के पर्व पर लगने वाले मेले में हमेशा दंगल का आयोजन होता था, बीच के कोरोना व अन्य कारणों से दंगल का आयोजन नही हो पाया था। लेकिन अब इस परंपरा को जीवित रखने और युवाओं को मंच देने के लिए मैं हर वर्ष यह राम राम दंगल का कार्यक्रम करवाता रहूंगा। दंगल में रेफरी की भूमिका मंगला पहलवान व संचालन की भूमिका हनुमान जायसवाल, केहर सिंह व भारत सिंह ने संयुक्त रूप से निभाई। कार्यक्रम में जिलाधिकारी पंकज अग्रवाल, कन्हैया पासवान, बृज बिहारी मिश्रा, पप्पू श्रीवास्तव, मधुसूदन अग्रहरि, लालजी बाबा, अनिल सिंह, दिलीप उर्फ छोटे पाण्डेय, पप्पू श्रीवास्तव, उपजिलाधिकारी प्रवेन्द्र कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी सुजीत राय, इंस्पेक्टर मुकेश राय, चंदन कुमार आदि ने पहलवानों का हाथ मिलाकर कुश्ती आरंभ करवाया और विजई पहलवानों को पुरस्कार प्रदान कर प्रोत्साहित किया। इस दौरान कार्यक्रम के संयोजक तिलक साहू, चन्द्र प्रकाश चौधरी, धर्मराज वर्मा, डॉ दशरथ चौधरी, शैलेश सिंह, शत्रुहन सोनी, हरीश पाण्डेय, मक्कू शाही, सुगंध अग्रहरि आदि सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहें।

# बाईक सवार को बचाने के चक्कर में कार पेड़ से टकराई एक घायल

**जलालपुर, अम्बेडकर नगर अवधनामा संवाददाता।** सम्मनपुर थाना क्षेत्र के हजपुरा बाजार के पास बाइक सवार को बचाने के चक्कर में कार सवार पिता पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं कार बबूल के पेड़ में टकराने से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने गंभीर रूप से घायल पिता पुत्र को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पिता को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। कटका थाना क्षेत्र के रफीगंज सैदपुर निवासी रंजीत यादव गुरुवार को अपने पिता रिटायर्ड दरोगा पारसनाथ यादव को कार से लेकर अकबरपुर डायलिसिस के लिए जा रहे थे। जलालपुर अकबरपुर मार्ग पर हजपुरा बाजार पार करने के बाद अपराह्न करीब एक बजे निर्माणाधीन पुलिया के पास अकबरपुर की तरफ से आ रहे बाइक सवार को बचाने के चक्कर में कार सड़क किनारे एक बबूल के पेड़ से टकरा गई। दुर्घटना में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई । वहीं पिता पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर भारी भीड़ इकठ्ठा हो गई। इस बीच जिला मुख्यालय जा रहे जलालपुर कोतवाल दर्शन यादव ने घायल पिता पुत्र को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पिता पारसनाथ यादव 65 वर्ष को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं पुत्र रंजीत यादव की हालत नाजुक बनी हुई है, जिनका इलाज चल रहा है। सूचना पर स्वजन भी जिला अस्पताल पहुंच गए। पेड़ में कार की टक्कर इतनी जोरदार थी कि अकबरपुर की तरफ जा रही कार घूम कर जलालपुर की तरफ मुड़ गई। वहीं हादसे में बाइक सवार को खरोच भी नहीं आई है। और वह मौका पाकर भाग निकला।



# स्व. अब्दुर्रब मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन

अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** स्थानीय नगर पंचायत अन्तर्गत ग्राम औसानपुर में चल रहे स्वर्गीय अब्दुर्रब मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता का आज समापन हुआ। फाइनल मैच लखनऊ चश्माघर औसानपुर और निहाल टी स्टाल बसडिलिया के बीच खेला गया। जिसका उदघाटन सुजीत राय पुलिस क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के हाथों से हुआ।



इस मौके पर थाना त्रिलोकपुर प्रभारी चंदन कुमार उपस्थित रहे। फाइनल मैच का टॉस बसडिलिया ने जीता और पहले फील्डिंग करने का फैसला किया। मैच में पहले खेलते हुए लखनऊ चश्माघर औसानपुर की टीम निर्धारित ओवरों में 84 रन ही बना सकी। विपक्षी टीम निहाल टी स्टाल बसडिलिया ने मैच को 1 ओवर पहले 2 विकेट शेष रहते मैच को शानदार तरीके से जीतकर ट्रॉफी और पहला पुरस्कार प्राप्त किया। फाइनल मैच में बेहतरीन खेल प्रदर्शन करने पर मैन आफ द मैच का पुरस्कार विपिन को दिया गया।

जबकि पूरे टूर्नामेंट में बेहतरीन खेल प्रदर्शन के कारण मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार लखनऊ चश्मा घर टीम के ऑल राउंडर खिलाड़ी आशीष को दिया गया। मैच के सहयोगी अब्दुल माजिद, अशरफ अली शान, फरहान, सलमान, अरशद, मेहताब, जाहिद, बेलाल और मोहसिन अली आदि रहे। टूर्नामेंट में चंदन कुमार, थाना प्रभारी त्रिलोकपुर, डॉ. रफीउल्लाह खान साजिदा हॉस्पिटल, फैजान सभासद नगर पंचायत डुमरियागंज, अब्दुल करीम आदि ने मैच में मौजूद रहकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

# बिना नम्बर प्लेट की बाइक से ग्रामीणों में सनसनी

अवधनामा संवाददाता

**जलालपुर अंबेडकरनगर।** बिना नंबर प्लेट की बाइक सड़क के किनारे लावारिस हालत में पाए जाने से ग्रामीणों में सनसनी मच गई। सूचना पर पहुंची पीआरबी व थाने की पुलिस ने बाइक को कब्जे में लेते हुए जांच पड़ताल शुरू कर दिया है। मामला मालीपुर थाना क्षेत्र के जगतूपुर बिल्टई गांव की है।

जानकारी के अनुसार गुरुवार सुबह ग्रामीण जब घर से बाहर निकले तो गांव स्थित प्राइमरी पाठशाला के पीछे सड़क के किनारे एक बिना नंबर की प्लेट हीरो होंडा एचएफ डीलक्स लावारिस पड़ी हुई थी जिसे देख लोगों में हडकंप मच गया। सूचना पर तमाम ग्रामीण इकट्ठा हो गये। ग्रामीणों द्वारा घटना की जानकारी पीआरबी पुलिस व थाना मालीपुर को दी गई। सूचना पर पीआरबी के हेड कांस्टेबल दिग्विजय यादव, कांस्टेबल अखंड प्रताप यादव, होमगार्ड चालक दीपचंद यादव तथा मालीपुर थाने के कांस्टेबल कुलदीप यादव समेत अन्य लोग मौके पर पहुंचे और बाइक को कब्जे में ले लिया तथा जांच पड़ताल शुरू किया बाइक में गाड़ी का पेपर मिल जिस पर गाड़ी मालिक सुनील कुमार निवासी अजमेरी बादशाहपुर टांडा अंबेडकर नगर दिख रहा था। पुलिस बाइक को लेकर मालीपुर थाने चली गई कागज के आधार पर पुलिस मामले की सच्चाई जानने में जुट गई है।

# आवारा कुत्तों के झुंड ने एक बच्ची और एक महिला को काटकर किया घायल

**इटवा सिद्धार्थनगर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के दो गांवों में गुरूवार को आवारा कुत्तों ने एक बच्ची और महिला को काटकर घायल कर दिया। आवारा कुत्तों का मनुष्यों को काटने की बढ़ रही घटनाओं से लोगों ने भय व्याप्त हो गया है। जानकारी के अनुसार सेमरा गांव निवासी रमजान अली की 09 वर्षीय पुत्री अल्फिया घर के अन्य बच्चों के साथ खेत में घास काटने गयी थी। लोटते समय आठ आवारा कुत्तों के झुण्ड ने बच्ची पर हमला कर उसे घायल कर दिया। साथ गए बच्चों के शोर करने पर जब लोग पहुंचे तब कुत्ते भागे। परिजन बच्ची को इलाज हेतु इटवा सीएचसी लाए। जहां इलाज के बाद उसे घर भेज दिया गया। इसी प्रकार ग्राम परसिया निवासी 50 वर्षीय मुन्नी देवी खेत देखने गयी थीं। कुत्तों ने काटकर घायल कर दिया। आवारा कुत्तों द्वारा मनुष्यों को काटने की बढ़ती घटना से लोगों में काफी भय व्याप्त हो गया है। गत बुधवार 07 फरवरी को ग्राम बरगदवा पश्चिम में स्व. आबिल अली की 10 वर्षीय बच्ची तरन्नुम को आवारा कुत्तों के झुण्ड के नोच कर मार डाला था।

## पीस कमेटी का आयोजन

**उरई (जालौन)।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर गोहन थाना परिसर में क्षेत्राधिकारी माधौगढ शैलेंद्र बाजपेई की अध्यक्षता में शान्ति समिति की बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें थाना क्षेत्र से आये लोगों से शान्ति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई। उपस्थित क्षेत्रवासियों से और धर्म गुरूओ से सीओ शैलेंद बाजपेई ने कहा कि किसी भी प्रकार की भड़काऊ पोस्ट न डाले, आपस मे सदभाव बनाए रखे।सदभाव को बिगड़ने न दे। गलत भ्रान्ति फैलाने वालो से बचें व दूर रहें।सोशल मीडिया पर भड़काऊ और गलत पोस्ट नही डालें।और न ही किसी ऐसी पोस्ट को सोशल मीडिया पर शेयर करे जिससे सदभाव बिगड़ने की सम्भावना हो।जो भी आदेश हुए है,सभी न्यायालय ने किए हैं। जो भी हो रहा है वह भी न्यायालय के अनुसार हो रहा है। आपसी सामंजस्य बनाए रखें।

## एचडीएफसी बैंक ने लगाया शिविर



**आलापुर (अंबेडकर नगर) अवधनामा संवाददाता।** एचडीएफसी बैंक जमाकर्ताओं और अपने ग्राहकों को बेहतर सुविधा देने और ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए सरयू नगर बाजार में कैम्प लगाकर आम जनता से सीधे बातचीत किया और बैंक की तरफ से लोन मेले का आयोजन किया गया। मालूम हो एचडीएफसी बैंक के डिप्टी वाइस प्रेसिडेंट पियूष सहाय ब्रांच मैनेजर रामनगर अजीत सिंह एरिया हेड अंबेडकर नगर विक्रांत सिंह तथा एचडीएफसी बैंक के समस्त कर्मचारी सरयू नगर में मौजूद रहे। इस दौरान बैंक के अधिकारियों ने जनता को बेहतर सुविधा देने का भरोसा दिया और किसानों को ऋण आसानी से उपलब्ध हो इसकी जानकारी दी। इस मौके पर विनोद कुमार विश्वकर्मा, प्रधान अभिमन्यु निषाद, कृपा शंकर सिंह। सहित सैकड़ों गणमान्य लोग उपस्थित रहे । बैंक कर्मचारियों ने एचडीएफसी बैंक की समस्त सेवाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी मौके पर भारी भीड़ उपस्थित रही।

## सार्वजनिक रास्ते से नहीं हटा अभी तक अवैध अतिक्रमण

**आलापुर (अंबेडकर नगर) अवधनामा संवाददाता।** विकास खण्ड जहांगीरगंज अंतर्गत ग्राम पंचायत शंकरपुर बर्जी में सार्वजनिक रास्ते पर हुए अवैध अतिक्रमण की शिकायत सत्य पाए जाने पर भी अभी तक न तो अवैध अतिक्रमण हटवाया गया और न ही अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कोई कार्यवाही की गई। मालूम हो ग्राम पंचायत शंकरपुर बर्जी के ग्रामीणों ने तहसील दिवस में एक शिकायती पत्र 2/12/23 को दिया था कि उनके गांव में सार्वजनिक रास्ते जिस पर खड़ंजा लगा हुआ है लेकिन गांव के ही रामअवध, सिताबी देवी और धर्मा देवी द्वारा खड़ंजे पर शौचालय टैंक व मिट्टी गिराकर रास्ते को अवरुद्ध कर दिया है जिससे ग्रामीणों को आने जाने में काफी परेशानी उठानी पड़ रही है और जनहित में तत्काल अवैध कब्जा हटवाने की मांग की थी। खण्ड विकास अधिकारी जहांगीरगंज अनिल कुमार कुशवाहा की जांच पत्रांक 1784 दिनांक 19/12/23 मे शिकायत सत्य पाई गई जिसपर कार्यवाही के लिए खण्ड विकास अधिकारी ने थानाध्यक्ष राजेसुल्तानपुर, एवं सहायक विकास अधिकारी पंचायत व उपजिलाधिकारी आलापुर को सूचित किया परन्तु दो माह बाद भी अभी तक न तो अवैध अतिक्रमण हटवाया गया और न ही अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ कोई कार्यवाही की गई जिससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है।



## भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया जनसम्पर्क

**जलालपुर अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** लोकसभा चुनाव के लिए चुनावी मोड में आई भाजपा अब मतदाताओं से सघन जनसंपर्क के रास्ते पर चल पड़ी है। इसी क्रम में गांव चलो बूथ चलो अभियान के तहत जलालपुर नगर के विभिन्न बूथों पर प्रवासियों, पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में भाजपा नगर अध्यक्ष देवेश मिश्र के नेतृत्व एंव विकाश निषाद के संयोजन में अभियान का शुभारंभ किया गया। बूथ संख्या 216 पर पूर्व विधायक सुभाष राय, आशीष सोनी, आनंद जायसवाल आदि, बूथ संख्या 62 पर वरिष्ठ भाजपा नेता अंशुमान सिंह, महेंद्र प्रताप चौहान, अमित गुप्त आदि ने बूथ संख्या 229 पर जिला महामंत्री अल्पसंख्यक मोर्चा इकबाल हैदर, अली मेहंदी आदि समेत अन्य पदाधिकारियों ने बूथों पर प्रवास किया।

# सुचिता, पारदर्शिता व निष्पक्षता से साथ संपन्न कराएं बोर्ड की परीक्षाएं : डीएम

## परीक्षा के दौरान छोटी सी गड़बड़ी हुई तो आरओ-एआरओ की होगी जवाबदेही

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** समीक्षा अधिकारी (आर.ओ.) व सहायक समीक्षा अधिकारी (ए.आर.ओ.) की परीक्षा को कुशलतापूर्वक संपन्न कराने को लेकर गुरुवार की शाम जिलाधिकारी उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में विकास

**यूपी बोर्ड परीक्षा को लेकर आरओ-एआरओ की डीएम ने ली बैठक**

भवन सभागार में बैठक संपन्न हुई।



विकास भवन सभागार में आरओ एआरओ की बैठक लेते डीएम

उन्होंने सभी स्टेटिक एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक, केंद्र पर्यवेक्षक व सहायक केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिया कि परीक्षा की जो नियम-शर्तें आयोग ने निर्धारित की हैं, उनके अनुरूप ही परीक्षा संपन्न होगी। सचेत किया कि किसी शिक्षक, चपरासी या अन्य कोई भी परीक्षा केंद्र का स्टाफ मोबाइल नही रखेगा। सभी परीक्षा केंद्र कंट्रोल रूम, गैलरी, और कक्ष सीसीटीवी कैमरे से युक्त होने चाहिए। अगर कहीं नहीं कैमरे लगे तो शीघ्र लगवा लें। परीक्षा दो सत्रों में पूर्वाह्न 9.30 से 11.30 बजे तक तथा अपराह्न 2.30 से 3.30 तक निर्धारित की गई है। 10 मिनट पूर्व सभी परीक्षा केंद्रों के गेट बंद कर दिए जाएंगे। इसलिए सभी परीक्षार्थियों से अनुरोध से समय के अंतर्गत अपने निर्धारित स्थान ग्रहण कर लें। समय सीमा के उपरांत किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश की अनुमति नहीं मिलेगी। पेपर बाटने से लेकर ओ.एम.आर. प्राप्ति तक समस्त कार्य आयोग के निर्देश के अनुसार हो। किसी भी स्तर पर छोटी से छोटी गलती भी अक्षम्य होगी। किसी भी प्रकार की गड़बड़ी संज्ञान में आई तो व्यक्तिगत रूप से जवाबदेही तय करते हुए संबंधित जिम्मेदार पर बड़ी कार्रवाई होगी। अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा ने परीक्षा प्रारंभ होने से लेकर और समाप्ति तक के सभी बिंदुओं के बारे में बैठक में शामिल सभी को अवगत कराया। बताया कि जनपद में 20 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापक, सेक्टर मजिस्ट्रेट आदि द्वारा सम्पादित कराए जाने वाले क्रियाकलापों/कार्यों से अवगत कराया। बैठक में शामिल यूपी लोक सेवा आयोग के समन्वयक एवं पर्यवेक्षक ने भी परीक्षा संबंधी जानकारी दी।

### बहुत ही संवेदनशील व महत्वपूर्ण है परीक्षा

विकास भवन सभागार में समीक्षा अधिकारी और सहायक समीक्षा अधिकारी परीक्षा को लेकर जिलाधिकारी ने कहा कि आरओ एआरओ की परीक्षा पूर्णतः सुचिता, पारदर्शिता, निष्पक्षता पूर्ण रूप से कराना है। यह बहुत ही संवेदनशील व महत्वपूर्ण कार्य है। इस लिए सभी स्टेटिक एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक, केंद्र पर्यवेक्षक व केन्द्र सहायक पहले ही यह देख लें कि किसी भी केंद्र पर कोई कमी न रह जाए। कमरों में सीसीटीवी कैमरा, डिस्प्ले बोर्ड, रिकार्डिंग, शौचालय, बाउंड्री व प्रकाश एवं विद्युत की उचित व्यवस्था पूरी तरह सही हो और आयोग द्वारा निर्धारित दिशा निर्देशों के अनुरूप हो। सभी केंद्र व्यवस्थापक और शिक्षकों की ट्रेनिंग समय से जिला विद्यालय निरीक्षक करा ले। परीक्षार्थियों की सीटिंग व्यवस्था और बाहर बैठने की व्यवस्था भी देख लेंगे। तथा आसपास अन्यास भीड़ भाड़ न हों। कोई भी अवांक्षित व्यक्ति परीक्षा केंद्रों पर उपस्थित नहीं रहेगा। परीक्षार्थियों से गलत व्यवहार कदापि न करें। इसके अलावा स्टेटिक मजिस्ट्रेट भी इन निर्देशों का अनुपालन अपने स्तर से भी सुनिश्चित कराएंगे। अन्त में जिलाधिकारी ने कहा कि जिनको जो जिम्मेदारी दी गई है वे ईमानदारी व जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करना सुनिश्चित करें।

# 100 से अधिक कौशल प्रशिक्षित युवाओं को प्रमाण-पत्र मिले

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सहारा इंडिया परिवार के तत्वावधान में सहारा वेलफेयर फाउंडेशन ने आज सहारा वेलफेयर फाउंडेशन केंद्र, बख्शी का तालाब में कौशल प्रशिक्षित युवाओं हेतु एक वर्कशाप व प्रमाण-पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया।



यह कार्यक्रम दत्तोपंत ठेंगड़ी नेशनल बोर्ड फॉर वर्कर्स एजुकेशन एंड डेवलपमेंट जो कि भारत सरकार के श्रम व रोजगार मंत्रालय के अंतर्गत एक स्वायत्त संस्थान है, तथा जन शिक्षण संस्थान जो कि भारत सरकार के कौशल विकास व उद्यमशीलता मंत्रालय के अंतर्गत है, के साथ मिलकर आयोजित किया गया। स्थानीय 100 से अधिक युवाओं ने इस वर्कशॉप में भाग लिया तथा प्रमाण-पत्र प्राप्त किए। इन युवाओं के बैंक खाते में 250-250 रूपये भी जमा किये गये। छ्वस्स् के मार्गदर्शन में सहारा वेलफेयर फाउंडेशन, बख्शी का तालाब ब्लॉक व उसके आस-पास रहने वाले बेरोज़गार ग्रामीण युवाओं और महिलाओं को कौशल प्रशिक्षण दिलवाने में सक्रिय भूमिका निभाता रहा है।

ये प्रशिक्षण विभिन्न विधाओं जैसे कि सिलाई, कढ़ाई, कंप्यूटर दक्षता, मेहंदी कला, कागज के लिफाफे व क्राफ्ट बनाने, अगरबत्ती बनाने, सिलाई मशीन आपरेटर, हाथ की कढ़ाई सहायक, ड्रेस मेकर सहायक, ब्यूटी केयर सहायक, फल व सब्ज़ी प्रोसेसिंग और प्रीज़र्वेशन सहायक इत्यादि में दिया जाता रहा है। विगत आठ वर्षों से वंचित व शोषित वर्गों के युवाओं व महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के मूल उद्देश्य से कौशल विकास उपलब्ध करवाने हेतु सहारा वेलफेयर फाउंडेशन सक्रिय है। इस अवसर पर सहारा वेलफेयर फाउंडेशन की प्रमुख व सहारा इंडिया परिवार की एक्ज़ीक्यूटिव डायरेक्टर श्रीमती कुमकुम राय चौधरी ने मुख्य अतिथि के रूप में बेरोज़गार युवाओं को आय सृजन व महिला सशक्तीकरण हेतु बख्शी का तालाब केंद्र द्वारा किए जा रहे शानदार कार्यो का विवरण दिया। दत्तोपंत ठेंगड़ी नेशनल बोर्ड फॉर वर्कर्स एजुकेशन एंड डेवलपमेंट बोर्ड के रीजनल डायरेक्टर श्री सी.पी. सिंह ने बेरोज़गार युवा प्रतिभागियों व आकांक्षियों को विभिन्न रोज़गार योजनाओं व इनका लाभ उठाने के मार्ग बताए। लेबर कमिश्नर श्री के. शेखर ने रोजगार योजनाओं के विभिन्न आयामों के विषय में बताया। जन शिक्षण संस्थान, लखनऊ के निदेशक श्री अनिल कुमार श्रीवास्तव ने उनके संस्थान के सहयोग से बख्शी का तालाब केंद्र में चलाई जा रही विभिन्न कौशल विकास गतिविधियों के विषय में बताया। इनमें हाथ की कढ़ाई सहायक, ड्रेसमेकर सहायक, ब्यूटीकेयर सहायक, फल व सब्ज़ी प्रोसेसिंग और प्रीज़र्वेशन सहायक आदि शामिल है। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता की छवि के समक्ष दीप जलाकर व पुष्पांजलि कर हुई। कार्यक्रम में रूदाही हायर सेकेंड्री स्कूल के हेड-मास्टर श्री बी.एन. चक्रवर्ती भी उपस्थित थे। सहारा वेलफेयर फाउंडेशन के श्री गौरव शुक्ला द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# त्योहारों परीक्षाओं व निर्वाचन के दृष्टिगत जिले में धारा-144 दण्ड प्रक्रिया संहिता लागू

अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** अपर जिला मजिस्ट्रेट वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता ने बताया कि 05 फरवरी से 31 मार्च 2024 तक पड़ने वाले त्यौहार 24 फरवरी को माघ पूर्णिमा 08 मार्च को महाशिवरात्रि 24 व 25 मार्च को होलिका दहन व होली 29 मार्च को गुड फ्राइडे 11 फरवरी को आयोजित समीक्षा अधिकारी सहायक समीक्षा अधिकारी बोर्ड परीक्षा आदि पर्वो त्योहारों एवं परीक्षाओं तथा निर्वाचन के दृष्टिगत जनपद के सम्पूर्ण सीमा क्षेत्र में कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने तथा जनसामान्य के जीवन की सुरक्षा हेतु जनहित में द0प्र0सं0-1973 की धारा-144 का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करते हुए यह निषेधाज्ञा 31 मार्च 2024 तक सम्पूर्ण जनपद में प्रभावी रहेगी। जिसका उल्लंघन आपदा प्रबन्धन अधिनियम 2005 की धारा-51 से 60 तथा भा0द0वि0 की धारा-188 के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध होगा। उन्होंने बताया कि आगामी पर्व त्यौहारों के दौरान अत्यधिक सतर्कता बरती जाय तथा किसी प्रकार के जूलुस इत्यादि प्रशासन से अनुमति प्राप्त करने के पश्चात ही आयोजित किये जायेंगे एवं सार्वजनिक स्थान पर 5 से अधिक व्यक्ति एक साथ एकत्रित नहीं होगें किसी प्रकार से धार्मिक उत्तेजना फैलाना ऐसा भाषण देना सामग्री वितरण आदि व जूलुस सामाजिक विद्वेश पूर्ण कार्य व्यवहार आचरण एवं व्यक्तियों के बीच वैमनस्य व भ्रम फैलाना धार्मिक जातीय वर्गीय विभाजन सम्बन्धी कोई भी कथन व कृत्य पूर्णतया प्रतिबंधित रहेगा तथा किसी भी व्यक्ति या समूह द्वारा मार्ग व विद्युत लाइन की गतिशीलता का अवरोध और न ही इसके लिए किसी को दुष्प्रेरित करेगा साथ ही किसी विद्युत उपकेन्द्रों कार्यालय व विद्युत संयंत्रों को क्षति नही पहुँचायेगा एवं कार्यस्थलों पर गैर आवश्यक आगंतुकों को प्रतिबंधित किया जाये व्यक्ति या समूह राजनैतिक संगठन एवं उसके सदस्य कार्यकर्ता तथा कोई भी संस्था के सदस्य द्वारा धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुँचाने तथा अफवाहों का प्रचार निषिद्ध रहेगा।

## मोदी के आत्मविश्वास से विपक्ष में बेचैनी

प्रधानमंत्री मोदी ने गत 5 फरवरी को लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद भाषण देते हुए कहा कि हमारा तीसरा कार्यकाल 1,000 सालों की नींव रखने का काम करेगा और उसमें बहुत बड़े फ़ैसले होंगे। बीती 2 फरवरी को 'इंडिया मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो' के उद्घाटन के अवसर पर पीएम मोदी ने तीसरे कार्यकाल की योजनाओं के बारे में बताया। जैसे ही पीएम मोदी ने तीसरे कार्यकाल की बात की तो लोग लगातार तालियां बजाने लगे। इसके बाद पीएम मोदी ने मुस्कुराते हुए कहा कि समझदार को इशारा ही काफी होता है।

26 जुलाई 2023 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली के प्रगति मैदान में नए इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर भारत मंडपम के उदघाटन के अवसर पर अपने भाषण में कहा कि, मेरे तीसरे कार्यकाल में भारत दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में से एक होगा, ये मोदी की गारंटी है। पीएम मोदी के चेहरे और भाषणों में झलकता आत्मविश्वास विपक्ष की बेचौनी का बड़ा कारण है।

बीते साल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर ऐलान किया कि अगले साल वे फिर लाल किले की ऐतिहासिक प्राचीर से देश को संबोधित करेंगे और अपनी उपलब्धियों का ब्योरा पेश करेंगे। लेकिन यह अहंकार नहीं है। यह बिल्कुल वैसी ही बात है, जैसी बात विपक्षी पार्टियां कर रही हैं। वास्तव में यह अहंकार का नहीं, बल्कि दोनों तरफ आत्मविश्वास का मामला है। एक तरफ विपक्ष इस आत्मविश्वास से भरा है कि अगले लोकसभा चुनाव में उसकी जीत होगी तो दूसरी ओर नरेंद्र मोदी इस भरोसे में हैं कि वे तीसरी और ऐतिहासिक जीत हासिल कर पंडित नेहरू का रिकॉर्ड तोड़ेंगे।

केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषणों में ही नहीं, बल्कि उनकी सरकार के दूसरे कार्यकाल के आखिरी वर्ष में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से पेश अंतरिम बजट से न केवल सरकार का आत्मविश्वास झलकता है कि वह अपने कार्यों के बल पर ही तीसरी बार सत्ता में वापसी करेगी, बल्कि देश को विकसित राष्ट्र बनाने के उसके संकल्प का परिचय भी मिलता है। यह एक ऐसा अंतरिम बजट है, जिसमें सरकार ने चुनाव जीतने के लिए मतदाताओं को रिझाने के लिए कोई लोकलुभावन घोषणा नहीं की। ध्यान रहे 2019 के अंतरिम बजट में कई लोकलुभावन घोषणाएं की गई थीं। इस बार ऐसा कुछ नहीं किया गया। इसका मतलब है कि सरकार मानकर चल रही है कि जनता को उस पर भरोसा है कि वह देशहित में सही दिशा में काम कर रही है। विकास की राजनीति का यह एक नया उदाहरण है। जब सामने लगातार तीसरी पारी की लड़ाई का मैदान सज रहा हो और यह अपेक्षा हो कि लोकलुभावन घोषणाओं का तड़का लगेगा, तब नरेन्द्र मोदी सरकार की ओर से सामाजिक न्याय व समानता के अवसर पैदा करते हुए भविष्य के विकसित भारत का संकल्प दोहराना यह स्पष्ट करता है कि केंद्र में वापसी का विश्वास लबालब है।

# मोदी के आत्मविश्वास से भरा आमचुनाव का गणित

लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर हुई चर्चा के समय विपक्ष की ओर से उठाए गए सवालों का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आत्मविश्वास एवं कर्मठता से भरकर कहा कि मैं ऐसे आँकड़ों में नहीं पड़ता लेकिन मैं देख रहा हूं कि देश का मिजाज भारतीय जनता पार्टी को 370 और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को 400 से ज्यादा सीटें पार करवाकर रहेगा। भाजपा इस बार चुनावों में 400 पार का नारा दे रही है। 2019 चुनावों में भाजपा ने 303 सीटें जीती थीं। निश्चित ही इतने बड़े आंकडे की घोषणा करने के पीछे नरेन्द्र मोदी की सकारात्मक सोच, विकास की राजनीति एवं राष्ट्र-विकास का संकल्प है, वहीं विपक्ष एवं कांग्रेस की नकारात्मक सोच, विरोध के लिए विरोध और विभाजनकारी रवैया उसके लगातार कमजोर होने के कारण हैं। प्रधानमंत्री ने सीटों का जो आकलन किया है, वह सिर्फ इस बात का संकेत है कि भाजपा अपने तीसरे कार्यकाल को लेकर पूरी तरह आश्वस्त है। उन्होंने उन अटकलों पर भी विराम लगा दिया, जिनमें कहा जा रहा है कि इंडिया गठबंधन के रूप एकजुट हुआ विपक्ष उनको चुनौती देगा, क्योंकि विपक्षी एकजुटता बिखर चुकी है।


ललित गर्ग

मोदी ने संसद के भीतर जब अपने चुनावी लक्ष्य की बात कही तो इसने भाजपा कार्यकर्ताओं को ऊर्जा से भर दिया, वहीं विपक्ष के सामने आत्मचिन्तन का अवसर प्रदत्त किया। कांग्रेस को 10 साल के दौरान अच्छा विपक्ष बनने का मौका मिला लेकिन इसमें वह पूरी तरह विफल रही। स्वयं तो विफल रही ही, बल्कि विपक्ष में भी कुछ होनहार लोगों को उभरने नहीं दिया। कांग्रेस की नकारात्मक एवं संकीर्ण राष्ट्र-विरोधी राजनीति को देश की जनता महसूस करने लगी है। कांग्रेस किस तरह नकारात्मक राजनीति का शिकार है यह लोकसभा में ही तब देखने को मिला जब सदन में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चैधरी ने बालाकोट में की गई एयर स्ट्राइक पर सवाल खड़े किए। ध्यान रहे ऐसे ही सवाल पाकिस्तान खड़े करता रहा है। आखिर उन्हें पाकिस्तान के स्वरों में स्वर मिलाने एवं उसको रास आने वाला बयान देने की जरूरत क्यों पड़ गई? ऐसा पहली बार नहीं हुआ है, वह बार-बार कभी पाकिस्तान तो कभी चीन की तरफदारी करती रही है। मोदी विरोध के नाम पर वह राष्ट्र-विरोध पर उतरती रही है।

प्रधानमंत्री मोदी के इस विश्वास एवं दृढ़ता की अनेक वजहें है। एक बड़ी वजह हाल ही में साल 2023 के विधानसभा चुनावों में भाजपा की शानदार जीत दर्ज करना भी है। विशेषकर मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ का परिणाम तो कल्पना से भी बाहर था। दूसरी वजह, रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा ने लोगों में एक नए जोश का संचार किया है। अंतरिम बजट में ही जिस तरह से आने वाले कुछ महीनों को लेकर नीतियों का एलान किया गया है, वह संकेत है कि भाजपा अपनी जीत को लेकर काफी आश्वस्त है। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में मोदी के नेतृत्व में ऐतिहासिक एवं चमत्कारी जीत की संभावनाओं की और भी वजहें हैं, जिनमें प्रधानमंत्री के कार्यकाल की सुखद एवं उपलब्धिभरी प्रतिध्वनियां हैं, जैसे



चांद एवं सूर्य पर विजय पताका फहरा देने के बाद धरती को स्वर्ग बनाने की मुहीम चल रही है, राष्ट्रीय जीवन में विकास की नयी गाथाएं लिखते हुए भारत को दुनिया की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनाने की ओर अग्रसर करना है। भारत अब विश्व-गुरु भी बनने की ओर गतिशील है। गत वर्ष 9 एवं 10 सितम्बर को जी-20 देशों का महासम्मेलन भारत में सफलतापूर्वक सम्पन्न होना भी भारत की विश्व स्तर पर मजबूत होने की स्थिति को दर्शा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में इस जिम्मेदारी को संभालने का अर्थ था भारत को सशक्त करने के साथ-साथ दुनिया को एक नया चिन्तन, नया आर्थिक धरातल, शांति एवं सह-जीवन की संभावनाओं को बल देना। नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा घोषित नई शिक्षा नीति की उपयोगिता एवं प्रासंगिकता धीरे-धीरे सामने आने लगी है एवं उसके उद्देश्यों की परते खुलने लगी है। भाजपा इसलिए भी आशान्वित है, क्योंकि जिस विपक्षी एकता की बात 2023 के मध्य से चल रही थी, उसमें दरारे पड़ती ही जा रही है। तमाम विपक्षी पार्टियां अपने-अपने ढंग से चुनाव लड़ने को तैयार हैं और कांग्रेस से उनकी खींचतान चल रही है। फिर, जहां-जहां भारतीय जनता पार्टी के लिए मुश्किलें खड़ी हो सकती थीं, वहां पार्टी ने अपने अनवरत प्रयासों से खुद को मजबूत बना लिया है, फिर चाहे वह महाराष्ट्र हो या बिहार।

कांग्रेस एवं विपक्षी दलों के पास भाजपा एवं मोदी विरोध का कोई सशक्त धरातल एवं मुद्दें नहीं है। वैसे तो हर एक का जीवन अनेकों विरोधाभासों एवं विसंगतियों से भरा रहता है। लेकिन कांग्रेस का हर दिन कई विरोधाभासों के बीच बीत रहा है। कांग्रेस की उल्टी गिनतियां चल रही हैं। उसकी उल्टी गिनती तो लम्बी चलेगी। पर जनता के दिमाग में एक बात गहरे तक बैठी हुई है कि मोदी के नेतृत्व में सब कुछ बदल जाएगा, भारत सशक्त हो जायेगा, सब कुछ अच्छा हो जाएगा एवं सब कुछ श्रेष्ठ हो जाएगा। इसके विपरीत कांग्रेस की जनता पर पकड़ ढ़िली पड़ती जा रही है, उसके बयानों में कोई बुनियादी मुद्दें नहीं होते, बार-बार बेरोजगारी की चर्चा सुनने को मिलती है, जबकि 2014 से पहले इंफ्रास्ट्रक्चर का बजट केवल 12 लाख करोड़ के आसपास था। बीते 10 सालों में बजट बढ़कर 44 लाख करोड़ हो गया है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि देश में कितनी नौकरियां पैदा हुई होंगी। आज युवाओं के लिए जितने नए अवसर बने हैं, ये पहले कभी नहीं बने। आज चारों तरफ स्टार्टअप्स की गूंज है, यूनिकॉर्न्स चर्चा में है। 2014 के पहले डिजिटल इकोनॉमी का साइज ना के बराबर था। आज भारत, दुनिया की अग्रणी डिजिटल इकोनॉमी है। लाखों युवा इससे जुड़े हैं और उनके सपनों को पंख लगे हैं। इसी तरह महिलाओं को सम्मानजनक जिन्दगी देने एवं उनके विकास को अग्रसर करने में मोदी सरकार ने व्यापक प्रयत्न किये हैं। एक संकल्प लाखों संकल्पों का उजाला बांट सकता है यदि दृढ़-संकल्प लेने का साहसिक प्रयत्न कोई शुरु करे। निश्चित ही अंधेरों, अवरोधों एवं अक्षमताओं से संघर्ष करने की एक सार्थक मुहिम प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2014 में शुरू हुई थी और उनका तीसरा कार्यकाल इन दृष्टियों से ऐतिहासिक होगा, यह आम जनता में पनप रहा विश्वास है।

मोदी ने अपने अब तक के कार्यकाल में जता दिया है कि राजनीतिक इच्छाशक्ति वाली सरकार अपने फैसलों से कैसे देश की दशा-दिशा बदल सकती है। कैसे राष्ट्र की सीमाओं को सुरक्षित रखते हुए पडौसी देशों को चेता सकती है, कैसे स्व-संस्कृति एवं मूल्यों को बल दिया जा सकता है। काशी हो या अयोध्या या ऐसे ही धार्मिक एवं सांस्कृतिक क्रांति के परिदृश्य- ये अजूबे एवं चैंकाने वाले लगते हैं। अयोध्या से नरेन्द्र मोदी ने जो संदेश दिया है, उसे केवल चुनावी नफा-नुकसान के नजरिये से नहीं देखना चाहिए, बल्कि एक सशक्त होते राष्ट्र के नजरिये से देखा जाना चाहिए। उनका यह कहना खास मायने रखता है कि सदियों की गुलामी के चलते भारत को जिस हीनभावना से भर दिया गया था, आज का भारत उससे बाहर निकल रहा है। यह स्थिति आगामी लोकसभा चुनाव की जमीन बनेगी। स्पष्ट है, आम चुनाव में अब बहुत दिन शेष नहीं है, और दोनों मोर्चों की बिसात कमोबेश बिछ चुकी है। हालांकि, एक तरफ भाजपा जैसा सुगठित दल हैं, जिसके पास मोदी जैसा एक मजबूत नेतृत्व और स्पष्ट नजरिया है। जबकि उसे चुनौती देने वाले मोर्चे में फिलहाल काफी उथल-पुथल है। ऐसे में, यदि विरोधी खेमा नहीं चेता, तो प्रधानमंत्री ने जिन आंकड़ों के साथ जीत का दावा किया, वह यदि सच हो जाए, तो आश्चर्य नहीं होगा।

## संतुलित भोजन निश्चित करने में कैलोरी का महत्त्व क्योंकि कैलोरी ही,तो मोटापा नहीं


गौरव

आज से 300 साल पहले अमेरिका के संस्थापक बेंजामिन फ़्रेंकलिन ने कहा था की मेंने जीतने लोगों को भूख से मरते देखा है उससे ज्यादा मैने लोगों को ज्यादा भोजन करने से मरते देखा है। आज भी मोटापा लोगों के लिए दुनिया की सबसे बड़ी परेशानी मानी जाती है। लोगों के बड़ते मोटापे की एक वजह यह भी है कि लोगों की थाली का आकार निरंतर बडता जा रहा है लेकिन लोगों को यह नहीं पता की लोगों को खुद को स्वस्थ रखने के लिए कैसे,कितना और क्या खाना चाहिए।



भारत में स्वस्थ खाने का पैमाना तय करने वाली संस्था राष्ट्रीय पोषण संस्थान ने एक रिपोर्ट जारी की है जिसका विषय है "WHAT INDIA EATS" अर्थात भारत क्या खाता है पर यह जानने से पहले से पहले हम ये जानते की आपकी थाली में क्या होना चाहिए और क्या नहीं होना चाहिए। इस रिपोर्ट के अनुसार एक व्यक्ति को 150ग्राम फल, 90ग्राम दाल/अंडा/मांसाहार, 20ग्राम ड्राइ फ्रूट, 27ग्राम तेल/घी, 270ग्राम अनाज, 350ग्राम हरी सब्जी, 300मी.ली. दूध या दही इतना भोजन आपको लेना चाहिए अगर आपको स्वस्थ रहना है न इससे कम न इससे ज्यादा।

अब आप यह ध्यान ध्यान दें कि एक व्यक्ति को 2000 कैलोरी लेना चाहिए न इससे कम न इससे ज्यादा। भारत के शहर में लोग 1981 कैलोरी तो गाँव 1986 कैलोरी लेते है। भारत के गाँव और शहर में गेहूँ, बाजरा, जौ अनाज 65 प्रतिशत लेते है और शहर में 51 प्रतिशत लेते है। गाँव में तेल और घी तेल का उपयोग 7 प्रतिशत है जबकि शहर में 13 प्रतिशत है जोकि करिबन दुगना है।इसमें सबसे ज्यादा फैट का उपयोग है जिसे हम फास्ट फूड कहते है।

श्याद इसको पढने के बाद आप सोच रहें होंगे के क्या खाना चाहिए तो आपके भोजन के बारें हम में आपको बताते है।एक रोटी में 80 कैलोरी होती है वहीं एक पराठें में 150 कैलोरी होती हैं।250 ग्राम चावल में 170 कैलोरी, 250ग्राम सब्जी में 170 कैलोरी 100 दाल में 100 कैलोरी 1 अंडे में 90 कैलोरी तो वहीं 250 ग्राम कॉर्न फ्लाकेस 220 कैलोरी, 2 इडली में 150 कैलोरी तो वही 1 समोसे में 200 कैलोरी इसलिए अगर आपने 1 समोसे खाया तो इतना 200 कैलोरी आपके शरीर में प्रवेश करेगा तो 2 से सोचिए क्या होगा।इसके साथ 1 चाय में 75 कैलोरी है तो सोचिए लोग एक दिन में कितनी चाय पीते है।

आमतौर पर कहा जाता है कि दाल रोटी खाओ प्राभू के गुण गाओ भारत का खाना इसी कहावत से कहा जाता है लेकिन भारत में खाने की थाली तो भरी होती है पर पोष्टिक नहीं होती है। भारत में पोषण तत्व से कमी होती है जिस कारण इस थाली का नतीजा यह है कि लोगो में मोटापा होता जा रहा है।

हमने आपको यह तो बता दिया की क्या खाना चाहिए लेकिन कब खाना चाहिए यह भी आप नोट कर लीजिए नासते में आपको 800 कैलोरी, दोपहर में 600 कैलोरी, स्नैक्स में 200 कैलोरी एवं रात में 400 कैलोरी लेना चाहिए।अर्युवेद के अनुसार प्रकर्ति और रोशनी का हमारे खाने का गहरा सभंद है।सोने के 2 घंटे पहले आपको खाना खा लेना चाहिए।यह अच्छे शरीर और अच्छे नींद दोनों के लिए लाभदायक है।अगर आप ऐसा नहीं करते हैं तो आज की रात से ऐसा करें तो हमें निश्चित यह विश्वास है की आपको सकारत्मक फल मिलेंगे और 10 दिन में आपके शरीर में अच्छे परिवर्तन आयगें।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़्वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

# अब सशक्त हो रही हैं ग्रामीण किशोरियां

कुछ साल पहले तक उत्तराखंड के जिन गांवों की किशोरियां 8वीं या बहुत ज्यादा 10वीं तक ही पढ़ा करती थी. जिन्हें लगता था कि वह पढ़ाई करके भी क्या कर सकती हैं? आज उसी गांव की लड़कियां न केवल 10वीं से आगे कॉलेज की पढ़ाई कर रही हैं बल्कि हर क्षेत्र में सशक्त हो रही हैं. सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के साथ साथ गैर सरकारी संस्थाओं द्वारा जागरूकता पर किये जा रहे प्रयासों से अब परिस्थिति बदल चुकी है। अब किशोरियां न केवल पढ़ रही हैं बल्कि अपने अधिकारों के प्रति जागरूक भी हो रही हैं।


हेमा रावल

इस संबंध में बागेश्वर जिला के गरुड़ ब्लॉक स्थित सैलानी गांव की एक 19 वर्षीय किशोरी जानकी दोसाद कहती है कि पहले जब मैं पढ़ाई करती थी तो मुझे ज्यादा चीजों की जानकारी नहीं हुआ करती थी। लेकिन जब मैं किशोरियों के सशक्तिकरण पर काम करने वाली संस्था चरखा से जुड़ी और मैंने उनका वर्कशॉप अटेंड किया तो मुझे बहुत सी चीजों के बारे में पता चला। मैंने किशोरियों के अधिकार और सशक्तिकरण को समझा। जिससे मुझे आगे बढ़ने का एक रास्ता मिला। आज मैं कॉलेज कर रही हूं। अब मैं, जब लोगों के बीच में जाकर बात करती हूं तो मुझे हिचकिचाहट नहीं होती है। मैं खुद को और दूसरी लड़कियों को भी सशक्त बनाना चाहती हूं।

इसी गांव की एक किशोरी रेणु कहती है कि शहर के साथ-साथ गांव की किशोरियां भी आगे बढ़ रही हैं। वह सशक्त हो रही हैं क्योंकि गांव में अच्छे विद्यालय बन गए हैं, जहां टीचर की सुविधा उपलब्ध है। गांव के लोग भी जागरूक हो रहे हैं और अब वह लड़कियों को पढ़ाते हैं। रेणु की बातों को आगे बढ़ाते हुए 16 वर्षीय हिमानी कहती है कि जीवन में बहुत सी ऐसी बातें हैं जो मैंने स्कूल नहीं बल्कि चरखा संस्था से जुड़ने के बाद सीखा है। पहले मुझे किसी के सामने बोलने से भी डर लगता था। लेकिन जब मैं चरखा संस्था की वर्कशॉप में आई तो मैंने अपने जीवन में बहुत बदलाव महसूस किया है।

वहीं रौलियाना गांव की किशोरी पूजा गोस्वामी कहती है कि पहले मैं लोगों के सामने बोलने से भी बहुत घबराती थी। स्कूल की प्रतियोगिता में भाग लेती थी पर मुझे शर्म आती थी। लेकिन जब से चरखा से जुड़ी हूं, तब से मेरा आत्मविश्वास बहुत बढ़ गया है। अब मैं स्कूल में सभी प्रकार की प्रतियोगिता में भाग लेती हूं। मैं 2023 में विज्ञान कांग्रेस प्रतियोगिता में राज्य स्तर तक पहुंची, जिससे मेरे स्कूल का नाम ऊंचा हुआ है। मेरे गांव की महिलाओं को भी इससे बहुत कुछ सीखने को मिला है। मेरा विषय 'ग्रामीण महिलाओं के लिए डिजिटल स्वास्थ्य सेवा का महत्व' था। जिसमें मैंने पूरे आत्मविश्वास के साथ अपने गांव की महिलाओं की स्वास्थ्य की दशा को सबके सामने रखा था।



वहीं लमचूला गांव की कविता आर्य कहती है कि आज से तीन साल पहले लड़कियों के प्रति उनकी मम्मी की सोच अलग थी। परंतु आज उनकी सोच में बहुत बदलाव आया है। पहले मुझे वो घर से बाहर नहीं जाने देती थी। जब पीरियड्स होते थे तो मुझ घर से अलग रखा जाता था। जब मैं बाहर जाने लगी और सब काम करने लगी तो उन्हें अच्छा लगा। अब वो मुझे पीरियड्स के दौरान घर से दूर भी नही रखती है और कहीं जाने से भी नहीं रोकती हैं। कक्षा 11 में पढ़ने वाली कुमारी मनीषा कहती है कि जब से मैंने अपना होश संभाला मुझे खेलने और पेंटिंग का बहुत शौक था। इसमें मेरे परिवार के लोगों ने भी मुझे काफी सपोर्ट किया। हालांकि शुरू शुरू में मुझे घर से बाहर अकेले जाने में बहुत डर लगता था। बाहरी लोगों से बात करने में बहुत झिझक होती थी। लेकिन अब मैं लोगों से पूरे आत्मविश्वास के साथ बात करती हूं। अपनी बात कहना जानती हूं।


गनीगांव की एक 36 वर्षीय महिला गुड्डी देवी कहती हैं कि पहले गांव की लड़कियां बात करने से कतराती थी। खुलकर अपनी बात कह नहीं पाती थी। उनके साथ कुछ भी गलत होता था तो वह कुछ कह नहीं पाती थी। स्कूल तो जाती हैं, पढ़ाई भी करती हैं लेकिन उन्हें वह जगह नहीं मिल पाई जहां पर वह अपनी बात कह सकें। लेकिन गांव की बहुत सी लड़कियां जब चरखा संस्था के साथ जुड़ी तो उन्होंने अपने अधिकारों को जाना। आज वह अपनी बात कहने में सक्षम हुई हैं। अब वह गलत चीज़ों के लिए आवाज उठाती हैं। लड़कियों का कपड़े पहनने का तरीका बदल रहा है। पहले जहां सूट दुपट्टा पहनना जरूरी होता था, वहीं अब वह अपने मनपसंद के कपड़े पहनती हैं। कंप्यूटर सीखने जाती हैं। अब किशोरियां सशक्त हो रही हैं। गनीगांव की ग्राम प्रधान हेमा देवी कहती हैं कि पहले और आज के समय में बहुत ही बदलाव हो गया है। आज हर माता-पिता चाहते हैं कि उनकी बेटियां पढ़ी-लिखी और अपने पैरों पर खड़ी हों। अब एक दूसरे को देख-देख कर गांव के लोग भी अपनी बेटियों को कॉलेज तक पढ़ना जरूरी समझने लगे हैं। जो लड़कियां गेम्स में स्कूल के माध्यम से कहीं बाहर जाना चाहती हैं तो उनको भेजते हैं। इस तरीके से गांव की किशोरी अभी सशक्त हो रही है और होने का प्रयास भी कर रही है।

इस संबंध में सामाजिक कार्यकर्ता नीलम ग्रेंडी कहती हैं कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी आज किशोरी बालिकाएं अपनी मेहनत और लगन से सशक्त होने का भरपूर प्रयास कर रही हैं। स्कूल में उन्हें अवसर मिलने लगे हैं। जिसका वह पूरा लाभ उठा रही हैं। अब वह जिला और राज्य स्तर पर खेल रही हैं और सशक्त हो रही हैं। लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी और सुविधाओं की कमी के कारण किशोरियां अपनी मंजिल तक पहुंचने में कभी-कभी नाकाम हो जाती हैं। हालांकि उनमें प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। क्षेत्र में चरखा संस्था के कामकाज के संबंध में नीलम कहती हैं कि संस्था की टीम फील्ड में गांव गांव जाकर किशोरियों को राइटिंग स्किल डेवलपमेंट के विषय में भरपूर जानकारी देती है, जिससे किशोरियां लेखन के माध्यम से अपनी बात रखने में सफल हो गई हैं।


आज गरुड़ और कपकोट ब्लॉक के विभिन्न गांवों की किशोरियां अपने अधिकारों के बारे में जानती हैं। उनके लिए क्या सही है और क्या गलत है? इस संबंध में वह अपना फैसला लेने में सक्षम हो गई हैं। दिशा प्रोजेक्ट से जुड़ी किशोरियां न केवल खुद जागरूक हो रही हैं बल्कि अपने गांव की महिलाओं और किशोरियों को भी जागरूक करने का प्रयास करती हैं। उन्हें कार्यशाला में महिलाओं के विषय में, उनके विकास के विषय में जो बातें बताई जाती हैं वह गांव में जाकर इस पर चर्चा करती हैं। जिससे महिलाओं और किशोरियों का आत्मबल बढ़ा है।

# सरकारी भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक पर नकेल

वैश्विक स्तरपर शिक्षा हर देश की उन्नति अर्थव्यवस्था व विकसित राष्ट्र बनाने के लिए अनमोल आवश्यक व जरूरी आवश्यकताओं में से एक महत्वपूर्ण पहिया है शिक्षा, जिनके बल पर हम कल को बेहतर बना सकते हैं ।वह विकसित राष्ट्र बनाने में एक महत्वपूर्ण साधन के रूप में प्रयुक्त कर सकते हैं। परंतु पिछले दशकों से हम देख रहे हैं की डिग्रियां हासिल करने के बाद सरकारी भर्ती परीक्षाओं में नकल, चीटिंग, पेपर लीक इत्यादि के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं कुछ राज्यों में तो इसका प्रभाव आती है बड़े-बड़े पदों की परीक्षाओं के पर्चे लीक हो जाते हैं जो लाखों में बिक जाते हैं और मेहनतकश बुद्धिजीवी छात्रों की पहुंच कटऑफ तक नहीं पहुंच पाती, जबकि पैसे के बल पर पेपर लीक करवा कर डब्बू छात्रों की कटऑफ हाई हो जाती है और आसानी से नौकरी मिल जाती है परंतु इसका अक्सर हमें प्रशासकीय कार्यकलापों में देखने को मिल जाता है, जो अति कमजोर सिद्ध होते हैं निर्णय क्षमता जीरो रहती है और प्रशासन के कार्य कीसेवा की क्वालिटी में गिरावट हो जाती है जिससे मूल जिसका मूल कारण अयोग्य व्यक्ति के उसे पदपर विराजमान होने से होता है इसको रेखांकित करते हुए बजट सत्र 2024 में दिनांक 6 फरवरी 2024 को लोकसभा में सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) विधेयक 2024 को दो दिवसीय चर्चा के बाद ध्वनिमत से पारित कर दिया गया है और अब इसे राज्यसभा में पारित कराया जाएगा जो मेरा मानना है आसानी से हो जाएगा उसके बाद राष्ट्रपति के हस्ताक्षर बाद वह कानून बन जाएगा और पेपर लीक माफिया के लिए काल बनकर बरसेगा, क्योंकि इसमें एक करोड़ का दंड और तीन से 10 वर्ष की जेल की सजा का प्रावधान है। यह केवल सरकारी नौकरियों की परीक्षाओं पर ही लागू होगा। यानि 10वीं 12वीं व अन्य एकेडमिक परीक्षाओं पर लागू नहीं होगा। चूंकि सरकारी भर्ती परीक्षा में पेपर लीक पर एक करोड़ का जुर्माना 10 साल की जेल है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे पेपर लीक चीटिंग में लिप्त संदिग्धों को बिना वारंट गिरफ्तारी व जमानत नहीं मिलने की सखूती से उनके हौसले पस्त होंगे।


एड. किशन

साथियों बात अगर हम सरकारी नौकरियों व्यवस्थाओं में गड़बड़ी और पेपर लीक पर नकेल कसने की करें तो सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) विधेयक, 2024 का खंड II, सार्वजनिक परीक्षाओं के संचालन से संबंधित अनुचित साधनों और अपराधों के बारे में विस्तार से बताता है, परीक्षा प्रक्रिया की अखंडता को बनाए रखने के लिए एक व्यापक कानूनी ढांचा स्थापित करता है।सरकारी परीक्षाओं में गड़बड़ी और पेपर लीक पर नकेल कसने के लिए सरकार बड़ा कदम उठाने जा रही है। दरअसल, सरकार की ओर से आज लोकसभा में लोक परीक्षा अनुचित साधन निवारण विधेयक 2024 बिल पेश किया गया, जिसे मंजूरी दे दी गई है। राष्ट्रपति ने अपने अभिभाषण में भी कहा था कि हमारी सरकार पेपर लीक रोकने के लिए बिल लेकर आएगी। प्रस्तावित विधेयक का उद्देश्य उन व्यक्तियों, संगठित समूहों




या संस्थानों को प्रभावी और कानूनी रूप से रोकना है, जो विभिन्न अनुचित साधनों में शामिल होते हैं। मौद्रिक या गलत लाभ के लिए सार्वजनिक परीक्षा प्रणाली पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाले पर सख्त कार्रवाई किए जाने का फैसला किया गया है। इस कानून के दायरे में यूपीएससी, एसएसबी,आरआरबी बैंकिंग, नीट, जेईई, सीयूएटी जैसे एग्जाम आएंगे। रिपोर्ट के अनुसार तय अभ्यर्थी के स्थान पर किसी और को परीक्षा दिलाने, पेपर सॉल्व कराने, केंद्र के अलावा कहीं और परीक्षा आयोजित करने या परीक्षा से जुड़ी धोखेबाजी की जानकारी नहीं देने वालों पर कार्रवाई होगी। वर्तमान में पेपर लीक रोकने के लिए अपराधी के लिए तीन लाख से 5 लाख जुर्माना और एक से तीन सालकी सजा या दोनोंका प्रावधान है, लेकिन नई न्याय संहिता के तहत इस अपराध में जुर्माना एक करोड़ रुपये तक हो सकता है और सजा दस साल तक की हो सकती है। कंप्यूटर आधारित परीक्षा करा रहा सर्विस प्रोवाइडर अगर गलत कामों में शामिल पकड़ा जाता है, तो 1 करोड़ रुपये का जुर्माना लग सकता है। साथ ही, 4 सालों के लिए परीक्षा आयोजित कराने पर भी रोक लग सकती है यदि धांधली के कारण परीक्षा रद्द हुई, तो उस पूरी परीक्षा का खर्चा दोषी पाए गए सेवा प्रदाताओं व संस्थाओं को देना होगा। प्रस्तावित विधेयक में विद्यार्थियों को निशाना नहीं बनाया जाएगा, बल्कि इसमें संगठित अपराध, माफिया और साठगांठ में शामिल पाए गए लोगों के खिलाफ कार्रवाई का प्रावधान है। विधेयक में एक उच्च-स्तरीय तकनीकी समिति का भी प्रस्ताव है, जो कम्प्यूटर के माध्यम से परीक्षा प्रक्रिया को और अधिक सुरक्षित बनाने के लिए सिफारिशें करेगी। शीर्ष प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए राष्ट्रीय मानक भी तैयार किए जाएंगे। सूत्र ने कहा कि सरकार ने वर्षों से भर्ती के साथ-साथ उच्च शिक्षा संस्थानों में प्रवेश के लिए परीक्षाओं में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए कई सुधार पेश किए हैं और उस दिशा में प्रस्तावित कानून है।

साथियों बात अगर हम सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधन की रोकथाम) विधेयक 2024 को विस्तार से जानने की करें तोखंड III का विश्लेषणः अपराधों के लिएसजा-सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) विधेयक, 2024 सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) विधेयक, 2024 का खंड III सार्वजनिक परीक्षाओं में कदाचार के खिलाफ कानून की निवारक रणनीति के एक महत्वपूर्ण घटक को चिह्नित करते हुए, अधिनियम के तहत अपराधों के लिए दंड की रूपरेखा तैयार करता है। इस खंड के प्रावधान सार्वजनिक परीक्षाओं के संचालन में अनुचित साधनों में शामिल होने या उन्हें बढ़ावा देने के दोषी पाए जाने वालों के लिए गंभीर परिणामों को रेखांकित करते हैं।धारा 9- अपराधों की प्रकृतियह धारा स्पष्ट रूप से कहती है कि अधिनियम के तहत सभी अपराधों को संज्ञेय, गैर जमानती और गैर-शमनीय माना जाएगा, जो परीक्षा कदाचार की गंभीर प्रकृति को उजागर करता है। इस तरीके से अपराधों को वर्गीकृत करके, अधिनियम यह सुनिश्चित करता है कि ऐसे अपराधों के आरोपियों को बिना वारंट के गिरफ्तार किया जा सकता है, वे जमानत के अधिकार के रूप में पात्र नहीं हैं, और आपराधिक मुकदमे से बचने के लिए कोई समझौता नहीं कर सकते हैं। यह सार्वजनिक परीक्षाओं की अखंडता को कमजोर करने में शामिल व्यक्तियों पर सख्ती से कार्रवाई करने और दंडित करने के कानून के इरादे को प्रदर्शित करता है।धारा 10- व्यक्तियों और सेवा प्रदाताओं के लिए दंड।व्यक्ति- अनुचित साधनों और अपराधों का सहारा लेते हुए पाए जाने पर न्यूनतम तीन साल की कैद, जिसे पांच साल तक बढ़ाया जा सकता है, के साथ-साथ दस लाख रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। यह खंड जुर्माना न चुकाने की स्थिति में अतिरिक्त कारावास के लिए भारतीय न्याय संहिता, 2023 का भी संदर्भ देता है, जो दंड के लिए कड़े दृष्टिकोण का संकेत देता है।सेवा प्रदाता- अधिनियम अनुचित प्रथाओं में शामिल सेवा प्रदाताओं पर गंभीर जुर्माना लगाता है, जिसमें एक करोड़ रुपये तक का जुर्माना, परीक्षा की लागत की वसूली और सार्वजनिक परीक्षा गतिविधियों में भाग लेने से चार साल का प्रतिबंध शामिल है। इस प्रावधान का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि परीक्षा आयोजित करने के लिए जिम्मेदार संस्थाएं सत्यनिष्ठा के उच्चतम मानकों को बनाए रखें।वरिष्ठ प्रबंधन दायित्व- निदेशकों, वरिष्ठ प्रबंधन, या सेवा प्रदाता फर्मों के प्रभारी व्यक्तियों को अपराधों में संलिप्त पाए जाने पर तीन से दस साल की कैद और एक करोड़ रुपये का जुर्माना हो सकता है।

# ऑफिस में को-वर्कर के साथ गुड रिलेशन बनाने के लिए फॉलो करें ये आसान टिप्स



ऑफिस में काम को एन्जॉय करने के लिए को-वर्कर के साथ संबंध मधुर रहना बेहद जरूरी है। यह बहुत हद तक आपके विचार और व्यवहार पर निर्भर करता है कि आपके सहयोगी आपके साथ कैसे पेश आएंगे। इसके लिए अपने को-वर्कर के साथ हमेशा अच्छा व्यवहार करें। इससे आप और आपके सहयोगी भी काम को एन्जॉय करेंगे। बुरा व्यवहार करने या रखने से न केवल आप, बल्कि आपके सहयोगी भी तनावग्रस्त हो सकते हैं। अगर आप अपने को-वर्कर के साथ बेहतर रिलेशन रखना चाहते हैं, तो इन टिप्स को जरूर फॉलो करें। ऑफिस में अपने सहयोगी के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध रखें। वहीं, अपने चेहरे पर स्माइल यानी मुस्कान जरूर रखें। अगर आप टेंशन में रहेंगे, तो सामने वाले भी आपको स्पेस दे सकते हैं। ऐसा कहा जाता है कि स्माइल से यह पता चलता है कि आप काम को एंजॉय कर रहे हैं। साथ ही यह आपके सुखद भाव को प्रकट करता है। इसके लिए हमेशा चेहरे पर मुस्कान रखें। ऑफिस में को-वर्कर यानी सहयोगी के साथ गुड रिलेशन रखने के लिए उनकी बातों को ध्यान से सुनने की कोशिश करें। अगर आप अपने आसपास के लोगों की बात नहीं सुनते हैं, तो आप ऑफिस के माहौल से कटा यानी अलग महसूस करेंगे। इसके लिए सहयोगियों की बात ध्यान से सुनें। अगर आपके सहयोगी काम के बीच उनके साथ चाय या कॉफी पर जाने के लिए कहते हैं, तो एक या दो बार आप जरूर जाएं। हालांकि, हर बार जाने से परहेज करें। आपके पास पर्याप्त समय है, तो उस दौरान अपने सहयोगी के साथ बाहर जाएं। अपने आप को साबित करने के लिए फेक बनने की कोशिश न करें।

आसान शब्दों में कहें तो कुछ लोग ऑफिस में अपनी साख को बनाने के लिए ज्यादा शो ऑफ करते हैं, तो ऐसा करने से बचें। लंबे समय तक आप फेक बनकर लोगों को इंप्रेस नहीं कर सकते हैं। इसके लिए बी ट्रू रहें। अगर आप ऑफिस के को वर्कर्स के साथ बेहतर रिलेशन स्थापित करना चाहते हैं, तो कॉफी टाइम पर उन्हें ज्वाइन करें। इसके अलावा, उन्हें कभी कभार कॉफी और टी ट्रीट भी दें। इसमें उनकी पसंद की कॉफी और टी का लुत्फ उठाएं। छोटी-छोटी बातों का ख्याल रखने से रिश्तों में मधुरता और निकटता आती है।

## हार्ट अटैक आने से पहले शरीर में दिखाई देते हैं ये लक्षण



आजकल बदलती लाइफस्टाइल और गलत खानपान के कारण किसी भी उम्र में व्यक्ति हार्ट अटैक का शिकार हो रहा है। यह अचानक घटने वाली घटना है, जिसमें व्यक्ति की जान चली जाती है। अगर आप दिल से जुड़ी किसी भी तरह की बीमारी महसूस करते हैं, तो डॉक्टर से जरूर संपर्क करें। एक रिपोर्ट के अनुसार, हार्ट अटैक आने से पहले ही इसके लक्षण दिखाई देने शुरू हो जाते हैं। आइए जानते हैं, उन संकेतों के बारे में जो हार्ट अटैक से पहले नजर आते हैं। हार्ट से संबंधीत बीमारियों का मुख्य संकेत है, पाचन संबंधी समस्या। अगर आप लगातार पेट और सीने में जलन महसूस करते हैं, तो यह दिल से जुड़ी बीमारियों का संकेत हो सकता है। इसे आम बीमारी समझकर नजरअंदाज न करें, अगर यह समस्या कई दिनों तक रहती है, तो डॉक्टर की सलाह जरूर लें। सीने में दर्द, भारीपन, जकड़न महसूस होना हार्ट संबंधित बीमारियों का संकेत हो सकता है। अगर आप सीने में दर्द महसूस करते हैं, तो तुरंत डॉक्टर की सलाह लें। हार्ट से संबंधित बीमारियों में शरीर के कई हिस्सों में ब्लड का प्रवाह सही से नहीं हो पाता है। जिससे मरीज को सांस लेने में तकलीफ होती है, और उसे हद से ज्यादा थकान महसूस होती है। ये भी हार्ट अटैक का संकेत हो सकता है। अगर आप लगातार पेट में होने वाली मतली और ब्लोटिंग की समस्या से परेशान हैं, तो डॉक्टर से जरूर सम्पर्क करें। इसे आम समस्या समझने की गलती न करें। यह समस्य आमतौर पर महिलाओं में होती है। रिपोर्ट के अनुसार, पैरों में सूजन हार्ट अटैक का कॉमन संकेत माना जाता है। एक्सपर्ट के अनुसार, जब हार्ट ठीक से पंप नहीं करता है, तो पैरों में सूजन की समस्या हो सकती है। इस स्थिति में डॉक्टर की सलाह लें।

## स्किन केयर रूटीन में शामिल करें ये 5 ऑयल, दूर होंगे चेहरे के दाग-धब्बे

चेहरे पर दाग-धब्बे होने के कई कारण होते हैं- हार्मोनल बदलाव, पिम्पल्स, प्रदूषण आदि। ये दाग-धब्बे चेहरे की खूबसूरती को कम करते हैं। लोग इससे निजात पाने के लिए कई तरह के लोशन, क्रीम, फेसवॉश का इस्तेमाल करते हैं। चाहें तो आप नेचुरल टिप्स अपनाकर भी चेहरे के दाग-धब्बे को कम कर सकते हैं। जी हां, ऐसे कई नेचुरल ऑयल मौजूद हैं, जिनकी मदद से आप स्किन के दाग-धब्बों को कम कर सकते हैं।

कोकोनट ऑयल में एंटी ऑक्सीडेंट गुण पाए जाते हैं, जो स्किन को हेल्दी रखने में मदद करता है। आप इसके नियमित इस्तेमाल से चेहरे के दाग-धब्बे को दूर कर सकते हैं। इसके लिए नारियल तेल में नींबू का रस मिलाएं, फिर इससे त्वचा पर हल्के हाथों से मालिश करें।

जैतून के तेल में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट गुण स्किन को मॉइश्चराइज करने में मदद करता है। इसके इस्तेमाल से चेहरे के दाग-धब्बे दूर हो सकते हैं। आप इसे स्किन केयर रूटीन में शामिल कर सकते हैं।

सरसों का तेल दाग-धब्बों को दूर करने में बहुत फायदेमंद होता है। आप रोजाना हल्के हाथों से चेहरे पर इस तेल से मसाज कर सकते हैं, कुछ देर बाद पानी से धो लें।

लौंग का तेल आयरन, विटामिन-ए, विटामिन-सी, पोटैशियम और कई गुणों से भरपूर होता है, जो स्किन के लिए लाभदायक है। इसमें मौजूद एंटीसेप्टिक गुण त्वचा को निखारने में मददगार है। रोजाना रात में सोने से पहले चेहरे पर लौंग के तेल से मसाज कर सकते हैं।

जोजोबा ऑयल में विटामिन-ए, विटामिन-ई और एंटी ऑक्सीडेंट गुण पाए जाते हैं, जो स्किन के दाग-धब्बों को दूर करने में मददगार है। यह त्वचा में नमी बनाए रखने में मदद करता है।

# सेहत के लिए कितनी फायदेमंद हैं फूल गोभी की पत्तियां



विंटर सीजन में मौसमी फल और सब्जियां खाने को मिलते हैं। इस सीजन में फूलगोभी भी मिलती है। इसे विंटर वेजिटेबल भी कहा जाता है। इसमें कई आवश्यक पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो सेहत के लिए फायदेमंद होते हैं। इसके अलावा, गोभी के पत्ते भी सेहत के लिए किसी दवा से कम नहीं हैं। अक्सर गोभी के पत्तों को फेंक देते हैं। ऐसा बिल्कुल न करें। इसमें गुणकारी फाइबर, प्रोटीन, विटामिन-ए, कैल्शियम जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं।

-फूलगोभी के पत्तों में फाइबर प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। इससे बढ़ते वजन को कंट्रोल करने में मदद मिलती है। आप फूलगोभी की पत्तियों को सलाद, सूप और स्नैक्स के रूप में सेवन कर सकते हैं।

-एक शोध में खुलासा हुआ है कि फूलगोभी के पत्ते में विटामिन-ए प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। ये आवश्यक पोषक तत्व आंखों के लिए फायदेमंद होता है। इसके सेवन से रतौंधी का खतरा कम हो जाता है।

-एक्सपर्ट्स की मानें तो फूलगोभी के पत्तों में एंटी ऑक्सीडेंट्स के गुण पाए जाते हैं, जो फ्री रेडिकल और ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस से होने वाले नुकसान से बचाने में सहायक होते हैं। इसके अलावा, गोभी के पत्तों के सेवन से पुरानी बीमारियों का खतरा भी कम हो जाता है। इसमें कैल्शियम प्रचुर मात्रा में पाया जाता है, जो महिलाओं के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। <

इसके सेवन से महिलाओं को फायदा होता है। साथ ही हड्डियां भी मजबूत होती हैं। इन सब गुणों के अलावा फूलगोभी के पत्तों में प्रोटीन और मिनरल प्रचुर मात्रा में होता है। प्रोटीन समेत अन्य आवश्यक पोषक तत्व बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास के लिए फायदेमंद होते हैं। इसके सेवन से कद, वजन और शरीर में हीमोग्लोबिन बढ़ता है। इसके लिए फूलगोभी की पत्तियों को न फेंके, बल्कि सेवन करें।

# पाचन शक्ति बढ़ाने के साथ इन समस्याओं में फायदेमंद है दलिया का सेवन



अक्सर लोग नाश्ते में दालिया खाना पसंद करते हैं। यह सेहत के लिए बहुत ही फायदेमंद माना जाता है। यह एक पौष्टिक आहार है। दालिया में फाइबर, आयरन, कैल्शियम, पोटैशियम, जिंक जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। जो आपको ऊर्जावान रखने में मदद करते हैं। इतना ही नहीं, यह शरीर की कई परेशानियों को दूर करने में मददगार है। आइए जानते हैं, दलिया खाने के फायदे।

## वजन घटाने में सहायक

अगर आप वजन कम करना चाहते हैं, तो वेट लॉस डाइट में दलिया शामिल कर सकते हैं। इसमें मौजूद फाइबर पेट को लंबे समय तक भरा रखता है। जिससे भूख कम लगती है और वजन कम होने में मदद मिलती है।

## पचने में आसान

दलिया में फाइबर उच्च मात्रा में पाया जाता है। इसके अलावा यह कई गुणों से भरपूर होता है। जो पाचन को बेहतर बनाने में मदद करता है। सुबह या शाम के नाश्ते में दालिय खा सकते हैं, यह आसानी से पच जाता है।

## डायबिटीज के मरीजों के लिए फायदेमंद

अगर आप डायबिटीज के मरीज है, तो खानपान में बदलाव कर रक्त में शुगर लेवल को कंट्रोल कर सकते हैं। यह डायबिटीज के रोगियों के फायदेमंद साबित हो सकता है।

## हड्डियों को मजबूत रखे

दलिया में कैल्शियम, फॉस्फोरस, मैंगनीज जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। जो हड्डियों की सेहत के लिए फायदेमंद माना जाता है। हड्डियों को मजबूत रखने के लिए आप नियामित रूप से दलिया का सेवन कर सकते हैं। दलिया में आयरन भरपूर मात्रा में पाया जाता है। यह शरीर में लाल रक्त कोशिकाओं के निर्माण में सहायक माना जाता है। एनिमिया से पीड़ित लोगों के लिए दलिया काफी फायदेमंद माना जाता है। यह शरीर में आयरन की कमी को दूर करने में मदद करता है।

# धार्मिक यात्रा पर जाने की कर रहे हैं प्लानिंग, तो इन मंदिरों को करें एक्सप्लोर



सनातन धर्म समेत सभी धर्मों में धार्मिक यात्रा का विशेष महत्व है। कई लोग मन्नत पूरी होने पर धार्मिक यात्रा पर जाते हैं। वहीं, कई लोग शुभ कार्य करने से पहले देव दर्शन हेतु धर्म यात्रा पर जाते हैं। देश के अलग-अलग हिस्सों में कई प्रमुख धार्मिक स्थल हैं। जहां रोजाना बड़ी संख्या में श्रद्धालु देव दर्शन के लिए आते हैं। अगर आप भी फरवरी के महीने में धार्मिक यात्रा पर जाने की प्लानिंग कर रहे हैं, तो इन मंदिरों की सैर कर सकते हैं।

## बिड़ला मंदिर

अगर आप दिल्ली के आसपास देव दर्शन के लिए धार्मिक यात्रा पर जाना चाहते हैं, तो मथुरा जा सकते हैं। मथुरा धर्म नगरी के नाम से प्रसिद्ध है। मथुरा स्थित बिड़ला मंदिर में आप भगवान श्रीकृष्ण का दर्शन कर सकते हैं। यह मंदिर मथुरा स्टेशन से 6 किलोमीटर दूर स्थित है।

## श्री दिगंबर जैन लाल मंदिर

यह मंदिर देश की राजधानी दिल्ली में स्थित है। मंदिर का निर्माण 1526 में हुआ था। मंदिर के विपरीत दिशा में लाल किला स्थित है। वहीं, इसके पीछे जमा मस्जिद है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु जैन मंदिर जाकर देव दर्शन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त करते हैं।

## मीनाक्षी मंदिर

विश्व प्रसिद्ध मीनाक्षी मंदिर तमिलनाडु के मदुरई में है। मंदिर में भगवान श्रीहरि विष्णु जी विराजे हैं। मीनाक्षी मंदिर के समीप ही मुरुगन मंदिर है। आप देव दर्शन कर उनका आशीर्वाद पाने के लिए मीनाक्षी मंदिर की धार्मिक यात्रा कर सकते हैं।

## वैष्णो देवी मंदिर

अगर आप उत्तराखंड में माता वैष्णों देवी का दर्शन करना चाहते हैं, तो हरिद्वार जा सकते हैं। हरिद्वार स्थति वैष्णो देवी मंदिर में मत्था टेकने रोजाना बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। इसके अलावा, चंडी मंदिर और मनसा मंदिर की भी यात्रा कर सकते हैं।

## सरस्वती मंदिर

अगर आप विद्या की देवी मां शारदा का दर्शन करना चाहते हैं, तो धर्म नगरी वाराणसी की यात्रा कर सकते हैं। वाराणसी में स्थित सरस्वती मंदिर की मान्यता अधिक है, क्योंकि मां सरस्वती का द्वादश रूपों वाला मंदिर है। आप धार्मिक यात्रा के लिए वाराणसी जा सकते हैं।

## जरूर घूमें यहां के ये प्रमुख पर्यटन स्थल





भारत एक ऐसा देश है, जहां पर्यटकों के लिए घूमने की कई सारी जगह मौजूद हैं। अपनी विविधता और संस्कृति के लिए मशहूर भारत के इन पर्यटन स्थलों में देश-विदेश से लोग घूमने आते हैं। अब हाल ही में जारी हुई 2023 में यात्रा करने वाले स्थलों की सूची में भारत के एक राज्य ने जगह बनाई है। साल 2023 में घूमने वाले 52 स्थलों की न्यूयॉर्क टाइम्स द्वारा जारी की गई इस सूची में भारत से केवल केरल राज्य ने अपनी जगह बनाई है। केरल के अलावा इस सूची में लंदन, मोरियोका (जापान), किल्मार्टिन ग्लेन (स्कॉटलैंड), पाम स्प्रिंग्स (कैलिफोर्निया), ऑकलैंड (न्यूजीलैंड), कंगारू द्वीप (ऑस्ट्रेलिया), ट्रोम्सो(नॉर्वे) और वोजोसा नदी (अल्बानिया) शामिल हैं। वहीं, बात करें केरल की तो इस लिस्ट में राज्य 13वें स्थान पर है।

### मुन्नार

अपनी प्राकृतिक खूबसूरती के लिए मशहूर केरल का मुन्नार राज्य के प्रमुख और मशहूर पर्यटन स्थलों में से एक है। यहां बादलों को छूते ऊंचे पहाड़ आपको अलग अहसास कराएंगे। अपनी इसी खूबसूरती की वजह से यह स्थल कपल्स का पसंदीदा हनीमून डेस्टीनेशन भी है। यहां आपको प्राकृतिक खूबसूरती की भरमार देखने को मिलेगी।

### कोवलम

अगर आप केरल जाने का विचार बना रहे हैं, तो कोवलम को घूमने वाली जगहों की लिस्ट में जोड़ना न भूलें। राज्य का यह पर्यटन स्थल अपने सनसेट और आयुर्वेदिक बॉडी मसाज के लिए दुनियाभर में काफी मशहूर है। हर साल यहां भारी संख्या में पर्यटक सूर्यास्त देखने पहुंचते हैं। साथ ही कई लोग यहां होने वाली आयुर्वेदिक बॉडी मसाज के लिए भी आते हैं। ऐसे में अगर आप केरल में हैं, तो कोवलम में सूर्यास्त देखने जरूर जाएं।

### वायनाड

केरल का वायनाड अपनी खूबसूरती के लिए दुनियाभर में काफी मशहूर है। यहां की खूबसूरती शब्दों में बताना बेहद मुश्किल है। धान की लहलहाती फसल हर किसी का मन मोह लेती है। ऐसे में अगर वायनाड को केरल की प्राकृतिक खूबसूरती का गढ़ कहा जाए, तो इसमें कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी।

### कुमारकोम

केरल की खूबसूरती को बयां करता कुमारकोम भी यहां के प्रमुख पर्यटन स्थलों में से एक है। इस बीच के किनारे आप शीशे की तरह चमकते पानी का आनंद लेने के साथ ही रेस्टोरेंट और खूबसूरत रोमांटिक रिसॉर्ट्स का भी लुत्फ उठा सकते हैं। इसके साथ ही आप यहां कई सारे वॉटर स्पोर्ट्स का भी मजा ले सकते हैं।

### वागामोन

अगर आप प्रकृति प्रेमी हैं और प्राकृतिक खूबसूरती का नजारा देखना चाहते हैं, तो केरल के वागामोन जरूर जाएं। यहां मौजूद जंगल इसकी खूबसूरती को बढ़ा देते हैं। इस जगह की खूबसूरती आपने कई फिल्मों में देखी होगी। यहां मौजूद मर्मला झरना केरल की खूबसूरती में चार चांद लगा देता है।

# वैलेंटाइन डे पर प्यार का इजहार करने के लिए ये हैं सबसे परफेक्ट डेस्टिनेशन



फरवरी का महीना कपल्स के लिए बेहद खास होता है। इस महीने के दूसरे सप्ताह में वैलेंटाइन वीक मनाया जाता है। आसान शब्दों में कहें तो 7 फरवरी से लेकर 14 फरवरी तक वैलेंटाइन वीक मनाया जाता है। इस वीक में लोग अपने प्यार का इजहार गिफ्ट, चॉकलेट और रेड रोज देकर करते हैं। यह क्रम सात दिनों तक चलता है और 14 फरवरी को वैलेंटाइन डे मनाया जाता है। इस दिन को शानदार और यादगार बनाने के लिए लड़के और लड़कियां पहले से तैयारी करते हैं। हालांकि, डेस्टिनेशन को लेकर दुविधा बनी रहती है। अगर आप भी अपने प्यार का इजहार करना चाहते हैं, तो वैलेंटाइन के लिए ये सबसे परफेक्ट डेस्टिनेशन हैं।

## उदयपुर जाएं




अगर आप दिल्ली के आसपास किसी रोमांटिक जगह की तलाश में हैं, तो उदयपुर प्यार का इजहार करने के लिए सबसे परफेक्ट डेस्टिनेशन है। इस शहर को पूर्व का वेनिस भी कहा जाता है। यह शहर न केवल बॉलीवुड, बल्कि हॉलिवुड डेस्टिनेशन भी है। लेक पैलेस के समीप शाम के समय डूबता सूरज के सामने अपने प्यार का इजहार कर सकते हैं।

## शिमला जाएं

आप वैलेंटाइन डे पर अपने प्यार का इजहार करने के लिए शिमला जा सकते हैं। यह खूबसूरत और मशहूर पर्यटन स्थल है। फरवरी महीने में बड़ी संख्या में कपल्स वैलेंटाइन वीक सेलिब्रेट करने शिमला आते हैं। आप भी शिमला का सिलेक्शन कर सकते हैं।

## गोवा जाएं

अगर आप बीच डेस्टिनेशन की सोच रहे हैं, तो गोवा से बेहतर कोई डेस्टिनेशन नहीं है। आप अपने पार्टनर के साथ गोवा में क्वालिटी टाइम बिता सकते हैं। इसके अलावा, वैलेंटाइन डे को अपने प्यार का इजहार कर सकते हैं। वैलेंटाइन वीक पर गोवा में काफी संख्या में कपल्स घूमने आते हैं।

## जैसलमेर जाएं

आजकल जैसलमेर लव पॉइंट के रूप में मशहूर है। ऐसा कहा जाता है कि जैसलमेर में प्यार का इजहार करने से प्यार जरूर मिलता है। इसके लिए कपल्स जैसलमेर जाना पसंद करते हैं। जैसलमेर में आप होटल, रेस्त्रां या रोमांटिक स्पॉट पर अपने प्यार का इजहार कर सकते हैं।

## आगरा जाएं



अगर बात प्यार और मोहब्बत की होती है, तो आगरा का नाम शीर्ष पर रहता है। आगरा में स्थित ताजमहल प्रेम का प्रतीक है। आप अपने प्यार का इजहार आगरा स्थित ताजमहल में कर सकते हैं।

इसके लिए आप अपने पार्टनर के साथ सरप्राइज वेकेशन की प्लानिंग कर सकते हैं।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत आयोजित हुआ कार्यक्रम

■ आयोजन में 220 जोड़ों की कराई गई शादी, नवदम्पत्तियों को दिया आशीर्वाद



**अवधनामा संवाददाता**

**एटा।** शासन के निर्देश के क्रम में शहर के राजकीय इण्टर कॉलेज प्रांगण में गुरूवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह, जिलाध्यक्ष संदीप जैन ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्ज्वलित करके सीएम सामूहिक विवाह कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। जीआईसी मैंदान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान 218 हिन्दू जोड़े एवं 02 मुस्लिम जोड़ों सहित कुल 220 जोड़ों की शादी कराई गई। गायत्री परिवार की टीम एवं काजी द्वारा विधिवत अपने-अपने धर्म की रीति रिवाज के अनुसार जोड़ों की शादी कराई गई। जिलाधिकारी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत गरीब परिवार के लोगों की शादी एक ही मण्डप में कराई जाती है। इस योजना के तहत जनपद को 1000 शादी का लक्ष्य शासन से आवंटित हैं, जिसके सापेक्ष जनपद की प्रगति ठीक है, शीघ्र ही हम मार्च तक अपने लक्ष्य को पूर्ण करेंगे। शासन से आवंटित लक्ष्य को ब्लाक, नगरीय क्षेत्रों में विभाजित कर जिम्मेदारी दी गई है, जिससे कि शासन की मंशानुसार योजना का लाभ पात्रों को मिल सके। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत कुल 51 हजार रूपये प्रति जोड़ा खर्च किए जाने का प्रावधान निर्धारित हैं, जिसमें 35 हजार रूपये की धनराशि कन्या के बैंक खाते में, 10 हजार रूपये की वैवाहिक सामग्री यथा कपडे, बिछिया, पायल चांदी की, बर्तन सहित अन्य सामान एवं 06 हजार रूपये विवाह कार्यक्रम आयोजन में व्यय किया जाता है। इस योजना का लाभ लेने के लिए ऑनलाइन पोर्टल पर आवेदन अनिवार्य है। आवश्यक दस्तावेज के साथ फार्म भरने अथवा अन्य किसी भी प्रकार की समस्या हेतु ब्लाक, नगर पालिका नगर पंचायत कार्यालय, समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय से सम्पर्क स्थापित कर सकते हैं। कार्यक्रम का संचालन दयानन्द श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष संदीप जैन, पालिकाध्यक्ष सुधा गुप्ता, सीडीओ डा0 एके बाजपेयी, एसडीएम सदर सुश्री भावना, डिप्टी कलेक्टर दिव्या सिकरवार, समस्त खण्ड विकास अधिकारीगण, समाज कल्याण अधिकारी, दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण, कर्मचारीगण, जोड़ों के परिवारीजन आदि मौजूद रहे।

# सदर विधायिका ने मुख्यमंत्री से की वार्तालाप

**अवधनामा ब्यूरो**



**इटावा।** सदर विधायिका सरिता भदौरिया पहुंची सीएम आवास विभिन्न मुद्दों पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से की वार्तालाप। सदर विधायक सरिता भदौरिया ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके आवास पर भेंट की। इटावा विधानसभा क्षेत्र एवं इटावा जनपद के विभिन्न विकास कार्यों को लेकर चर्चा की।

2024 लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के बारे में भी चर्चाएं की। आवास पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से इटावा की जनता के लिए विभिन्न लाभकारी योजनाएं विभिन्न विकास के कार्य किस तरीके से जनता तक बिना भेदभाव विकास कार्यों को पहुंचाया जाए इस पर चर्चा की। वही उत्तर प्रदेश व मध्य प्रदेश को जोड़ने वाले नेशनल हाईवे 92 पर स्थित चंबल पुल के निर्माण कार्य में रुकावट बन रही सेंचुरी विभाग की एनओसी को लेकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से बातचीत की। शहर में पढ़ने वाले बच्चों के लिए पक्के तालाब पर स्थित विक्टोरिया हॉल में जिला स्तरीय लाइब्रेरी बनाई जाए तो वही यमुना नदी के पास कॉरिडोर बनाया जाए जिससे की इटावा के लोगों को सुविधाएं मिल सके।

# छात्राओं ने एसटीपी मानपुर का किया भ्रमण



**अवधनामा संवाददाता**

**एटा।** भारत सरकार की नमामि गंगे योजना के अंतर्गत गंगा व उसकी सहायक नदियों की निर्मलता के लिये कार्य किया जा रहा है, सामाजिक वानिकी प्रभाग, एटा श्री सुन्दरेशा डीएफओ के निर्देशन में श्री रामबाल भारती इंटर कॉलेज के 12वीं विज्ञान के छात्रों को सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का शैक्षिक दौरा आयोजित किया गया था। दौरे का उद्देश्य छात्रों को अपशिष्ट उपचार और पुनः उपयोग की प्रक्रिया से परिचित कराना था।

नमामि गंगे कार्यक्रम के तहत जिला गंगा समिति व सामाजिक वानिकी प्रभाग एटा द्वारा यात्रा की सुविधा प्रदान की गई थी, श्री रामबाल भारती स्कूल से विपिन कुमार, अनिल यादव और वन विभाग में वनविद दिनेश चंद्र के मार्गदर्शन में, छात्रों को दो समूहों में विभाजित किया गया था, जिनमें से प्रत्येक समूह में 15 छात्र थे। नमामि गंगे, जिला परियोजना अधिकारी आर्यन गौड़ व प्लांट संचालक योगेश कुमार द्वारा 24 एमएलडी सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट की कार्यप्रणाली को छात्रों को अच्छी तरह से समझाया। यह दौरा छात्रों के लिए अपशिष्ट जल उपचार संयंत्र की कार्यप्रणाली और प्रक्रिया के बारे में जानकारी प्राप्त करने में काफी मददगार रहा, और सीखा कि इसका उपयोग सार्वजनिक उद्यानों और विभिन्न कृषि क्षेत्रों में सिंचाई के उद्देश्य से कैसे किया जा सकता है।

# नातिया मुशायरे में शायरों ने खूब लूटी वाह वाही

**वहाज अली निहाल**

**इटावा।** हज़रत बाबा दीन अली शाह/मस्तान शाह रह.के 40 वें तीन दिवसीय उर्स के मौके पर बीती रात चाणक्य होटल के सामने स्थित दरगाह पर नातिया मुशायरे में शायरों ने खूबसूरत कलाम पेश कर मेहफ़िल में खूब वाह वाही लूटी। उर्स के आयोजक मोहम्मद शाहिद वारसी व संयोजक वाई के शफी चिश्ती ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष फुरकान अहमद, विशिष्ट अतिथि मंसूरी समाज औरैया के जिलाध्यक्ष/ज़िला सचिव सपा नूरुद्दीन मंसूरी, अध्यक्षता कर रहे हाजी अब्दुल हन्नान चाँद मंसूरी, संचालन कर्ता रौनक इटावी के अलावा कार्यक्रम में आये उलमाए इकराम, मेहमान शायरों आदि का गुलपोशी कर व शाल उड़ाकर सम्मान किया। हाफिज़ कैफ ने नात पाक पेश कर नातिया मुशायरे की शुरुआत की।



■ कोई भी रोक न पायेगा उसको जन्नत से

■ रसूले पाक ने जिसको ज़बान दे दी है

हाफिज़ मोहम्मद अहमद अकबरी ने नात शरीफ पेश आफाक हैदर शिकोहाबादी ने कुछ इस तरह पढ़ा नबी के इश्क में जिसने जान देदी है, उसी को हश्र में रब ने अमान देदी है। कोई भी रोक न पायेगा उसको जन्नत से, रसूले पाक ने जिसको ज़बान देदी है। हाशिम नईमी ने कहा बुलंदी पर नसीबा हो गया, करम प्यारे नबी का हो गया। नवाज़ा इस कदर कि उनके करम ने, जो कतरा था वो दरिया हो गया। आरिफ सिद्दीक नूर ने कहा नबी के नाम का दिल में चिराग जलता है, मेरी बला से अगर आफताब जलता है आदि शानदार कलाम पेश कर शायरों ने खूब वाह वाही लूटी। मौलाना अब्दुल वाजिद अशरफी ने लोगों को संबोधित किया। हाफिज़ मोहम्मद अहमद अकबरी ने नात शरीफ पेश की इसके अलावा उस्ताद शायर साबिर अहमद साबिर, सूफी अब्दुल सत्तार कमर, शकील अहमद शिकोहाबाद, सैय्यद तारिक़ मियाँ फर्रुखाबाद, फिदा हुसैन, हाफिज़ उमर बरकाती, कारी परवेज़, नदीम अहमद खां, अहमद बरकाती, सोहेल अहमद, अमीर हुसैन आमिर, यासीन अंसारी, शकील अहमद सागर, हादी हसन हादी आदि ने अपने-अपने अंदाज में कलाम पेश किये। कार्यक्रम में हाजी अज़ीम वारसी, इन्तज़ार हसन कादरी, अरमान वारसी, शोएब वारसी, मोहम्मद दिलशाद चिश्ती, गुफरान अहमद, नजमुद्दीन फारूकी भूरे भाई, कासिम फारूकी, मोहम्मद औसाफ आदि लोग मौजूद रहे।

## तड़पता हुआ देखकर कांप गए लोग, हालत गंभीर

**मथुरा।** वृंदावन में श्रद्धालु ने बुधवार सुबह परिक्रमा मार्ग स्थित गौरी गोपाल गोशाला के पास धारदार हथियार से प्रहार करके खुद का गला काट लिया। इससे वह लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़ा। एक अन्य श्रद्धालु ने उसे घायल अवस्था में देखा तो उसे जिला संयुक्त चिकित्सालय पहुंचाया। साथ ही उसके पिता को सूचित किया। उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।घायल श्रद्धालु मध्यप्रदेश के मुरैना से आया था। परिक्रमा मार्ग स्थित संत कॉलोनी के गौरी गोपाल गोशाला के पास शिवम (20) ने धारदार हथियार से अपना गला काट लिया। कथा सुनने आए उन्नाव के श्रद्धालु ब्रज कुमार ने उसे घायलावस्था में जिला संयुक्त चिकित्सालय पहुंचाया।

# क्या जिम्मेदार साप्ताहिक बंदी का पालन कराएंगे

**अवधनामा संवाददाता**

**हरदोई।** बिलग्राम कस्बे में साप्ताहिक बन्दी का कोई असर नहीं रहता हैं वैसे बीते शुक्रवार को सप्ताहिक बंदी के होने के बावजूद सुबह से देर शाम तक दुकानें खुली रही जिसकी खबर को प्रमुखता से समाचार पत्र प्रकाशित किया गया था। आपको बता दें कि प्रत्येक शुक्रवार को दुकाने खुली होने के कारण श्रम कानून का खुल्लम खुल्ला उल्लंघन दिखाई पड़ता है और श्रम विभाग के जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी कुंभकरणीय नींद सोए हुए है और सप्ताहिकी बंदी को लेकर जिम्मेदारों द्वारा अनदेखी की जा रही है। शुक्रवार को कस्बे में सप्ताहिक बंदी होती है लेकिन बिलग्राम कस्बे में बीते शुक्रवार को मुख्य बाजार और बड़े चौराहा आदि अन्य जगहों पर सप्ताहिक बंदी का कोई असर नहीं दिखाई दिया। लगातार साप्ताहिक बंदी के दिन भी दुकानें खुली देखी जाती है। दुकानदार अपनी बिक्री करने में मशगुल वहीं पर दुकानों में लगे वर्कर भी पूरे सप्ताह परिश्रम करते देखे जा सकते है। कस्बे के सदर बाजार सहित अधिकांश स्थानों पर दुकाने सप्ताहिक बंदी शुक्रवार को भी खुली रहती है।

### क्या कहते क्षेत्र के छोटे दुकानदार

इस संबंध में क्षेत्र के छोटे दुकानदारों से बात साझा की गई बताया कि जब जिम्मेदार अधिकारी/ कर्मचारी कड़ाई नहीं करते तो दुकानदार दुकानें खोलते हैं उसने बताया कि बीते दिनो जब डीएम ने साप्ताहिक बन्दी का आदेश किया था उसके बाद केवल एक बार अभी तक साप्ताहिक बन्दी हुई हैं उसके बाद यहां कोई साप्ताहिक बन्दी नही हुई और न होने की उम्मीद है। उसने बताया कि एक दुकान खुलती है तो उसके देखते दूसरे दुकान खुलती है। इस तरह धीरे-धीरे कर पूरे कस्बे की दुकानें खुल जाती है। इसी तरह साप्ताहिक बन्दी वाले दिन शुक्रवार को भी बाजार के दिन जैसा माहौल दिखाई देता है। वही एक ग्राहक ने कहा कि अन्य दिनों की तरह शुक्रवार को भी पूरा सामान दुकानों में मिलता है।जिम्मेदारों के उदासीनता के चलते दुकानें खुली देखी जाती है। सप्ताह बंदी के दिन दुकानों का खुलना दर्शाता है श्रम विभाग की धमक व्यापारियों तक नहीं पहुंच पाती हैं जहां श्रम कानून का खुल्लम खुल्ला उल्लंघन दिखाई पड़ता है।

# दो वर्ष पूरे होने पर रुद्रांश ज्वैलर्स शोरूम पर लेटेस्ट फैशन ज्वैलरी की लगी प्रदर्शनी

**अवधनामा संवाददाता**

**इटावा।** रुद्रांश ज्वैलर्स के सैदवाड़ा स्थिति शोरूम पर 2024 की लेटेस्ट फैशन ज्वैलरी की प्रदर्शनी लगी है शोरुम को सफ़लता पूर्वक 2 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में इस प्रर्दशनी का आयोजन किया गया है जिसमें अपने ग्राहकों को नई वैरायटी की ज्वैलरी जैसे साउथ इंडियन टैंपल गहने, सिंगापुर और दुबई की टर्किस ज्वैलरी, कोलकाता, कोयंबतूर, बंगलौर, कश्मीरी और बॉम्बे के बड़े ब्रांड के गहने शामिल किए गए हैं। इस मौके पर ज्वैलरी की मेकिंग चार्ज पर विशेष छूट दी जा रही है ये प्रदर्शनी 7 फरवरी से 11 फरवरी तक लगी रहेगी शोरूम संचालक उज्वल पोरवाल ने बताया कि हमारे शोरूम पर 22 कैरेट सोने के HUID हॉलमार्क गहने एवं 18 कैरेट सोने में डायमंड ज्वैलरी तथा 92.5 शुद्धता में चांदी की स्पेशल वैरायटी उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होने बताया कि हम निरन्तर भारतीय मानक ब्यूरो को अपने प्रतिष्ठान से विधिवत ज्वेलरी का सैंपल देकर उसकी गुणवत्ता की नियमित जांच करवाते रहते हैं ताकि हमारे ग्राहकों को उचित गुणवत्ता और शुद्धता के गहने मिल सकें और पूरे देश भर में कहीं भी उस गहने की पूरी कीमत मिल सके। रुद्रांश ज्वैलर्स की सह संचालिका प्रियंका पोरवाल ने बताया कि हमारा शोरूम शहर का एकमात्र 22 कैरेट ज्वेलरी शोरूम है जिसे ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड द्वारा सोने की शुद्धता जांच में मानक पर खरा उतरने के लिए सर्टिफिकेट दिया गया है।



■ शहर का एकमात्र 22 कैरेट ज्वेलरी शोरूम है जिसे ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड द्वारा सोने की शुद्धता जांच में मानक पर खरा उतरने के लिए सर्टिफिकेट दिया गया है: प्रियंका पोरवाल

# मुफ्ती सलमान अजहरी की गिरफ्तारी के विरोध में दिया ज्ञापन

**अवधनामा संवाददाता**

**फिरोजाबाद।** मुफ्ती सलमान अजहरी की गिरफ्तारी को लेकर मुस्लिम समाज के उलेमा ने मौलाना तनवीर उल कादरी के नेतृत्व में एसपी सिटी कार्यालय पर जाकर एसपी सिटी सर्वेश कुमार मिश्रा को ज्ञापन सोपा मौलाना तनवीर उल कादरी ने कहा के हमारी मांग है के मुफ्ती सलमान को तुरंत रिहा किया जाए उन पर लगाए हुए झूठे मुकदमों को तुरंत खत्म किया जाए मुफ्ती सलमान ने अपने बयान के दौरान ऐसी कोई बात नहीं की है जिससे किसी की भावनाओं को आहत हुआ हो। हाफिज रफीउद्दीन मौलाना अनवर साहब ने कहा कि मुफ्ती सलमान अजहरी की गिरफ्तारी से मुस्लिम समाज में गहरा दुख हम सभी लोग इसकी मजम्मत करते हैं और अपनी भावनाओं को ज्ञापन के जरिए राष्ट्रपति को बयां कर रहे हैं। करबला कमेटी के अध्यक्ष हिकमत उल्ला खान ने गिरफ्तारी को लेकर विरोध करते हुए कहा के हम सभी अमन पसंद लोग कानून में आस्था रखते हैं और कानून को मानते हैं मुफ्ती सलमान को तुरंत रहा करके न्याय किया जाए। नगर पुलिस अधीक्षक सर्वेश मिश्रा, नगर मजिस्ट्रेट राजेंद्र कुमार सिंह,ने कहा के आपने जो ज्ञापन सोपा है उसको राष्ट्रपति तक पहुंचा दिया जाएगा आप सभी अमन पसंद नागरिक हैं कानून पर विश्वास रखिए आपकी बात का पूर्ण सम्मान किया जाएगा। ज्ञापन के दौरान नगर मजिस्ट्रेट राजेंद्र सिंह, एल आई यू प्रभारी प्रेम पाल सिंह, आफताब आलम, मौलाना तनवीर उल कादरी, हाफिज रफीउद्दीन, मौलाना अनवर हुसैन रजवी, मौलाना अताउल मुस्तफा, हाफिज जाकिर हुसैन, मौलाना मुशीर, रिफात अल्ला, हाफिज हाशिम, हाफिज अनीस, हाफिज मोहसिन, कारी जसीम, मुदस्सी कादरी, फरहान वारसी, हिकमत उल्ला खान आदि लोग ज्ञापन मौजूद रहे।



## डीएम कार्यालय पर सौंपा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन

**मथुरा।** राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद मथुरा जनपद में निरंतर पत्रकारों के हितों के लिए संघर्षरत हैं, मथुरा जिलाधिकारी कार्यालय पर गोवर्धन के प्रतिष्ठित पत्रकार देवेंद्र कुमार कौशिक की बीमारी के चलते असमय मृत्यु होने से परिवार पर आए आर्थिक संकट के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम ज्ञापन सौंपा। राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद ने जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा के मथुरा संरक्षक दिनेश पंकज द्वारा दस लाख रुपए की तत्काल सहायता राशि की मांग की है।

# लुटेरा गैंग के आठ अभियुक्त गिरफ्तार

**अवधनामा संवाददाता**



**मक्खनपुर/फिरोजाबाद।** मक्खनपुर पुलिस को मिली बड़ी सफलता लुटेरा गैंग के आठ अभियुक्तों को मुखबिर की सूचना पर वाहन चेकिंग के दौरान किया गिरफ्तार मोहन ढाबे से सांती पुल सर्विस रोड पर अभियुक्त की घेराबंदी के दौरान अभियुक्त द्वारा पुलिस फोर्स पर जानलेवा फायरिंग कर दी गई पुलिस मुठभेड़ में शातिर लुटेरा अजय उर्फ पकौड़ी पुत्र कुलदीप शर्मा उम्र 25 वर्ष भट्टा वाली गली कोटला रोड थाना उत्तर को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त से पूछा तो बताया की हम लोग रात में हाईवे किनारे खड़े ट्रकों के शीशे उतारकर चोरी व लूट की घटनाओं को अंजाम देते है। अभियुक्त अजय उर्फ पकोड़ी ने आगे बताया की में मोटरसाइकिल से पहले रोड पर खड़े ट्रकों की रेकी करता हूं फिर मौके अनुसार अपने साथियों को बुलाकर चोरी व लूट की घटनाए करते है।मेरे कुछ साथी सैलई रोड पर ऑटो लेकर खड़े है। जिसकी सूचना पर पुलिस टीम द्वारा अजय उर्फ पकोड़ी के सहभियुक्तों की अलग अलग स्थानों से गिरफ्तारी की गई। अभियुक्तों की निशानदेही पर लूट व चोरी का माल बरामद हुआ। अभियुक्त अजय उर्फ पकोड़ी शातिर किस्म का अपराधी है। जो अपने साथियों के साथ मिलकर लूट व चोरी की घटनाओं को अंजाम देता है इसका पुराना अपराधिक इतिहास रहा है।

## बहुचर्चित फारुख एनकाउंटर का हाईकोर्ट ने लिया संज्ञान

**मथुरा।** थाना हाईवे क्षेत्र की पॉश कॉलोनी में कंठी माला कारोबारी कृष्ण कुमार अग्रवाल व उनकी पत्नी कल्पना अग्रवाल की हत्या कर दी गई थी। इसके बाद घर में लूट हुई थी। मामले में पुलिस ने फारुख का एनकाउंटर किया था। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने इस एनकाउंटर का संज्ञान लिया है। मृतक फारुख की मां मुन्नी ने यह रिट दाखिल की है। भारत सरकार और उप्र राज्य सरकार को प्रतिवादी बनाया है। हाईकोर्ट ने 31 जनवरी को आदेश दिया कि दो सप्ताह के भीतर प्रतिवादी अपना जवाब दाखिल करें। 22 फरवरी को दोनों पक्षों की सुनवाई होगी। एनकाउंटर में ढेर फारुख की मां पिटीशनर मुन्नी के अधिवक्ता अमित खन्ना ने बताया कि रिट पिटीशन में एनकाउंटर को फर्जी बताते हुए उसकी सीबीआई जांच कराने की मांग की प्रार्थना हाईकोर्ट से की गई है। 31 को हाईकोर्ट ने रिट पर संज्ञान लेते हुए प्रतिवादी भारत सरकार और उप्र राज्य सरकार से दो सप्ताह में जवाब मांगा है। 13 फरवरी तक उन्हें हाईकोर्ट में जवाब दाखिल करना है। इसके बाद मुन्नी की ओर से जवाब दाखिल किया जाएगा। 22 फरवरी को हाईकोर्ट दोनों पक्षों की सुनवाई करेगा। बीते दिनों पूर्व हाईवे थाना क्षेत्र की गुरुकृपा कालोनी में 3 नवंबर 2023 की रात कंठी माला कारोबारी कृष्ण कुमार अग्रवाल व उनकी पत्नी कल्पना अग्रवाल पर घर में घुसकर हमला हुआ और दोनों की हत्या की गई।

# बीएसए को निरीक्षण में अनुपस्थित मिली शिक्षिका, रजिस्टर हाजिरी दर्ज थी

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुनील दत्त द्वारा बेसिक शिक्षा में सुधार हेतु स्कूलों में लगातार निरीक्षण किया जा रहा है।

प्राथमिक विद्यालय हयातपुर वि0ख0 बल्देव के किए गए निरीक्षण में विद्यालय में छात्र/छात्राओं के नामांकन 151 के सापेक्ष 125 छात्र-छात्राओं उपस्थिति पाये गये। विद्यालय में साफ-सफाई, रंगाई-पुताई नहीं थी।प्र0अ0/स0अ0 से जब उनके द्वारा पढ़ाये जाने वाले विषय व पाठ्यक्रम के बारे में पूछा गया तो उनके द्वारा संतोषजनक उत्तर नहीं दिये गये बच्चों का पठन-पाठन स्तर न्यून पाया गया।शिक्षण संदर्शिकाओं (पाठ्य योजना) के अनुसार पठन पाठन नहीं कराया जा रहा था। वहीं प्राथमिक विद्यालय किशनपुर-1 वि0ख0 बल्देव के निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के समय श्रीमती अन्जू (स0अ0) निरीक्षण के दौरान अनुपस्थिति पायी गयी, जबकि उक्त अध्यापिका द्वारा उपस्थिति पंजिका के कॉलम में हस्ताक्षर किये हुए थे साथ ही उपस्थिति पंजिका के सापेक्ष पत्र व्यवहार में अनुपस्थित होने का कारण भी दर्ज नहीं था। विद्यालय परिसर में साफ-सफाई नहीं मिली।प्राथमिक विद्यालय किशनपुर सेकंड स्कूल के निरीक्षण के दौरान प्र0अ0, स0अ0 से जब उनके द्वारा पढ़ाये जाने वाले विषय व पाठयक्रम के बारे में पूछा गया तो उनके द्वारा संतोषजनक उत्तर नहीं दिये गये बच्चों का पठन-पाठन स्तर न्यून पाया गया।उच्च प्राथमिक विद्यालय किशनुपर वि0ख0 बल्देव के निरीक्षण के समय विद्यालय में छात्र/छात्राओं के नामांकन 112 के सापेक्ष 37 छात्र-छात्राओं उपस्थिति पाये गये। विद्यालय के मुख्य द्वारा पर अंकित विद्यालय नाम के साथ यू-डायस कोड अंकित नहीं मिला। उच्च प्राथमिक विद्यालय ककरेटिया वि0ख0 राया के निरीक्षण के समय रंजीत सिंह (इं0प्र0अ0) निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाये गये तथा उपस्थिति पंजिका के पत्र व्यवहार में अंकित किया गया कि बी0आर0सी0 राया पर टेबलेट वितरण में सहयोग हेतु प्रार्थी बी0आर0सी0 राया जा रहा है, उक्त कार्य हेतु किसी भी अधिकारी का लिखित / मौखिक आदेश का उल्लेख / संलग्न नहीं किया गया। विद्यालय में छात्र/छात्राओं के नामाकन 58 के सापेक्ष 27 छात्र-छात्राओं उपस्थिति पाये गये। विद्यालय परिसर में साफ-सफाई एवं विद्यालय में रंगाई-पुताई नहीं थी एवं विद्यालय मुख्य द्वारा पर अंकित विद्यालय नाम के साथ यू-डायस कोड अंकित नहीं मिला।

### फर्जी शैक्षिक अभिलेखों से नौकरी कर रहे सात शिक्षक बर्खास्त

परिषदीय विद्यालयों में फर्जी शैक्षिक प्रमाण पत्रों से नौकरी पाने वाले सात और शिक्षकों बीएसए सुनील दत्त द्वारा बर्खास्त कर दिया गया है। इससे पहले जनवरी में नौ शिक्षकों को बर्खास्त किया गया था। जिनमें मलखान-प्रा.वि. भगवान गढ़ी, नौहझील, तेजवीर-प्रादि कमौरा, बलदेव, मेघराज सिंह-प्रावि चौकड़ा, मांट , सुधीर कुमार-प्रावि नगला लच्छी, चौमुहा रामबाबू-प्रा.वि. भैसारा मांट , योगेंद्र सिंह-प्रा.वि. खडेरा, बलदेव, साहब सिंह-प्रा. वि. खरंजवास-मांट हैं।

# प्रधान बाटी का जाति प्रमाण पत्र दूसरी बार निरस्त

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** जनपद की मथुरा ब्लॉक के ग्राम पंचायत वाटी के पद जो अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित था। जिस पर अनुसूचित जाति के व्यक्तियों ने चुनाव लड़ा जिनमें एक प्रत्याशी पाल बघेल गडरिया जाति के हैं व्यक्ति ने गैर जनपद से जारी हुए धनगर जाति प्रमाण पत्र के आधार पर चुनाव लड़ा और उसमें जीत हासिल कर ली थी। इस मामले में प्रधान पद पर दूसरे नंबर पर रहे प्रेमचंद पुत्र स्वर्गीय रामजीलाल जाटव निवासी ग्राम वाटी ने जिला प्रशासन और गाजियाबाद प्रशासन से संजय सिंह बघेल पुत्र दरियाब सिंह के के फर्जी जाति प्रमाण पत्र की शिकायत की गई।

जांच के बाद गाजियाबाद की तहसील सदर से जारी 7 जुलाई 2014 के धनगर जाति प्रमाण पत्र को फर्जी और कूट रचित मानते हुए 20 फरवरी 2023 को जिला स्तरीय स्कूटनी समिति ने संजय सिंह बघेल के जाति प्रमाण पत्र को निरस्त कर दिया। इस आदेश को लेकर संजय सिंह बघेल ने उच्च न्यायालय में रिट दाखिल कर स्कूटनी समिति पर आरोप लगाया था । बिना सुने एक तरफ आदेश किया गया है। उच्च न्यायालय पुनः स्कूटनी समिति गठित कर दोनों पक्षों को सुनने के लिए निर्देशित किया गया। जिस पर गाजियाबाद जिला प्रशासन में स्कूटनी समिति में सुनवाई के उपरांत 30 जनवरी 2024 को संजय सिंह बघेल के जाति प्रमाण पत्र धनगर जाति को असंवैधानिक और फर्जी कुटरचित मानते हुए निरस्त कर दिया है। शिकायतकर्ता प्रेमचंद ने गाजियाबाद के आदेश को संलग्न करते हुए जिलाधिकारी मथुरा और जिला पंचायत राज अधिकारी मथुरा को दिए प्रार्थना पत्र में संजय सिंह बघेल को ग्राम पंचायत बाटी के प्रधान पद से बर्खास्त करने की मांग की है। इस संबंध में जिला पंचायत राज अधिकारी किरण चौधरी ने बताया मामला उनके संज्ञान में है आगे की कार्रवाई जिला अधिकारी के माध्यम से होगी जिसके लिए जिलाधिकारी के समक्ष प्रकरण को रखा जा रहा है जिस पर आदेश मिलने पर प्रधान के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। जानकारी के अनुसार प्रधान संजय सिंह बघेल के विरुद्ध धोखाधड़ी और एससी एसटी एक्ट का मामला बिचाराधीन है जिस पर प्रधान ने अपने राजनेतिक प्रभाव के चलते फाइनल रिपोर्ट लगवा ली थी ।

# केएम के दो दिवसीय स्वास्थ्य कैम्प में स्कूली बच्चे हुए लाभान्वित

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** केएम सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल द्वारा दो दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर गोवर्धन विस के अड़ींग और आन्यौर कस्बे के डीपीएस स्कूल और श्री गोविन्दराम कन्हैया लाल विद्या मंदिर लगाया गया जिसमें सैकड़ों बच्चे लाभान्वित हुए। इस दौरान केएम के चिकित्सक डा. निहारिका, डा. मिरनाल ने स्वास्थ्य की जांच कर उपयोगी परामर्श और आवश्यक दवाईयां बांटी। बच्चों को स्वच्छ और स्वस्थ रहने के टिप्स भी दिए। कृष्ण मोहन विश्वविद्यालय के कुलाधिपति एवं जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी का संकल्प अब शिक्षा एवं बीमारी के खर्च से चिंतामुक्त हो मेरे ब्रजवासी के संचलित अभियान के तहत केएम हास्पिटल की प्रचार-प्रसार टीम ने पहले दिन अडींग गांव स्थित डीपीएस स्कूल में कैम्प लगाया तथा दूसरे दिन आन्यौर के गोविन्दराम कन्हैया लाल विद्या मंदिर में लगाया। यहां निःशुल्क स्वास्थ्य कैम्प शिविर में विद्यालयों के छात्र-छात्राओं, ग्रामीणों का निःशुल्क आंख, कान, गला, नाक हड्डी, महिला रोग अन्य की जांच की गयी तथा निःशुल्क दवा का वितरण किया गया। इस दौरान स्कूली बच्चों के साथ-साथ आसपास के लोगों ने भी शिविर का लाभ उठाया। स्वास्थ्य शिविर में विद्यालयों के 300 से ज्यादा बच्चों का आंख, कान, नाक, दांत सहित उनके सामान्य स्वास्थ्य की निशुल्क जांच के बाद संबंधित बीमारी की दवाई भी दी गई। इस मौके पर डीपीएस स्कूल के प्रिंसीपल महेश चन्द यादव, वाइस प्रिंसीपल रवि शंकर तथा गोविन्दराम कन्हैयालाल मंदिर के प्रिंसीपल गोविन्दराम के अलावा नर्सिंग स्टाफ में अमरपाल एवं प्रचार-प्रसार टीम के दीपक कंसल, पीआरओ हरिओम, हेमंत, सोनू मौजूद रहे।केएम के दो दिवसीय स्वास्थ्य कैम्प में सैकड़ों स्कूली बच्चे लाभान्वित हुए।

# मेसी के रहते इंटर मियामी को पेनल्टी शूटआउट में मिली हार, विस्सेल कोबे की बेहतरीन जीत

लियोनेल मेसी विस्सेल कोबे के खिलाफ इंटर मियामी के प्रदर्शनी मैच के आखिरी 30 मिनट के लिए मैदान में उतरे लेकिन उनकी मौजूदगी टीम को जीत नहीं दिला सकी। मेसी के पास बुधवार को खेले गये इस मैच में गोल करने के दो मौके थे लेकिन उनका दोनों प्रयास विफल हो गया। हांगकांग में फैंस को निराश करने के बाद लियोनेल मेसी विस्सेल कोबे के खिलाफ इंटर मियामी के प्रदर्शनी मैच के आखिरी 30 मिनट के लिए मैदान में उतरे लेकिन उनकी मौजूदगी टीम को जीत नहीं दिला सकी। मेसी के पास बुधवार को खेले गये इस मैच में गोल करने के दो मौके थे लेकिन उनका दोनों प्रयास विफल हो गया।



मैच के 80वें मिनट में गोलकीपर शोता आरिया ने उनके प्रयास को विफल कर दिया जबकि उनके दूसरे प्रयास को विस्सेल कोबे की रक्षापंक्ति ने असफल कर दिया। नियमित समय में मुकाबला गोलरहित छूटने के बाद पेनल्टी शूटआउट में विस्सेल कोबे ने 4-3 से जीत दर्ज की। मेस्सी ने हालांकि पेनल्टी किक नहीं लगाया जिससे स्टेडियम में मौजूद लगभग 29 हजार दर्शक ने निराशा में हूटिंग की।यह हूटिंग हालांकि हांगकांग सेकम थी जहां प्रदर्शनी मैच में मेसी मैदान पर नहीं उतरे थे। वहां मेसी और इंटर मियामी को नाराज प्रशंसकों और सरकार दोनों की तीखी प्रतिक्रिया का सामना करना पड़ा था। मेसी ने मंगलवार को ही संकेत दिया था कि वह चोट से उबर कर अच्छा महसूस कर रहे हैं और फिटनेस हासिल कर इस मैच के लिए मैदान पर उतरेंगे। इंटर मियामी के कोच गेरार्डो मार्टिनो ने कहा मंगलवार शाम को अभ्यास के बाद, उन्होंने (मेस्सी) कहा कि वह अच्छा महसूस कर रहे हैं और हम सहमत हुए कि वह 30 मिनट खेलेंगे। उन्होंने हालांकि यह नहीं बताया कि मेस्सी ने पेनल्टी क्यो नहीं लगायी। कोच ने कहा, मैच खत्म होने के बाद अब हम बहुत संतुष्ट हैं क्योंकि मेस्सी बहुत सहज दिख रहे थे। हांगकांग सरकार ने इस मैच के तुरंत बाद सवाल किया कि मेस्सी जापान में कैसे खेल पाए औरकुछ दिन पहले हांगकांग में क्यों नहीं खेल सके थे। हांगकांग संस्कृति, खेल और पर्यटन कार्यालय ने कहा, सरकार को उम्मीद है कि आयोजक और टीमें हांगकांग के लोगों को उचित स्पष्टीकरण देने के साथ उनके सवालों का समाधान कर पायेंगे।

## तीसरे टेस्ट में रविंद्र जडेजा की होगी वापसी?

15 फरवरी से राजकोट में भारत और इंग्लैंड के बीच राजकोट में तीसरा टेस्ट खेला जाएगा। राजकोट भारतीय स्टार ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा का घरेलू मैदान है। इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में जडेजा हैमस्ट्रिंग के चलते बाहर हो गए थे। फिलहाल मौजूदा समय में वो एनसीए में हैं, जहां वो अपनी चोट से उबर रहे हैं। भारत और इंग्लैंड के बीच 15 फरवरी से राजकोट में तीसरा टेस्ट खेला जाएगा। राजकोट भारतीय स्टार ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा का घरेलू मैदान है। इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में जडेजा हैमस्ट्रिंग के चलते बाहर हो गए थे। फिलहाल मौजूदा समय में वो एनसीए में हैं, जहां वो अपनी चोट से उबर रहे हैं। वहीं अब उनके तीसरे टेस्ट में खेलने को लेकर बड़ा अपडेट आया है। बता दें कि, बीसीसीआई जल्द ही इंग्लैंड के खिलाफ आखिरी तीन टेस्ट मुकाबलों के लिए भारतीय स्क्वॉड का ऐलान करेगा। वहीं बीसीसीआई अधिकारियों के हवाले से इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट में बताया गया है कि ज्यादा संभावना है कि रविंद्र जडेजा तीसरे टेस्ट में खेलने के लिए उपलब्ध रहेंगे।

# एमबापे ने दागा गोल, ब्रेस्ट को हराकर पीएसजी फ्रेंच कप के क्वार्टर फाइनल में पहुंचा

अन्य मुकाबलों में सात बार के फ्रांस के चैंपियन लियोन ने लिली के खिलाफ 2-1 से जीत के साथ क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की की। नीस ने मोंटपेलियर को 4-1 से शिकस्त देकर अंतिम आठ में जगह बनायी।

किलियान एमबापे ने मौजूदा सत्र का अपना 30वां गोल दागा जिससे पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) ने ब्रेस्ट पर 3-1 से जीत के साथ फ्रेंच कप फुटबॉल के क्वार्टर फाइनल अपनी जगह पक्की की। इस जीत के साथ ही टीम का अजेय क्रम 15 मैचों तक पहुंच गया। पीएसजी के साथ जून में मौजूदा अनुबंध के खत्म होने के बाद रीयल मैड्रिड जाने की अटकलों के बीच एमबापे इस सत्र में शानदार लय में है। 'ओप्टा' के आंकड़ों के मुताबिक फ्रेंच कप के 28 मैचों में उन्होंने 35 गोल किये हैं और 15 गोल में दूसरे खिलाड़ियों की मदद की है। पिछले चार मैचों में



उन्होंने 11 गोल दागे हैं। उन्होंने मैच के 34वें मिनट में टीम का खाता खोला जिसके तीन मिनट के बाद डानिलो परेरा ने टीम की बढ़त को दोगुना कर दिया।

मध्यांतर के बाद एमबापे टीम को 3-0 से आगे करने से चूक गये जब उनका प्रयास क्रॉसबार से टकराकर विफल हो गया। स्टीव मौनी ने 65वें मिनट में गोल कर ब्रेस्ट की वापसी कराई लेकिन कोनकालोस रामोस ने आखिरी क्षणों (90+दो मिनट) में पीएसजी को 3-1 से आगे कर दिया। अन्य मुकाबलों में सात बार के फ्रांस के चैंपियन लियोन ने लिली के खिलाफ 2-1 से जीत के साथ क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की की। नीस ने मोंटपेलियर को 4-1 से शिकस्त देकर अंतिम आठ में जगह बनायी।

# मोहमद शमी ने पूर्व पाक क्रिकेटर को लताड़ा, वर्ल्ड कप के दौरान भारतीय पेसर पर किया था कमेंट

शमी ने वनडे वर्ल्ड कप 2023 के दौरान हसन रजा द्वारा किए गए कमेंट पर पलटवार किया है। बता दें कि, वर्ल्ड कप के दौरान शमी और सिराज की गेंदबाजी को लेकर रजा ने कहा था कि, आईसीसी या भारतीय गेंदबाजों को खास तरह की गेंद उपलब्ध करा रहे थे।

भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी अपनी बेहतरीन गेंदबाजी के लिए जाने जाते हैं। वहीं इन दिनों शमी पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर हसन रजा को लताड़ते हुए नजर आए हैं। दरअसल, उन्होंने वनडे वर्ल्ड कप 2023 के दौरान हसन रजा द्वारा किए गए कमेंट पर पलटवार किया है। बता दें कि, वर्ल्ड कप के दौरान शमी और सिराज की गेंदबाजी को लेकर रजा ने कहा था कि, आईसीसी या भारतीय गेंदबाजों को खास तरह की गेंद उपलब्ध करा रहे थे।



बता दें कि, पिछले साल वनडे वर्ल्ड कप का आयोजन भारत में हुआ था। इस टूर्नामेंट में भारतीय टीम का बेहतरीन प्रदर्शन रहा, साथ ही टीम के गेंदबाजों ने दुनिया को अपनी गेंदबाजी से प्रभावित किया। जिस पर पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर हसन रजा ने एक टीवी शो में कहा था कि, आईसीसी या बीसीसीआई भारतीय गेंदबाजों को खास तरह की गेंद उपलब्ध करा रहा था, जिससे भारतीय पेसर्स को बल्लेबाजी के मुफीद विकेट पर भी दूसरे देशों के गेंदबाजों की तुलना में ज्यादा स्विंग मिल रही थी। हसन रजा ने मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में भारत और श्रीलंका के बीच खेले गए मैच के बाद कहा था कि, ऐसा लगता है कि गेंद दूसरी पारी में बदल जाती है। मुझे लगता है कि आईसीसी, अंपायर या बीसीसीआई भारतीय तेज गेंदबाजों को अलग गेंद दे रहे हैं। पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम ने 350 रन बनाए और लक्ष्य का पीछा करने वाली टीम की तो हालत खराब हो गई और वो पूरी तरह पिछड़ गई। जिस तरह शमी ने अपनी पहली गेंद फेंकी। यहां तक कि एंजेलो मैथ्यूज भी हैरान रह गए थे। जब हम खेल रहे थे, तो केवल एक गेंद का इस्तेमाल होता था और स्विंग के साथ-साथ रिवर्स स्विंग भी होती थी। जिस मुकाबले की बात रजा कर रहे थे उसमें भारत ने 8 विकेट के नुकसान पर 357 रन बनाए थे। जबकि विपक्षी टीम श्रीलंका 55 रन पर ही ढेर हो गई थी। भारत ने 302 रन से मैच अपने नाम किया था। रजा के इस बयान पर शमी ने कहा कि, लगता है कि पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर को भारतीय गेंदबाजों के प्रदर्शन से जलन हो रही थी।

शमी ने एक न्यूज चैनल से बात करते हुए कहा कि, असल में उन्होंने क्रिकेट को मजाक बना दिया क्योंकि हम एक-दूसरे की कामयाबी का आनंद नहीं लेते हैं। जब आपकी तारीफ होती है तो आप खुश हो जाते हैं, लेकिन जब आप हारते हैं तो आपको लगता है कि आपके साथ चीटिंग हो गई है। रजा जिस समय की बात कर रहे हैं उस समय के रिकॉर्ड पर अगर नजर डालें तो हम तब भी टीम का हिस्सा रहे हैं और आप उन्हें आसपास भी नहीं पाएंगे। जलन पूरी तरह दिखती है। इतना जलने से कौन से नतीजे मिलने वाले हैं।

# मेसी के रहते इंटर मियामी को पेनल्टी शूटआउट में मिली हार, विस्सेल कोबे की बेहतरीन जीत

लियोनेल मेसी विस्सेल कोबे के खिलाफ इंटर मियामी के प्रदर्शनी मैच के आखिरी 30 मिनट के लिए मैदान में उतरे लेकिन उनकी मौजूदगी टीम को जीत नहीं दिला सकी। मेसी के पास बुधवार को खेले गये इस मैच में गोल करने के दो मौके थे लेकिन उनका दोनों प्रयास विफल हो गया।

हांगकांग में फैंस को निराश करने के बाद लियोनेल मेसी विस्सेल कोबे के खिलाफ इंटर मियामी के प्रदर्शनी मैच के आखिरी 30 मिनट के लिए मैदान में उतरे लेकिन उनकी मौजूदगी टीम को जीत नहीं दिला सकी। मेसी के पास बुधवार को खेले गये इस मैच में गोल करने के दो मौके थे लेकिन उनका दोनों प्रयास विफल हो गया।

मैच के 80वें मिनट में गोलकीपर शोता आरिया ने उनके प्रयास को विफल कर दिया जबकि उनके दूसरे प्रयास को विस्सेल कोबे की रक्षापंक्ति ने असफल कर दिया। नियमित समय में मुकाबला गोलरहित छूटने के बाद पेनल्टी शूटआउट में विस्सेल कोबे ने 4-3 से जीत दर्ज की। मेस्सी ने हालांकि पेनल्टी किक नहीं लगाया जिससे स्टेडियम में मौजूद लगभग 29 हजार दर्शक ने निराशा में हूटिंग की। यह हूटिंग हालांकि हांगकांग से कम थी जहां प्रदर्शनी मैच में मेसी मैदान पर नहीं उतरे थे। वहां मेसी और इंटर मियामी को



नाराज प्रशंसकों और सरकार दोनों की तीखी प्रतिक्रिया का सामना करना पड़ा था।

मेसी ने मंगलवार को ही संकेत दिया था कि वह चोट से उबर कर अच्छा महसूस कर रहे हैं और फिटनेस हासिल कर इस मैच के लिए मैदान पर उतरेंगे। इंटर मियामी के कोच गेरार्डो मार्टिनो ने कहा मंगलवार शाम को अभ्यास के बाद, उन्होंने (मेस्सी) कहा कि वह अच्छा महसूस कर रहे हैं और हम सहमत हुए कि वह 30 मिनट खेलेंगे। उन्होंने हालांकि यह नहीं बताया कि मेस्सी ने पेनल्टी क्यो नहीं लगायी। कोच ने कहा, मैच खत्म होने के बाद अब हम बहुत संतुष्ट हैं क्योंकि मेस्सी बहुत सहज दिख रहे थे। हांगकांग सरकार ने इस मैच के तुरंत बाद सवाल किया कि मेस्सी जापान में कैसे खेल पाए औरकुछ दिन पहले हांगकांग में क्यों नहीं खेल सके थे। हांगकांग संस्कृति, खेल और पर्यटन कार्यालय ने कहा, सरकार को उम्मीद है कि आयोजक और टीमें हांगकांग के लोगों को उचित स्पष्टीकरण देने के साथ उनके सवालों का समाधान कर पायेंगे।

# फिल्म में कृति सेनन और शाहिद कपूर इंटीमेट सीन्स पर सेंसर ने चलाई कैंची, कुछ सीन पर जताया ऑब्जेक्शन

तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया को सेंसर बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन से यू/ए सर्टिफिकेट मिला है। सीबीएफसी ने फिल्म में कुछ बदलाव का भी सुझाव दिया है। इनमें अंतरंग दृश्यों को कम करना भी शामिल है।

कृति सेनन और शाहिद कपूर की स्टारर फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया 9 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है। यह एआई तकनीक को प्रदर्शित करने वाली फिल्म है जिसमें शाहिद और कृति मुख्य भूमिका निभाते नजर आएंगे। रिलीज से पहले फिल्म को सेंसर बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन से/सर्टिफिकेशन मिला था। हालांकि, सीबीएफसी ने फिल्म में कुछ बदलावों का भी सुझाव दिया है, जिसमें कुछ अंतरंग दृश्यों को कम करना भी शामिल है।



केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड ने तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया में कुछ अंतरंग दृश्यों को काटने का सुझाव दिया है। बोर्ड की गाइडलाइन के मुताबिक, फिल्म से 25 फीसदी तक इंटीमेट सीन हटाने होंगे. पहले तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया में 36 सेकेंड का इंटीमेट सीन था जिसे अब घटाकर 27 सेकेंड कर दिया गया है।

तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया के दूसरे भाग में दारू (शराब) शब्द का इस्तेमाल किया गया है, जिसे ड्रिंक शब्द से बदलने का सुझाव दिया गया है। इसके अलावा सीबीएफसी ने निर्माताओं से बड़े फॉन्ट में हिंदी में धूम्रपान विरोधी संदेश लिखने को भी कहा है। इन सभी बदलावों के बाद बोर्ड ने इस रोमांटिक ड्रामा फिल्म को/ सर्टिफिकेशन दे दिया है।

सीबीएफसी के तमाम कट्स और बदलावों के बाद अब शाहिद-कृति स्टारर इस फिल्म का रन टाइम 2 घंटे 23 मिनट और 15 सेकंड हो गया है। अमित जोशी और आराधना शाह द्वारा निर्देशित इस फिल्म में शाहिद कपूर और कृति सेनन मुख्य भूमिका में हैं। शाहिद कपूर इतने लंबे समय के बाद रोमांटिक कॉमेडी में नजर आने वाले हैं, जबकि कृति सेनन एआई रोबोट की भूमिका निभाएंगी। यह फिल्म 9 फरवरी 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# जन्मदिन पर निरहुआ की फिल्म का फर्स्ट लुक जारी, जन नायक की भूमिका में नजर आए अभिनेता

भोजपुरी अभिनेता और सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ आज अपना 45वां जन्मदिन मना रहे हैं। आज उनके जन्मदिन पर भोजपुरी फिल्म निरहुआ हाजिर हो के निर्माता ने फिल्म का फर्स्ट लुक जारी किया। 2 फरवरी 1979 को उत्तर प्रदेश गाजीपुर जिले के टंडवा गांव में जन्मे दिनेश लाल यादव निरहुआ की ज्यादातर फिल्में निरहुआ के नाम पर बनी है और सफल रही हैं। चाहे वह निरहुआ रिक्शा वाला, निरहुआ हिंदुस्तानी, निरहुआ चलल लंदन, निरहुआ चलल ससुराल आदि फिल्में हो।

भोजपुरी अभिनेता और सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ के जन्मदिन पर फिल्म निरहुआ हाजिर हो के निर्माता उमाशंकर प्रसाद ने फिल्म का फर्स्ट लुक लांच किया। फिल्म के फर्स्ट लुक में दिनेश लाल यादव निरहुआ हाथ में फाइल लिए जनता का अभिवादन करते नजर आ रहे है। यह फिल्म एक जन नायक के संघर्ष की कहानी है। बताया जा रहा है दिनेश लाल यादव निरहुआ की जिस तरह की छवि जनता के बीच हैं, उसी छवि को ध्यान में




रखकर फिल्म की कहानी लिखी गई है।

भोजपुरी फिल्म निरहुआ हाजिर हो के बारे में दिनेश लाल यादव निरहुआ कहते हैं, सबसे पहले फिल्म के निर्माता और निर्देशक का आभार व्यक्त करता हूं कि आज मेरे जन्मदिन पर फिल्म का फर्स्ट लुक लांच किया है। यह फिल्म कहीं ना कहीं जनता और सिस्टम के बीच की कहानी है, जिसमें मेरा किरदार बेहद शानदार है। इस फिल्म का निर्माण बहुत ही भव्यता के साथ किया गया है इसलिए मैं भोजपुरी के तमाम दर्शकों से आग्रह करूंगा कि यह फिल्म जब भी रिलीज हो आप सभी सिनेमाघरों में जाकर फिल्म का लुत्फ उठाएं।

फिल्म का निर्देशन मनोज नारायण ने किया है। वह कहते हैं, फिल्म निरहुआ हाजिर हो की कहानी पूरी तरह से दिनेश लाल यादव निरहुआ पर फिट बैठती है। वह जितने जमीन से जुड़े इंसान हैं और उतने ही बेहतरीन कलाकार भी हैं। उनकी यह खूबी उनके अभिनय में भी नजर आती है जो इस फिल्म में दर्शको को देखने को मिलेगा। यह हमारा सौभाग्य है कि उन्होंने समय निकालकर हमारे साथ काम करना स्वीकार किया और आज हम एक अच्छा फिल्म लेकर जल्द ही दर्शकों के समक्ष हाजिर होने वाले हैं।

भोजपुरी फिल्म निरहुआ हाजिर हो में दिनेश लाल यादव निरहुआ के साथ अभिनेत्री प्रियंका रेवाड़ी नजर आएंगी। फिल्म में दिनेश लाल यादव निरहुआ और प्रियंका रेवाड़ी के अलावा सुदीक्षा झा, अयाज खान, साहिल शेख, रणजीत सिंह, माही सिंह, अमृत जायसवाल, साजिद खान, पल्लवी कोहली की मुख्य भूमिकाएं हैं। फिल्म के संगीतकार मधुकर आनंद और गीत आशुतोष तिवारी, अमिताभ रंजन, अजय बच्चन, झूलन झील, सत्या सावरकर ने लिखे हैं।

# सुष्मिता सेन की बेटी रेनी के साथ पार्टी में पहुंचे मुनव्वर फारुकी, दोनों को साथ देखकर लोग हुए हैरान, कहा- वो वहां क्या कर रही है?

पिछले महीने संपन्न हुए बिग बॉस 17 के विजेता के रूप में उभरने के बाद से मुनव्वर फारुकी सुर्खियां बटोर रहे हैं। बुधवार रात मुनव्वर को एक पार्टी में स्टाइल में पहुंचते देखा गया। वह ऑफ-व्हाइट को-ऑर्ड सेट में हमेशा की तरह हैंडसम लग रहे थे, जिसे उन्होंने मैचिंग स्नीकर्स की एक जोड़ी के साथ पहना था। बिग बॉस 17 के विजेता मुनव्वर फारुकी के लिए एक और पार्टी आयोजित की गयी। 7 फरवरी की रात मुंबई में एक पार्टी आयोजित की गई और इसमें भारतीय मनोरंजन उद्योग के लोकप्रिय नाम शामिल हुए। मुनव्वर फारूकी ने पार्टी में आते ही पपराज़ी के लिए पोज़ दिया। उन्हें सुष्मिता सेन की बेटी रेनी सेन के साथ पोज देते हुए स्पॉट किया गया था। पार्टी में ओरी भी शामिल हुए। पार्टी में अन्य मेहमानों में सुजैन खान और उनके बॉयफ्रेंड अर्सलान गोनी, अभिनेता वाणी कपूर, तारा सुतारिया और मंदिरा बेदी शामिल थे। पिछले महीने संपन्न हुए बिग बॉस 17 के विजेता के रूप में उभरने के बाद से मुनव्वर



फारुकी सुर्खियां बटोर रहे हैं। बुधवार रात मुनव्वर को एक पार्टी में स्टाइल में पहुंचते देखा गया। वह ऑफ-व्हाइट को-ऑर्ड सेट में हमेशा की तरह हैंडसम लग रहे थे, जिसे उन्होंने मैचिंग स्नीकर्स की एक जोड़ी के साथ पहना था। हालाँकि, जिस चीज़ ने सभी का ध्यान खींचा वह रात के लिए मुनव्वर की कंपनी थी। पार्टी में मुनव्वर एक्टर सुष्मिता सेन की बेटी रेनी सेन के साथ पहुंचे। दोनों एक ही कार में कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे।

मुनव्वर और रेनी के साथ सोशल मीडिया सेंसेशन ओरी उर्फ ओरहान अवत्रामानी भी शामिल हुए। आउटिंग के लिए रेनी ने इसे कैज़ुअल रखा। उन्होंने पीच स्ट्रैपी क्रॉप टॉप और ब्लू डेनिम पहना था और हाई हील्स के साथ अपने लुक को पूरा किया था। हालांकि मुनव्वर और रेनी एक साथ पहुंचे, लेकिन उन्होंने पपराज़ी के लिए एक साथ पोज़ नहीं दिया।

कहने की जरूरत नहीं है, नेटिज़न्स उन्हें एक साथ देखकर आश्चर्यचकित थे। एक ने कमेंट किया, सुष्मिता सेन की बेटी उनके साथ क्या कर रही है? एक अन्य ने पूछा, सुष्मिता सेन की बेटी वहां क्यों है?÷ एक तीसरे यूजर ने लिखा, वह रेनी है? सुष्मिता सेन की बेटी? रेनी ने अपने अभिनय की शुरुआत 2021 में सुट्टाबाजी नामक लघु फिल्म से की। उन्होंने सुष्मिता की वेब सीरीज ताली में महामृत्युंजय मंत्र को भी अपनी आवाज दी थी। अभिनय में कदम रखने के बारे में वोग इंडिया से बात करते हुए रेनी ने कहा था, मैं अपने जूते खुद बनाऊंगी और उन्हें भरूंगी। मैं अपनी मां का प्रतिरूप नहीं हूं, इसलिए मैं उनकी दूसरी तरह नहीं बनना चाहता। हम सभी व्यक्ति हैं, और वह हमेशा हमें अपना व्यक्ति बनने के लिए प्रोत्साहित करती है अपनी राय रखें और किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाए बिना सम्मानपूर्वक अपनी राय साझा करें। इस बीच, मुनव्वर फारुकी ने हाल ही में बिग बॉस 17 जीतने के बाद मुंबई में अपने दोस्तों के लिए एक अंतरंग पार्टी की मेजबानी की। पार्टी के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए।

# क्या एकता कपूर के शो में मुख्य भूमिका निभाएंगी अंकिता लोखंडे? अभिनेत्री की आयी प्रतिक्रिया

ऐसी खबरें आई हैं कि एकता कपूर के शो में मुख्य भूमिका निभाने के लिए अंकिता लोखंडे को फाइनल कर लिया गया है। अब इस खबर पर अंकिता ने रिएक्ट किया है। बिग बॉस 17 खत्म होने के बाद से ही अंकिता लोखंडे चर्चा का विषय बनी हुई हैं। महिला बिग बॉस 17 की सबसे पसंदीदा प्रतियोगियों में से एक रही है। बिग बॉस में उनकी अद्भुत यात्रा को देखते हुए कई लोगों ने उन्हें विजेता माना था। अंकिता ने अपने पति विक्की जैन के साथ प्रवेश किया और हमने देखा कि इस जोड़े के लिए चीजें कितनी खराब हो गईं। उनकी शादी और निजी जिंदगी शहर में चर्चा का विषय बनी रही। जबकि अंकिता अभी भी बिग बॉस 17 का हिस्सा थीं, उनके एकता कपूर के शो, नागिन 7 को हासिल करने की खबरें आने लगीं। ऐसा कहा जा रहा था कि वह नागिन 7 में मुख्य भूमिका निभाएंगी। अब, पिंकविला से बात करते हुए, अंकिता ने नागिन 7 में शामिल होने की अफवाहों पर



प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि उनसे नागिन 7 के लिए संपर्क नहीं किया गया है और वह शो नहीं कर रही हैं। इससे पहले, रिपोर्टों में यह भी कहा गया था कि शो में मुख्य भूमिका निभाने के लिए अंकित गुप्ता से संपर्क किया गया है। हालाँकि, इस बारे में कोई पुष्टि नहीं है। कथित तौर पर अंकित गुप्ता और अंकिता लोखंडे से जुड़ने के लिए अभिषेक कुमार से भी संपर्क किया गया था। अभिषेक ने इस शो के लिए संपर्क किये जाने से भी इनकार किया है. हालाँकि, कथित तौर पर उन्हें रोहित शेट्टी की खतरों के खिलाड़ी 14 के लिए संपर्क किया गया है। वह मन्नारा चोपड़ा के साथ एक संगीत वीडियो भी कर रहे हैं। अंकिता लोखंडे वीर सावरकर नाम की फिल्म में रणदीप हुडा के साथ नजर आएंगी। यह फिल्म इसी साल 22 मार्च को रिलीज होने के लिए तैयार है। बिग बॉस 17 की बात करें तो मुनव्वर फारुकी ने शो जीता जबकि अभिषेक कुमार शो के फर्स्ट रनर अप बने। मन्नारा चोपड़ा शो की सेकेंड रनर अप हैं। चौथे स्थान पर अंकिता लोखंडे और पांचवें स्थान पर अरुण मैशेट्टी रहे। अभिषेक कुमार ने बिग बॉस 17 रीयूनियन पार्टी की मेजबानी की थी। मुनव्वर फारुकी, आयशा खान, ओरी, जिग्ना वोरा, नवीद सोले, मन्नारा चोपड़ा और अन्य लोग पार्टी में शामिल हुए और वीडियो, तस्वीरें इंटरनेट पर वायरल हो गई हैं।

# सभी बॉर्डर 24 घंटे के लिए सील- भारी फोर्स तैनात

# संसद भवन का घेराव करने के लिए दिल्ली कूच

**घिराव**

**किसानों के प्रदर्शन के चलते नोएडा और दिल्ली में कई मार्गो पर यातायात प्रभावित**

एजेंसी



**नोएडा।** अपनी मांगों को लेकर नोएडा और ग्रेटर नोएडा के किसान कई दिनों से धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। गुरुवार को संसद का घिराव करने दिल्ली कूच करेंगे। माना जा रहा है कि बहुत बड़ी संख्या में किसान चिल्ला बॉर्डर पहुंचेंगे और वहां से दिल्ली की तरफ आगे बढने् का प्रयास करेंगे। वहीं दूसरी तरफ, दिल्ली पुलिस ने उन्हें रोकने के लिए व्यापक इंतजाम किए हैं। चिल्ला बॉर्डर से किसानों को आगे आने नहीं दिया जाएगा। किसानों के प्रदर्शन के चलते नोएडा और दिल्ली में कई मार्गों पर यातायात प्रभावित हो रहा है। सड़कों पर लंबे जाम के चलते लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

मिली जानकारी के मुताबिक, मांगों को लेकर करीब 60 दिन से धरने पर बैठे तीन संगठनों के किसान दिल्ली कूच करेंगे। चिल्ला बार्डर से होते हुए ये सभी किसान दिल्ली में प्रवेश करेंगे। दोपहर करीब एक बजे किसान महामाया फ्लाई ओवर के नीचे एकत्रित होंगे। यहां से ट्रैक्टर और पैदल मार्च करते हुए आगे बढ़ेंगे। यदि बीच में किसी ने रोका तो चिल्ला बार्डर पर जाम लगाकर धरना शुरू किया जाएगा।

किसान अलग-अलग मांगो को लेकर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। जिनमे अंसल बिल्डर के खिलाफ धरना दे रहे जय जवान जय किसान संगठन के किसान शामिल हैं। साथ ही ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के खिलाफ अखिल भारतीय किसान सभा के किसान शामिल हैं। वही एनटीपीसी के खिलाफ भारतीय किसान परिषद संगठन नोएडा प्राधिकरण पर भारतीय किसान परिषद संगठन इस कूच में शामिल होंगे।

किसानों के इस प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस ने पहले ही ट्रेफिक एडवाइजरी जारी कर दी है और कई रूट पर डायवर्सन लागू कर दिया है। गोलचक्कर चौक सेक्टर-15 से संदीप पेपर मिल चौक होकर झुंडपुरा चौक की ओर जाने वाला यातायात रजनीगंधा चौक होकर गंतव्य को जा सकेगा। झुंडपुरा चौक से संदीप पेपर मिल चौक होकर गोलचक्कर चौक सेक्टर-15 की ओर जाने वाला यातायात सेक्टर-8,10,11,12 चौक होकर गंतव्य को जा सकेगा।

संदीप पेपर मिल चौक से हरौला चौक होकर जाने वाला यातायात रोहन मोटर्स तिराहा, आईजीएल चौक सैक्टर-01 से गोलचक्कर चौक अथवा अशोक नगर होकर गंतव्य को जा सकेगा। हरौला चौक से संदीप पेपर मिल चौक की जाने वाला यातायात हरौला चौक से सेक्टर-16 मार्किट कट होकर गंतव्य को जा सकेगा। गोलचक्कर चौक से रजनीगंधा चौक होकर सैक्टर-18, 27, 37 की ओर जाने वाला यातायात यथावत गंतव्य को जा सकेगा। नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे से अथवा एमपी-1 मार्ग से डीएनडी होकर दिल्ली की ओर जाने वाला यातायात डीएनडी पर यातायात अवरोध उत्पन्न होने की स्थिति में चिल्ला रेड लाईट से गंतव्य को जा सकेगा।

# ज्वालाजी को करोड़ों रुपए की सौगात

## लुथान में सुखाश्रय आदर्श ग्राम परिसर का शिलान्यास

एजेंसी



**शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू वीरवार को ज्वालामुखी विधानसभा क्षेत्र के दौरे के दौरान करोड़ों रुपये के विकास कार्यों के उद्घाटन व शिलान्यास करेंगे। इसके साथ ही अंब पठियार में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में भी भाग लेंगे। सुक्खू आठ फरवरी को 11.55 बजे लुथान में नौ करोड़ 32 लाख की लागत से निर्मित होने वाले सुखाश्रय आदर्श ग्राम परिसर का शिलान्यास करेंगे। दोपहर 12.30 बजे अंब पठियार में एचपी शिवा प्रोजेक्ट के तहत 27 करोड़ 30 लाख की लागत से बनने वाली सिंचाई योजना का शिलान्यास, भड़ोली तथा ज्वालामुखी क्षेत्र के लिए 5 करोड़ नब्बे लाख की लागत से निर्मित होने वाले नौ नलकूपों के कार्य का शिलान्यास, बानुए-दा-खूह में 5 करोड़ की लागत से निर्मित होने वाले राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल के भवन का नींव पत्थर भी रखेंगे।

इसके अलावा 38 करोड़ 17 लाख रुपये की लागत से उठाऊ पेयजल योजनाओं के सुधारीकरण कार्य का लोकार्पण भी करेंगे। डिग्री कालेज ज्वालामुखी में सात करोड़ 81 लाख से निर्मित होने वाले हाल का शिलान्यास भी करेंगे। इसके बाद अंब पठियार में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में सुक्खू मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। इसके उपरांत पांच करोड़ 49 लाख की लागत से निर्मित पुलिस स्टेशन भवन का लोकार्पण करेंगे। साथ ही गर्ल्स स्कूल ज्वालामुखी में 2 करोड़ 12 लाख की लागत से निर्मित अतिरिक्त भवन का लोकार्पण, चार करोड़ 18 लागत की लागत से खारा नाला तटीकरण कार्य का शिलान्यास व ज्वालामुखी में 2 करोड़ 5 लाख की लागत से निर्मित होने वाले जल शक्ति विभाग के निरीक्षण भवन का नींव पत्थर रखेंगे।

**क्विक न्यूज**

### महाराष्ट्र में कांग्रेस को बड़ा झटका, पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी ने दिया इस्तीफा

**मुंबई।** महाराष्ट्र में कांग्रेस पार्टी को बड़ा झटका लगा है। पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी ने आज पार्टी की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। सिद्दीकी ने कहा कि मैं जब युवा था तो कांग्रेस का दामन पकड़ा था और आज 48 साल बाद पार्टी छोड़ रहा हूं। उन्होंने कहा कि मेरा ये सफर काफी शानदार रहा। बाबा सिद्दीकी ने सोशल मीडिया पर लिखा, मैं एक युवा किशोर के रूप में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी में शामिल हुआ और यह 48 वर्षों तक चलने वाली एक महत्वपूर्ण यात्रा रही है। आज मैं भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से तत्काल प्रभाव से इस्तीफा देता हूं। ऐसा बहुत कुछ है जिसे मैं व्यक्त करना चाहता हूं, लेकिन जैसा कि कहा जाता है कि कुछ चीजें अनकही ही रह जाएं तो बेहतर है, मैं उन सभी को धन्यवाद देता हूं जो इस यात्रा का हिस्सा रहे हैं।

### श्रीनगर में आतंकियों ने अमृतसर के सिख युवक की गोली मारकर की हत्या, साथी गंभीर रूप से घायल

**श्रीनगर।** बीती शाम आतंकियों ने टारगेट किलिंग को अंजाम देते हुए पंजाब के दो लोगों को गोली मार दी। इसमें अमृतसर निवासी अमृतपाल की मौत हो गई जबकि रोहित घायल है। रोहित को स्स्रू॥स् अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। अमृतपाल की उम्र 31 साल थी जबकि रोहित 27 साल का है। आतंकियों ने शॉल कदल इलाके में वारदात को अंजाम दिया। सुरक्षाबलों ने हमलावरों को पकडऩे के लिए इलाके की घेराबंदी कर दी है। बताया जाता है कि रोहित के पेट में गोली लगी है और उसकी हालत गंभीर है। आतंकियों की संख्या के बारे में पता नहीं चला है लेकिन यह पूरी तरह से टारगेट किलिंग। पिछले साल जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में आतंकवादियों ने यूपी के रहने वाले एक मजदूर की गोली मारकर हत्या कर दी थी। वो भी टारगेट किलिंग थी।

# संसद में घमासान, केंद्र सरकार के श्वेत पत्र' के जवाब में कांग्रेस लाएगी ब्लैक पेपर'

एजेंसी



**नई दिल्ली।** संसद के बजट सत्र में केंद्र सरकार यूपीए राज के 10 साल के खिलाफ श्वेत पत्र' लाने वाली है। इसके जवाब में अब कांग्रेस पार्टी भाजपा सरकार के 10 साल के शासन के खिलाफ %ब्लैक पेपर' लाने की तैयारी में है। सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस का %ब्लैक पेपर' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 10 साल के शासन पर होगा। जानकारी के अनुसार, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ये ब्लैक पेपर' पेश कर सकते हैं।

केंद्र सरकार ने 1 फरवरी को पेश किए गए केंद्रीय बजट में घोषणा की थी कि वह कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार के 10 वर्षों के आर्थिक प्रदर्शन की तुलना में भाजपा के नेतृत्व वाली 10 वर्षों की सरकार के काम को लेकर एक श्वेत पत्र' लाएगी। संसद में भाजपा और कांग्रेस में आज फिर वार पलटवार की राजनीति देखने को मिल सकती है। इसके चलते संसद में फिर से हंगामे के आसार है।

बता दें कि संसद में अंतरिम बजट 2024-25 पेश करते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा था कि 2014 में सत्ता संभालने वाली मोदी सरकार ने उन वर्षों के संकट को पार कर लिया है, जहां कांग्रेस छोड़ कर गई थी। उन्होंने कहा कि अब अर्थव्यवस्था तेजी से विकास करने के पथ पर मजबूती से खड़ी है। उन्होंने घोषणा की थी कि सरकार सदन के पटल पर एक श्वेत पत्र रखेगी, तो यह दिखाएगी कि हम 2014 तक कहां थे और अब कहां हैं, इसका एकमात्र उद्देश्य उन वर्षो के कुप्रबंधन को दिखाना है।

# अकाली दल की सरकार बनने पर तरनतारन में विरासती मार्ग की तर्ज पर एक हेरिटेज स्ट्रीट विकसित की जाएगी: बादल

एजेंसी



**तरनतारन।** शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने आज कहा है कि आम आदमी पार्टी की सरकार में आम आदमी' सबसे ज्यादा परेशान है और लोगों को सड़क, स्ट्रीट लाइट और सीवरेज जैसी बुनियादी सुविधाओं से वंचित किया जा रहा है। अकाली दल अध्यक्ष ने पंजाब बचाओ यात्रा के दौरान तरनतारन और खडूर साहिब विधानसभा हलकों की यात्रा की और कहा कि यह सरकार आम आदमी का प्रतिनिधित्व करने की आकांक्षा नही कर सकती , जो इनके कार्यकाल से पीड़ित है क्योंकि इस सरकार को रिमोट कंट्रोल से दिल्ली से चलाया जा रहा है और इसका इस्तेमाल आम आदमी' की आकांक्षाओं को पूरा करने के बजाय पूरे देश में आप पार्टी के पंख फैलाने के लिए किया जा रहा है''।

अकाली दल अध्यक्ष ने कहा कि आप पार्टी के कार्यकाल के दौरान मजदूर बुरी तरह से प्रभावित हुए हैं और उनके हितों की रक्षा के लिए कुछ भी नही किया गया, यहां तक कि सरकारी विभागों का काम भी बाहरी लोगों को सौंप दिया गया है। बादल ने कहा कि लोगों को आटा-दासल योजना के तहत निर्धारित गेंहू नही मिल रहा है। उन्होने लोगों को आश्वासन दिया कि अकाली दल लाभार्थियों को योजना के तहत दालें वितरित करने के लिए काम करेगा ताकि पूर्व मुख्यमंत्री परकाश सिंह बादल के दृष्टिकोण के अनुसार आटा-दाल योजना लागू की जाए।

अकाली दल अध्यक्ष ने कहा कि आप पार्टी के कार्यकाल के दौरान बुनियादी ढ़ांचा चरमरा गया है, चाहे वह लिंक रोड हों यां सीवरेज प्रणाली यहां तक कि गांवों में गलियां और स्ट्रीट लाइटें भी बुरी तरह खराब हो गई हैं। उन्होने कहा, ऐसा लगता है कि मुख्यमंत्री को लोगों की भलाई की कोई परवाह नही है और वह प्रचार स्टंट में व्यस्त है और अरविंद केजरीवाल को चार्टर्ड विमानों से एक जगह से दूसरी जगह पर ले जाने में व्यस्त हैं''। तरनतारन में बादल ने कहा कि अकाली दल के सत्ता में आने पर ऐतिहासिक शहर को मानचित्र पर रखा जाएगा। उन्होने कहा, हम पुराने शहर के आसपास के पूरे इलाके का पुनर्निर्माण करेंगें और इसे उसी तरह एक विरासत केंद्र में तबदील करेंगें , जिस तरह श्री दरबार साहिब के परिसर को एक विरासत सड़क को विकसित किया गया है।

# कांग्रेस ने प्रधानमंत्री के खिलाफ झूठ फैलाने के अलावा कुछ नहीं किया: जयराम ठाकुर

एजेंसी

**शिमला।** नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस ने पूरे दस साल से सिर्फ देश के लोगों से झूठ बोलने का काम कर रही है। दस साल से प्रधानमंत्री के साथ तथ्यहीन अनर्गल बातें कर रही है। प्रधानमंत्री ने संसद के दोनों सदनों में कांग्रेस के हर झूठ को बेनकाब करते हुए आगामी लोकसभा चुनाव के लिए 400 पार का लक्ष्य रख दिया है।

इस बार बीजेपी प्रधानमंत्री के नेतृत्व में लोकसभा के चुनाव में जनता जनार्दन के आशीर्वाद से नरेंद्र मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। कांग्रेस पिछली बार से भी कम सीटों पर सिमट कर रह जाएगी। जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री ने लोक सभा और राज्य सभा में कांग्रेस द्वारा फैलाए गए झूठ को बेनकाब करते करते हुए दो कार्यकाल में देश में हुए विकास के बारे में बताया और भविष्य के विकास की रूपरेखा खींचीं।

प्रधानमंत्री ने पिछले दस साल में हुए ऐतिहासिक विकास को आँकड़ों के साथ रखा। जिस पर कांग्रेस के नेताओं द्वारा जवाब देते नहीं बना। जयराम ठाकुर ने कहा कि पिछले दस साल में देश के पीएसयू की संख्या में इजाफा हुआ। 2014 में देश में कुल 234 पीएसयू थे दस साल के कार्यकाल में 254 पीएसयू हैं। आज के पीएसयू रिकॉर्ड रिटर्न दे रहे हैं। निवेशकों का भरोसा बढ़ रहा हैं। पहले पीएसयू का नेट प्रॉफिट साल सवा लाख करोड़ था दस साल में यह नेट प्रॉफिट बढ़कर ढाई लाख करोड़ का हो गया है। दस साल में सरकारी उपक्रम भी बढ़े हैं और उनका प्रॉफिट भी। इसी तरह पिछले दस सालों में देश की सूरत बदल गई है लेकिन कांग्रेस कुछ देखना नहीं चाहती है।

# कीलाडी उत्खनन: हाईकोर्ट ने केंद्र को एएसआई रिपोर्ट प्रकाशित करने के दिए निर्देश

एजेंसी



**चेन्नई।** मद्रास उच्च न्यायालय की मदुरै खंडपीठ ने केंद्र को नोटिस जारी कर एएसआई को तमिलनाडु के शिवगंगा जिले में कीलाडी पुरातात्विक खुदाई के पहले दो चरणों के बाद उसे सौंपी गई रिपोर्ट प्रकाशित करने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति डी. कृष्णकुमार और न्यायमूर्ति आर. विजयकुमार की खंडपीठ ने बुधवार को मदुरै के पी. प्रभाकर पांडियन द्वारा दायर याचिका पर केंद्र को नोटिस जारी किया।

गौरतलब है कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के अधीक्षण पुरातत्वविद् अमरनाथ के.रामकृष्णन ने 2023 में एएसआई के तत्कालीन महानिदेशक को खुदाई के पहले दो चरणों के निष्कर्षों पर 982 पेज की रिपोर्ट सौंपी थी। जनहित याचिका (पीआईएल) दायर करने वाले प्रभाकर पांडियन ने कहा कि पुरातात्विक खुदाई के चरण एक और चरण दो के दौरान कीलाडी में लगभग 5,800 कलाकृतियों का पता चला था।

एएसआई ने यह भी कहा कि तीसरे चरण की खुदाई में कोई महत्वपूर्ण निष्कर्ष नहीं निकला और तमिलनाडु राज्य पुरातत्व विभाग ने चौथे चरण से खुदाई शुरू की है और अब तक नौ चरण पूरे हो चुके हैं। याचिका में कहा गया है कि कीलाडी में कई महत्वपूर्ण खोज की गई हैं और इससे संगम काल के दौरान क्षेत्र में प्रचलित समृद्ध संस्कृति पर प्रकाश पड़ेगा।

याचिकाकर्ता ने यह भी कहा कि तमिलनाडु में राजनीतिक नेताओं, इतिहासकारों, शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं, पुरातात्विक और तमिल उत्साही सहित सभी वर्गों के लोग 982 पेज की रिपोर्ट के प्रकाशन में देरी का कारण पूछ रहे हैं। उन्होंने एएसआई को सार्वजनिक डोमेन में रिपोर्ट प्रकाशित करने का निर्देश देने की भी मांग की। अदालत ने नोटिस का आदेश दिया और मामले में सुनवाई चार सप्ताह के लिए स्थगित कर दी।

# (बेंगलुरू)दोहरे हत्याकांड से दहला बेंगलुरु, संपत्ति विवाद में दो व्यापारियों की चाकू घोंपकर हत्या

**बेंगलुरु।** यहां के कुम्बरपेट इलाके में दो व्यापारियों की बीती रात चाकू मारकर हत्या कर दी गई। यह जानकारी पुलिस ने दी। मृतकों की पहचान 55 वर्षीय सुरेश और 68 वर्षीय महेंद्र के रूप में हुई है। आरोपी की पहचान बेंगलुरु के मूल निवासी भद्रा के रूप में की गई है। अपराध को अंजाम देने के बाद उसने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस के मुताबिक, यह घटना संपत्ति विवाद को लेकर हरि मार्केटिंग बिल्डिंग के परिसर में हुई। शुरुआती जांच से पता चला है कि विवाद मुख्य सड़क पर स्थित चार मंजिली इमारत एक सामुदायिक संघ को सौंपने को लेकर हुआ था। मामला अदालत में लंबित था और आरोपी भद्रा इस मामले के बारे में बात करने के लिए पीड़ितों में से एक सुरेश के पास गया था। सुरेश से बात करते समय आरोपी ने उस पर चाकू से वार कर दिया।

# दक्षिण चीन सागर में गरजा अमेरिका

## ऑस्ट्रेलिया और जापान के युद्धपोत.....................

एजेंसी



**ताइपे।** चीन के बढ़ते खतरे को देखते हुए अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान के युद्धपोतों ने दक्षिण चीन सागर में संयुक्त युद्धाभ्यास किया। चीन लगभग पूरे रणनीतिक जलमार्ग पर संप्रभुता का दावा करता है।

अमेरिका की सातवीं फ्लीट की ओर से कहा गया कि गाइडेड मिसाइड डिस्ट्रावयर यूएसएस जॉन फिन और युद्धक जहाज यूएसएस ग्रेब्रियल गिफो?ई्स ने जापान और ऑस्ट्रेलिया की नौसैनिक जहाजों के साथ बुधवार और गुरुवार को युद्धाभ्यास में भाग लिया।

इस बारे में कोई जानकारी नहीं है कि क्या यह अभ्यास बीजिंग द्वारा दावा किए गए द्वीपों और तटों के करीब हुए थे। बीजिंग क्षेत्र में विदेशी नौसैनिक अभियानों पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहता रहा है कि ऐतिहासिक रिकार्ड साबित करते हैं कि यह क्षेत्र चीन का है। चीन के रक्षा मंत्रालय की ओर से इस अभ्यास पर कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

जॉन फिन के कमांडिंग ऑफिसर कमांडर अर्विन टेलर ने कहा कि अभ्यास अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलियाई सहयोगियों के बीच संबंधों को मजबूत करता है। हम पारदर्शिता, कानून के शासन, नेविगेशन की स्वतंत्रता और उन सभी सिद्धांतों को बढ़ावा देते हैं, जो हिंद-प्रशांत में सुरक्षा और समृद्धि को रेखांकित करते हैं। ऑस्ट्रेलियाई कमोडोर जोनाथन ले ने कहा, यह साथ काम करने की क्षमता को बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण है।

# नासा ने पेस सैटेलाइट किया लॉन्च

## तूफान और मौसम के अन्य पूर्वानुमानों को बेहतर बनाने में मिलेगी मदद

**मिशन**

**पृथ्वी के जलवायु में होने वाले परिवर्तनों की जानकारी मिलेगी**

एजेंसी



**केप केनवेरल।** गर्म होती धरती के महासागरों और वायुमंडल का अंतरिक्ष से विस्तृत सर्वेक्षण करने के लिए अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा का जलवायु उपग्रह स्पेसएक्स के फॉल्कन राकेट से गुरुवार को रवाना हो गया।

इस मिशन के तहत अंतरिक्ष से धरती पर मौजूद महासागरों, झीलों और नदियों का सर्वेक्षण किया जाएगा। मिशन का नाम प्लैंकटन, एरोसोल, क्लाउड, ओशन इकोसिस्टम (पेस) है। विज्ञानियों को उम्मीद है कि एक या दो महीने में डाटा मिलना शुरू हो जाएगा। उपग्रह कम से कम तीन साल तक 676 किलोमीटर ऊपर से महासागरों के साथ-साथ वायुमंडल का अध्ययन करेगा। सेटेलाइट के तीन उपकरणों में से दो उपकरण प्रतिदिन धरती को स्कैन करेंगे। तीसरा उपकरण मासिक आधार पर आंकड़े जुटाएगा। इससे विज्ञानियों को तूफान और मौसम के अन्य पूर्वानुमानों को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी।

तापमान बढ़ने के कारण पृथ्वी के जलवायु में होने वाले परिवर्तनों का भी विवरण मिलेगा। नासा के दो दर्जन से अधिक पृथ्वी-अवलोकन उपग्रह और उपकरण पहले से ही कक्षा में हैं। लेकिन पेस महासागरीय जीव विज्ञान का अध्ययन करने के लिए अब तक लांच किया गया सबसे उन्नत मिशन है। परियोजना से संबंधित विज्ञानी जेरेमी वेर्डेल के अनुसार वर्तमान पृथ्वी-अवलोकन उपग्रह सात या आठ रंगों की पहचान कर सकते हैं। पेस 200 रंगों में दिखेगा जिससे वैज्ञानिकों को समुद्र में शैवाल के प्रकार और हवा में कणों के प्रकार की पहचान करने में मदद मिलेगी।

# ............निक्की हेली का दावा...........

# अमेरिका पर कम भरोसे के चलते रूस के निकट गया भारत

**जानकरी**

**भारतवंशी भाविनी और क्रिस्टल कौल लड़ रहीं संसदीय चुनाव**

एजेंसी




**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी की उम्मीदवारी के लिए भारतवंशी निक्की हेली पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सामने डटकर खड़ी हैं। आयोवा, न्यू हैंपशायर की पराजय के बाद नेवादा में भी शर्मनाक हार के बाद उन्होंने अपना ध्यान अब कैलिफोर्निया प्राइमरी के लिए केंद्रित कर दिया है।

उन्होंने अमेरिकी नेतृत्व पर निशाना साधते हुए कहा कि भारत अमेरिका का साझेदार बनना चाहता है लेकिन वह इस पर विश्वास नहीं करता, इसलिए अपनी जरूरतों के लिए वह रूस से निकटता बनाए हुए है। डेमोक्रेटिक पार्टी में प्रत्याशी बनने के लिए जो बाइडन के सामने कोई खास नहीं चुनौती हैं, लेकिन रिपब्लिंकन पार्टी में घमासान है।

नेवादा में हेली को तगड़ा झटका लगा है, लेकिन उन्होंने कहा है कि वह दौड़ से हटने वाली नहीं हैं। लॉस एंजिलिस में उन्होंने इंडोर रैली में अपने समर्थकों से कहा कि वह कहीं नहीं जा रहीं। हेली ने एक सवाल के जवाब में कहा कि भारत बेहतर समन्वय से रूस से संबंध बनाए हुए है।

उन्होंने कहा कि मैंने भारत से बात की है, मेरी पीएम नरेन्द्र मोदी से बात हुई है। भारत अमेरिका का साझेदार बनना चाहता है न कि रूस का। वहीं, ट्रंप ने अपने समर्थकों से कहा कि नेवादा प्राइमरी चुनाव को नजरअंदाज कर दीजिए, जनता ने हेली को शर्मनाक हार का मजा चखा दिया है। दूसरी ओर, डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवारी की दौड़ से लेखिका व अध्यात्मिक गुरु मैरिएन विलियमसन हट गई हैं।

उन्होंने बुधवार को इसका एलान करते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि मैं प्रत्याशी बनने के लिए जो बाइडन को चुनौती दूं या सम्मानपूर्वक दौड़ से बाहर हो जाऊं। लेकिन मैंने अभियान रोकने का निश्चय कर लिया है। इस प्रकार बाइडन के सामने अब ज्ञात दावेदारों में केवल डील फिलिप्स बचे हैं।

इंडिया ऑन व्हील्स नाम से फूड ट्रक संचालित करने में अपनी मां की मदद करने वाली भारतवंशी भाविनी पटेल प्रतिनिधि सभा का चुनाव लड़ रही हैं। गुजराती मूल की 30 वर्षीया भाविनी पेन्सिलवेनिया के 12वे क्रांगेसनल डिस्ट्रक्ट से डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवारी के लिए दावा पेश कर रही हैं। भाविनी ने अपने अभियान के दौरान 3,10,000 डॉलर चंदा जुटाए हैं।

इसी प्रकार एक और भारतवंशी क्रिस्टल कौल वर्जीनिया के 10वें कांग्रेसनल जिले से डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवारी के लिए चुनौती पेश कर रही हैं। यह चुनाव लड़ने वाली वह पहली कश्मीरी महिला हैं। उन्होंने अभियान के दौरान 5,67,000 डालर चंदा जुटाए हैं। वह एक पूर्व अमेरिकी सेना अधिकारी और विदेश नीति और राष्ट्रीय सुरक्षा विशेषज्ञ हैं।

# सरकार खरगोश न बने, विकसित बनने का प्रयास करे: डॉ. रागिनी



- प्रदेश के इंड्रसिट्रयल ग्रोथ रेट और इंडेक्स पर सरकार से दागे सवाल
- एमओयू तो हो रहे हैं लेकिन जनता को नहीं मिल रहा है लाभ

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** मछलीशहर की विधायक डॉ. रागिनी सोनकर ने बजट सत्र में विधानसभा में गुरुवार को जिले के मुद्दे को लेकर सरकार को कटघरे में खड़ा किया। जनता की समस्याओं के लिए वह सदन में सरकार लगातार सवाल दागती रहीं। उन्होंने कहा कि विगत पांच वर्षों में प्रदेश का इंड्रसियल ग्रोथ रेट और इंडेक्स क्या है? 1400 एमओयू (मेमोरंडम आफ अंडरस्टैंडिग) साइन किए गए हैं। इसमें अभी छह वर्षों में 40 फीसदी शुरू हुए है। खत्म कब होंगे इसकी कोई टाइमलाइन नहीं है। सरकार प्रदेश को विकसित बनाने की जगह खरगोश क्यों बनना चाहती है, जो पीछे मुड़कर देखती है कि हमने किसको पीछ छोड़ दिया। इंजीनियर सचिन यादव जैसे राष्ट्रभक्त देश के गौरव हैं। ऐसे युवा आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए विदेशों के करोड़ों के पैकेज को ठुकराया है। वह आशाभरी नजरों से देश को देख रहे हैं। उनके सपने को साकार करे सरकार, ताकि युवाओं का मनोबल बढ़े। डॉ. सोनकर ने कहा कि पहला ग्लोबल इंड्रस्ट्रियल सबमिट मीट रहा इसमें सारे चार लाख करोड़ का निवेश हुआ। इसमें लगभग 1400 एमओयू साइन हुए है। पहले के एमओयू की तुलना में दस गुना एमओयू साइन हुए हैं। साढ़े 35 लाख करोड़ के एमओयू साइन हुए हैं। जब आप विगत छह वर्षों में दो लाख करोड़ के एमओयू को धरातल पर खत्म नहीं कर पाए हैं। आजादी के 75 वर्षों बाद ये खत्म नहीं हो पाए तो इसे खत्म करने में 150-200 वर्ष लग जाएंगे। दूसरा ग्लोबल सबमिट कब तक करके देंगे। इस मीट में मेडिकल से संबंधी काम धरातल पर हुआ है जो प्रत्यक्ष रूप से देख सकेंगे।

# डीएम ने किया औचक निरीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** जिलाधिकारी रविंद्र कुमार माँदड़ के द्वारा विकासखंड करंजाकला परिसर में बने वन स्टॉप सखी सेंटर और कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी का औचक निरीक्षण किया गया। वन स्टॉप सखी सेंटर के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी के द्वारा विभिन्न कक्षो का निरीक्षण किया गया। उन्होंने निर्देशित किया कि वन स्टॉप सखी सेंटर में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। इस दौरान उन्होंने मौके पर उपस्थित पीड़ित महिलाओं एवं बालिकाओं से वन स्टॉप सखी सेंटर के द्वारा दी जा रही सुविधाओं/समस्याओं के संबंध में जानकारी ली और निर्देशित किया कि एमटीएस काउंसलर और केश वर्कर की भर्ती शीघ्र की जाए। जिलाधिकारी ने उपस्थित समस्त कर्मचारियों को निर्देशित किया कि ड्यूटी के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही न की जाए। इस दौरान केश वर्कर कविता, स्टाफ नर्स रेखा, महिला कांस्टेबल रीना उपस्थित रहे। कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थिति, मूवमेंट और ग्रांट रजिस्टर सहित विभिन्न रजिस्टर, कर्मचारियों की सर्विस बुक को चेक किया।

## पुलिस मुठभेड़ में एक अन्तर्जनपदीय गो तस्कर गिरफ्तार

**जौनपुर।** थाना चन्दवक व केराकत पुलिस टीम के साथ हुई पुलिस मुठभेड़ में एक अन्तर्जनपदीय गोतस्कर अभियुक्त गिरफ्तार, मुठभेड़ के दौरान अभियुक्त गोली लगने से घायल..... कब्जे से एक देशी तमंचा व एक जिन्दा कारतूस व एक खोखा कारतूस .315 बोर व एक मोटरसाइकिल बरामद डा0 अजय पाल शर्मा पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण एवं गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के दिशा निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी केराकत के कुशल पर्यवेक्षण में बुधवार की रात्रि में थानाध्यक्ष चन्दवक व प्रभारी निरक्षक केराकत मय हमराह कर्मचारीगण के साथ क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर अपराध एवं अपराधियों के बारे में बातचीत कर रहे थे कि ग्राम मढ़ी के पास संदिग्ध व्यक्ति/वाहन की चेकिंग के दौरान एक मोटरसाइकिल पर दो व्यक्ति आते हुए दिखाई दिये। .

# रोजगार मेले में 205 का चयन 407 ने किया प्रतिभाग

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** रोजगार मेला में प्रतियोगियों का चयन विभिन्न कंपनियों द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सुनील कुमार यादव उर्फ मम्मन, खंड विकास अधिकारी रामदुलार जी रहे। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि ने कहा कि मा0 प्रधानमंत्री जी के विजन कौशल विकास मिशन द्वारा विकास खंड स्तर पर दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के अंतर्गत आयोजित रोजगार मेला से बेरोजगारों को अत्यधिक लाभ मिल रहा है। आज के युवा को इस रोजगार मेला की अत्यधिक आवश्यकता है एवं सरकार के द्वारा चल रही योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए किए गए कार्यो की सराहना की। कौशल विकास मिशन जौनपुर, आईटीआई, जिला सेवायोजन विभाग के तत्वाधान में विकास खंड स्तरीय निःशुल्क रोजगार मेला का आयोजन कराया जा रहा है। जो कि 28 फरवरी 2024 तक सभी ब्लाक में क्रमशः लगाया जाएगा। करंजाकला ब्लॉक में आयोजित रोजगार मेला में विभिन्न क्षेत्रों की 17 कंपनियों ने साक्षात्कार करके 205 अभ्यर्थियों को आफर लेटर दिया गया। इस अवसर पर जिला समन्वयक कौशल विकास मिशन राजकीय आई.टी.आई. के प्रिंसिपल मनीष कुमार पाल, मेला प्रभारी जिला कार्यक्रम प्रबंधक कौशल विकास मिशन प्रभात पाण्डेय, अखिलेश कुमार सिंह, सुनील कुशवाहा, आईटीआई के अनुदेशक एवं कौशल विकास मिशन के जिला कौशल प्रबंधक अनूप पाण्डेय और गुरकुल ज्ञान के प्रशिक्षण प्रदाता ध्रव पाठक समेत सभी कंपनियों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। अगला रोजगार मेला 09 फरवरी 2024 शुक्रवार को विकास खंड धर्मापुर परिसर में आयोजित होगा।

# जनता से टैक्स लेकर मोदी सरकार बनाती है प्रचार की होर्डिंग: अमित



अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के छबीलेपुर बाजार में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशन में सपा कार्यकर्ताओं ने पीडीए जन पंचायत का आयोजन किया। जिसमें लोगों को जागरुक करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार जनता से टैक्स को हजम कर रही है और वह उनके पैसो को चुनाव प्रचार में खर्च कर रही है।

जानकारी के अनुसार छबीलेपुर बाजार में बृहस्पतिवार को सपा के नेता अमित यादव के नेतृत्व में पीडीए जन पंचायत का आयोजन किया गया। जिसमें सपा नेता अमित यादव ने कहा कि बीजेपी सरकार का बुलडोजर कानून और लंगड़ा बनाओ अभियान पीडीए के खिलाफ हैं और असंवैधानिक है । योगी सरकार की पुलिस पिछड़ों दलितो, अलसंख्यको के नौजवानों के खिलाफ लगड़ा बनाओ अभियान चला रही है। उनको विकलांग बनाकर आजीवन घर बैठना चाहती है सपा नेता अमित यादव ने कहा कि जनता से टैक्स लेकर यह भाजपा सरकार अपने प्रचार प्रसार अभियान में खर्च कर रही है और लोकसभा चुनाव जनता के पैसे पर लड़ने की तैयारी कर रही है। जो बेहद और गलत और शर्मनाक है। इसके खिलाफ सबको आगे आना होगा ।वर्तमान मोदी योगी सरकार के खिलाफ लड़ाई लड़नी होगी। इस अवसर प सपा नेता सुशील चंद दुबे प्रभारी सदर विधानसभा, सत्येंद्र यादव, रामजस यादव , भीम यादव ,जितेंद्र यादव, कमाल अंसारी, राजकुमार , नन्हकू निषाद , रतीलाल कनौजिया ,रामचरित्र गौतम ,गोवर्धन पाल रविनाथ पाल मौजूद रहै।

# चोरी गये ट्राली गिट्टी व ट्राली बालू (मय ट्राली) के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

**गंभीरपुर, आजमगढ़।** पूर्व की घटना 6 फरवरी को वादी मुकदमा अवनिश पाण्डेय पुत्र ओम प्रकाश पाण्डेय निवासी कैथी संकरपुर थाना देवगांव जनपद आजमगढ़ द्वारा थाना स्थानीय पर शिकायत किया गया था कि 3 फरवरी की रात्रि में अज्ञात चोर जेसीबी व ट्रैक्टर के द्वारा गिट्टी व बालू भरकर चोरी कर लिये जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0-31/2024 धारा 379 प्च्ब् पंजीकृत कर विवेचना उ0नि0 विजय कुमार शुक्ला की जा रही है।

आज उ0नि0 विजय कुमार शुक्ला मय हमराह को सूचना मिली कि मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित 01 ट्राली गिट्टी व 01 ट्राली बालू (मौरंग) को समस्त अभियुक्तों द्वारा टोल प्लाजा जित्तूगंज के पास बेचने की फिराक में हैं। इस सूचना पर विजय कुमार शुक्ला मय हमराह द्वारा मौके से अभियुक्त मिथलेश यादव पुत्र स्व0 दयाशंकर यादव साकिन अलीपुर थाना रानी की सराय जनपद आजमगढ़ को 01 ट्राली बालू (मौरंग) व 01 ट्राली गिट्टी के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त का चालान न्यायालय किया गया।

# अक़ीदत और एहतराम के साथ मलिक सुदनी बाबा मना उर्स



अवधनामा संवाददाता

**मुबारकपुर,आजमगढ़।** नगर के मोहल्ला टड़िया स्थित प्रसिद्ध सूफी बुज़ुर्ग मलिक सुदनी बाबा का उर्स वृहस्पतिवार को बड़े ही अक़ीदत और एहतराम के साथ मनया गया, वृहस्पतिवार को बाद नमाज़ ज़ोहर से लेकर देर रात तक फातेहा ख्वानी का सिलसिला चलता रहा।

बता दें कि प्रसिद्ध सूफी मलिक सुदनी बाबा का उर्स प्रतिवर्ष अरबी महीने रजब की 26, 27 तारीख़ रात को बड़े ही अक़ीदत के साथ मनाया जाता है। 26 रजब की तारीख़ बुधवार को देर रात कव्वाली शानदार कार्यक्रम का आयोजन किया गया कव्वाली के लिए दुसरे जनपद से कव्वल को बुलाया गया था जिनके द्वारा कव्वाली पेश किया गया जिनको सुनकर श्रोता झूम उठे। इसी के तहत वृहस्पतिवार को उर्स कार्यक्रम के दौरान भव्य मेले का आयोजन किया गया आरम्भ में सबसे पहले मज़ार पर मीलाद व क़ुरआन ख्वानी की गयी इस मौके पर कस्बे के विभिन्न मोहल्लों से चादरों का जुलूस निकाला गया जुलूस में धार्मिक अंजुमनो द्वारा बाबा की शान मनकबत ख्वानी कर मंज़ूम खिराजे अक़ीदत पेश किया गया चादरों का जुलूस अपने परम्परागत मार्गो से गुज़रता हुआ मज़ार पर पहुंचकर अक़ीदत के साथ चादरपोशी की गयी और फातेहा ख्वानी का सिलसिला शुरू हुआ। कस्बा सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों से भी हज़ारों जयरीन बाबा की मज़ार पाक पर पहुंचकर अक़ीदतमंद के साथ फातेहा पढ़ा और देश, प्रदेश की तरक्कीव खुशहाली, अमन चौन के साथ ही अपने घर परिवार तथा कारोबार की तरक़्क़ी और खुशहाली की दुआ मांगी। इस मौके पर इमरान अहमद, नूरुल होदा, फ़िरोज़ अहमद, शकील अहमद, गफ्फार अहमद आदि लोग मौजूद रहे।

## न्यायालय में लीगल एड डिफेंस कांउसिल बनने हेतु करे आवेदन

**हमीरपुर।** उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जनपद न्यायालय में लीगल एड डिफेंस कांउसिल सिस्टम हेतु लीगल एड कांउसिल की नियुक्ति दो वर्ष की अवधि के लिए की जानी है। अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हमीरपुर गीतांजलि गर्ग ने जानकारी देते हुए बताया कि इन पदों के लिए अनुबंध के आधार पर चीफ लीगल एड डिफेंस कांउसिल का एक पद, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस का एक पद असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस कांउसिल के दो पद की भर्ती की जायेगी।

# धर्म परिवर्तन कराने वाला अभियुक्त गिरफ्तार



अवधनामा संवाददाता

**थाना तरवा आजमगढ़।** वादिनी मुकदमा सुनीता देवी पत्नी दिनेश चौहान निवासी भदिया थाना तरवां जनपद आजमगढ़ ने थाना स्थानीय पर सूचना दिया कि वादिनी से जबरदस्ती धर्म परिवर्तन कराया जा रहा है जिसके आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 15/24 धारा 3(5)1 उ0प्र0 विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधि0 बनाम अवध नरायन पुत्र फूलचन्द्र चौहान सा0 भदिया थाना तरवां जनपद आजमगढ़ के विरुध पंजीकृत विवेचना उ0नि0 जितेन्द्र सिंह द्वारा सम्पादित की जा रही है। आज उ0नि0 जीतेन्द्र कुमार सिंह मय हमराह द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्त अवध नरायन पुत्र फूलचन्द्र चौहान सा0 भदिया थाना तरवां जनपद आजमगढ़ को उसके घर ग्राम भदिया से गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से 02 धार्मिक पुस्तक, 02 लाकेट बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त का चालान मा0 न्यायालय किया गया।

# अवैध कब्जा धारकों पर चला प्रशासन का डंडा

- ग्राम समाज की भूमि से अवैध कब्जा हटवाकर खाली करायी गयी



अवधनामा संवाददाता

**मुबारकपुर,आजमगढ़।** मुबारकपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम काशीपुर में प्रशासनिक अधिकारी तहसीलदार सदर करनवीर सिंह अपने राजस्व टीम के साथ पहुंच कर ग्राम समाज की भूमि अवैध कब्जा धारकों से खाली कराया ।अवैध निर्माण पर बुलडोजर चलने से अवैध कब्जा धारकों में हड़कंप मच गया। मुबारकपुर क्षेत्र के ग्राम काशीपुर में ग्राम समाज की भूमि पर सलमान पुत्र स्वर्गीय वली जान, सोम्मर पुत्र केसरी सहित तीन लोगों ने निर्माण कर अवैध कब्जा जमा रखा था। इनके खिलाफ अवैध कब्जा से बेदखल करने का आदेश जारी किया गया था।आदेश के अनुपालन में बुलडोजर चला कर कब्जा हटवाया गया। वही अवैध कब्जा करने वालों को आगाह कर दिया गया कि सरकारी ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जा अपने आय स्वयं हटा लेवें ताकि बुलडोजर कार्रवाई न करनी पड़े। इस प्रकार अवैध निर्माण को ध्वस्त कर भूमि को खाली कराया गया। इस अवसर पर तहसीलदार करनवीर के साथ थाना प्रभारी निरीक्षक मुबारकपुर निहार नन्दन कुमार, राजस्व निरीक्षक अम्बरीश सिंह, अनिल कुमार, लेखपाल शिव शंकर, आलोक कुमार, हरेंद्र सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने रजिस्ट्री ऑफिस का किया निरीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज द्वारा तहसील के अभिलेख एवं स्थल का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने रजिस्ट्री ऑफिस का भी निरीक्षण किया जिस दौरान रजिस्ट्री के संबंध में भी रजिस्टर से पूछताछ की साथ ही निर्देशित किया कि नियमों की अनदेखी न करें जो भी न्याय संगत है उसका अनुपालन करने पर जोर दिया साथ ही उन्होंने तहसील संबंधित समस्याओं से लेकर चुनाव की तैयारी पर विस्तृत चर्चा साथ ही तहसील के अभिलेखों के रखरखाव का भी अवलोकन किया उपजिलाधिकारी प्रेमचंद मौर्या को निर्देशित किया कि तहसील के अभिलेखों से लेकर के न्यायालय तक के फाइलों का भी निरीक्षण किया और कहा कि तय समय सीमा के अंदर ही सभी वाद का निस्तारण किया जाए साथ ही खतौनी के ऑपरेटर को फटकार लगाई खतौनी के संबंध में जानकारी ली तो ऑपरेटर सही जानकारी नहीं दे पाया जिससे जिलाधिकारी ने ऑपरेटर को फटकार लगाया जिलाधिकारी ने अधिवक्ताओं की समस्या से भी रूबरू हुए अधिवक्ताओं की मांग है कि रानीपुर बाजार से तहसील जाने वाली रोड का चौड़ीकरण कराया जाए साथ ही गुणवत्तापूर्ण निर्माण किया जाए इस संबंध में जिलाधिकारी महोदय ने तत्काल पीडब्ल्यूडी के अधिकारी को निर्देशित किया की तत्काल पता करके इस सड़क का निर्माण कब हुआ कितनी लागत से इसका निर्माण किया गया।शीघ्र ही बजट बनाकर सड़क का चौड़ीकरण और निर्माण कार्य करवाने को निर्देशित किया साथ ही उपजिलाधिकारी को निर्देशित किया कि सभी मतदान स्थल पर जाने वाली सड़कों को जांच करलें टूटी सड़कों का शीघ्र निर्माण करवाने के लिए पीडब्ल्यूडी के संबंधित अधिकारियों को सूचित कर दें जिससे चुनाव में आवागमन में किसी तरह का व्यवधान न हो इस मौके पर उपजिलाधिकारी अधिकारी प्रेमचंद मौर्या तहसीलदार शैलेश कुमार पंकज श्रीवास्तव नीरज तिवारी राजकुमार सिंह रमाकांत पांडे मिथिलेश सिंह सूर्य प्रकाश यादव जोगिंदर यादव राम विनय यादव गौरव सहाय जगत नारायण तिवारी उपेंद्र पाठक आजाद सिंह सहित अनेक लोगों पर उपस्थित रहे ।

# पूर्व गृहराज्य मंन्त्री स्वामी चिन्मयानंद का भव्य स्वागत



अवधनामा, संवाददाता

**शाहजहांपुर।** मुमुक्षु शिक्षा संकुल के मुख्य अधिष्ठाता, पूर्व केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती मां पिताम्बरा का आशीर्वाद लेकर दतिया से वापस आये। उनका हेलीकाप्टर दोपहर 01.18 मिनट पर शाहजहांपुर पुलिस लाईन में उतरा। स्वामी जी के स्वागत हेतु सीओ सिटी वीएस वीर कुमार, आरआई पुलिस लाईन तथा अनेक आला अफसर उपस्थित थे। इनके अतिरिक्त एसएस कालेज प्रबंध समिति के सचिव डा. एके मिश्रा, प्राचार्य डा. आरके आजाद, डा. जेएस ओझा, डा. अनुराग अग्रवाल, एसएसएमवी के सचिव अशोक अग्रवाल, सुरेश सिंघल, प्रो. शिशिर शुक्ला, अधिवक्ता मनेन्द्र सिंह, अधिवक्ता ओम सिंह, रामनिवास गुप्ता, डा. आलोक कुमार सिंह, डा. आदित्य सिंह, राशिद, राहुल तिवारी, अवनीश सिंह, अखिलेश कुमार, विवेक गुप्ता, सुदीप कुमार, मृदुल पटेल, मनोज अग्रवाल, वीके अग्रवाल, राजनंदन, अभिजीत मिश्रा, धर्मवीर सिंह आदि ने फूल मालाओं से स्वागत किया। इस अवसर पर तमाम मीडियाकर्मी मौजूद रहे। स्वामी जी का काफिला पुलिस लाईन से घंटाघर, कच्च कटरा मोड़, गर्रा फाटक होते हुए मुमुक्षु आश्रम पहुंचा। यहां पर उपस्थित षिक्षकों, व्यवसायियों तथा उनके शिष्यों की भीड़ ने उनका स्वागत किया। काफिले की अगुवाई पुलिस प्रशासन की गाड़ी कर रही थी।

# फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर चलेगा अभियान घर-घर खिलाई जाएगी दवा



अवधनामा संवाददाता

**शाहजहांपुर।** 10 फरवरी से 28 तक जनपद के चार ब्लाको में चलेगा फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम मीडिया। कार्यशाला का आयोजन जनपद के चार विकास खंडों में 10 फरवरी से 28 फरवरी तक चलने वाले फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम को लेकर आज सीएमओं कार्यालय एक मिडिया कार्यशाला का आयोजन जिला प्रतिरक्षण अधिकारी पी पी श्रीवास्तव की अध्यक्षता में किया गया।

सीएफआर द्वारा आयोजित कार्यशाला मे जिला प्रतिरक्षण अधिकारी पीपी श्रीवास्तव ने बताया की फाईलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत एम0डी0ए0 10 फरवरी से 28 फरवरी 2024 तक जनपद के चार ब्लाक जिनमे अर्बन, भावलखेडा, जलालाबाद, मिर्जापुर में चलाया जायेगा। इनमें कुल 11.5 लाख जनसंख्या को आच्छादित किया जायेगा। जिसमें ग्रामीण क्षेत्र की कुल 6.95 लाख एंव अर्बन क्षेत्र की 4.71 लाख जनसख्या को आच्छादित किया जायेगा। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए 934 टीमों एवं 156 सुपरवाइजर्स को लगाया गया है। उन्होंने बताया की सम्पूर्ण जनपद में फाईलेरिया का नाइट ब्लड सर्वे कराया गया है जिसमें माइक्रोफाइलेरिया रेट 1 प्रतिशत से अधिक पाये जाने पर चार ब्लाकों अर्बन, भावलखेडा, जलालाबाद, मिर्जापुर को चुना गया है।

उन्होंने बताया की कार्यक्रम को सफल बनाए जाने के लिए आशा, ग्राम प्रधान आगंनबाडी कार्यकर्ता एंव वालंटियर्स, एवं सुपरवाइजर लगाये गये हैं। इस कार्यक्रम में डबल ड्रग डी0ई0सी डाइ एथाइल कार्बामिजीन एल्बेन्डाजोल खिलाई जायेगी, जो कि आयु वर्ग के अनुसार आशा, आगंनबाडी कार्यकर्ता एंव वालंटियर्स द्वारा अपने सामने खिलाई जायेगी। इन औषधियों का सेवन प्रत्येक स्वस्थ्य व्यक्ति द्वारा किया जायेगा। इस कार्यक्रम में गर्भवती महिला, गम्भीर रुप से बीमार व्यक्ति एंव 1 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को दवा का सेवन नहीं कराया जाना है। उन्होंने बताया की इस कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु पाथ संस्था, सीफार, पी.सी.आई एंव डब्ल्यू0एच0ओ0 द्वारा सहयोग दिया जा रहा है। इस कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु संबंधित क्षेत्र में पार्षदों, ग्राम प्रधानों एवं कोटेदारों का भी सहयोग लिया जा रहा है। सीफार द्वारा भावलखेडा, जलालाबाद ब्लाक के ग्रामों में लोगों को पेंशेट स्टेक होल्डर प्लेटफार्म जनजागरुकता का भी कार्य किया जा रहा है।

## दुष्कर्म के आरोपी अभियुक्त को 12 वर्ष सज़ा

**मुबारकपुर,आजमगढ।** 18 जनवरी 2019 वादी मुकदमा थाना मुबारकपुर ने थाना स्थानीय लिखित तहरीर दी कि विपक्षी बिन्दू गौड़ उर्फ नन्दकिशोर गौड़ पुत्र धनपति गौड निवासी डीह थाना मुबारकपुर आजमगढ़ द्वारा वादी की पूत्री के साथ छेड़छाड़ किया गया। उपरोक्त नामजद अभियुक्त के विरूद्ध थाना मुबारकपुर पर मु0अ0सं0-16/2019 धारा 354 भादवि0, पाक्सो एक्ट व 3(2)5 एससी/एसटी एक्ट पंजीकृत किया गया था। बाद विवेचना गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध आरोप पत्र न्यायालय दाखिल किया गया। मुकदमा में 9 गवाह परीक्षित हुए है।

**सूचना**

मैं जहीर पुत्र अली हसन म. न.81 निवासी ग्राम चुरीहारपुर पोस्ट इटियाथोक जिला गोंडा उत्तर प्रदेश का मूल निवासी हूं। मैंने अपना नाम जहीर से बदल कर मो. जहीर (MOHD. JAHEER) रख लिया है अब मुझे भविष्य में मो. जहीर के नाम से जाना पहचाना वा पुकारा जाए।

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**उत्तर रेलवे**

**ई–ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से संबंधित सूचनाः–

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट / जोन | लखनऊ–उ०रे०–मण्डल–वाणिज्य / उ०रे० |
| नीलामी सूची सं. / लॉट सं. | Parking-LKO-SHG-TW-22-24-1 (Parking - Two Wheeler) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 05.02.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 21.02.2024 समय 12:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 21.02.2024 समय 12:30 बजे |
| नीलामी सूची सं. / लॉट सं. | Parking-LKO-RBL-TW-123-23-1 (Parking - Two Wheeler) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 05.02.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 21.02.2024 समय 12:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 21.02.2024 समय 12:40 बजे |
| नीलामी सूची सं. / लॉट सं. | Parking-LKO-JNH-TW-11-23-2 (Parking - Two Wheeler) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 05.02.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 21.02.2024 समय 12:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 21.02.2024 समय 12:50 बजे |
| नीलामी सूची सं. / लॉट सं. | Parking-LKO-SHG-FW-129-24-1 (Parking - Four Wheeler) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 07.02.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 23.02.2024 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 23.02.2024 समय 11:30 बजे |
| नीलामी सूची सं. / लॉट सं. | Parking-LKO-KEI-MX-115-24-1 (Parking - Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 07.02.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 23.02.2024 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 23.02.2024 समय 11:40 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 417/2024

# भारत के युवा बनाएंगे आज का भारत और नया भारत- राजीव चन्द्रशेखर



नई दिल्ली। कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय और जल शक्ति मंत्रालय के राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कुशल जनशक्ति के साथ बढ़ते लॉजिस्टिक्स सेक्टर को मजबूत करने के विज़न के साथ, संकल्प कार्यक्रम के अन्तर्गत पश्चिम बंगाल के मेदिनीपुर जिले में कार्यान्वित एक प्रोजेक्ट के पहले बैच के 11 उम्मीदवारों को सम्मानित किया। प्रोजेक्ट का कार्यान्वयन भागीदार, लॉजिस्टिक्स सेक्टर स्किल काउंसिल (एलएससी), एक वर्ष के भीतर 960 उम्मीदवारों को वेयरहाउस मैनेजर, वेयरहाउस सुपरवाइजर और वेयरहाउस एसोसिएट जैसी नौकरी की भूमिकाओं में प्रशिक्षित करेगा, जिसमें सर्टिफिकेशन के बाद क्षेत्र के भीतर और उससे आगे प्लेसमेंट के अवसर होंगे।

पश्चिम बंगाल भारत में एक प्रमुख मानव संसाधन हब है, यहराज्य भारत में चौथा सबसे अधिक आबादी वाला और दूसरा सबसे घनी आबादी वाला क्षेत्र है। इसमें शेष भारत के लिए प्रशिक्षित और गुणवत्तापूर्ण जनशक्ति का स्रोत बनने की क्षमता है। पश्चिम मेदिनीपुर जैसे संगठित रोजगार वृद्धि की महत्वपूर्ण गुंजाइश और कम व्यावसायिक प्रशिक्षण घनत्व वाले जिलों को बी2सी के साथ-साथ बी2बी व्यावसायिक प्रशिक्षण क्षेत्र में काम करने वाले निजी व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदाताओं द्वारा लक्षित किया जा रहा है।

इस अवसर पर कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय और जल शक्ति मंत्रालय के राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि, मैं आज सभी छात्रों को बधाई देना चाहता हूं, यह हमारे लिए उत्सव का क्षण है। आजादी के बाद यह पहली बार है कि जब नौकरियों और उद्यमिता की बात होती है तो युवा भारतीयों को इतने अभूतपूर्व अवसर मिले हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में, हमने एक मॉडल बनाया है जिसमें जन प्रतिनिधियों, सरकार और उद्योग के बीच एक मजबूत साझेदारी शामिल है। यह पिछले 10 वर्षों में ऐसे प्रयासों के कारण है कि हम आज का भारत और नया भारत बनाने के लिए युवा भारतीयों को स्किल, रीस्किल और अपस्किल करने में सक्षम हुए हैं।

कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय कौशल प्रशिक्षण पूरा होने के बाद उद्योग भागीदारी के माध्यम से उम्मीदवारों के लिए बेहतर परिणाम देने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। इस तरह के प्रोजेक्ट न केवल बेहतर कौशल प्रशिक्षण प्रदान करते हैं, बल्कि 70% - 75% के करीब प्लेसमेंट दर प्रदान करने का भी लक्ष्य रखते हैं। ये प्लेसमेंट लाभार्थियों के लिए स्थायी आजीविका को बढ़ावा देने के लिए राज्य के भीतर और भारत के अन्य हिस्सों में हो रहे हैं।

## एमपीसी के फैसलों के बाद शेयर बाजार में बिकवाली

नई दिल्ली। गुरुवार के कारोबारी सेशन के बाद सेंसेक्स 723.57 (1.00%) अंकों की गिरावट के साथ 71,428.43 के स्तर पर बंद हुआ। दूसरी ओर, निफ्टी 212.55 (0.97%) अंक फिसलकर 21,717.95 के लेवल पर बंद हुआ। शेयर बाजार वीकली एक्सपायरी के दिन बड़ी गिरावट के साथ बंद हुआ। आरबीआई एमपीसी में लिए गए फैसलों के एलान के बाद बेंचमार्क इंडेक्स नीचे फिसल गए। गुरुवार के कारोबारी सेशन के बाद सेंसेक्स 723.57 (1.00%) अंकों की गिरावट के साथ 71,428.43 के स्तर पर बंद हुआ। दूसरी ओर, निफ्टी 212.55 (0.97%) अंक फिसलकर 21,717.95 के लेवल पर बंद हुआ। रिजर्व बैंक द्वारा मुद्रास्फीति पर कड़ी निगरानी रखने के लिए लगातार छठी बार प्रमुख नीतिगत दर को अपरिवर्तित रखने के फैसले के बाद गुरुवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में 82.96 (प्रारंभिक आंकड़ा) पर सपाट क्लोजिंग हुई। कारोबारियों ने कहा कि घरेलू शेयर बाजारों में नकारात्मक रुख से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया डॉलर के मुकाबले 82.94 पर खुला और एक संकीर्ण दायरे में कारोबार करता दिखा। आखिरकार अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया 82.96 पर बंद हुआ। केंद्रीय बैंक ने लगातार छठी बार रेपो दर 6.5 फीसदी पर बरकरार रखी। दिन में कारोबार के दौरान रुपये ने अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 82.89 के उच्चतम स्तर और 83 के निचले स्तर को छुआ। इससे पहले बुधवार को डॉलर के मुकाबले रुपया 9 पैसे मजबूत होकर 82.96 के स्तर पर बंद हुआ था।

# मार्केट कैप के लिहाज से देश की चौथी सबसे बड़ी कंपनी बनी एलआईसी

नई दिल्ली। पीएसयू कंपनी का स्टॉक बीएसई पर 9.5% उछलकर 1,144 रुपये के नए सर्वकालिक शिखर पर पहुंच गया। एलआईसी का बाजार पूंजीकरण गुरुवार को पहली बार 7 लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से राज्यसभा में भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) की सफलता पर खुले तौर पर बोलने के एक दिन बाद, पीएसयू कंपनी का स्टॉक बीएसई पर 9.5% उछलकर 1,144 रुपये के नए सर्वकालिक शिखर पर पहुंच गया। एलआईसी का बाजार पूंजीकरण गुरुवार को पहली बार 7 लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गया। इस उपलब्धि के साथ सरकारी बीमा कंपनी का मार्केट कैप आईसीआईसीआई बैंक और इंफोसिस जैसे दिग्गजों से भी आगे निकल गया और यह भारत का चौथा सबसे बड़ा शेयर बन गया।




गुरुवार के दिन शुरुआती कारोबार में कंपनी के शेयरों में बड़ी चाल दिखी इसका बाजार मूल्य 7.24 लाख करोड़ रुपये के शिखर पर पहुंच गया।

सरकार ने गेंहू की जमाखोरी और कीमतों पर अंकुश लगाने के लिए नियम सख्त कर दिया है। अब थोक विक्रेता 1,000 टन के बजाय केवल 500 टन का ही भंडार रख सकेंगे। बड़े खुदरा विक्रेता हर दुकान में केवल पांच टन और कुल मिलाकर 500 टन का भंडार रख सकेंगे। पहले यह सीमा 1,000 टन की थी। खाद्य मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को बताया कि प्रोसेसर्स को अप्रैल 2024 तक मासिक स्थापित क्षमता के 70 प्रतिशत के बजाय 60 प्रतिशत भंडार रखने की मंजूरी दी जाएगी। गेहूं पर भंडारण सीमा 12 जून, 2023 को लागू की गई थी, जो इस साल मार्च तक रहेगी। मंत्रालय ने कहा कि सभी संस्थाओं को गेहूं स्टॉक सीमा पोर्टल पर पंजीकरण कराना होगा और हर शुक्रवार को भंडारण की स्थिति देनी होगी।

## केसर टीवी ने जम्मू-कश्मीर में केसर उत्पादन में उत्साहजनक वृद्धि का खुलासा किया है

नई दिल्ली। जम्मू और कश्मीर में केसर का उत्पादन चिंता का विषय रहा है, क्योंकि हालिया आंकड़ों से पता चलता है कि पिछले 13 वर्षों में इसमें उल्लेखनीय गिरावट आई है। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा के अनुसार, क्षेत्र में केसर का उत्पादन 2010 से 2024 तक 67 प्रतिशत से अधिक घट गया है। यह गिरावट बहुत बड़ी है, यह देखते हुए कि केसर इस क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण कृषि वस्तु है।

हालाँकि, इस चिंताजनक प्रवृत्ति के बीच, आशा की एक किरण है, जैसा कि चद्गह्यड्डह्लञ्जङ्क.ष्थ्द्ब द्वारा रिपोर्ट किया गया है। नेशनल कॉन्फ्रेंस के सांसद हसनैन मसूदी द्वारा पूछे गए एक सवाल के जवाब में केंद्र सरकार द्वारा बताई गई जानकारी के अनुसार, वर्ष 2023 में केसर उत्पादन में चार प्रतिशत की मामूली वृद्धि देखी गई। यह वृद्धि, हालांकि मामूली है, जम्मू और कश्मीर में केसर की खेती के भविष्य के लिए आशावाद की किरण प्रदान करती केसर टीवी ने क्षेत्र में केसर उत्पादन के बारे में इस महत्वपूर्ण खुलासे की सूचना दी। रिपोर्ट जल जीवन मिशन जैसी परियोजनाओं के माध्यम से सिंचाई सुविधाओं में सुधार के लिए बागवानी विभाग और मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग कश्मीर जैसे विभिन्न विभागों द्वारा किए गए प्रयासों पर प्रकाश डालती है। इन पहलों के बावजूद, चुनौतियाँ बनी हुई हैं, जैसे बोरवेल प्रबंधन और रखरखाव के लिए उपयोगकर्ता समूहों की अनुपस्थिति के कारण सिंचाई सुविधाओं का कम उपयोग। इसके अतिरिक्त, सीमेंट की धूल जैसे कारकों से केसर के फूलों पर संभावित प्रतिकूल प्रभावों के बारे में भीचिंताएँ व्यक्त की गई हैं। इन मुद्दों को संबोधित करने के लिए, कृषिउत्पादन विभाग, राजस्व अधिकारी और केंद्र शासित प्रदेश जम्मू औरकश्मीर केसर उत्पादक भूमि की सुरक्षा के लिए सक्रिय रूप से कानून औरनियम लागू कर रहे हैं। पिछले कुछ वर्षों में केसर उत्पादन में गिरावट चिंताजनक है, लेकिनहालिया वृद्धि जम्मू और कश्मीर में इस महत्वपूर्ण कृषि क्षेत्र के पुनरुद्धारकी आशा प्रदान करती है। सहयोगी प्रयासों और कड़े उपायों के माध्यमसे, हितधारकों का लक्ष्य भविष्य की पीढ़ियों के लिए क्षेत्र में केसर कीखेती को संरक्षित करना और बढ़ाना है।

## फ़राज़ के डेड्रीम के साथ पंजाबी पॉप के सुहाने सफर पर जाने को हो जाएं तैयार



नई दिल्ली। संगीत का ऐसा सुहाना सफर जहां उभरते पंजाबी पॉप गायक-निर्माता, फ़राज़ अपने एल्बम डेड्रीम के लॉन्च के साथ श्रोताओं को पंजाबी पॉप की रोमांच भरी दुनियां में ले जाने को तैयार हैं। आकर्षक बीट्स, प्रासंगिक गीत और एक अनूठी ध्वनि के मिश्रण के साथ यह एल्बम पंजाबी पॉप शैली में पूरी तरह से धमाल मचाने को तैयार है।

छह ट्रैक - गैलन, डेंजरस, लेट इट गो, बावले से, नशा होने दो और खराब कर गई जो कुछ अबीर पर भी फिल्माए गए हैं उनमें फ़राज़ ने हर एक ट्रैक में ख़ास मिश्रण के जादू से मानो जान सी फुक दी हो। इनमें बीट्स का एक ऐसा गहन अनुभव तैयार किया है, जो पारंपरिक शैलियों की सीमाओं को पार कर जाता है। इन ट्रैकों की धुनें ऐसी मनोरम क्षणों के ताने-बाने बड़ी सहजता से बुनती हैं, लगता है आप किसी रात लम्बी ड्राइव पर निकले हो या आपके घर पर कुछ भूले बिसरे दिन लौट आएं हों। दुनिया भर के कलाकारों की विविध श्रृंखला से प्रेरित होकर फ़राज़ ने इन प्रभावों को बड़ी सफ़लता से अपनी ध्वनियों में शामिल किया है, जिसके परिणामस्वरूप डेड्रीम बना है।

अपने एल्बम के रिलीज़ पर भावुक होते हुए फ़राज़ ने कहा, यह मेरे लिए एक बहुत ही खास एल्बम है। मैं हमेशा से ऐसे ट्रैक बनाना चाहता था जो लोगों के दैनिक जीवन से जुड़े हों और डेड्रीम के साथ मैंने ऐसा ही किया है। यह एल्बम मेरी एक छोटी सी कोशिश है जिसमें मैने संस्कृतियों, शैलियों और भावनाओं को मिलाकर कुछ ऐसा बनाया जो दिल की भाषा बोलता है और सुनने वाले को झूमने पर मजबूर कर दे। मुझे उम्मीद है कि डेड्रीम जीवन के उतार-चढ़ाव से एक खुशनुमा सफर बन जायेगा।

# ग्लो फ्रॉम विथिन: एक्सपर्ट ने बताये चमकती और सेहतमंद त्वचा के राज़

दिल्ली।खूबसूरती को केवल बाहरी सुंदरता से नहीं नापा जा सकता; आप जो खाते हैं वह आपकी खूबसूरती और उसके एहसास को बनाने में बहुत बड़ी भूमिका निभाते हैं। इस बात को समझते हुए, आमंड बोर्ड ऑफ कैलिफोर्निया ने दिल्ली में होटल द पार्क में 'ग्लो फ्रॉम विदिन- नर्चरिंग ए रेडिएंट स्किन' पर एक पैनल चर्चा का आयोजन किया। बॉलीवुड अभिनेत्री और सेलिब्रिटी सोहा अली खान, डर्मेटोलॉजिट एवं स्किन एक्सपर्ट डॉ. गीतिका मित्तल गुप्ता के साथ मैक्स हेल्थकेयर, डायटेटिक्स रीजनल हेड, दिल्ली-रितिका समद्दर ने इस चर्चा में हिस्सा लिया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि किसी को सुंदरता और खूबसूरत होने का एहसास दिलाने में भोजन विकल्पों की बहुत बड़ी भूमिका होती है। पैनल के सभी सदस्यों ने माना कि अपने भोजन में मुट्ठीभर बादाम शामिल कर लेना सेहतमंद त्वचा बनाए रखने के लिए जरूरी है। इसके साथ ही माइंडफुलनेस तकनीक जैसे योग का अभ्यास और पर्याप्त नींद लेना भी आवश्यक है।

इस चर्चा के दौरान, रितिका समद्दर ने पौराणिक ग्रंथों और आधुनिक रिसर्च पर जोर दिया। जिनमें रोजाना अपने ब्यूटी रूटीन में बादाम को शामिल करने के कई सारे फायदों के बारे में बताया गया है। उन्होंने एक अध्ययन की भी चर्चा की, जिसमें दर्शाया गया है कि कैलोरी से भरपूर स्नैक की जगह बादाम लेने से मेनोपॉज़ के बाद के दौर से गुजर रही महिलाओं का स्किन टोन बेहतर होता है और चेहरे की झुर्रियां कम होती हैं। खासकर जिन महिलाओं को फिट्ज़पैट्रिक स्किन टाइप 1 और 2 की समस्या है। इसके साथ ही बादाम में हेल्दी फैट्स और विटामिन ई (अल्फा-टोकोफेरॉल) होता है,




जोकि एंटी-एजिंग गुणों से भरपूर है। यह सेहतमंद स्किन के लिए फायदेमंद होता है। इस चर्चा को और बढ़ाते हुए, डॉ. गीतिका मित्तल गुप्ता ने त्वचा की बनावट को बेहतर बनाने के लिए बादाम को अपने रोजाना के भोजन में शामिल करने पर जोर दिया। साथ ही यह भी बताया कि बादाम खाने से त्वचा सूरज की हानिकारक यूवीबी किरणों से मुकाबला करती है। बॉलीवुड अभिनेत्री सोहा अली खान ने भी बादाम को लेकर अपनी पसंद के बारे में बताया। साथ ही एक सक्रिय, फिट और सेहतमंद जिंदगी के लिए पौष्टिक भोजन के फायदों के बारे में जानकारी दी।

मशहूर बॉलीवुड अभिनेत्री और सेलिब्रेटी, सोहा अली खान ने इस बारे में बात की कि कैसे वह अपने और अपने परिवार की सेहत और अंदरूनी खूबसूरती बनाए रखने का पूरा-पूरा ध्यान रखती हूं। वह कहती हैं, एंटरटेनमेन्ट इंडस्ट्री में काम करने के लिए अपनी और अपने बच्चे की सेल्फ-केयर बेहद जरूरी है। अपने खाने में बादाम को शामिल करना और नियमित रूप से योगा सेशन में जाने से हमारी त्वचा और पूरी सेहत में काफी सुधार हुआ है। बादाम में मौजूद विटामिन ई, जिंक, आयरन और कॉपर, त्वचा की सेहत को बेहतर बनाने, इम्युनिटी में सुधार लाने और हमारी सामान्य सेहत को अच्छा बनाए रखने में फायदेमंद साबित हुआ है। अपनी मनपसंद एक्टिविटीज करना और बादाम के साथ संतुलित आहार, मौसमी फल, सब्जियां और लीन प्रोटीन को शामिल करके मैं चमकदार त्वचा पा सकती हूं और अपनी पूरी सेहत को बेहतर बना सकती हूं।

## एयरबस ने भारतीय कंपनी को दिया विमानों के दरवाजे बनाने का ठेका

नई दिल्ली। एयरबस ने एक भारतीय कंपनी को अपने नैरो बॉडी एयरक्राफ्ट ए220 मॉडल के सभी दरवाजों के विनिर्माण का ठेका दिया है। नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और अन्य की मौजूदगी में गुरुवार को यहां आयोजित एक कार्यक्रम में यह घोषणा की गई। इसके वित्तीय विवरण का खुलासा नहीं किया गया है। यह अनुबंध बेंगलुरु स्थित डायनामैटिक टेक्नोलॉजीज को दिया गया है, जो पहले से ही एयरबस ए330 और ए320 विमानों के फ्लैप ट्रैक बीम का निर्माण करता है।

यह किसी भारतीय एयरोस्पेस विनिर्माण कंपनी के लिए सबसे बड़े निर्यात अनुबंधों में से एक है। एयरबस की ओर से किसी भारतीय आपूर्तिकर्ता को दूसरी बार विमान के दरवाजे बनाने का ठेका दिया गया है। 2023 में, एयरबस ने टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड को, 320 विमान के बल्क और कार्गो दरवाजों के निर्माण का अनुबंध दिया था। सिंधिया ने कहा कि भारत विमान कलपुर्जों के विनिर्माण गतिविधियों के लिए गंतव्य बन रहा है। उन्होंने कहा कि एयरबस के लिए भारत में निवेश करने का यह सही समय है, मंत्री ने कहा कि विमान निर्माता का लक्ष्य देश से विमान घटकों की सोर्सिंग को बढ़ाकर 1.5 अरब डॉलर करना है। पिछले साल यह 75 करोड़ डॉलर था।

एयरबस इंडिया और दक्षिण एशिया के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक रेमी मेलार्ड ने कहा, एयरबस मेक इन इंडिया पर जोर देना जारी रख रहा है। हमारे विश्वसनीय साझेदार डायनामैटिक के साथ यह अनुबंध भारत में एयरोस्पेस विनिर्माण में एक अहम बदलाव है। एयरबस विनिर्माण और असेंबली से लेकर डिजाइन व विकास के अलावा रखरखाव और कौशल के मामले में भारतीय एयरोस्पेस पारिस्थितिकी तंत्र को समग्र रूप से विकसित करने के लिए एक विशेष उत्प्रेरक के रूप में कार्य करना रहेगा।

## डिजिटल संचार में सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए कर्नाटक सरकार के साथ मिलकर काम करेगा ट्रूकॉलर




लखनऊ। पूरी दुनिया में संचार और कॉलर आईडी के सबसे बड़े प्लेटफॉर्म, ट्रूकॉलर ने साइबर अपराध, दूसरों के नाम से लोगों को झांसा देने और धोखाधड़ी की बढ़ती घटनाओं का मुकाबला करने और डिजिटल संचार में यूजर्स की सुरक्षा को बेहतर बनाने के उद्देश्य से कर्नाटक सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के साथ साझेदारी की है। सुरक्षित इंटरनेट दिवस के अवसर पर राज्य के माननीय सूचना प्रौद्योगिकी एवं जैव प्रौद्योगिकी तथा ग्रामीण विकास और पंचायत राज मंत्री, प्रियांक खड़गे की उपस्थिति में इस पहल की शुरुआत की गई, जिसका उद्देश्य साइबर सुरक्षा के बारे में जागरूकता और कौशल के साथ नागरिकों को सशक्त बनाना है। इस साझेदारी के तहत, ट्रूकॉलर पूरे राज्य में नागरिकों के बीच जागरूकता फैलाने और उन्हें सक्षम बनाने के लिए कई पहलों की शुरुआत करेगा, ताकि वे इंटरनेट का सुरक्षित तरीके से उपयोग कर सकें, साथ ही खुद को ऑनलाइन नुकसान, खास तौर पर फोन के ज़रिए होने वाली धोखाधड़ी और ठगी से बचा सकें।

**शीर्षक** आईटी एवं जैव प्रौद्योगिकी मंत्री, श्री प्रियांक खड़गे, चीफ प्रोडक्ट ऑफिसर एवं एमडी, भारत, श्री ऋषित झुनझुनवाला, ट्रूकॉलर में सार्वजनिक मामलों की निदेशक प्रज्ञा की उपस्थिति में इस साझेदारी की शुरुआत की गई।

इस साझेदारी के बारे में बात करते हुए, माननीय सूचना प्रौद्योगिकी एवं जैव प्रौद्योगिकी और ग्रामीण विकास और पंचायत राज मंत्री, प्रियांक खड़गे ने कहा, इस साझेदारी से यह बात जाहिर होती है कि, कर्नाटक सरकार डिजिटल इकोसिस्टम में अपने नागरिकों की सुरक्षा को सबसे ज्यादा अहमियत देने के संकल्प पर कायम है। टेक्नोलॉजी के विकास के साथ डिजिटल संचार में साइबर अपराध और धोखाधड़ी के मामले तेजी से बढ़ रही है, जिससे नागरिकों के असुरक्षित वर्ग के लिए खतरा बढ़ गया है। डिजिटल संचार में जागरूकता बढ़ाने और सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए सरकार सक्रिय कदम उठा रही है। बेंगलुरु आज के दौर में इनोवेशन का दूसरा नाम बन चुका है, जिसे उन्नतिशील तकनीकी केंद्र के रूप में जाना जाता है। हमें गर्व है कि हमने इस साझेदारी के जरिए प्रदेश के नागरिकों की ऑनलाइन सुरक्षा बढ़ाने की पहल शुरू की है। इस पहल के बारे में अपनी राय जाहिर करते हुए, ऋषित झुनझुनवाला, चीफ प्रोडक्ट ऑफिसर एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, भारत, ने कहा, हमें संचार में डिजिटल सुरक्षा को बढ़ाने, और नागरिकों को डिजिटल दुनिया में उपलब्ध अवसरों का अधिकतम लाभ उठाने में सक्षम बनाने के लिए कर्नाटक सरकार के साथ साझेदारी करते हुए बेहद खुशी हो रही है।

# जियो-बीपी ने यू-डिजर्व-मोर अभियान शुरू किया

मुंबई। जियो-बीपी (रिलायंस बीपी मोबिलिटी लिमिटेड का ऑपरेटिंग ब्रांड, रिलायंस इंडस्ट्रीज और बीपी का ईंधन और खुदरा बिक्री संयुक्त उद्यम) ने एक अग्रणी मोबिलिटी सेवा प्रदाता ने आज अपना अनूठा प्रदर्शन करते हुए अपना यू-डिजर्व-मोर अभियान जांच किया। भारत के ईंधन अनुभव को बेहतर बनाने के लिए ग्राहकों के लिए पहल की गई है। आजादी की 100वीं वर्षगांठ की ओर अमृत काल से आगे बढ़ते हुए भारत वैश्विक ऊर्जा के लिए उज्ज्वल स्थान बना रहेगा। भारत को ओर की पेशकश करते हुए यू-डिजर्व-मोर (वाईडीएम) अभियान प्रदर्शन, सेवा और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी के तीन स्तंभों पर ध्यान केंद्रित करते हुए जियो-बीपी की पेशकश है जों ग्राहक प्रस्तावों पर प्रकाश डालता है।

वाईडीएम अभियान 4.3त्न तक अधिक माइलेज देने वाले डीजल और पेट्रोल पर केंद्रित है। जो तेजी से बढ़ते जियो-बीपी पल्स ईवी चार्जिंग पॉइंट नेटवर्क के साथ-साथ बिना किसी अतिरिक्त लागत के अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विकसित विशेष एक्टिव तकनीक के माध्यम से इंजन को 10 गुना तक साफ रखता है। जियो-बीपी मोबिलिटी स्टेशनों के देश-व्यापी नेटवर्क पर



अन्य प्रस्तावों के अलावा अंतरराष्ट्रीय ऑन-द-मूव ब्रांड वाइल्ड बीन कैफे के तहत सिग्नेचर कॉफी के साथ-साथ स्नैक्स, कन्फेक्शनरी आदि वस्तुओं के लिए 24×7 दुकान पर भी प्रकाश डाला गया है।

कम कार्बन समाधानों के साथ देश के लिए गतिशीलता की फिर से कल्पना करने के अपने दृष्टिकोण के अनुरूप जियो-बीपी ने बायोगैस, इथेनॉल आधारित ई-20 पेट्रोल और ईवी बैटरी चार्जिंग और स्वैपिंग सहित ऊर्जा पेशकशों का विक्रेता है। मोबिलिटी स्टेशनों से परे भी जियो-बीपी ऑटोमेशन संचालित है। जो चोरी रोधी मोबाइल डिस्पेंसर और पेटेंट पैक्ड एचडीपीई कंटेनरों के माध्यम से ग्राहकों के दरवाजे तक डीजल पहुंचाने में अग्रणी है। उनके निर्बाध आसान ऑर्डरिंग, वास्तविक समय की ट्रैकिंग, अनुकूलित डिलीवरी मार्ग और जियो-टैगिंग ने भारतीय ग्राहकों को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण ऑन-डिमांड डिलीवरी में विश्वास दिलाया है। निम्न कार्बन ईवी समाधानों में जियो-बीपी की परेशानी मुक्त जियो-बीपी पल्स ऐप, डायनेमिक लोड शेयरिंग और ऑटो-चार्ज सुविधाएँ देश में ईवी अपनाने में तेजी लाने में मदद कर रही हैं।

## इंतजार हुआ खत्म, आज से शुरू हुई आईकू नियो 9 प्रो की प्री-बुकिंग

नई दिल्ली। इस हफ्ते की शुरुआत में, स्मार्टफोन ब्रांड आईकू ने आईकू नियो 9 प्रो के लिए प्री-बुकिंग शुरू करने की घोषणा की, जो आज से, 8 फरवरी, 2024 से शुरू



हो रही है। विशेष डील्स और एक्सटेंडेड वारंटी की सुविधा के साथ ग्राहक अमेज़न.इन और आईकू.कॉम पर आईकू नियो 9 प्रो को प्री-बुक कर सकते हैं।फ्लैगशिप लेवल की परफॉर्मेंस और बेहतरीन क्राफ्टमैनशिप के साथ, यह स्मार्टफोन अपने सेगमेंट में एक नया बेंचमार्क स्थापित कर रहा है। कंज्यूमर लिमिटेड प्री-बुकिंग स्टॉक पर फर्स्ट-कम-फर्स्ट-सर्व के आधार पर निम्नलिखित लाभ प्राप्त कर सकते हैं-

आईकू नियो 9 प्रो ऑर्डर करने पर अतिरिक्त 1000 की छूट पाएं!

2 साल की वारंटी (12 महीने की अतिरिक्त वारंटी सहित)

लॉन्च के दिन विशेष ऑफर, जिसकी घोषणा 22 फरवरी को की जाएगी

ग्राहक 1000 की रिफंडेबल राशि का भुगतान कर सकते हैं, जिसे डिवाइस के फाइनल पेमेंट में एडजस्ट कर दिया जाएगा।

आईकू नियो 9 प्रो, क्वालकॉम स्नैपड्रैगन 8 जेन 2 मोबाइल प्लेटफॉर्म पर चलता है, जो बिना किसी लैग के शानदार परफॉर्मेंस और गेमिंग का अनुभव प्रदान करता है। यह परफॉर्मेंस जबरजस्त है, और अन्तुतु बेंचमार्क स्कोर 1.7 मिलियन+ से अधिक है। गेमिंग के शौकीनों के लिए आईकू का अपना सुपरकंप्यूटिंग चिप क्यू 1 144 एफपीएस गेमिंग और 900 पिक्सल तक का सुपर रिज़ॉल्यूशन प्रदान करता है, जिससे एक स्मूथ और इमर्सिव गेमिंग सेशन मिलता होता है।

आईकू नियो 9 प्रो अपने आकर्षक डिजाइन और डिस्प्ले फीचर्स के साथ एक बोल्ड स्टेटमेंट प्रस्तुत करता है। इसमें एक शानदार ड्यूल-टोन और प्रीमियम लेदर डिज़ाइन है जो एक आरामदायक और प्रीमियम अनुभव देते हुए एलिगेंस टच देता है। इसके अलावा, स्मार्टफोन एक शानदार स्क्वायरल कैमरा मॉड्यूल और अत्याधुनिक फ्लैगशिप 50 एमपी सोनी आईएमएक्स920 कैमरा से लैस है, जो शानदार नाइट फोटोग्राफी के लिए है और कम रोशनी में शानदार प्रदर्शन करता है। आईकू नियो 9 प्रो असाधारण प्रदर्शन और पावर-पैक क्षमताओं का वादा करता है, जो इसे स्मार्टफोन बाजार में एक गेम-चेंजर बनाता है।

## ई-रुपी के उपयोकर्ताओं को मिलेगी ऑफलाइन भुगतान की सुविधा

नई दिल्ली। आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने दो महीने के अंतराल पर होने वाली मौद्रिक नीति समीक्षा की घोषणा करते हुए कहा कि सीबीडीसी-आर (खुदरा) में एक ऑफलाइन भुगतान की सुविधा पेश करने का प्रस्ताव है ताकि खराब या सीमित इंटरनेट कनेक्टिविटी वाले क्षेत्रों में लेनदेन को सक्षम बनाया जा सके। डिजिटल रुपया के उपयोगकर्ता जल्द ही सीमित इंटरनेट कनेक्टिविटी वाले क्षेत्रों में भी लेनदेन कर सकेंगे। रिजर्व बैंक ने गुरुवार को बताया है कि केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा (सीबीडीसी) पायलट परियोजना के तहत ऑफलाइन भुगतान की सुविधा देगी। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि प्रोग्रामेबिलिटी आधारित अतिरिक्त उपयोग के मामलों को पायलट प्रोजेक्ट के हिस्से के रूप में पेश किया जाएगा। आरबीआई ने दिसंबर 2022 में खुदरा सीबीडीसी का एक पायलट प्रोजेक्ट लॉन्च किया और दिसंबर 2023 में एक दिन में 10 लाख लेनदेन करने का लक्ष्य हासिल किया। यहां ध्यान रखने वाली बात यह है कि अन्य भुगतान प्लेटफ़ॉर्म, विशेष रूप से बहुत लोकप्रिय यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस, पहले से ही आफलाइन भुगतान की सुविधाएं देते हैं। दास ने दो महीने के अंतराल पर होने वाली मौद्रिक नीति समीक्षा की घोषणा करते हुए कहा, सीबीडीसी-आर (खुदरा) में एक ऑफलाइन भुगतान की सुविधा पेश करने का प्रस्ताव है ताकि खराब या सीमित इंटरनेट कनेक्टिविटी वाले क्षेत्रों में लेनदेन को सक्षम बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि कई ऑफलाइन समाधान, जिनमें निकटता और गैर-निकटता आधारित सामाधान शामिल हैं, का परीक्षण पहाड़ी, ग्रामीण और शहरी स्थानों में किया जाएगा। प्रोग्रामेबिलिटी के मोर्चे पर, उन्होंने कहा कि वर्तमान में, सिस्टम पायलट बैंकों की ओर से प्रदान किए गए डिजिटल रुपी वॉलेट का उपयोग करके व्यक्ति से व्यक्ति (पी2पी) और व्यक्ति से व्यापारी (पी2एम) लेनदेन को सक्षम बनाता है।

## काइनेटिक ग्रीन ने ई-लूना लॉन्च किया, जो आइकॉनिक लूना का एक ऑल-इलेक्ट्रिक और स्टाइलिश अवतार है

नई दिल्ली। भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों के अग्रणी निर्माता, काइनेटिक ग्रीन ने आज एक प्रतिष्ठित कार्यक्रम में गर्व से बहुप्रतीक्षित ई-लूना पेश किया, जो उन्नत तकनीक और सुविधाओं के साथ एक स्टाइलिश, बहु-उपयोगी इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन है। नई दिल्ली। प्रतिष्ठित लूना के इस बिल्कुल नए इलेक्ट्रिक संस्करण का अनावरण भारत सरकार के माननीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी के हाथों, भारी उद्योग मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव, डॉ. हनीफ कुरेशी, आईपीएस, के साथ किया गया। भारत सरकार, काइनेटिक ग्रुप के अध्यक्ष डॉ. अरुण फिरोदिया और काइनेटिक ग्रीन की संस्थापक और सीईओ सुश्री सुलज्जा फिरोदिया मोटवानी ने इस महत्वपूर्ण अवसर को बहुत महत्व दिया।




ई-लूना अद्वितीय बहुमुखी प्रतिभा के साथ एक अनूठी पेशकश के रूप में इलेक्ट्रिक वाहन बाजार में खड़ा है। यह नवाचार का प्रतिनिधित्व करता है क्योंकि इसे व्यक्तिगत आवागमन और छोटे व्यवसायों के लिए विभिन्न अनुप्रयोगों को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इसकी उन्नत इलेक्ट्रिक तकनीक और नवीन विशेषताएं पर्यावरण के अनुकूल और अत्यधिक समकालीन सवारी अनुभव में योगदान करती हैं।

ई-लूना एक हाई-स्पीड इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर है जो 100त्न डिजाइन, इंजीनियर और भारत में निर्मित है, जिसमें स्टाइलिश डिजाइन, अत्यधिक बहुमुखी अपील, अत्यधिक किफायती कीमत पर लंबे समय तक चलने वाले निर्माण के साथ-साथ उन्नत हरित तकनीक की पेशकश की गई है। कीमत। ई-लूना को इस दृष्टि से डिजाइन किया गया है कि केवल वर्ग ही नहीं, बल्कि आम जनता भी ईवी क्रांति में भाग ले और बड़ी बचत और शोर रहित, उत्सर्जन-मुक्त सवारी के ई-मोबिलिटी के लाभों से लाभान्वित हो।

नई ई-लूना के स्टाइलिश डिज़ाइन के केंद्र में इसकी अनूठी, धातु के रंग की, दोहरी-ट्यूबलर, उच्च शक्ति वाली स्टील चेसिस है। यह हेवी-ड्यूटी चेसिस न केवल वाहन को मजबूती और स्थायित्व प्रदान करती है; लेकिन यह ई-लूना का अलग स्टाइलिंग तत्व भी है, जो इसे स्पोर्ट या नग्न मोटरसाइकिलों की तरह एक समकालीन लुक देता है।

# नशे की लत से प्रभावित व्यक्ति का परिवार व समाज भी होता प्रभावित

## जिला संयुक्त चिकित्सालय में नशा मुक्ति उपचार केंद्र का डीएम व भाजपा जिलाध्यक्ष ने किया शुभारंभ

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** जिला संयुक्त चिकित्सालय स्वशासी मेडिकल कॉलेज रविन्द्र नगर घूस में नशा मुक्ति उपचार केन्द्र का शुभारम्भ मुख्य अतिथि जिलाधिकारी उमेश मिश्रा व विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय की उपस्थिति में हुई। साथ ही दिल्ली से चल रहें समाजिक न्याय अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा विभिन्न नशा मुक्ति उपचार केंद्रों के वर्चुअल उद्घाटन और समाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार का लाइव सम्बोधन का सीधा प्रसारण जिला संयुक्त चिकित्सालय के परिसर में दिखाया गया। आज पूरे देश में 41 नशा मुक्ति उपचार केन्द्र, समाजिक न्याय एवं अधिकारिता के मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार द्वारा वर्चुअल



मोड द्वारा बटन दबाकर शुभारम्भ किया गया। लाइव संबोधन के दौरान मंत्री ने कहा कि देश के युवाओं की सकारात्मक ऊर्जा उनके परिवार, समाज व देशहित में उपयोग होनी चाहिए। नशे की लत से प्रभावित व्यक्ति का परिवार व समाज भी प्रभावित होता है। इस नशा मुक्ति उपचार केंद्र के माध्यम से नशे से ग्रसित व्यक्ति के उपचार व पुनर्वास का कार्य किया जाएगा। नशा मुक्ति अभियान में विभिन्न सरकारी, गैर सरकारी संगठनों व संस्थाओं का सहयोग लिया जा रहा है, जिसके सकारात्मक परिणाम देखने को मिल रहे हैं। उन्होंने देश के युवाओं से आवाहन किया कि वह अगर किसी भी नशे के आदी हो गए हैं तो वह आगे आकर नशा मुक्ति उपचार केंद्रो का सहयोग लेकर अपने को मुख्य धारा में जोड़ो व अपनी ऊर्जा व समय परिवार, समाज व देशहित में उपयोग करें। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि नशा समाज के सामने गंभीर चुनौती के रूप में व्याप्त हैं, जिसका निराकरण नितांत आवश्यक हैं। समाज के प्रत्येक आयु वर्ग के लोग खासकर युवा वर्ग पर इसका सीधे-सीधे नकरात्मक प्रभाव उनके सामाजिक जीवन पर पड़ता है। नशे से मुक्त होकर युवा अपनी साकरात्मक उर्जा का उपयोग कर देश को समाजिक एवं आर्थिक सुदृढता प्रदान कर सकते है। गौरतलब है कि पूर्वांचल के क्षेत्रों से प्रायः तंबाकू के सेवन से अत्यधिक मौतें सामने आ रही है। जिला संयुक्त चिकित्सालय में नशा मुक्ति केन्द्र पर तंबाकू के सेवन, गांजा, शराब, चरस आदि के मरीजों के भर्ती, बीड़ी, सिगरेट, चरस, गांजा आदि नशे से पीड़ितों का उचित उपचार होने के साथ-साथ उनके पुर्नवास की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी।

## सड़क दुर्घटना में घायल वृद्ध की इलाज के दौरान मौत

अवधनामा संवाददाता

**अहिरौली बाजार कुशीनगर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम भलुही निवासी सड़क दुर्घटना में घायल एक 69 वर्षीय वृद्ध की इलाज के दौरान मौत हो गई।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र के ग्राम भलुही निवासी राम कवल सिंह पुत्र वंशराज सिंह उम्र 69 वर्षीय की बीते 31 जनवरी को अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र के हाटा पिपराइच मार्ग पर स्थित डुमरी गांव के निकट टेम्पू पलट गई थी जिसमें राम कवल सिंह इस दुर्घटना में गम्भीर रूप से घायल हो गए थे। तभी से उनको इलाज मेडिकल कॉलेज गोरखपुर में चल रहा था। जहां बीते 7 फरवरी की रात इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

पोस्टमार्टम के बाद शव घर आने परिजनों में चित्कार मच गई। उसके बाद उनके शव का अंतिम संस्कार किया गया।

## बेदूपार में एक घर से नगदी चोरी

**अहिरौली बाजार, कुशीनगर।** अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित ग्राम बेदूपार से एक घर में रखे बक्से से नगदी की हुई चोरी। प्राप्त जानकारी के मुताबिक अनिरुद्ध तिवारी पुत्र जोखू तिवारी निवासी बेदूपार थाना अहिरौली बाजार जनपद कुशीनगर के घर से बीते 5 फरवरी को दिन के बारह बजे अनिरुद्ध तिवारी की गैर मौजूदगी में अज्ञात चोर घर में घुस गए और बक्से में रखा पांच हजार रुपए नगदी की चोरी कर फरार हो गया। अनिरुद्ध तिवारी के अनुसार पैसा बैंक से लाकर बक्से में रखा गया था। घटना के बाद पीड़ित अनिरुद्ध तिवारी ने बहुत छानबीन की उसके बाद 8 फरवरी दिन गुरुवार को स्थानीय थाने में पहुंचकर चोरी की घटना के संबंध में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

## स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के परिजनों का हुआ सम्मान



अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रित पेंशन तथा सन् 1857 के शहीदी परिजनों का नाम शहीद स्मारक नयी दिल्ली में अंकित करने हेतु आज दिनांक 08/02/2024 को घघसरा (सहजनवा, गोरखपुर) में अल हिंद पार्टी के मंडल अध्यक्ष देवेंद्र कुमार के तत्वाधान में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन में गोरखपुर जिले के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रितों ने भाग लिया।

इस आयोजन में करीब डेढ़ सौ शहीदी परिवारों के परिजनों ने भाग लिया। सन् 1992 से यह आन्दोलन शुरू होकर दिल्ली हाईकोर्ट तथा सुप्रीम कोर्ट होते हुये आज इस मुकाम पर पहुंचा है कि भारत सरकार को देश के प्रथम गृह मंत्री सरदार बल्लभ भाई पटेल द्वारा गठित आयोगों व कमेटियों के रिक्मेंडेशन के अनुसार सभी शहीदी व बलिदानी पूर्वजों के परिजनों को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रित का पेंशन दिये जाने हेतु भारत के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री तथा प्रदेश के राज्यपाल व मुख्यमंत्री को लगातार धरना प्रदर्शन व ज्ञापन के माध्यम से संघर्ष को जारी रखने पर जोर दिया गया। इस सभा में संघर्षरत शहीदी परिवारों के परिजनों को सम्मानित किया गया। सभा में अल हिंद पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री अमित कुमार को राष्ट्रीय अध्यक्ष महोदय ने विशेष संदेश के साथ भेजा है। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री ओंकार नाथ कटियार जी के निर्देशन में यह आयोजन किया तथा आगामी समय में इसे प्रभावी रुप से संघर्ष को भारत सरकार के समक्ष रखने का संकल्प दोहराया गया। सभा को देवेन्द्र कुमार के अलावा प्रिया कुमारी, गीता सिंह, सरिता सिंह,अनार कली, श्रीराम , दिनेश भारती, अवधेश, दीपक सिंह तथा अन्य पदाधिकारियों ने भी संबोधित कर संघर्ष को धार देने पर जोर दिया।

## सर्द हवाओं के आगे कमजोर साबित हो रही धूप

**अमेठी।** जनपद में झमाझम बारिश के बाद पिछले दो दिनो से तेज धूप खिल रही है लेकिन सर्द हवाओं के आगे खिली धूप कमजोर साबित हो रही है। जिले में कड़ाके की सर्दी पड़ रही है ऐसे में जनजीवन बेहाल है बर्फीली हवाओं ने लोगों को दो दिन से सुबह शाम खूब कंपाया।बुधवार से धूप खिल रही है लेकिन सर्द हवाओं के आगे धूप कमजोर साबित हो रही है लोग खुले आसमान के नीचे गुरुवार को भी धूप सेकते नजर आए। वही सर्दी से बेहाल छुट्टा मवेशी भी जहां-तहां मैदान में एकत्रित होकर धूप लेते नजर आ रहे थे।

शाम को सर्द हवाओं ने मौसम को फिर अपने आगोश में ले लिया। लोग ठिठुरन महसूस करने पर मजबूर हुए। शाम ढलते ही लोग घरों में दुबक गए और अलाव के सहारे बैठे रहे। वहीं सहालग के कारण देर रात तक लोगों का आवागमन जारी रहा गर्म कपड़ों में ढके होने के बावजूद भी लोग ठिठुरन का एहसास कर रहे थे। जिन घरों में वैवाहिक कार्यक्रम है वहां सर्दी के कारण लोगों का बुरा हाल रहा।

## प्रत्येक ब्लाक में रोजगार मेले का किया जायेगा आयोजनः प्रत्यूष

अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पाण्डेय ने बताया है कि माह फरवरी के द्वितीय चरण में प्रत्येक ब्लाक में रोजगार मेले का आयोजन दीन दयान उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना, उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन, राजकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानो तथा जिला सेवायोजन कार्यालय के माध्यम से संयुक्त तत्वाधान में किया जायेगा। उन्होंने निर्देश दिया है कि समस्त संस्थाए एवं संबंधित विभाग रोजगार मेले के सफल आयोजन में उपस्थित होकर अपेक्षित सहयोग एवं आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करेंगे। यह कार्य शासन की विशेष प्राथमिकता में से है, इसमें किसी भी प्रकार की कोई शिथिलता न अपनायी जाये। 12 फरवरी को गौरी बाजार के ब्लाक परिसर, 14 फरवरी को माइकल फैराडे प्रा0 आईटीआई नाग्रौली उभाव ब्लाक बैतालपुर, 15 फरवरी को ब्लाक परिसर रामपुर कारखाना, 17 फरवरी को श्रीहरी नारायण इंटर कालेज



पिपरा मदन गोपाल देसही देवरिया, 19 फरवरी को पं0 श्रीकृष्ण उपाध्याय प्रा आईटीआई बैरियाघाट रुद्रपुर, 21 फरवरी को राजकीय आईटीआई देवरिया, 22 फरवरी को जाइन आईटी प्रा0लि0 प्रशिक्षण केन्द्र ओवर ब्रिज के पास सलेमपुर, 24 फरवरी को ब्लाक परिसर बनकटा, 26 फरवरी को ब्लाक परिसर भाटपाररानी, 27 फरवरी को एमएसडीजे महाविद्यालय/ एकदंता एजुकेशन ट्रस्ट कौशल प्रशिक्षण केन्द्र सहजौर लार, 28 फरवरी को राधा रमन प्रा आईटी जमुआ टोला धर्मेर भागलपुर, 29 फरवरी को ब्लाक परिसर बरहज, 01 मार्च को बहादुर मेमोरियल प्रा0 आईटीआई बाइपास भटनी, 02 मार्च को ब्लाक परिसर भलुअनी, 04 मार्च को नैन कुमारी प्रा आईटीआई सकतुई पथरदेवा तथा 05 मार्च को आरपीएस आईटीआई मुडेरा गढ रामपुर परिसर तरकुलवा में रोजगार मेले का आयोजन किया जायेगा।

## डीएम की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन की बैठक

अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** जिलाधिकारी निशा अनंत की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन की बैठक आयोजित हुई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल अधिशासी अभियंता जल निगम बीपी सिंह सहित कार्यदायी संस्थाओं एवं इंप्लीमेंट सपोर्टिंग एजेंसी (आईएसए) के प्रतिनिधि तथा अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक में जिलाधिकारी ने जल जीवन मिशन हेतु नामित तीन एजेंसियों क्रमशः मेसर्स वैलस्पन इंटरप्राइजेज मेसर्स गायत्री-रैम्की तथा मेसर्स विंध्या टेलिलिंक्स-गाजा इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधियों से जनपद में संचालित सभी परियोजनाओं के बारे में बिंदुवार जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने पूर्ण अपूर्ण परियोजनाओं एवं भूमि विवाद के चलते जिन परियोजनाओं में अभी तक कार्य नहीं प्रारंभ हुआ है उनकी स्थिति के बारे में जानकारी ली



एवं संबंधित कार्यदायी संस्थाओं को उपजिलाधिकारियो से संपर्क कर भूमि विवाद को निस्तारित करते हुए गुणवत्तापूर्ण व निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिए की सभी परियोजनाओं पर मजदूरों की संख्या बढ़ते हुए शीघ्र अति शीघ्र कार्य पूर्ण किया जाए सभी घरों को जल जीवन मिशन के अंतर्गत पाइपलाइन से जोड़ा जाए कोई भी गांव मजरा अथवा घर कनेक्शन से छूटने न पाए तथा पाइपलाइन बिछाने के दौरान खोदी गई सड़कों को शीघ्र अति शीघ्र रिपेयर किया जाए इसके अतिरिक्त सभी प्राथमिक विद्यालयों आंगनबाड़ी केंद्रों तथा हेल्थ वेलनेस सेंटरों को भी पाइपलाइन से जोड़ा जाए। उन्होंने सभी कार्यदायी संस्थाओं को निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देते हुए निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने इंप्लीमेंट सपोर्टिंग एजेंसियों के प्रतिनिधियों को गांवों में जल जीवन मिशन योजना का व्यापक प्रचार प्रसार करने खाता खुलवाने एवं अन्य सौंप गए कार्यों को तेजी से करने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता जल निगम को जल जीवन मिशन के अंतर्गत प्राप्त हो रही जन शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से हेल्पलाइन नंबर जारी करने के निर्देश दिए जिससे जन सामान्य इस नंबर पर फोन कर अपनी समस्याओं को बता सकें।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने गिनाई सरकार की उपलब्धियां



**तरकुलवा देवरिया अवधनामा संवाददाता।** भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा गांव चलो घर चलो अभियान के तहत आज विकासखंड व नगर पंचायत तरकुलवा में गांव चलो अभियान के तहत जनसंपर्क अभियान भाजपा मंडल अध्यक्ष जीवनपति त्रिपाठी नगर पंचायत अध्यक्ष जनार्दन कुशवाहा ब्लॉक प्रमुख राम आशीष गुप्ता व विधानसभा प्रभारी हेमंत पाठक के नेतृत्व में पथभ्रमण का कार्य किया गया। कार्यकर्ताओं के द्वारा मोदी सरकार के द्वारा कराए गए जनकल्याणकारी योजनाओं व उपलब्धियां का जन-जन तक पहुंचने का कार्य समस्त कार्यकर्ताओं ने किया। इस अवसर पर राजेश,अंबुज शाही रवि प्रताप राव, दिवाकर राव, गणेश राव, अभिषेक पासवान, जय सिंह के साथ आने को कार्यकर्ता उपस्थित थे। नुक्कड़ सभा भी की गई इसके संचालक दुष्यंत राव के द्वारा किया गया।

## सरकार ने अनुसूचित जाति को दिया सर्वाधिक लाभ



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा द्वारा चलाये जा रहे दलित युवा संवाद- छात्रावास सम्पर्क कार्यक्रम के तहत देवरिया भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने नाथ नगर स्थित डा.अम्बेडकर अनुसूचित जाति राजकीय छात्रावास में सम्पर्क कर भाजपा की केन्द्र और प्रदेश सरकार द्वारा अनुसूचित जाति के लिए किये गए कार्यो को बताया। इस दौरान भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष राजन सोनकर ने कहा कि भाजपा की मोदी और योगी सरकार ने सर्वसमावेशी विकास करने का काम किया है। अपराध एवं आयागार से उत्पीडित अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के परिवारों को 85,000 हजार से लेकर 8-25 लाख तक की आर्थिक सहायता उपलब्ध करा रही है। अनुसूचित जाति वर्ग के छात्र-छात्रों को निःशुल्क आवास प्रदान करने के लिये 261 छात्रावास भाजपा सरकार द्वारा संचालित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अन्तर्गत प्रत्येक जनपद में आईएएस,पी.सी.एस, जेईई, नीट आदि प्रतियोगी परिक्षाओं हेतु निःशुल्क आवासीय कोचिंग की व्यवस्था गोरखपुर, लखनऊ,आगरा,अलीगढ़, वाराणसी तथा हापुड़ में शुरू किया है।

## सड़क दुघर्टना में एक युवक की मौत, दूसरा घायल

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** सहजनवा थाना क्षेत्र के ग्राम तिलौरा चौराहे के पास गुरुवार शाम 5.00 बजे सड़क दुघर्टना में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को पुलिस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ठर्रापार लाया गया, जहां डाक्टरों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया है। वहीं दूसरे युवक का इलाज चल रहा है। मृतक की पहचान खजनी थाना क्षेत्र के ग्राम बारी-गांव बनकटा निवासी राजन चौरसिया 27 वर्ष के रूप में हुई है। दूसरा घायल साथी सूरत गौड़ 25 वर्ष उसी गांव का रहने वाला है।

## मीडिया संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी के कार्यालय सभागार में गुरुवार को राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत मीडिया संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह ने बताया कि जनपद में आईडीए /एमडीए कार्यक्रम 10 फरवरी से 28 फरवरी 2024 तक संचालित किया जायेगा। जिसमें सोमवार मंगलवार बृहस्पतिवार व शुक्रवार को एक वर्ष से अधिक उम्र के बच्चों तथा व्यक्तियों को आशा आंगनबाड़ी के माध्यम से घर-घर जाकर फाइलेरिया रोधी दवा खिलाई जायेगी तथा छूटे हुए व्यक्तियों को बुधवार व शनिवार में मापअप राउन्ड चलाकर दवा खिलाई जायेगी। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया रोग क्यूलेक्स मच्छर के काटने से होने वाला एक तरह का संक्रामक रोग है जिसे सामान्यतया हाथी पांव के नाम से जाना जाता है। उक्त रोग से ग्रसित व्यक्तियों में पैरों-हाथों में सूजन पुरूषों में हाइड्रोसील व महिलाओं में ब्रेस्ट में सूजन के लक्षण पाये जाते है। विगत वर्ष में जनपद में फाइलेरिया के 2265 रोगी पाये गये जिसमें रूग्णता प्रबन्धन हेतु 1892 लिंफोडिमा के रोगियों को किट वितरण करते हुए उन्हें प्रभावित अंग की साफ-सफाई का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम के दौरान पाये गये 373 हाइड्रोसील रोगियों में से 317 रोगियों का आपरेशन किया गया।

## सांसद ने गोरखपुर एयरपोर्ट पर रात्रिकालीन विमान सेवा शुरू करने की मांग की

अवधनामा संवाददाता

**सलेमपुर।** सलेमपुर सांसद रविन्दर कुशवाहा ने लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान गोरखपुर एयरपोर्ट पर रात्रिकालीन विमान सेवा शुरू करने की मांग की। उन्होंने कहा कि जहां से देश के कोने-कोने में उड़ानें प्रतिदिन संचालित की जा रही हैं जिसका लाभ पूर्वी उत्तर प्रदेश के साथ-साथ सीमावर्ती प्रदेश बिहार तथा पड़ोसी देश नेपाल को भी मिल रहा है। यात्री सुविधा हेतु, रात्रिकालीन विमान सेवा हेतु गोरखपुर एयरपोर्ट पर ये सुविधा यात्रियों हेतु कब तक शुरू करने का प्रस्ताव है। उन्होंने कुशीनगर एयरपोर्ट पर कब तक नियमित उड़ानें चालू होगी यह भी सवाल किया। उन्होंने प्रश्नकाल के दौरान संसद में नागर विमानन मंत्री ज्योतिराज सिंधिया से पूछा कि लोकनायक जयप्रकाश नारायण जी और पूर्व प्रधान मंत्री चन्द्रशेखर जी की जन्मस्थली बलिया



से पटना, वाराणसी, गोरखपुर एयरपोर्ट की दूरी 200-250 किलोमीटर है। बलिया में नए एयरपोर्ट की स्थापना का कब तक होगी। जवाब में नागर विमानन मंत्री ज्योतिराज सिंधिया ने कहा कि कुशीनगर के बारे में कुशीनगर में सहारनपुर के लिए हमने उड़ान योजना के अंतर्गत बेड अवार्ड कर दिया है 14 रूट जो कनेक्ट करेंगे उसे हमने उड़ान 5.3 में उसके अंतर्गत हमने सम्मिलित किया है। और वर्तमान में एक रूट हमने अवार्ड कर दिया है और 14 रूट हमने 5.3 में सम्मिलित कर लिया और जहां तक गोरखपुर का सवाल है यहां भी हम लोग एयरलाइंस के साथ चर्चा कर रहे हैं और वह जब निर्णय लेंगे तो उसका क्रियान्वयन भी हम करेंगे बलिया के बारे में उन्होंने सांसद से कहा कि वे उत्तर प्रदेश सरकार से बात करें और जरूर मुझे जाकर मिले बलिया के लिए भी जो संभव होगा जल्द ही उसकी शुरुआत होगी।

भाजपा मिडिया प्रभारी अजय दूबे वत्स ने बताया कि सलेमपुर सांसद रविन्दर कुशवाहा का यह सवाल बहुत ही महत्वपूर्ण है।इससे लोकसभा सलेमपुर वासियो एवम बगल के जनपदों के यात्रियों को सुविधाएं मिलेंगी।

## शराब के नशे में एक व्यक्ति की असामयिक मृत्यु

**उरई (जालौन)।** शराब के नशे में धुत एक व्यक्ति की नाले में गिरने से मृत्यु हो गई। प्राप्त विवरण के अनुसार मामला करसान बायपास प्राइवेट बस स्टैंड के नजदीक का है। जहाँ एक व्यक्ति के नाले में गिरजाने की सूचना 112 नम्बर पर मिलने के बाद स्थानीय पुलिस मौके पर पहुची और शब को बाहर निकाला गया। मृत व्यक्ति की जेब से शराव का क्वाटर और आधार कार्ड मिला। आधार कार्ड पर लिखे नाम व पते से उस व्यक्ति की पहिचान कराई गई। मृतक के परिजनों में उसका पुत्र एवं पत्नी ने मौके पर पहुचकर शिनाख्त की। मृतक का नाम अमित कुमार सविता पुत्र कमलेश कुमार सबिता निवासी करसान रोड नया पटेलनगर उरई है। मृतक के पुत्र और पत्नी ने बताया कि वह शराव का आदी रहा है दिनभर शराब के नशे में घूमता था। क्षेत्राधिकारी उरई गिरजाशंकर त्रिपाठी ने बताया कि मृत व्यक्ति के शरीर पर कोई भी चोट का निशान नही है। पंचायत नामा भर कर पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## मथौली चेयरमैन का हुआ जोरदार स्वागत



अवधनामा संवाददाता

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** भाजपा प्रदेश मुख्यालय लखनऊ में प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी व उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के उपस्थिति में नगर पंचायत मथौली के अध्यक्ष नवरंग सिंह ने बुधवार को भाजपा का सदस्यता ग्रहण कर लिया। सदस्यता ग्रहण करने के बाद गुरुवार को नगर पंचायत मथौली में प्रथम आगमन पर जगह-जगह कार्यकर्ता व समर्थकों ने फूलमाला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। स्वागत से अभिभूत नगर अध्यक्ष नवरंग सिंह ने कहा कि भाजपा देश कि एक ऐसी पार्टी है जो सभी वर्गो के लोगों को एक साथ लेकर चलने का कार्य करती है। विनाङ्कभेदभाव विकास कार्यो को अमली जामा पहना रही है। भारतीय जनता पार्टी की रीति नीति व विकास कार्यो और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मजबूत नेतृत्व से प्रभावित होकर भाजपा में शामिल हुआ हूं। भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के दिशाङ्कनिर्देशों का ईमानदारी व निष्ठा के साथ पालन करूंगा। स्वागत के क्रम में हरपुर बरवा, अजीजनगर, पकड़ी मदरहां व नगर पंचायत मथौली के लोहेपार, हरिओम चौक, मुख्य बाजार कार्यकर्ताओं व समर्थकों ने ढोल तासे के साथ फूलमाला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर मथौली मंडल अध्यक्ष अदालत प्रसाद, संजय सिंह मुन्ना, पूर्व मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र पांडेय, शिक्षक व्यासमूनी सिंह, चेयरमैन प्रतिनिधि मनीष सिंह, सभासद रविंद्र सैनी, प्रिंस जायसवाल, उमेश साहनी, प्रिंस मद्धेशिया, दुर्गेश सिंह, तेज प्रताप सिंह, दिनेश सिंह, आकाश जायसवाल, रामधनी चौरसिया, दिनेश राव, महेंद्र सिंह, उमेश गुप्ता सहित तमाम कार्यकर्ता व समर्थक शामिल रहे।

## 35 विद्यार्थियों ने लिया परिजनों को साक्षर करने का संकल्प



**हाटा, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** नयी दिशा पर्यावरण सेवा संस्थान द्वारा देश को साक्षर बनाने में अपना योगदान देते हुए गुरुवार को हाटा विकास खण्ड के ग्राम सभा भठही बाबू स्थित जूनियर हाईस्कूल से हर हाथ कलम अभियान की शुरुआत की गई। संस्था सचिव डॉ0 हरिओम मिश्र की प्रेरणा से विद्यालय के 35 विद्यार्थियों ने अपने परिजनों को साक्षर करने का संकल्प लिया। इन सभी को संस्थान की तरफ से स्लेट, चॉक और किताब भेंट किया गया। डॉ0 हरिओम ने कहा कि हर घर में पढ़े लिखे लोग हैं। हम केवल अपने-अपने घर को साक्षर कर लें तो देश स्वतः साक्षर हो जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पूर्व शाखा प्रबंधक नरेंद्र नाथ त्रिपाठी ने विद्यार्थियों को शुभ कार्य हेतु बधाई दिया। प्रधानाध्यापक प्रवीण राव ने स्वागत व आभार प्रकट किया। इस अवसर पर शिक्षक अमित सिंह, देवानंद गौड़ सहित परिजनों को साक्षर करने का संकल्प लेने वाले आयुष, भोला, अभिषेक, राज, टुनटुन, सुधाकर, पवन, कृष्णा, बसंत, अंकित, किशन, अंशु, अनुष्का, अरीशा, खुशी, प्रीति, कुमकुम, पायल, निधि, सोनाली, आंचल, निर्जला, खुशबू, शिवांगी, संजना, सोनाली, सिमरन, जूही, अंशिका, संजना, आंचल, शिवांगी, अराधना, अभिषेक, कृष्णा उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाध्यापक अमित राव के लाडले युग के जन्मदिन के अवसर पर पौधरोपण व जलपान हुआ।

## गांव चलो अभियान के तहत जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में दी जानकारी

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** भारतीय जनता पार्टी के गांव चलो अभियान के तहत गुरुवार को नगर पडरौना के नपाध्यक्ष विनय जायसवाल के निर्देशन पर उनके प्रतिनिधि मनीष जायसवाल ने भाजपा कार्यकर्ताओं और अपनी टोली संग नगर के विभिन्न मुहल्लों में जनसम्पर्क किया। इस दौरान उन्होंने आम जनमानस के बीच भाजपा की नीतियों और केंद्र सरकार की गरीब कल्याण योजनाओं से सभी को अवगत कराते हुए तथा आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में वोट कर प्रचण्ड बहुमत दिलाने की अपील की। नपाध्यक्ष प्रतिनिधि मनीष जायसवाल ने अबकी बार चार सौ पार का नारा बुलंद करते हुए कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत ने कृषि, अनुसन्धान, पर्यटन, विज्ञान, अंतरिक्ष, स्टार्टअप, अर्थव्यवस्था, खेल, महिला सशक्तिकरण, शिक्षा, सैन्य शक्ति, योग सहित आयुर्विज्ञान, रक्षा क्षेत्र, सांस्कृतिक विरासत, आधारभूत ढांचे व



जनकल्याणकारी योजना के बारे में जानकारी देते मनीष जयसवाल

आधुनिक तकनीक क्षेत्र में अभूतपूर्व काम किया है। पिछले 10 वर्षो में 25 करोड़ से अधिक गरीबों को आर्थिक मजबूती प्रदान करते हुए गरीबी रेखा से ऊपर उठाया गया है। देश के हर वर्ग के नागरिक सरकार की किसी न किसी योजनाओं से जरूर लाभान्वित। यही वजह है कि आज का भारत अपने स्वर्णिम युग मे है। गांव चलो अभियान के तहत पडरौना नगर के बालगंगाधर तिलक रामकोला रोड, मुन्ना कॉलोनी, कठकुईया मोड़, हरिजन बस्ती सहित अन्य क्षेत्रों में पत्रक बांट कर केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को बताया गया और अपना मताधिकार का प्रयोग करने के प्रति जागरूकता किया है। इस दौरान भाजपा नगर अध्यक्ष भुवनेश्वर त्रिपाठी, पूर्व नगर अध्यक्ष देवेंद्र मिश्र, सभासद प्रमोद श्रीवास्तव, बूथ अध्यक्ष अजय मिश्र, किसान मोर्चा मण्डल अध्यक्ष एवं गांव चलो अभियान के संयोजक विष्णु जायसवाल, युवा मोर्चा अध्यक्ष विकास दीक्षित, कोषाध्यक्ष कुंज बिहारी चौरसिया, सेक्टर संयोजक कीर्तन तिवारी, संदीप मिश्र, अरुण सिंह, अजय शर्मा, विनय मद्धेशिया, राजेश जायसवाल, सन्तोष चौहान, आकाश वर्मा, मंथन सिंह, कुंदन सिंह, शीलू बर्नवाल, रोहन विश्वकर्मा, श्याम जायसवाल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# समीक्षा अधिकारियों की परीक्षा हेतु केन्द्र व्यवस्थापकों के साथ हुई बैठक

**अवधनामा संवाददाता**

**बहराइच।** जनपद में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित समीक्षा अधिकारी/ सहायक समीक्षा अधिकारी आदि (प्रा.) परीक्षा-2023 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा नामित पर्यवेक्षक रवीन्द्र भारती व सहायक पर्यवेक्षक अखिलेश कुमार पंकज, परीक्षा हेतु नियुक्ति सेक्टर व स्टैटिक मजिस्ट्रेट तथा 15 परीक्षा केन्द्रों के केन्द्र व्यवस्थापक एवं सहायक केन्द्र व्यवस्थापक व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।



बैठक के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी ने परीक्षा के लिए नामित अधिकारियों को निर्देश दिया कि हम सब की यही जिम्मेदारी है कि आयोग की मंशानुरूप शुचिता पूर्ण माहौल में नकलविहीन परीक्षा सम्पन्न करायी जाय। केन्द्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिया कि परीक्षा केन्द्र पर अभ्यर्थियों के लिए स्वच्छ पेयजल, प्रसाधन एवं प्रकाश के लिए समुचित प्रबन्ध किये जाएं। यदि किसी केन्द्र पर प्रकाश का समुचित प्रबन्ध नहीं है वहां पर वैकल्पिक व्यवस्था रखी जाय। पर्यवेक्षकों द्वारा केन्द्र व्यवस्थापकों को सुझाव दिया गया कि प्रश्न पत्रों के बण्डल खोलने तथा परीक्षा के उपरान्त उन्हें सील्ड करने की कार्यवाही पूरी सावधानी के साथ की जाय। प्रश्न पत्रों को खोलने तथा उत्तर पुस्तिकाओं को सील्ड करने के कार्य की वीडियोग्राफी अवश्य कराई जाय। बैठक के दौरान आयोग द्वारा नामित पर्यवेक्षकों द्वारा मौजूद लोगों को आयोग की ओर से जारी मार्गदर्शिका प्रदान करते हुए महत्वपूर्ण सुझाव दिये गये।

बैठक का संचालन नामित नोडल अधिकारी अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर प्रिंस वर्मा, महसी के राकेश कुमार मौर्या, कैसरगंज के पंकज दीक्षित, पयागपुर दिनेश कुमार व नानपारा अजीत परेस, सिओ सिटी राजीव सिसौदिया, वरिष्ठ कोषाधिकारी नरोत्तम शरण, प्राचार्य केडीसी विनय सक्सेना सहित केन्द्र व्यवस्थापक, सहायक केन्द्र व्यवस्थापक, स्टेटिक मजिस्ट्रेट तथा अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# असहाय की जमीन पर दबंग ने किया कब्जा

- पीड़ित को ही थाना बार पुलिस कर रही प्रताड़ित

**अवधनामा संवाददाता**



**ललितपुर।** तालबेहट तहसील एवं थाना बार अंतर्गत ग्राम गदयाना निवासी राजेंद्र पुत्र ब्रजनंदन यादव ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर कब्जा मुक्त कराने की अपील की। आगे प्रार्थी ने अवगत कराया कि उसकी आराजी संख्या 2876 मि. पर गांव के ही दबंग लोगों द्वारा जबरन ताकत के दम पर कब्जा किये हुये है एवं शेष जमीन पर भी कब्जा करता चला आ रहा है। पीड़ित द्वारा मना करने पर भी नहीं मान रहा है एवं उसके साथ गाली गलौच करते हुये मारपीट करने पर आमदा हो जाता है। पीड़ित की थाना सहित उच्चाधिकारियों के पास आये दिन झूठी शिकायते करवाता आ रहा है। इस सम्बन्ध में पीड़ित ने पूर्व में भी कई प्रार्थना पत्र दिये गये, लेकिन आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। पीड़ित ने बताया की उक्त लोगों द्वारा जमीन पर कब्जा भी कर लिया है और झूठी शिकायतें करके उसे पुलिस द्वारा प्रताड़ित भी किया जा रहा है। जिलाधिकारी से मांग की है कि मौके पर लेखपाल व राजस्व टीम से जांच कराये जाकर उसकी जमीन मुक्त कराई जाए एवं झूठी शिकायतों से बचाया जाए।

# पयागपुर में आयोजित हुआ रोज़गार मेला

- मेले में 170 बेरोज़गार अभ्यर्थियों को मिला नियुक्ति पत्र



**अवधनामा संवाददाता**

**बहराइच।** राजकीय आईटीआई, उ.प्र. कौशल विकास मिशन एवं जिला सेवायोजन कार्यालय, बहराइच के संयुक्त तत्वावधान मे पं. दीन दयाल उपाध्याय कौशल्य ग्रामीण योजनान्तर्गत विकास खण्ड पयागपुर मे रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोज़गार मेले 11 कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग कर प्रतिभागी 261 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार करते हुए 170 अभ्यार्थियों का चयन किया गया। ब्लाक सभागार पयागपुर में आयोजित रोज़गार मेले को सम्बोधित करते हुए खण्ड विकास अधिकारी दीपेन्द्र पाण्डेय ने निजी क्षेत्र में रोज़गार की असीमित संभावनाओं को देखते हुए रोजगार अभ्यर्थियों का आहवान किया कि रोजगार मेले जैसे अवसरों का भरपूर लाभ उठाएं। जिला सेवायोजन अधिकारी संजय कुमार ने सेवायोजन पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी देते हुए आउटसोर्सिंग रिक्तियों के लिए अधिक से अधिक आवेदन की सलाी देते हुए मौजूद अभ्यर्थियों का आहवान किया कि दूसरे सहपाठियों व ईष्ट मित्रों को भी सेवायोजन पोर्टल पर पंजीकरण कराने हेतु प्रेरित करें ताकि उन्हें भी उनके द्वारा रजिस्टर्ड की गई ई-मेल पर उनकी योग्यता के अनुसार वैकेनसी के बारे में जानकारी प्राप्त होती रहे। रोज़गार मेले में आये हुए अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लेने में यंग प्रोफेशनल शादमा जबीं द्वारा सहयोग प्रदान किया गया। इस अवसर पर मेला प्रभारी रामतेज, एम.आई.एस. प्रबन्धक रवि शंकर पाठक व भानु प्रताप, पीयूष तिवारी, एम.बी. उत्तम, प्रवीण कुमार, मोहम्मद अजमल, उपेंद्र कुमार ब अन्य कार्मिक, अभ्यर्थी व आमजन मौजूद रहे। रोज़गार मेले के अन्त में जिला सेवायोजन अधिकारी एवं खण्ड विकास अधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया।

## अज्ञात वाहन की जोरदार टक्कर से मौत

**ललितपुर।** शहर क्षेत्रांतर्गत चौकी नेहरू नगर की वंशीधाम कालोनी में रहने वाली प्रतीक्षा यादव ने पुलिस को शिकायती पत्र देते हुये बताया कि उसके पिता कीरत यादव पुत्र देवसिंह जो कि 9 जनवरी 2024 को ग्राम बेटना से ललितपुर की ओर अपनी मोटर साइकिल संख्या यू.पी. 94 ए.बी. 3220 से आ रहे थे। तभी बिरधा के पास हाई-वे पर किसी अज्ञात वाहन ने उनकी मोटर साइकिल ने जोरदार टक्कर मार दी। बताया कि टक्कर के बाद उनके पिता को एम्ब्युलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिरधा लाया गया, जहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। बताया कि ललितपुर जिला अस्पताल में भी हालत में सुधार न होने पर उन्हें झांसी मेडीकल कॉलेज रेफर कर दिया गया, जहां ले जाते समय तालबेहट के पास उसके पिता की मृत्यु हो गयी।

# विधान परिषद में उठे प्रकरण के उत्तर को सोशल मीडिया में प्रसारित कर फंसी बीएसए

**अवधनामा संवाददाता**

**सुल्तानपुर।** बीएसए दीपिका चतुर्वेदी के विरुद्ध विधान परिषद में मामला उठने के बाद उसका जवाब बीएसए की ओर से शासन को भेजा गया। नियमतः बेसिक शिक्षा मंत्री के माध्यम से सवाल उठाने वाले एमएलसी देवेंद्र प्रताप सिंह को इसका जवाब मिलना था।लेकिन शासन को भेजा गया पत्र इसके पहले ही सोशल मीडिया में वायरल हो गया।एमएलसी देवेंद्र प्रताप सिंह ने प्रमुख सचिव, बेसिक शिक्षा निदेशक को पत्र भेज कर बीएसए के इस कृत्य को कर्मचारी आचरण नियमावली के उल्लंघन का मामला बताया है। उन्होंने विधान परिषद में उठाए गए गंभीर प्रकरणों को सदन के पटल पर रखे जाने के पूर्व मीडिया में प्रचारित/प्रसारित करने एवं गोपनीयता भंग करने का दोषी बताते हुए निलंबन की मांग की है। एमएलसी देवेंद्र प्रताप सिंह ने बीएसए दीपिका चतुर्वेदी पर 7 आरोप लगाए हैं। जो इस प्रकार हैं। काशीनाथ पाण्डेय इं.प्र.अ., उ.प्र.वि. सरकौड़ा, विकास क्षेत्र कुड़वार, सुलतानपुर ने वेतन बहाली उपरान्त उनके दिये गये विशेष प्रतिकूल प्रविष्टी के क्रम में जनसूचना अधिकार अधिनियम 2005 के अन्तर्गत उप शिक्षा निदेशक / प्राचार्य (डायट) से सूचना उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में पत्र लिखा, तो 27 जनवरी 2024 को अवगत हुआ कि दिव्या रानी डायट प्रवक्ता ने दिनांक 12-09-2023 को न तो विद्यालय का निरीक्षण किया और न ही अनुश्रवण किया। दिनांक 07 दिसम्बर 2023 के पत्र में उप निदेशक / प्राचार्य (डायट) ने खण्ड शिक्षा अधिकारी मनोजीत राव द्वारा निर्गत कारण बताओं नोटिस में गलत तथ्यों के आधार पर श्री काशीनाथ पाण्डेय के विरूद्ध की गयी कार्यवाही में दिव्या रानी का नाम एवं पद का दुरूपयोग अपने निहित स्वार्थ एवं असंगत लाभ हेतु किया जाना विभाग की छवि को धूमिल किया जाना बताया है। इसी क्रम में उप निदेशक / प्राचार्य (डायट) ने मनोजीत राव खण्ड शिक्षा अधिकारी कुड़वार द्वारा किये गये कृत के संदर्भ में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुलतानपुर से उनका स्पष्टीकरण साक्ष्य सहित प्राप्त कर आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित भी किया था जो आज तक नहीं किया गया।

## जीजीआईसी में बीएसजी ज्ञान परीक्षा संपन्न

**ललितपुर।** भारत स्काउट और गाइड उ.प्र. के प्रादेशिक निर्देशानुसार ललितपुर में बी.एस.जी. ज्ञान परीक्षा गुरूवार को राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज ललितपुर एवं जीजीआईसी तालबेहट केन्द्र पर जिला विद्यालय निरीक्षक ओम प्रकाश तथा जिला कमिशनर स्काउट डा.ओमप्रकाश शस्त्री, जिला कमिश्नर गाइड पूनम मलिक के संयोजकत्व में सम्पन्न हुई। पर्यवेक्षक के रूप में जिला सचिव जयशंकर प्रसाद द्विवेदी एवं कोषाध्यक्ष रमेश कुमार तिवारी सक्रिय रहे। परीक्षा में स्काउट गाइड के छात्र-छात्रायें परीक्षार्थी के रूप में जीआईसी, पी.एन.इण्टर कॉलेज, वर्णी जैन इण्टर कॉलेज, जीजीआईसी तालबेहट के परीक्षार्थी शामिल रहे। केन्द्र व्यवस्थापक जीजीआईसी ललितपुर में प्रधानाचार्या पूनम मलिक, जीजीआईसी तालबेहट में अंजना वर्मा की देख-रेख में परीक्षा शान्ति पूर्वक सम्पन्न हुई।

## संक्षिप्त समाचार

### एक झपकी ने हो खोल दी सिस्टम की पोल



**सुल्तानपुर।** जी हां ! सुनने में बड़ा अजीब लग रहा है लेकिन यही सच्चाई है। एक ड्राइवर को गाड़ी चलाते समय झपकी आ जाने से गो तस्करी के सिस्टम की पूरी पोल खुल गई है! गाड़ी के पलटते ही ड्राइवर भाग खड़ा हुआ और वाहन में लदे करीब डेढ़ दर्जन बेजुबान मवेशी घायल हो गए। पता चला है कि एक बड़ा वाहन लखनऊ से गाजीपुर की ओर जा रहा था कि बुधवार की देर रात के समय गाड़ी पलटने से गाडी के अन्दर 18 गोवँश मामूली रूप से घायल हो गए।सूचना पर तहसीलदार वल्दीराय,सीओ वल्दीराय के साथ साथ धनपतगँज के इंचार्ज व दर्जनों पुलिस कर्मी मौके पर पहुंच गए।


### किसान समस्याओं को लेकर किसानों ने की बैठक



**भदैया, सुल्तानपुर।** भारतीय किसान यूनियन राष्ट्रीयता वादी गुट की मासिक बैठक जिला अध्यक्ष रमाशंकर चौधरी की अध्यक्षता में ब्लॉक परिसर दुबेपुर में संपन्न हुई। बैठक में पूर्व में उपजिलाधिकारी महोदय सदर को संगठन द्वारा दिए गए मांग पत्र पर गहनता से विचार विमर्श किया गया। प्रशासन द्वारा अधावधि तक किसी भी विभाग द्वारा किसान समस्या का निराकरण नहीं कराया गया,जिससे किसानों में भारी आक्रोश व्याप्त है।किसान पदाधिकारी सर्व समिति से निर्णय लिया है कि यदि प्रशासन द्वारा शीघ्र किसान समस्या का समाधान नहीं किया जाता है तो किसान महापंचायत लगाकर आर पार की लड़ाई लड़ने पर मजबूर होगा। जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन व प्रशासन के साथ-साथ उपजिलाधिकारी सदर की स्वयं की होगी। बैठक में प्रदेश सचिव उमेश चंद्र मिश्रा, जिला महासचिव गौरी शंकर पांडे,अमेठी जिला प्रभारी रामपाल यादव,लंभुआ तहसील उपाध्यक्ष अरविंद उपाध्याय, पवन विश्वकर्मा, कुसुम, निर्मला, सीता ,कमलेश, कलावती, सुनीता आदि उपस्थित रहे।

# सोशल मीडिया पर अफवाहों पर विशेष निगरानी रखें: डीएम

- बाल विवाह की सूचना देने व लोकतंत्र के महापर्व में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील
- आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत पीस कमेटी बैठक में अधिकारियों को दिये निर्देश
- परम्परागत तरीके से मनायें त्यौहार, चिन्हित स्थलों पर ही होंगे आयोजन, क्षेत्र में भ्रमण रहेंगे एसडीएम व सीओ
- बिना अनुमति व आपत्तिजनक सामग्री बजाने पर डीजे संचालकों के विरुद्ध होगी कार्यवाही




**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत जनपद के प्रमुख धर्मगुरुओं एवं संबंधित अधिकारियों के साथ पीस कमेटी की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश देते हुए कहा कि आगामी तिथियों में बसंत पंचमी, संत रविदास जयंती, महाशिवरात्रि, होली, भाईदोज, ईस्टर शटरडे, गुड फ्राईडे आदि त्यौहारों का आयोजन किया जाना है, सभी त्यौहार परंपरागत तरीके से मनाए जायेंगे। चिन्हित स्थलों पर ही होलिका दहन एवं निर्धारित स्थानों पर ही जुलूस, रैली आदि का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों एवं धर्मगुरुओं से कहा कि सोशल मीडिया पर अफवाहों पर विशेष निगरानी रखें, भ्रमण पोस्ट की सूचना तत्काल जिला प्रशासन को दें। उन्होंने कहा कि आयोजन स्थल व धार्मिक स्थानों पर साफ सफाई हेतु नगर पालिका, सुरक्षा हेतु पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहे। सभी डीजे संचालकों के साथ बैठक कर उन्हे अवगत करा दें कि बिना अनुमति तेज आवाज व आपत्तिजनक सामग्री बजाने वालों के विरुद्ध कार्यवाही की जायेगी। सभी अधिकारी आपसी समन्वय में रहें, ताकि किसी भी प्रकार की सूचना मिलने पर तत्काल आवश्यक कार्यवाही की जा सके। सभी एसडीएम और क्षेत्राधिकारी भ्रमणशील रहें। जिलाधिकारी ने नगरवासियों से अनुरोध किया कि शहर को अतिक्रमण से मुक्त करने का प्रयास करें, बाजार में अपने वाहनों को निर्धारित स्थान पर ही पार्क करें।



## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि., लखनऊ

पत्रांक : 524/ई-निविदा/24 दिनांक : 03/02/2024

**ई-निविदा**

राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड-2, उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रतिशत दर पर उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ''मार्ग कार्य'' हेतु श्रेणी 'ए', 'बी', 'सी', 'डी' एवं 'ई' के अर्ह एवं अनुमोदित ठेकेदारों से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता को सलाह दी जाती है कि वह न्यूनतम अर्हता के सम्बन्ध में निविदादाता निर्देश पुस्तिका में वर्णित ठेका प्राप्त करने नियमों से अवगत हो लें।

| क्र. सं. | जनपद | कार्य का नाम | आंकलित धनराशि (रू. लाख में) | धरोहर धनराशि (रू. लाख में) | निविदा शुल्क प्रपत्र का मूल्य + स्टेशनरी चार्जेज + जी.एस.टी. (रू. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित) | कार्य सम्पादन हेतु अधिशासी अभियन्ता का पता | अधीक्षण अभियन्ता का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लखनऊ | एम0सी0 सक्सेना इंजीनियरिंग कॉलेज जेहटा रोड से बाबू त्रिलोकी सिंह इण्टर कॉलेज तक मार्ग का नवीनीकरण कार्य। | 3.20 | 0.32 | निविदा शुल्क=150 स्टे.चार्जेज= 500 जी.एस.टी. = 117 कुल = 767 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि., लखनऊ | लखनऊ वृत, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 2 | लखनऊ | गौरी-बिजनौर (बिजनौर-गहरु-पिपर्सण्ड) मार्ग से नहर की पटरी पर नठकुर होते हुए चन्द्रावल चौराहे से मकदूमपुर कैथी तक मार्गका नवीनीकरण कार्य। | 12.60 | 1.26 | निविदा शुल्क=225 स्टे.चार्जेज= 500 जी.एस.टी. = 131 कुल = 856 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि., लखनऊ | लखनऊ वृत, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 3 | लखनऊ | काकोरी टाउन मार्ग (दुर्गागंज चौराहे से काकोरी) का नवीनीकरण कार्य। | 22.50 | 2.25 | निविदा शुल्क=300 स्टे.चार्जेज= 500 जी.एस.टी. = 144 कुल = 944 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि., लखनऊ | लखनऊ वृत, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 4 | लखनऊ | काकोरी रेलवे फीडर मार्ग का नवीनीकरण कार्य। | 4.60 | 0.46 | निविदा शुल्क=150 स्टे.चार्जेज= 500 जी.एस.टी. = 117 कुल = 767 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि., लखनऊ | लखनऊ वृत, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 5 | लखनऊ | लखनऊ हरदोई मार्ग से रसूलपुर मार्ग का नवीनीकरण कार्य। | 8.40 | 0.84 | निविदा शुल्क=225 स्टे.चार्जेज= 500 जी.एस.टी. = 131 कुल = 856 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि., लखनऊ | लखनऊ वृत, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 6 | लखनऊ | बदैवा मार्ग से शंकरपुर मार्ग का नवीनीकरण कार्य। | 14.00 | 1.40 | निविदा शुल्क=225 स्टे.चार्जेज= 500 जी.एस.टी. = 131 कुल = 856 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि., लखनऊ | लखनऊ वृत, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 7 | लखनऊ | गढ़ी जिन्दाना सम्पर्क मार्ग का नवीनीकरण कार्य। | 17.00 | 1.70 | निविदा शुल्क=300 स्टे.चार्जेज= 500 जी.एस.टी. = 144 कुल = 944 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि., लखनऊ | लखनऊ वृत, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 8 | लखनऊ | ग्राम करेन्द्र से ग्राम ललईखेड़ा मार्ग का नवीनीकरण कार्य। | 9.40 | 0.94 | निविदा शुल्क=225 स्टे.चार्जेज= 500 जी.एस.टी. = 131 कुल = 856 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि., लखनऊ | लखनऊ वृत, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 9 | लखनऊ | बदैवा से भवानीखेड़ा मार्ग का नवीनीकरण कार्य। | 7.70 | 0.77 | निविदा शुल्क=225 स्टे.चार्जेज= 500 जी.एस.टी. = 131 कुल = 856 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि., लखनऊ | लखनऊ वृत, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 10 | लखनऊ | अटारी उमरावल मार्ग से अमृतखेड़ा सम्पर्क मार्ग का नवीनीकरण कार्य। | 3.80 | 0.38 | निविदा शुल्क=150 स्टे.चार्जेज= 500 जी.एस.टी. = 117 कुल = 767 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि., लखनऊ | लखनऊ वृत, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 11 | लखनऊ | भेलियापुरवा से भवानीखेड़ा सम्पर्क मार्ग का नवीनीकरण कार्य। | 6.20 | 0.62 | निविदा शुल्क=225 स्टे.चार्जेज= 500 जी.एस.टी. = 131 कुल = 856 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि., लखनऊ | लखनऊ वृत, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 12 | लखनऊ | रूसैना सम्पर्क मार्ग से मोहज्जीपुर सम्पर्क मार्ग का नवीनीकरण कार्य। | 6.00 | 0.60 | निविदा शुल्क=225 स्टे.चार्जेज= 500 जी.एस.टी. = 131 कुल = 856 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि., लखनऊ | लखनऊ वृत, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 13 | लखनऊ | गोविन्दपुर सम्पर्क मार्ग का नवीनीकरण कार्य। | 13.00 | 1.30 | निविदा शुल्क=225 स्टे.चार्जेज= 500 जी.एस.टी. = 131 कुल = 856 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि., लखनऊ | लखनऊ वृत, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 14 | लखनऊ | बिजनौर - बंथरा मार्ग किमी0- 7 से नुदींखेड़ा मार्ग का नवीनीकरण कार्य। | 3.10 | 0.31 | निविदा शुल्क=150 स्टे.चार्जेज= 500 जी.एस.टी. = 117 कुल = 767 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि., लखनऊ | लखनऊ वृत, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 15 | लखनऊ | सिसेण्डी से केसरीखेड़ा मार्ग का नवीनीकरण कार्य। | 8.50 | 0.85 | निविदा शुल्क=225 स्टे.चार्जेज= 500 जी.एस.टी. = 131 कुल = 856 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि., लखनऊ | लखनऊ वृत, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 16 | लखनऊ | सिसेण्डी मरुई मार्ग से मरुई सम्पर्क मार्ग का नवीनीकरण कार्य। | 16.10 | 1.61 | निविदा शुल्क=300 स्टे.चार्जेज= 500 जी.एस.टी. = 144 कुल = 944 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि., लखनऊ | लखनऊ वृत, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 17 | लखनऊ | भसण्डा कुशलीखेड़ा सम्पर्क मार्ग का नवीनीकरण कार्य। | 2.30 | 0.23 | निविदा शुल्क=150 स्टे.चार्जेज= 500 जी.एस.टी. = 117 कुल = 767 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि., लखनऊ | लखनऊ वृत, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 18 | लखनऊ | सलेमपुर पतौरा से बादरखेड़ा तक मार्ग का नवीनीकरण कार्य। | 6.60 | 0.66 | निविदा शुल्क=225 स्टे.चार्जेज= 500 जी.एस.टी. = 131 कुल = 856 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि., लखनऊ | लखनऊ वृत, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 19 | लखनऊ | हाजी कालोनी सिकरौरी से शिव मंदिर तक मार्ग का नवीनीकरण कार्य। | 6.00 | 0.60 | निविदा शुल्क=225 स्टे.चार्जेज= 500 जी.एस.टी. = 131 कुल = 856 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि., लखनऊ | लखनऊ वृत, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 20 | लखनऊ | कसमण्डी कला से सिरगामऊ का नवीनीकरण कार्य। | 7.90 | 0.79 | निविदा शुल्क=225 स्टे.चार्जेज= 500 जी.एस.टी. = 131 कुल = 856 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि., लखनऊ | लखनऊ वृत, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 21 | लखनऊ | मलिहाबाद महमूदनगर मार्ग से नई बस्ती धनेवा मार्ग का नवीनीकरण कार्य। | 6.90 | 0.69 | निविदा शुल्क=225 स्टे.चार्जेज= 500 जी.एस.टी. = 131 कुल = 856 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि., लखनऊ | लखनऊ वृत, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 22 | लखनऊ | मोहम्मद नगर से रहमत नगर मार्ग का नवीनीकरण कार्य। | 2.50 | 0.25 | निविदा शुल्क=150 स्टे.चार्जेज= 500 जी.एस.टी. = 117 कुल = 767 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि., लखनऊ | लखनऊ वृत, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 23 | लखनऊ | अमानीगंज श्रमदान मार्ग का नवीनीकरण कार्य। | 8.80 | 0.88 | निविदा शुल्क=225 स्टे.चार्जेज= 500 जी.एस.टी. = 131 कुल = 856 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि., लखनऊ | लखनऊ वृत, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 24 | लखनऊ | माल दुबग्गा मार्ग से नई बस्ती सम्पर्क मार्ग का नवीनीकरण कार्य। | 6.00 | 0.60 | निविदा शुल्क=225 स्टे.चार्जेज= 500 जी.एस.टी. = 131 कुल = 856 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि., लखनऊ | लखनऊ वृत, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 25 | लखनऊ | भट्ठा-थावर मार्ग से ढ़कवा मार्ग वाया भानपुर मार्ग का नवीनीकरण कार्य। | 14.20 | 1.42 | निविदा शुल्क=225 स्टे.चार्जेज= 500 जी.एस.टी. = 131 कुल = 856 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि., लखनऊ | लखनऊ वृत, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 26 | लखनऊ | पडरा थावन सम्पर्क मार्ग का नवीनीकरण कार्य। | 8.00 | 0.80 | निविदा शुल्क=225 स्टे.चार्जेज= 500 जी.एस.टी. = 131 कुल = 856 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि., लखनऊ | लखनऊ वृत, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 27 | लखनऊ | शाहपुर गोडवा मार्ग से मझउवा सम्पर्क मार्ग का नवीनीकरण कार्य। | 10.80 | 1.08 | निविदा शुल्क=225 स्टे.चार्जेज= 500 जी.एस.टी. = 131 कुल = 856 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि., लखनऊ | लखनऊ वृत, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 28 | लखनऊ | माल गोपरामऊ से खरखरा मार्ग का नवीनीकरण कार्य। | 3.70 | 0.37 | निविदा शुल्क=150 स्टे.चार्जेज= 500 जी.एस.टी. = 117 कुल = 767 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि., लखनऊ | लखनऊ वृत, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 29 | लखनऊ | माल इटौंजा मार्ग किमी0-6 से धनौरा सम्पर्क मार्ग का नवीनीकरण कार्य। | 15.50 | 1.55 | निविदा शुल्क=300 स्टे.चार्जेज= 500 जी.एस.टी. = 144 कुल = 944 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि., लखनऊ | लखनऊ वृत, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 30 | लखनऊ | माल दुबग्गा मार्ग से भटगांव सम्पर्क मार्ग का नवीनीकरण कार्य। | 4.90 | 0.49 | निविदा शुल्क=150 स्टे.चार्जेज= 500 जी.एस.टी. = 117 कुल = 767 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि., लखनऊ | लखनऊ वृत, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 31 | लखनऊ | सरथरा मार्ग से राजाखेड़ा अहिरन सम्पर्क मार्ग का नवीनीकरण कार्य। | 3.70 | 0.37 | निविदा शुल्क=150 स्टे.चार्जेज= 500 जी.एस.टी. = 117 कुल = 767 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि., लखनऊ | लखनऊ वृत, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 32 | लखनऊ | लखनऊ-मोहान मार्ग से विशेषरखेड़ा (वाया बुदबुदाखेड़ा) का नवीनीकरण कार्य। | 14.80 | 1.48 | निविदा शुल्क=225 स्टे.चार्जेज= 500 जी.एस.टी. = 131 कुल = 856 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि., लखनऊ | लखनऊ वृत, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 33 | लखनऊ | लखनऊ सुल्तानपुर मार्ग से पहाड़नगर टिकरिया मार्ग का नवीनीकरण कार्य। | 18.60 | 1.86 | निविदा शुल्क=300 स्टे.चार्जेज= 500 जी.एस.टी. = 144 कुल = 944 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि., लखनऊ | लखनऊ वृत, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 34 | लखनऊ | धर्मावत्खेड़ा पूरनपुर नगराम मार्ग से मोहिद्दीनपुर सम्पर्क मार्ग का नवीनीकरण कार्य। | 3.70 | 0.37 | निविदा शुल्क=150 स्टे.चार्जेज= 500 जी.एस.टी. = 117 कुल = 767 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि., लखनऊ | लखनऊ वृत, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 35 | लखनऊ | लखनऊ-सुल्तानपुर मार्ग के किमी0-6 से रेलवे क्रासिंग (बक्कास माइनर के बायीं ओर) सम्पर्क मार्ग का नवीनीकरण कार्य। | 4.30 | 0.43 | निविदा शुल्क=150 स्टे.चार्जेज= 500 जी.एस.टी. = 117 कुल = 767 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि., लखनऊ | लखनऊ वृत, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 36 | लखनऊ | ग्राम मदारपुर करसण्डा मार्ग से पंचसरा मार्ग का नवीनीकरण कार्य। | 12.04 | 1.21 | निविदा शुल्क=225 स्टे.चार्जेज= 500 जी.एस.टी. = 131 कुल = 856 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि., लखनऊ | लखनऊ वृत, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 37 | लखनऊ | रेलवे लाईन से रानीखेड़ा सम्पर्क मार्ग का नवीनीकरण कार्य। | 4.90 | 0.49 | निविदा शुल्क=150 स्टे.चार्जेज= 500 जी.एस.टी. = 117 कुल = 767 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि., लखनऊ | लखनऊ वृत, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 38 | लखनऊ | जमुलिया मार्ग के किमी-4 से तिरूआ सम्पर्क मार्ग का नवीनीकरण कार्य। | 9.30 | 0.93 | निविदा शुल्क=225 स्टे.चार्जेज= 500 जी.एस.टी. = 131 कुल = 856 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि., लखनऊ | लखनऊ वृत, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 39 | लखनऊ | खड़सरा लिंक मार्ग से हसनापुर मार्ग का नवीनीकरण कार्य। | 4.30 | 0.43 | निविदा शुल्क=150 स्टे.चार्जेज= 500 जी.एस.टी. = 117 कुल = 767 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि., लखनऊ | लखनऊ वृत, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 40 | लखनऊ | मलिहाबाद माल के किमी 8 से बांझी होते हुए सैदापुर मार्ग का नवीनीकरण कार्य। | 21.10 | 2.11 | निविदा शुल्क=300 स्टे.चार्जेज= 500 जी.एस.टी. = 144 कुल = 944 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि., लखनऊ | लखनऊ वृत, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 41 | लखनऊ | खड़सरा से सैदापुर सम्पर्क मार्ग का नवीनीकरण कार्य। | 13.60 | 1.36 | निविदा शुल्क=225 स्टे.चार्जेज= 500 जी.एस.टी. = 131 कुल = 856 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि., लखनऊ | लखनऊ वृत, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 42 | लखनऊ | आंट से सैदापुर सम्पर्क मार्ग का नवीनीकरण कार्य। | 12.40 | 1.24 | निविदा शुल्क=225 स्टे.चार्जेज= 500 जी.एस.टी. = 131 कुल = 856 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि., लखनऊ | लखनऊ वृत, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 43 | लखनऊ | थरी निवाजीखेड़ मार्ग से सैदापुर मार्ग का नवीनीकरण कार्य। | 8.70 | 0.87 | निविदा शुल्क=225 स्टे.चार्जेज= 500 जी.एस.टी. = 131 कुल = 856 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि., लखनऊ | लखनऊ वृत, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 44 | लखनऊ | रहीमाबाद - माल से ससपन मार्ग का नवीनीकरण कार्य। | 3.70 | 0.37 | निविदा शुल्क=150 स्टे.चार्जेज= 500 जी.एस.टी. = 117 कुल = 767 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि., लखनऊ | लखनऊ वृत, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 45 | लखनऊ | पीएसएचएल मार्ग से गोसवा सम्पर्क मार्ग का नवीनीकरण कार्य। | 20.10 | 2.01 | निविदा शुल्क=300 स्टे.चार्जेज= 500 जी.एस.टी. = 144 कुल = 944 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि., लखनऊ | लखनऊ वृत, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 46 | लखनऊ | मलिहाबाद - माल मार्ग से कसमंडीखुर्द मार्ग का नवीनीकरण कार्य। | 9.60 | 0.96 | निविदा शुल्क=225 स्टे.चार्जेज= 500 जी.एस.टी. = 131 कुल = 856 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि., लखनऊ | लखनऊ वृत, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 47 | लखनऊ | एल0बी0 रोड किमी0-18 से ठकुराईनखेड़ा मार्ग का नवीनीकरण कार्य। | 10.80 | 1.08 | निविदा शुल्क=225 स्टे.चार्जेज= 500 जी.एस.टी. = 131 कुल = 856 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि., लखनऊ | लखनऊ वृत, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 48 | लखनऊ | रायबरेली रोड स्थित निशा ढाबा से ग्राम दीवानगंज तक मार्ग का नवीनीकरण कार्य। | 9.30 | 0.93 | निविदा शुल्क=225 स्टे.चार्जेज= 500 जी.एस.टी. = 131 कुल = 856 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि., लखनऊ | लखनऊ वृत, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 49 | लखनऊ | बिजनौर माती मार्ग से कल्ली पश्चिम मार्ग का नवीनीकरण कार्य। | 5.60 | 0.56 | निविदा शुल्क=225 स्टे.चार्जेज= 500 जी.एस.टी. = 131 कुल = 856 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि., लखनऊ | लखनऊ वृत, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 50 | लखनऊ | ईटगांव खुर्रमपुर के मध्य पुल के पहुंच एवं अतिरिक्त पहुंच मार्ग का नवीनीकरण कार्य। | 8.10 | 0.81 | निविदा शुल्क=225 स्टे.चार्जेज= 500 जी.एस.टी. = 131 कुल = 856 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि., लखनऊ | लखनऊ वृत, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 51 | लखनऊ | बनी मोहान मार्ग से सादुल्लानगर मार्ग का नवीनीकरण कार्य। | 6.20 | 0.62 | निविदा शुल्क=225 स्टे.चार्जेज= 500 जी.एस.टी. = 131 कुल = 856 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि., लखनऊ | लखनऊ वृत, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 52 | लखनऊ | गडेरियनखेड़ा सम्पर्क मार्ग का नवीनीकरण कार्य। | 4.30 | 0.43 | निविदा शुल्क=150 स्टे.चार्जेज= 500 जी.एस.टी. = 117 कुल = 767 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि., लखनऊ | लखनऊ वृत, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 53 | लखनऊ | सुल्तानपुर मार्ग से महुराकलां सम्पर्क मार्ग का नवीनीकरण कार्य। | 21.70 | 2.17 | निविदा शुल्क=300 स्टे.चार्जेज= 500 जी.एस.टी. = 144 कुल = 944 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि., लखनऊ | लखनऊ वृत, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 54 | लखनऊ | शारदा कैनाल पटरी से ददुरी सम्पर्क मार्ग का नवीनीकरण कार्य। | 3.70 | 0.37 | निविदा शुल्क=150 स्टे.चार्जेज= 500 जी.एस.टी. = 117 कुल = 767 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि., लखनऊ | लखनऊ वृत, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 55 | लखनऊ | टिकरा जुगराजपुर सम्पर्क मार्ग का नवीनीकरण कार्य। | 21.00 | 2.10 | निविदा शुल्क=300 स्टे.चार्जेज= 500 जी.एस.टी. = 144 कुल = 944 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि., लखनऊ | लखनऊ वृत, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 56 | लखनऊ | करोरवा सम्पर्क मार्ग का नवीनीकरण कार्य। | 3.10 | 0.31 | निविदा शुल्क=150 स्टे.चार्जेज= 500 जी.एस.टी. = 117 कुल = 767 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि., लखनऊ | लखनऊ वृत, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 57 | लखनऊ | लखनऊ-सुल्तानपुर मार्ग से आदमपुर नौबस्ता का नवीनीकरण कार्य। | 6.20 | 0.62 | निविदा शुल्क=225 स्टे.चार्जेज= 500 जी.एस.टी. = 131 कुल = 856 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि., लखनऊ | लखनऊ वृत, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 58 | लखनऊ | गंगागंज नगराम मार्ग से नवीनगर सम्पर्क मार्ग का नवीनीकरण कार्य। | 8.50 | 0.85 | निविदा शुल्क=225 स्टे.चार्जेज= 500 जी.एस.टी. = 131 कुल = 856 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि., लखनऊ | लखनऊ वृत, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 59 | लखनऊ | सिंहई का पुरवा सम्पर्क मार्ग का नवीनीकरण कार्य। | 4.60 | 0.46 | निविदा शुल्क=150 स्टे.चार्जेज= 500 जी.एस.टी. = 117 कुल = 767 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि., लखनऊ | लखनऊ वृत, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 60 | लखनऊ | पुरवा अमेठिया सम्पर्क मार्ग का नवीनीकरण कार्य। | 3.50 | 0.35 | निविदा शुल्क=150 स्टे.चार्जेज= 500 जी.एस.टी. = 117 कुल = 767 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि., लखनऊ | लखनऊ वृत, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 61 | लखनऊ | महानन्दखेड़ा से दलपतखेड़ा मार्ग का नवीनीकरण कार्य। (PMGSY) | 5.00 | 0.50 | निविदा शुल्क=150 स्टे.चार्जेज= 500 जी.एस.टी. = 117 कुल = 767 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि., लखनऊ | लखनऊ वृत, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 62 | लखनऊ | निगोहा रेलवे फीडर मार्ग का नवीनीकरण कार्य। | 5.50 | 0.55 | निविदा शुल्क=225 स्टे.चार्जेज= 500 जी.एस.टी. = 131 कुल = 856 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि., लखनऊ | लखनऊ वृत, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 63 | लखनऊ | मोहनलालगंज करोरा मार्ग से भोलाखेड़ा सम्पर्क मार्ग का नवीनीकरण कार्य। | 8.70 | 0.87 | निविदा शुल्क=225 स्टे.चार्जेज= 500 जी.एस.टी. = 131 कुल = 856 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि., लखनऊ | लखनऊ वृत, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 64 | लखनऊ | नन्दौली मार्ग से शेरपुर लवल मार्ग का नवीनीकरण कार्य। | 6.10 | 0.61 | निविदा शुल्क=225 स्टे.चार्जेज= 500 जी.एस.टी. = 131 कुल = 856 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि., लखनऊ | लखनऊ वृत, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 65 | लखनऊ | काकोरी जेहटा रोड से लीलाखेड़ा सम्पर्क मार्ग का नवीनीकरण कार्य। | 7.10 | 0.71 | निविदा शुल्क=225 स्टे.चार्जेज= 500 जी.एस.टी. = 131 कुल = 856 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि., लखनऊ | लखनऊ वृत, लो.नि.वि., लखनऊ |

➤बिल ऑफ क्वान्टिटी में लगाई गयी दरें सभी करों को जोड़ते हुए तथा जी0एस0टी0 को छोड़कर लगाई गयी हैं।

निविदा ऑनलाईन दिनांक 09.02.2024 की पूर्वान्ह 11:00 बजे से दिनांक 15.02.2024 की अपरान्ह 12:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है। उक्त निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 15.02.2024 को अपरान्ह 12:30 बजे खोली जायेगी। शासनादेश संख्या- 1/2018/3070/78-2-2018/42 आई0टी0/2017 (22) दिनांक 03.01.2018 में निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने हैं। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।

निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है, जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डाक्यूमेण्ट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है।

निविदादाता सम्बन्धी शेष सभी शर्तें http//etender.up.nic.in पर देखी जा सकती हैं।

UPID-202490 Dated-07-02-2024

विज्ञापन आदेश के अनुसार www.upgov.in पर उपलब्ध

(अनूप कुमार मिश्रा)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि.,
लखनऊ
For on behalf of Governor of UP

# दस हजार घरों में हाउस कनेक्शन से 15 महीना में मिलेगा पानी

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** गुरुवार को नगर पालिका परिषद अध्यक्ष रूबी प्रसाद ने एक प्रेस कांफ्रेंस करके बताया कि राबटसगंज नगर पालिका क्षेत्र में हाउस कनेक्शन को लेकर टेंडर कराया गया है वहीं लगभग 10 हजार 7 घरों को पाइपलाइन बदल जाएगा जल निगम की ओर से यह कार्य किया जाएगा जिसमें नगर प्रशासन द्वारा पूरी तैयारी कर नक्शा नजरिया उपलब्ध करा दिया गया है वहीं लगभग 9 करोड़ के लागत से 15 महीना में हाउस कनेक्शन के माध्यम से प्रवासियों तक पानी पहुंचाने का आकार करेगी नगर पालिका जिसके लिए जल निगम एक्शन संजय कुमार को भी अवगत करा दिया गया है उनके द्वारा कर प्रणाली में तेजी ला दी गई है नगर वासियों को पानी की दिक्कतों से मिलेगा अब निजात नपा अध्यक्ष रूबी प्रसाद ने बताया कि भाजपा सरकार द्वारा विशेष तौर पर अभियान चलाया जा रहा है हर घर नल योजना जिससे हर घर पानी पहुंचे वहीं नगर पालिका राबटसगंज के 10700 घरों तक पाइपलाइन के माध्यम से हाउस कनेक्शन कराकर लोगों के बीच शुद्ध जल पहुंचने का कार्य नगर पालिका कर रहा है जिसको लेकर संबंधित विभागीय अधिकारियों व नगर पालिका अधिकारियों से वार्ता करते हुए अग्रिम प्रोजेक्ट में तैयारी की जा रही है इस मौके पर नगर पालिका कर्मचारी व सभासदगढ़ मौजूद रहे।

# रिहंद में आयोजित जनजातीय उत्सव 2.0 में देखने को मिले विभिन्न प्रदेशों के रंग

अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/बीजपुर।** एनटीपीसी रिहंद में आयोजित 3 दिवसीय जनजातीय उत्सव के दूसरे दिन का आस- पास के ग्रामीणों ने भरपूर आनंद उठाया। ÷विकसित जनजाति, विकसित भारत÷ की मूल मान्यता को ध्यान में रखते हुए जनजातीय उत्सव 2.0 का आयोजन किया गया है, जिससे स्वदेशी संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन को बल प्रदान किया जा सके। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जनजातीय संस्कृति की कलाएं, रीति-रिवाज व परम्पराएं जो देश की सांस्कृतिक धरोहर है, इसी के संरक्षण, संवर्धन एवं उत्थान के लिए किया जा रहा है। यह जनजातीय उत्सव 2.0÷ एनटीपीसी रिहंद, के नैगम सामाजिक दायित्व के अंतर्गत, दिनांक 6 से 8 फरवरी 2024 तक किया जा रहा है।



एनसीएल से पधारे श्री जितेंद्र मलिक, निदेशक, तकनीकी /प्रचालन एवं महाप्रबंधकगणों ने जनजातीय उत्सव में बनाए गए जनजातीय गाँव का भ्रमण किया और साथ ही एनटीपीसी रिहंद के इस पहल की सराहना की।

इसके अतिरिक्त उत्सव में विभिन्न जनजाति खाद्य एवं महुआ लड्डू, लोह एवं ढोक्करा शिल्प, लकड़ी एवं सुपाड़ी खिलौने, आदिवासी जेवर, बांस शिल्प, कान्था, जामदानी कढ़ाई, तीर-धनुष तुम्बा शिल्प, मूँज से बनाई गयी सुंदर कलाकृतियाँ, इत्यादि संबंधी स्टाल पर दर्शकों की काफी भीड़ देखी गई।सांस्कृतिक कार्यक्रमों की कड़ी में पद्मश्री से सम्मानित उषा बार्ले जी द्वारा पंडवानी गायन कि प्रस्तुति दी गयी इसके साथ ही राजस्थान की चारी एवं लंगा गायकी, उत्तराखंड की जौनसरी, ओडिसा का गोटिपुआ और कश्मीर का रौफ नृत्य प्रस्तुत किया गया जिसका दर्शकों ने जमकर आनंद उठाया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुख्य महाप्रबंधक (परियोजना) देबदत्ता सिन्हा, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) संजय असाटी, महाप्रबंधक (प्रचालन) एसके श्रीवास्तव, महाप्रबंधक (अनुरक्षण) राजेश नारायण सिन्हा, महाप्रबंधक (एडीएम) एसएस प्रधान, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) जाकिर खान, सीएमओ रिहंद डॉ. मोनिषा कुलश्रेष्ठ, अध्यक्षा वर्तिका महिला मण्डल अनीता मेदिरत्ता एवं वर्तिका महिला मण्डल की अन्य पदाधिकारी महिलाएं एवं सदस्याएँ, अन्य वरिष्ठ पदाधिकारीगण, विभिन्न यूनियन व एशोसिएशन के प्रतिनिधिगण आदि उपस्थित रहे।

# आपसी भाईचारे को लेकर की चर्चा

- सदर कोतवाली परिसर में गुरुवार को आयोजित हुई पीस कमेटी की बैठक



अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** सदर कोतवाली परिसर में गुरुवार को आयोजित हुई पीस कमेटी की बैठक जिसमें सभी दलों के नेता व कई समुदाय के लोगों को बुलाया गया जिसमें एडिशनल एसपी मुख्यालय कालू सिंह के नेतृत्व में आपसी भाईचारे व नगरी समस्याओं को लेकर की गई चर्चा। एडिशनल एसपी कालू सिंह ने बताया कि ज्ञानपाी मेरठ में हुए विवाद वह अन्य प्रदेश की घटनाओं को लेकर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देश के क्रम में पीस कमेटी की बैठक जिले के विभिन्न थानाओं में आयोजित की गई जिसमें अमन चैन को लेकर सभी दलों से वार्ता करते हुए लोकल स्तर पर संबंधित समस्याओं की भी जानकारी ली गई जिसमें व्यापारी बंधु धर्मगुरु वह राजनीतिक नेताओं को भी सम्मिलित किया गया हर प्रकार के विषयों पर चर्चा करते हुए उनके समाधान को अस्वस्थ किया गया वहीं श्री कालू ने बताया कि किसी भी प्रकार से कोई समस्या अन्य उत्पन्न होती है तो तत्काल थाना पुलिस को अवगत कारण जिस की लाइन ऑर्डर बरकरार रहे किसी भी प्रकार से कोई भी लाइन ऑर्डर उल्लंघन करने वाले व्यक्ति के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी इस मौके पर सिटी सिओ राहुल पांडेय, कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक शिव प्रताप वर्मा,संजय सिंह, सुजीत कुमार सेठ,राजेश गुप्ता, रमेश जैसवाल, अजित कुमार ,मुस्ताक खा, हिदायत उल्ला खा,कौसल शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# शांति व्यवस्था कायम हेतु की गई बैठक

अवधनामा संवाददाता



**चोपन/सोनभद्र।** स्थानीय थाना में गुरुवार को पीस कमेटी की मीटिंग आयोजित की गई मीटिंग में ज्ञानवापी के आदेश को लेकर शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए थाना क्षेत्र के समस्त ग्राम प्रधानों और मस्जिदों के इमाम व गणमान्य लोगों की उपस्थिति में क्षेत्राधिकारी सदर राहुल पांडेय ने लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर अपील की और क्षेत्र की स्थितियों के बारे में जानकारी ली और कहा कि कोई भी दिक्कत या परेशानी हो तो पर तत्काल चोपन थाना के सीयूजी नम्बर पर सूचना दें ताकि समय से समस्या का निदान कराया जा सके। गौरतलब है कि ज्ञानवापी मस्जिद में वाराणसी की जिला कोर्ट ने हिंदू पक्ष के हक में बड़ा फैसला दिया है। ज्ञानवापी के व्यास तहखाने में हिंदू पक्ष को पूजा करने का अधिकार दे दिया गया है सात दिन में पूजा का अधिकार बहाल करते हुए जिला अदालत के आदेश पर अमल करने के लिए प्रशासन को कहा गया। श्रृंगार गौरी की कोर्ट द्वारा पूजा के आदेश को लेकर चोपन थाना में पीस कमेटी बैठक बुलाई गई। इस दौरान क्षेत्राधिकारी राहुल पांडे ने बताया कि शासन से मिले निर्देशानुसार क्षेत्र के सभी थानों पर ज्ञानवापी से जुड़े मामले में बैठक आयोजित की जा रही है। इस मौके पर थाना प्रभारी निरीक्षक विश्वनाथ प्रताप सिंह, जामा मस्जिद के सेक्रेटरी महफूज आरिफ, ईदु भाई सर्राफ, इरशाद अहमद, पूर्व प्रधान राम नारायण पाण्डे कृपा शंकर पाठक ,अजय सिंह, दुर्गेश यादव इत्यादि लोग मौजूद रहे।

## मानसिक रूप से विक्षिप्त ने लगाई फांसी

**सुमेरपुर हमीरपुर।** कस्बे के वार्ड संख्या आठ के विंध्यवासिनी मंदिर मार्ग निवासी एक मानसिक रूप से विक्षिप्त मजदूर ने घर के अंदर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मजदूरी करके मां के घर आने के बाद घटना का पता चल सका। पत्नी अपने मायके गई हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा है।कस्बे के वार्ड संख्या आठ के निवासी संतराम ने बताया कि उसका बड़ा भाई दिलीप उर्फ टिल्लू 30 वर्ष मानसिक रूप से विक्षिप्त था। इसका उपचार भी चल रहा था। गुरुवार को माता-पिता के मजदूरी पर जाने के बाद इसने बच्चों से सोने की बात कहकर कमरे के दरवाजा बंद करके फंदा लगा लिया। शाम चार बजे जब मां राजकुमारी वापस घर लौटी।

# पापों से मुक्ति दिलाती है भागवत कथाः मुक्तानंद

**सुमेरपुर हमीरपुर।** ब्रह्मलीन संत स्वामी स्वरूपानंद महाराज की स्मृति में देवगांव के मां कामाख्या देवी मंदिर प्रांगण में ग्रामीणों के सहयोग से श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन भव्य शोभा यात्रा के साथ किया गया। कथावाचक स्वामी मुक्तानंद महाराज ने कहा कि कलयुग में पापों से पार पाने का एकमात्र साधन श्रीमद्भागवत कथा श्रवण ही है। देवगांव के प्रधान जितेंद्र कुमार खरे ने बताया कि स्वामी स्वरूपानंद महाराज की स्मृति में समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से मां कामाख्या देवी मंदिर प्रांगण में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन कराया गया है। बुधवार को गांव में भव्य शोभायात्रा निकल कर कथा का शुभारंभ किया गया। चित्रकूट के पीली कोठी से पधारे कथावाचक स्वामी मुक्तानंद महाराज ने श्रीमद्भागवत कथा के महत्तम पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मनुष्य के पापों की मुक्ति का मार्ग कथा श्रवण से होता है। इस मौके पर कामाख्या देवी मंदिर के महंत स्वामी पतरिया महाराज, मानेसर बाबा शिव मंदिर के महंत स्वामी द्वारिकादास महाराज, यजमान सविता सिंह, महेंद्र सिंह सेंगर, ग्राम प्रधान जितेंद्र खरे, पूर्व प्रधान गोपाल सिंह, दरियापुर प्रधान आसाराम प्रजापति, टेढा प्रधान नोखेलाल यादव, रामसनेही साहू, सुशील सिंह पवार, जयपाल साहू, पवन दीक्षित, पारुल दीक्षित, अमर सिंह पाल सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### गांव चलो अभियान



**चोपन/सोनभद।** भारतीय जनता पार्टी के चोपन मण्डल के जुगैल क्षेत्र में सोनभद्र प्रभारी अनिल सिंह लगातार कई दिनों से प्रवास किये हुए हैं और उत्तर प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी महत्वपूर्ण योजनाओं के बारे में लोगों को जागरूक कर रहे हैं वहीं बुथ प्रमुख से लेकर पन्ना प्रमुख तक के साथ लगातार मीटिंग कर सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने की अपील कर रहे हैं। वहीं इस मौके पर मण्डल अध्यक्ष सुनील सिंह अपने क्षेत्र के बुथ अध्यक्षों व पन्ना प्रमुख के साथ मीटिंग कर आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर कमर कसने की बात कही। इस मौके पर जुगैल प्रदान प्रतिनिधि दिनेश यादव,मंजू गिरी, कालीचरण खरवार, सत्या केशरी, रामनारायण गुर्जर, विकास सिंह छोटकू सहित सभी बूथ अध्यक्ष ,पन्ना प्रमुख मौजूद रहे।

### लेखपाल संघ के तहसील अध्यक्ष गोपेन्द्र पाण्डेय ने गुरु जी से लिया आशीर्वाद



**सोनभद्र, अवधनामा ब्यूरो।** उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के पदाधिकारियों का चुनाव मंगलवार को तहसील सभागार में हुआ था।जहां गोपेन्द्र पाण्डेय को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष गोपेन्द्र पाण्डेय ने अपने गुरु ज्योतिषाचार्य देवेश मिश्रा गुरु जी के निज निवास पर मिलकर आशीर्वाद लिया। उन्होंने गुरु जी के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि की गुरु जी के आशीर्वाद से नई जिम्मेदारी मिली है जिसका निर्वाहन पूरी निष्ठा से करेंगे। गुरु जी ने भी गोपेन्द्र को अध्यक्ष बनने की खुशी में मुहँ मीठा कराकर आशीर्वाद दिया।उक्त अवसर पर राबर्ट्सगंज लेखपाल संघ के तहसील अध्यक्ष सुबोध सिंह समेत उपस्थित सभी लोगों ने शानदार जीत पर हर्ष जताया।

### दम्पत्ति का सिर फोड़ने वाले का शांति भंग में चालान

**सुमेरपुर हमीरपुर।** भैंस लेकर खेत जा रहे पति-पत्नी को पिता पुत्र ने रास्ते में रोककर गाली गलौज शुरू कर दी। गाली देने से मना करने पर पिता पुत्र ने लाठी से प्रहार करके पति-पत्नी का सिर फोड़ दिया। पति ने मामले की शिकायत थाने में की। पुलिस ने पिता पुत्र के साथ शिकायतकर्ता का शांति भंग में चालान किया है। बांकी गांव निवासी रामराजा ने पुलिस को अवगत कराया है कि वह पत्नी रेखा के साथ भैंस लेकर खेतों की तरफ जा रहा था। रास्ते में गांव निवासी रामबहादुर एवं उसके पुत्र नवलकिशोर ने रोक लिया और गाली गलौज करने लगे। गाली देने से मना करने पर पिता पुत्र ने लाठी से प्रहार करके पति-पत्नी का सिर फोड़ दिया। रामराजा ने घटना की शिकायत थाने में की। थाना पुलिस ने पिता पुत्र को गिरफ्तार करके रामराजा सहित तीनों को शांति भंग में न्यायालय भेजा है। थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच मारपीट हुई थी। इसलिए दोनों पक्षों के खिलाफ शान्ति भंग की कार्यवाही की गई है।

### जनपद उत्तर प्रदेश में आइजीआरएस रैंकिंग में हमीरपुर को प्राप्त हुआ प्रथम स्थान



**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली(जनसुनवाई) की माह जनवरी में आईजीआरएस पोर्टल पर किए गए कार्यो के संबंध में रैंकिंग जारी की गई है, जिसमें प्रदेश के जनपदों की रैंकिंग में जनपद हमीरपुर को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।आईजीआरएस में की गई शिकायतों के निस्तारण में हमीरपुर को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। जनपद के 14 में से 12 थाने प्रथम स्थान प्राप्त कर प्रदेश स्तर पर जारी रैंकिंग में हमीरपुर को 115/115 फीसदी अंक मिले है। आईजीआरएस सेल में नियुक्त कंप्यूटर ऑपरेटर सुनैना, कांस्टेबल संजीव व कांस्टेबल अंकित पाण्डेय शिकायत कर्ताओं से फीडबैक प्राप्त कर कार्यवाही भी की गई।पुलिस अधीक्षक के द्वारा प्राप्त प्रकरणों की सर्किल वार समीक्षा कर गुणवत्ता की जांच कराई गयी। सम्पूर्ण समाधान दिवस पर पुलिस टीम व राजस्व टीम के संयुक्त प्रयास से भूमि सम्बन्धी विवादों को समय पर गुणवत्तापूर्वक निस्तारित करवाया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा आईजीआरएस सेल में नियुक्त कर्मचारी व थानों पर नियुक्त आईजीआरएस कर्मचारियों को भविष्य में इसी प्रकार मेहनत और लगन से कार्य कर जनशिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु उत्साह वर्धन किया गया।

### गरीब बच्चों को किताबें और पेंसिल वितरित

**बांदा।** शहर की कांशीराम कालोनी चूना भट्टी निम्नीपार में गुरुवार को संजीवनी मानव कल्याण सेवा संस्थान के पदाधिकारियों ने गरीब असहाय बच्चों को किताबें, पेंसिल का वितरण किया। गरीब असहाय महिलाओं को साड़ी वितरित की गई। किताबे पेंसिल पाकर गरीब बच्चो के चेहरे खुशी से खिल उठे। सभी बच्चों व महिलाओं ने संजीवनी मानव कल्याण संस्थान के पदाधिकारियों का आभार जताया। वहीं लोगों को जागरूक करते हुए संजीवनी मानव कल्याण सेवा संस्थान के संस्थापक आनन्द कुमार सिंह ने कहा कि एक अच्छा जीवन यापन के लिए बच्चों को शिक्षित करना बहुत जरूरी व हमारा प्रथम कर्तव्य उद्देश्य होना चाहिए। इस कार्यक्रम में तबस्सुम खातून जिलाध्यक्ष, सुमित, सन्नो, सबीना खातून, आमिर, लाला, नंदकिशोर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# खराब मौसम के चलते सब्जियों के दाम चढ़े

अवधनामा संवाददाता

**सुमेरपुर हमीरपुर।** मौसम का विपरीत असर रबी फसलों के साथ सब्जी की फसलों में भी पड़ा है। खराब मौसम के कारण सब्जी की फसलों का उत्पादन घटने से इनके दाम आसमान छूने लगे हैं। लहसुन के दाम 500 रुपये प्रति किलो पहुंच गए हैं। भिंडी करेला 80 से 100 रुपये किलो बिक रहा है। पिछले 50 दिन तक खराब रहे मौसम में रबी की फसलों के साथ सब्जी की फसलों में बुरा असर डाला है। सब्जी का उत्पादन कम होने से सब्जी के दामों में अचानक उछाल आने से ग्राहक को अधिक जेब ढीली करनी पड़ रही है। स्थानीय सब्जी विक्रेता गीता कुशवाहा, वीरेंद्र कुशवाहा ने बताया कि नया लहसुन 400 रुपये तथा पुराना लहसुन 500 रुपये प्रति किलो बिक रहा है। गोभी का एक फूल 20 से 30 रुपए बिक रहा है। मटर 30 से 40 रुपये प्रति किलो है। टमाटर ने अपना रंग काम किया है यह 20 रुपये किलो बिक रहा है। अदरक 30 पाव, करेला 80 से 100 रुपये प्रति किलो है। सेम 60 रुपए तथा शिमला मिर्च 80 रुपये प्रति किलो बिक रही है। बैंगन के भाव 40 रुपये प्रति किलो है। भिंडी 80 से 100 रुपये किलो है। तरोई 80 रुपए किलो में है।

# संदिग्ध अवस्था में बुजुर्ग सगे भाई बहन का मिला शव

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर** बिवार थाना क्षेत्र के ग्राम पारा में एक बुजुर्ग भाई-बहन अपने घर में संदिग्ध अवस्था में मृत पाए गए हैं। इस घटना से गांव में सनसनी फैल गई। ग्राम प्रधान की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवो को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

पुलिस ने बताया कि 8 फरवरी को समय करीब 2 बजे ग्राम पारा के वर्तमान ग्राम प्रधान उमाशंकर के द्वारा सूचना दी गई कि कृष्ण दत्त सोनी पुत्र स्व0 कल्लू उम्र करीब 65 वर्ष व केशकली पुत्री स्व0 कल्लू उम्र करीब 60 वर्ष निवासीगण ग्राम पारा थाना बिवांर जनपद हमीरपुर जो सगे भाई बहन हैं के शव मृतक कृष्ण दत्त सोनी के घर के अंदर मिले हैं। उक्त सूचना पर थानाध्यक्ष बिवार एवं सीओ मौदहा मौके पर पहुंचे। पुलिस घटना के संबंध में स्थानीय लोगों से जानकारी कर रही है। घटनास्थल पर फील्ड यूनिट, डॉग स्क्वाड, एसओजी टीम व सर्विलांस टीम भी मौजूद है। दोनों शवों को कब्जे में लेकर पंचायतनामा व पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जा रही है। परिजनों से तहरीर प्राप्त कर मुकदमा पंजीकृत कर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

घटना के संबंध में पुलिस अधीक्षक डॉ.दीक्षा शर्मा ने बताया कि ग्राम पारा में वृद्ध भाई-बहन के शव घर के अंदर मिले हैं दोनों शवो में फिलहाल किसी प्रकार की चोट आदि के निशान नहीं दिखाई दे रहे हैं। मौत के कारणों का पता लगाने के लिए दोनों शवो का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। मृतक के परिजनों से तहरीर प्राप्त कर मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही की जाएगी।

# आईपीएल क्रिकेट टूनामेंट में शिवपुरी को हरा इचौली फाइनल में

अवधनामा संवाददाता



**मौदहा (हमीरपुर)** जय मां शीतला खेल मैदान इचौली में चल रहे विराट क्रिकेट टूर्नामेंट में आज चौथा क्वार्टर फाइनल एएस आर क्लब इचौली और बांदा के मध्य खेला गया जिसमें इचौली की टीम ने कड़े मुकाबले में बांदा को 15 रनों से पराजित किया सेमीफाइनल में स्थान पक्का किया। रघुवंशी अंतिम पांच गेंद पर शानदार कर चाको और एक चौके की बदौलत टीम का स्कोर 12 ओवर में 122 रन पहुंचा 123 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बांदा की टीम निर्धारित 12 ओवर में अभय की शानदार 45 रनों की परी की बदौलत 107 रन बना सकी इचौली ने यह मुकाबला 15 रनों से जीता। मैच का शुभारंभ फीता काटकर मुख्य अतिथि प्रेमचंद शिवहरे उर्फ प्रेमी भैया ने किया। दिन का दूसरा मुकाबला ए एस आर इचौली और शिवपुरी के बीच खेला गया जिसमें तरुण नंदा और आशुतोष राणा की शानदार गेंदबाजी के चलते हैं शिवपुरी की टीम निर्धारित 12 और में महज़ 87 रन बना सकी। 88 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इचौली की टीम शुरुआत बहुत अच्छी नहीं रही मनोज जाहिद और आशुतोष राणा सस्ते में आउट हो गए उसके पश्चात मानस त्रिपाठी ने इनिंग को संभाल और फुजैल के शानदार कर चाको की बदौलत यह मुकाबला 8 ओवर में बिसौली ने जीतकर फाइनल में अपना स्थान पक्का किया। मैच का शुभारंभ मुख्य अतिथि विवेक पाल ने फीता काटकर वह खिलाड़ियों का परिचय लेकर किया इस अवसर पर ग्राम प्रधान इचौली गंगा दिन वर्मा कमेटी अध्यक्ष फूलचंद तिवारी बीडीसी सदस्य विजन भैया मूलचंद तिवारी मूलचंद सतीश तिवारी विनोद तिवारी राजा बाबू यादव कालीचरण यादव ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार श्यामलाल जी ने दिया।

9 फरवरी को टूर्नामेंट का फाइनल मैच गुसियारी और इचौली के मध्य खेला जाएगा। अंपायर रामशरण पाल एवं नाती राजा सिंह जी रहे कमेंन्ट्रेटर अनुरुद्ध (सोनू) शुक्ला जयसिंह यादव स्कोरर सुंदरम पांडे पंकज अंकित बाजपेयी शिवम तिवारी श्यामू शुक्ला सोमाजी सतीश तिवारी राजा बाबू यादव कपिल देव शुक्ला वह हजारों की संख्या में क्रिकेट समर्थक उपस्थित रहे।

# जिला आगमन पर दुष्यंत सिंह परिहार का किया स्वागत



अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर प्रथम जिला आगमन पर दुष्यंत सिंह परिहार जिला पंचायत सदस्य इंगोहटा का पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। इस स्वागत कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष सुनील पाठक,निवर्तमान जिलाध्यक्ष बृजकिशोर गुप्ता, गणेश यादव, सत्ती दीन प्रजापति, ने दुष्यंत सिंह परिहार को भाजपा का पटका पहनाकर स्वागत किया। भाजपा में शामिल हुए दुष्यंत सिंह परिहार ने सभी कार्यकर्ताओं से कंधे से कंधा मिलाकर काम करने एवं उनके हर दुख में बराबर सहयोग करने का वादा किया। स्वागत कार्यक्रम में नरवेंद्र सिंह,आराधना राजपूत सिद्धार्थ सिंह, स्वामी प्रताप सिंह, अरविंद श्रीवास्तव, अनीता राजपूत, चक्रवर्ती शुक्ला, मरदन सिंह,अंकित सिंह, संतराम गुप्ता, मोहन कुशवाहा, बाबा ठाकुर, रवि राज बुंदेला, करण साहू, इत्यादि सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# संघ परिचय वर्ग आयोजन में हेडगेवार की जीवनी पर डाला प्रकाश

अवधनामा संवाददाता

**बांदा।** रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज में गुरुवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा संघ परिचय वर्ग का आयोजन किया गया। इसमें बीटेक, एमबीए, एमबीबीएस, एलएलबी, बीएससी कृषि के तकरीबन चार सैकड़ा विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्र भक्ति के गीतों के साथ दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रांत प्रचारक श्रीराम जी ने छात्रों को संबोधित करते हुए संघ संस्थापक डॉ केशव बलिराम हेडगेवार के बारे में जानकारी दी कि स्कूल के समय से ही वे भारत की स्वतंत्रता के लिए क्रांतिकारी कदम उठाते रहे हैं। उन्होंने डाक्टरी की पढ़ाई करने के बाद 1925 में कैसे संघ की स्थापना की तथा कैसे आज संघ द्वारा समाज के हर वर्ग तक पहुंच कर भारत को विश्वगुरु बनाने का प्रयास किया जा रहा है। जिला प्रचारक अनुराग जी ने कार्यक्रम को आयोजित करने का उद्देश्य युवाओं को संघ तथा संघ के कार्यो के बारे में अवगत कराना बतलाया। कार्यक्रम में आए छात्रों द्वारा चर्चा सत्र में संघ के विषय में अनेक जिज्ञासाएं व्यक्त की तथा संघ के बारे में फैली भ्रांतियों पर भी प्रश्नों के उत्तर प्राप्त किए। कार्यक्रम में जिला संघचालक सुरेंद्र, नगर संघ चालक रामनाथ, जिला प्रचारक अनुराग, नगर कार्यवाह सोमेश आदि उपस्थित रहे। संचालन श्याम जी निगम ने किया।

# शादी की सालगिरह पर डाक्टर ने की गरीबों की सेवा

- आठ दिनों तक मरीजों की निशुल्क देखे जाएंगे मरीज
- मेडिकल कालेज की असिस्टेंट प्रोफेसर की अनोखी पहल



अवधनामा संवाददाता

**बांदा।** रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज की असिस्टेंट प्रोफेसर डाक्टर नीलम सिंह एमएस गायनी (गोल्ड मेडलिस्ट) ने अपनी शादी की सालगिरह के उपलक्ष्य में अपने प्राइवेट संस्थान नंदराज हास्पिटल में 7 फरवरी से 15 फरवरी आठ दिन तक निशुल्क मरीज देखने की अनोखी पहल की है। डाक्टर नीलम सिंह की इस पहल से जरूरतमंद महिलाओं को निशुल्क स्वास्थ्य लाभ मिल रहा है तो वहीं शहर में उनके इस फैसले की हर तरफ प्रशंसा भी हो रही है।

डाक्टर नीलम सिंह जब से रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज बांदा आई हैं तब से लगातार वो अपने इसी तरह के कार्यो की वजह से चर्चा में बनी रहती हैं, वो कभी किसी गरीब मरीज का निशुल्क उपचार कर देती हैं तो कभी मरीज की जान बचाने के लिए अपने शरीर का खून देकर चर्चा में आ जाती हैं। इस बार वो अपनी शादी की सालगिरह के उपलक्ष्य में आठ दिन निशुल्क मरीज देखने का फैसला ले कर चर्चा में है। अपने इस फैसले के पहले दिन बुधवार को डाक्टर नीलम सिंह ने चिल्ला रोड स्थित नंदराज हास्पिटल में लगभग 50 मरीज निशुल्क देखे। दूसरे दिन लगभग 65 मरीज देखे। डाक्टर नीलम सिंह के इस कार्य मे उनके पति डाक्टर प्रदीप कुमार सिंह ई एम ओ रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज भी उनका पूरा सहयोग कर रहे हैं। इस अवसर पर डाक्टर नीलम ने बताया कि वो जबसे बांदा आई हैं तबसे वो देख रही हैं कि यहां बहुत से ऐसे जरूरतमंद मरीज हैं जो पैसे के आभाव में अच्छी चिकित्सा सेवा नहीं ले पाते। जिसकी वजह से अक्सर मरीजों की जान तक चली जाती है। इसलिए मैं अक्सर इस तरह के आयोजन करती रहती हूं ताकि जरूरतमंद मरीजों को अच्छी चिकित्सा सेवा दे सकूं, ये पहल भी इसी लिए की गई है जो 7 फरवरी से 15 फरवरी तक चलेगी। बताया कि उनकी शादी डाक्टर प्रदीप सिंह के साथ 11 फरवरी को हुई थी इसी उपलक्ष्य में 11 फरवरी से चार दिन पहले से चार दिन बाद, आठ दिन तक निशुल्क मरीजों की सेवा करने का फैसला मैने और मेरे पति दोनों ने लिया है। आगे भी इस तरह के आयोजन करती रहूंगी, ताकि जरूरतमंद मरीजों का भला हो सके और मुझे और मेरे परिवार को दुआयें मिलती रहे।

# प्रदेश का गौरव बढ़ाने वाले वयोवृद्ध कलाकारों को पेंशन की व्यवस्था की जायेगी: जयवीर सिंह

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि जिन कलाकारों ने अपनी प्रतिभा के माध्यम से प्रदेश का गौरव बढ़ाया है उन कलाकारों को माननीय मुख्यमंत्री कलाकार प्रोत्साहन योजना के अन्तर्गत वाद्य यंत्र व परिधान उपलब्ध कराने तथा पंजीकृत कलाकारों को सामूहिक बीमा योजना का लाभ देने के लिए बजट में प्राविधान किया गया है। इसके अलावा प्रदेश का नाम रोशन करने वाले वयोवृद्ध कलाकारों को पेंशन दी जायेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार कला की सेवा करने वाले विभूतियों के उत्थान के प्रति संवेदनशील है और ऐसे कलाकारों और कला प्रमियों का सम्मान किया जा रहा है। जयवीर सिंह



मुख्यमंत्री कलाकार प्रोत्साहन योजना के तहत कलाकारों को वाद्य यंत्र उपलब्ध कराने तथा पंजीकृत कलाकारों के लिए बजट में सामूहिक बीमा योजना का प्राविधानः जयवीर सिंह

आज राज्य ललित कला अकादमी के 63वें स्थापना दिवस के अवसर पर ललित कला अकादमी परिसर में कलाकारों तथा कलाप्रेमियों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने ललित कला अकादमी के छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि उनके योगदान से ललित कला अकादमी ने प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि दृष्य कला, चित्रकारी, शिल्पकला आदि विधाओं के प्रोत्साहन के लिए संस्कृति विभाग तथा ललित अकादमी को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। पर्यटन मंत्री ने कहा कि ललित कला अकादमी के माध्यम से युवा कलाकारों को अधिक से अधिक अवसर प्रदान करने पर जोर दिया जा रहा है। इसके साथ ही उनके प्रतिभा का सम्मान किया जा रहा है। विशिष्ट विधाओं के लिए नये सम्मान शुरू किए गए हैं। संस्थान द्वारा प0बाबा योगेन्द्र सम्मान की शुरूआत की गई है। इसके तहत 26 जनवरी, 2024 को राज्यपाल जी के कर कमलों द्वारा तीन कलाकारों को यह सम्मान दिया गया, जिसके तहत स्मृति चिन्ह, अंगवस्त्र एवं 51-51 हजार रुपये की धनराशि प्रदान की गई।

## अशोक धनकर के निधन पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने दुख व्यक्त किया

**लखनऊ।** मिर्जापुर कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष अशोक धनकर के निधन पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने गहरा दुख व्यक्त किया है। राय ने दिवंगत आत्मा की शांति और दुखी परिजनों को असह्य दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। पार्टी प्रवक्ता अंशू अवस्थी ने बताया कि बुधवार को कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित बैठक में लखनऊ आते वक्त अशोक धनकर का आकस्मिक निधन हो गया, जिसके बाद उनका पार्थिव शरीर लखनऊ लाया गया। परिजनों के पहुंचने में देरी पर प्रदेश अध्यक्ष ने जिलाधिकारी से वार्ता कर पोस्टमार्टम जल्द कराने का आग्रह कर नितांत सिह को भेजा। नितांत सिंह ने जिलाधिकारी का आदेश करा मुख्य चिकित्साधिकारी को दिया, जिसके बाद रात में पोस्टमार्टम हुआ और सुबह 4 बजे मृतक के परिजनों को पार्थिव शरीर की सुपुर्दगी कराई गयी।

# गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा 4.0 का शुभारम्भ, ग्रामीण क्षेत्रों में लगेंगे स्वास्थ्य मेले

- 8, 9, 10 एवं 11 फरवरी को निःशुल्क चिकित्सा सुविधा दी जाएगी

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** चिकित्सा क्षेत्र में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की अनुषांगिक शाखा नेशनल मेडिकोज ऑर्गेनाइजेशन अवध प्रान्त एवं गुरु गोरक्षनाथ सेवा न्यास की ओर से भारत-नेपाल सीमा के जिलों में थारू जनजातियों की चिकित्सा के लिए केजीएमयू से लगभग सात सौ डॉक्टरों की टीम रवाना की गई। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने गुरुवार को लखनऊ स्थित अटल बिहारी वाजपेयी कन्वेंशन सेंटर से इस यात्रा का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, जनजातीय मंत्री असीम अरुण, प्रांत प्रचारक कौशल जी, स्वयंसेवी प्रशांत भाटिया सहित केजीएमयू के कुलपति सोनिया नित्यानंद ने झंडी दिखाकर यात्रा को रवाना किया। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने इस अवसर पर कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार जनमानस को बेहतर स्वास्थ्य सेवायें प्रदान करने व प्रदेश को स्वस्थ प्रदेश बनाने की दिशा में नित नए कीर्तिमान स्थापित करते हुए पूरी प्रतिबद्धता से कार्यरत है। आज इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु लखनऊ में आयोजित गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा 4.0 का शुभारम्भ किया जा रहा है। यात्रा के सह संयोजक डॉ. भूपेन्द्र सिंह ने बताया कि नेशनल मेडिकोज ऑर्गेनाइजेशन की ओर से भारत-नेपाल सीमा पर बसे उत्तर प्रदेश के जनपदों के आदिवासी व जनजातीय समूहों के साथ ही दूरस्थ ग्रामीणों के लिए विगत चार वर्षों से लगातार विशाल स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जा रहा है।

## राजभवन में तीन दिवसीय प्रदर्शनी का होगा आयोजन

**लखनऊ।** प्रदेश के राजभवन प्रांगण में आयोजित होने वाली तीन दिवसीय प्रादेशिक फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी का आयोजन के दृष्टिगत अभी तक लगभग 200 से अधिक प्रविष्टियों प्राप्त हुई है। प्रतियोगिता में प्राप्त प्रविष्टियों का मूल्यांकन निर्णायक मण्डल की टोलियों द्वारा 10 व 11 फरवरी, 2024 (शनिवार एवं रविवार) को किया जायेगा। समस्त निर्णायकों की टोलियाँ 10 फरवरी 2024 को प्रातः 10:00 बजे राजकीय उद्यान आलमबाग, लखनऊ से रवाना होंगी। निदेशक उद्यान अतुल कुमार सिंह ने यह जानकारी देते हुए बताया कि राजभवन प्रांगण में 17 से 19 फरवरी 2024 तक तीन दिवसीय प्रादेशिक फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी किया जाना है।

# लोकमंगलकारी यह बजट रामराज्य का द्योतक: डॉ. राजेश्वर

- विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने की विधायक डॉ. राजेश्वर के ज्ञान की तारीफ़
- यूपी ने देश के ग्रोथ इंजन के रूप में नई पहचान बनाईः राजेश्वर सिंह

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** यूपी विधानसभा में बजट सत्र के 6वें दिन सामान्य चर्चा पर बोलते हुए सरोजनीनगर के विधायक डॉ राजेश्वर सिंह ने राम मंदिर को समर्पित इतिहास के सबसे बड़े बजट के लिए मुख्यमंत्री माननीय योगी आदित्यनाथ जी और वित्त मत्री सुरेश खन्ना जी का धन्यवाद दिया। उन्होने कहा कि 22 जनवरी के सफल आयोजन के लिए मैं माननीय प्रधानमत्री नरेन्द्र मोदी जी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को धन्यवाद देता हूं। ये हमारे 5500 हजार साल के सनातन संस्कृति का स्वर्णिम क्षण था। जिसके हम सब साक्षी बने हैं। राजेश्वर सिंह ने प्रदेश के लोकमंगल को समर्पित 7 लाख 36 हजार करोड़ का हिंदुस्तान के किसी भी प्रदेश से सबसे बड़ा बजट दिया। योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व और वित्त मंत्री सुरेश खन्ना जी के दूरदर्शी नीतियों के कारण आज उत्तर प्रदेश पिछले पांच वर्षों में अपने जीएसडीपी को डबल कर चुका है।12.89 लाख करोड़ से 25 लाख करोड़ हो चुका है। हमारा बजट तो 3 लाख 46 हजार करोड़ हुआ करता था। आज 7 लाख 36 हजार करोड़ का हो चुका है। आज जो बजट की सबसे महत्वपूर्ण बात है। बजट का सबसे महत्वपूर्ण बात है इस बजट में 2 लाख 3 हजार करोड़ कैपिटल एक्सेंडीचर का प्रावधान किया गया है। कैपिटल एक्सपेंडीचर वो है जिससे आधारभूत संरचना का विकास किया जाता है।

# एलडीए ने 20 बीघा अर्जित भूमि से अवैध कब्जा हटवाया

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण ने गुरुवार को बसंतकुंज योजना के सेक्टर-ए में लगभग 20 बीघा अर्जित भूमि से अवैध कब्जा हटवाया। उक्त भूमि पर रिवर व्यू आवास समिति का कब्जा था। प्राधिकरण उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी के आदेश पर अर्जन व प्रवर्तन अनुभाग की संयुक्त टीम ने मौके पर कार्रवाई करते हुए बाउण्ड्रीवॉल, स्टोर रूम व भूखण्डों के डिमार्केशन के लिए ईटों से की गयी चिनाई आदि के निर्माण कार्य को ध्वस्त कराया। खाली करायी गयी जमीन की कीमत लगभग 300 करोड़ रुपये है।

लविप्रा के सचिव विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि बसंतकुंज योजना के सेक्टर-ए में ग्राम छन्दोइया की अर्जित भूमि खसरा नम्बर 211, 212, 213, 214, 215, 216, 217, 218, 224, 228, 229, 230, 231 व 232 पर रिवर व्यू सहकारी आवास समिति का कब्जा था। उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने रिवर व्यू सहकारी आवास समिति के पक्ष में पूर्व में किये उक्त भूमि समायोजन को 7 फरवरी 2024 को निरस्त कर जमीन खाली कराने के आदेश दिये थे। आदेश के अनुपालन में गुरुवार को जोनल अधिकारी शशिभूषण पाठक के नेतृत्व में सहायक अभियंता के.पी. गुप्ता व उदयवीर सिंह ने प्राधिकरण व स्थानीय पुलिस की मदद से अवैध कब्जा हटाने की कार्रवाई करायी। इस दौरान स्थल पर बनी बाउण्ड्रीवॉल व कमरे आदि निर्माण कार्यों को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया गया। जोनल अधिकारी शशिभूषण पाठक ने बताया कि अभियान में लगभग 20 बीघा जमीन खाली गयी। खाली करायी गयी जमीन की वर्तमान कीमत लगभग 300 करोड़ रुपये है।

# निःशुल्क मेडिकल कैम्प का आयोजन

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** विशाल खण्ड-1 स्थित शिवभोला मन्दिर परिसर मे आयोजित कैंप में क्षेत्रीय निवासियों ने चेकअप कराकर स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाया एवम अपने स्वास्थ्य पैरामीटर से अवगत होकर आयोजन को सफल बनाया।

उपरोक्त स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने किया। महामंत्री त्रिलोक अधिकारी सांसद प्रतिनिधि दिवाकर त्रिपाठी, के पी सिंह, ओ एस डी रक्षा मंत्री , रक्षा मंत्री कार्यालय जनसंपर्क अधिकारी डॉ राघवेंद्र शुक्ला, सी जी नायर मुख्य रूप से उपस्थित रहे।



अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा कि सभी जनों को स्वास्थ्य सुविधा का लाभ मिले इसको लेकर लखनऊ महानगर में रक्षा मंत्री की प्रेरणा से सभी वार्डो में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि स्वास्थ्य शिविर में मेयो हॉस्पिटल की चिकित्सक टीम द्वारा हड्डी रोग, दंत रोग, हृदय रोग संबंधी, ब्लड प्रेशर, शुगर, थायराइड, खून की जांच, ई सी जी, फैक्कर का इलाज, सर्वाइकल, स्लिप डिस्क, कमर दर्द आदि बीमारियों की जांचे की। शिविर में 612 मरीजों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं दी गई और दवा वितरित की गई। स्वास्थ्य शिविर में आनंद पाण्डेय, मंडल अध्यक्ष भाजपा,विनोद तिवारी, वार्ड प्रभारी,बी एल तिवारी, खंड प्रभारी, राम दयाल मौर्य, अमित मिश्र, एस सी तिवारी,नगीना प्रसाद, एन के एस गौतम, प्रफुल्ल यादव, आर पी गुप्ता, आर के पाल, हेमवंत सिंह, के एस दिक्षित, सुषमा,अर्चना, नफीस अहमद, विनय कुमार जौहरी , अभिषेक खन्ना ने अपनी सहभागिता सुनिश्चित की।

# बलिया में खुलेगा अटल आवासीय विद्यालयः दानिश आज़ाद अंसारी

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर बलिया में अटल आवासीय विद्यालय बनाने का प्रस्ताव रखा है।

अटल आवासीय विद्यालय बनने से बलिया के शिक्षा क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव आएगा, इस योजना के तहत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों एवं कोविड-19 से अनाथ हुए बच्चों तथा मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना में पंजीकृत 6 वर्ष से 14 वर्ष के बच्चों को निशुल्क आवासीय शिक्षा प्रदान की जाएगी। श्रमिकों के बच्चों के लिए



अटल आवासीय योजना के तहत निशुल्क शिक्षा की सुविधा, रहने की सुविधा,खाने की सुविधा, स्वच्छ पेयजल की सुविधा, खेलकूद एवं मनोरंजन से जुड़ी सभी प्रकार की सुविधा, स्कूल ड्रेस एवं बच्चों के पढ़ाई संबंधित सभी प्रकार की सामग्री सुविधा मुहैया कराई जाएगी। राज्य मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बलिया के विकास के प्रति गंभीर हैं और उन्होंने जल्द ही जनपद बलिया में अटल आवासीय विद्यालय शुरू करने का आश्वासन दिया है।

## प्रदेश में अब तक 51.86 लाख मीट्रिक टन हुई धान की खरीद

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश में खरीफ क्रय वर्ष 2023-24 में 5161 क्रय केन्द्रों के माध्यम अब तक 5186613.58 मीट्रिक टन धान किसानों से सीधे क्रय किया गया है। इस योजना से अब तक लगभग 773140 किसानों को लाभान्वित करते हुए 10916.089 करोड़ रूपये का भुगतान उनके खातों में किया गया है। खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा दी गयी जानकारी के अनुसार आज 13217.75 मीट्रिक टन खरीद हुई है। धान खरीद हेतु 70.00 लाख मी0टन क्रय लक्ष्य निर्धारित है। लक्ष्य के सापेक्ष 74 प्रतिशत से अधिक खरीद कर ली गयी है।

## पूर्व राष्ट्रपति की मनाई गई जयंती

**लखनऊ।** भारत रत्न पूर्व डॉ. राष्ट्रपति डॉ. जाकिर हुसैन की जयंती गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मनायी गयी। इस मौके पर कांग्रेस नेताओं ने डॉ. जाकिर हुसैन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धापूर्वक याद किया और उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। पार्टी प्रवक्ता अंशू अवस्थी ने बताया कि जयंती कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष प्रभारी प्रशासन दिनेश कुमार सिंह, उपाध्यक्ष विश्वविजय सिंह, अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन शाहनवाज आलम, प्रभाकर मिश्रा, नितान्त सिंह, डॉ. आरिफ, डॉ. शैलेन्द्र सिंह आदि ने डॉ. जाकिर हुसैन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

# आलोक सिंह को 1,89,200 अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर प्रथम कैम्पस के छात्र आलोक सिंह को उच्चशिक्षा हेतु अमेरिका की प्रतिष्ठित ड्रेक्सल यूनिवर्सिटी द्वारा 1,89,200 अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप से नवाजा गया है। आलोक को यह स्कॉलरशिप चार वर्षीय उच्चशिक्षा अवधि के दौरान प्रदान की जायेगी। सी.एम.एस. छात्र ने इस सफलता का श्रेय विद्यालय के अपने शिक्षकों व विद्यालय के शान्तिपूर्ण शैक्षिक वातावरण को दिया है। सी.एम.एस. प्रेसीडेन्ट व प्रबन्धक, प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने आलोक की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है। यह जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने दी है। श्री शर्मा ने बताया कि सी.एम.एस. एस.ए.टी. (सैट) एवं एडवान्स प्लेसमेन्ट (ए.पी.) टेस्ट सेन्टर भी है जो उत्तर प्रदेश एवं आसपास के अन्य राज्यों के छात्रों को विश्व के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में स्कॉलरशिप के साथ उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर उपलब्ध करा रहा है। शर्मा ने बताया कि प्रतिवर्ष भारी संख्या में सी.एम.एस. छात्र विश्व के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में उच्चशिक्षा हेतु चयनित होते हैं।





मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर बस्ती मण्डल व देवीपाटन मण्डल के विधान सभा तथा विधान परिषद सदस्यों ने भेंट की।

# तिब्बी इदारों में स्टेट तकमीलुल-तिब्ब कॉलेज भरोसेमंदः प्रो. वहीद

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** देश के तिब्बी इदारों में स्टेट तकमीलुल-तिब्ब कॉलेज, लखनऊ को सबसे ज़्यादा भरोसेमंद और आयुष में महारत हासिल है। साल गतवर्षो कि तरह इस साल भी हुकूमत-ए-हिन्द के निर्देशन में जश्ने यौमे यूनानी के ताल्लुक़ से स्टेट तकमीलुल-तिब्ब कॉलेज व अस्पताल में सात रोज़ा प्रोग्राम का आग़ाज़ हुआ। इस कार्यक्रम कि तक़रीब का आग़ाज़ प्रोफ़ेसर डाक्टर अबदुल-वहीद डायरेक्टर यूनानी सर्विसिज़ उत्तर प्रदेश की सदारत में हुआ। प्रोफ़ेसर वहीद ने कहा कि हकीम अजमल ख़ान ने तिब्ब यूनानी के ताल्लुक़ से जो ख्वाब देखा था आज वो पूरा होता हुआ नज़र आ रहा है। उत्तर प्रदेश में तिब्ब यूनानी के फ़रोग़-ओ-तरक्की के लिए हुकूमत



उत्तर प्रदेश नुमायां किरदार अदा कर रही है। हकीम अजमल ख़ां ने रिसर्च-ओ-तहक़ीक़ की जो शुरूआत की थी वो आज पूरा हो रहा है। आज स्टेट कॉलेज, लखनऊ हुकूमत उत्तर प्रदेश की तआवुन से तिब्ब यूनानी के अंदर रिसर्च-ओ-तहक़ीक़ की नई बुलंदियां छू रहा है। हेल्थ मिनिस्टर डाक्टर दयाशंकर मिश्रा ''दयालू'' की ज़ाती दिलचस्पी और कोशिशों से रिसर्च-ओ-तहक़ीक़ के मैदान में विभिन्न प्रोजेक्ट की मंज़ूरी हासिल हो चुकी है। इस मौक़ा पर कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल और शहर लखनऊ के मारूफ़ तबीब हकीम एहतिशामुल-हक़ ने मेहमान-ए-ख़ुसूसी की हैसियत से शरीक हो कर अपने ख्यालात का इज़हार किया। हकीम क़ुरैशी ने तिब्ब यूनानी की तारीख़ी अज़मत को बयान करते हुए ख़ानदाने शरीफ़ी और ख़ानदाने अज़ीज़ी के इम्यिाज़ात पर तफ़सीली से रौशनी डाली। ज्ञात रहे कि मौजूदा कॉलेज का तामीरी सिलसिला हकीम मौसूफ़ की मेहनतों-ओ-कोशिशों से अंजाम पाया। प्रोफेसर हकीम अरशद अली ने मेहमाने एज़ाज़ी की हैसियत से शिरकत फ़रमा कर तुलबा को अपने क़ीमती मश्वरे से नवाज़ा। अबदुल क़ुद्दूस जनरल सेक्रेटरी मौलाना आज़ाद मेमोरियल अकेडमी, लखनऊ ने भी हकीम अजमल ख़ां



की ख़िदमात पर रौशनी डाली। इस प्रोग्राम के रूहे-रवाँ और कॉलेज के प्रिंसिपल प्रोफ़ेसर हकीम अबदुल क़वी ने जश्न की ज़रूरत-ओ-अहमियत और मसीहुल-मलिक हकीम अजमल ख़ान की क़ुर्बानीयों-ओ-तिब्बी ख़िदमात पर तफ़सीली रौशनी डाली और प्रोग्राम में शरीक मेहमानों , टीचर्स और छात्रों का शुक्रिया अदा किया। निज़ामत डाक्टर रख़्शंदा बेग ने किया। प्रोग्राम की इंतिज़ामी ज़िम्मेदारियों के फ़राइज़ डाक्टर शमीम इरशाद, डाक्टर रख़्शंदा बेग और डाक्टर अबदुल-ख़ालिक़ ने कॉलेज के असातज़ा-ओ-तुलबा के तआवुन से अंजाम दिए। इफ़्तिताही तक़रीब के बाद यूजी एंड पीजी के तुलबा ने पावर प्वाइंट कंपटीशन में हिस्सा लिया। प्रोग्राम की असातज़ा, तुलबा के अलावा ग़ैर-तदरीसी अमला ने भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

# यूसीसीः तानाशाहीपूर्ण रवैया उचित नहीं

- संवेदनशील धार्मिक मामलों में हस्तक्षेप का काम सरकारों का नहीं

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ऑफ इंडिया ने यूनिफार्म सिविल कोड पर सभी धार्मिक संगठनों से बात और चर्चा करने की मांग करते हुए कहा कि तानाशाहीपूर्ण रवैया उचित नहीं है। बोर्ड के महासचिव डॉ. मोईन अहमद खां ने कहा कि संवेदनशील धार्मिक मामलों में हस्तक्षेप का काम सरकारों का नहीं। भारतीय जनता पार्टी सरकार जबरन धार्मिक मसले उत्पन्न कर धार्मिक समूहों को एकमत किये बिना कानून थोपना चाहती है। डॉ. खां ने कहा कि केन्द्र और प्रदेश की भाजपा सरकारें यूनिफार्म सिविल कोड की आड़ में देश में धार्मिक मसले उत्पन्न करने का दुर्भाग्यपूर्ण प्रयास कर रही है। सरकार संविधान के नीति निर्देशक तत्वों की आड़ में छिप कर किसी धार्मिक समूह की आत्मा पर प्रहार से अलग हट यूसीसी पर सभी धार्मिक संगठनों से बात करे। संविधान सभा की बहस में यह सहमति बनी थी कि इस मामले को सभी धार्मिक समूहों व धर्माचार्यो के लिए छोड़ देना चाहिए। डॉ. अम्बेडकर ने कहा था कि राज्य पहले धार्मिक समूहों से चर्चा कर सबको एकमत कर फिर उस दिशा में आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि एक देश-एक संविधान की बात करने वाली भाजपा सरकार ने आदिवासियों और जातियों को यूसीसी से बाहर क्यों रखा, क्या वे भारत के नागरिक नहीं हैं। बोर्ड महासचिव डॉ. मोईन अहमद ने कहा कि भाजपा की बेचैनी समझ आती है। वह खुलेआम ध्रुवीकरण की राजनीति कर रही है, जबकि मुस्लिम पर्सनल लॉ से किसी अन्य धार्मिक समूह को कोई शिकायत नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर सरकार सीधे तानाशाहीपूर्ण रवैये पर चल कानून थोपने का प्रयास करती है तो माना जाएगा कि उसे संविधान सभा की भावनाओं से कोई लेना-देना नहीं, बल्कि धार्मिक मसला खड़ा कर चर्चा से भागने में भरोसा है। इस मामले में अन्य राजनीतिक दलों को भी अपनी स्थिति साफ करना चाहिए।